श्रावण कृष्ण पक्ष सप्तमी
विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

शनिवार, 27 जुलाई 2024
वर्ष 5, अंक 123, पृष्ठ 18
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 5 रुपये

# अमृत विचार

मुरादाबाद

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



तीसरे पदक पर सिंधु की नजर 17

करिश्मा ने दिब्यज्योति को एंटरटेनर नंबर 1 कहा 18

## असम का मोइदम यूनेस्को की विश्व धरोहर सूची में

नई दिल्ली, एजेंसी

- पिरामिड सरीखी संरचना अहोम राजवंश का है कब्रिस्तान

असम में अहोम राजवंश के सदस्यों को उनकी प्रिय वस्तुओं के साथ टीलेनुमा ढांचे में दफनाने की व्यवस्था मोइदम को शुक्रवार को यूनेस्को की विश्व धरोहर सूची में शामिल किया गया। यह निर्णय भारत में आयोजित किए जा रहे विश्व धरोहर समिति (डब्ल्यूएचसी) के 46वें सत्र में लिया गया।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि यह भारत के लिए बेहद खुशी और गर्व की बात है कि 'मोइदम' ने डब्ल्यूएचसी सूची में जगह बनाई है। उन्होंने कहा कि चराई देव स्थित मोइदम उस गौरवशाली अहोम संस्कृति को प्रदर्शित करते हैं, जो अपने पूर्वजों के प्रति अपार श्रद्धा रखती है। मुझे उम्मीद है कि महान अहोम शासन और संस्कृति के बारे में और अधिक लोग जानेंगे। मोइदम पिरामिड सरीखी अनूठी टीलेनुमा संरचनाएं हैं, जिनका इस्तेमाल ताई-अहोम वंश द्वारा अपने राजवंश के सदस्यों को उनकी मृत्यु के पश्चात उनकी प्रिय वस्तुओं के साथ दफनाने के लिए किया जाता था।

## एनटीए ने नीट-यूजी के अंतिम परिणाम घोषित किए

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) ने विवादों से घिरी मेडिकल प्रवेश परीक्षा नीट-यूजी के अंतिम परिणाम शुक्रवार को घोषित कर दिए। उच्चतम न्यायालय के निर्देश के बाद भौतिकी के एक प्रश्न के अंकों को ध्यान में रखते हुए परिणाम घोषित किए गए। एनटीए ने कहा था कि इस प्रश्न के दो सही उत्तर हैं। एनटीए के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि पुनः संशोधित स्कोर कार्ड को अब घोषित कर दिया गया है। पहले टॉपर घोषित किए गए 67 उम्मीदवारों में से 44 ने उस विशेष भौतिकी प्रश्न के लिए दिए गए अंकों के कारण पूरे अंक प्राप्त किए थे।

# राहुल ने चप्पल सिली, मोची को पिलाई कोल्डड्रिंक

संवाददाता, सुलतानपुर

### मेहनत को सलाम : दस मिनट की मुलाकात में घर-परिवार के साथ रामचैत का पूछा हालचाल

**अमृत विचारः** सुलतानपुर कोर्ट से लौटते समय रायबरेली से कांग्रेस सांसद और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी कूरेभार ब्लॉक के विधायक नगर चौराहे पर अचानक एक मोची की गुमटी (दुकान) पर पहुंच गए। मोची रामचैत से करीब दस मिनट बात की, घर-परिवार के साथ उसका हालचाल भी पूछा। इस दौरान उन्होंने दुकान पर एक चप्पल की सिलाई की और नया जूता भी देखा। मोची से बोले, कड़ी मेहनत करनी पड़ती है सिलाई में। आपकी मेहनत को सलाम।



सुलतानपुर जिले के कूड़ेभार ब्लॉक के विधायक नगर चौराहे पर मोची रामचैत की गुमटी में बैठ हाथ में जूता लेकर देखते राहुल गांधी।

राहुल ने मोची से उसके कारोबार के बारे में जानकारी लेने के साथ सेल्फी भी ली। कोल्डड्रिंक मंगाकर रामचैत को पिलाई, कहा- गला तर हुआ। रामचैत ने बताया कि हमने राहुल गांधी से बोला है कि मैं पूंजी से कमजोर हूं। गरीब हूं, हमारी थोड़ी मदद कीजिए। मैंने उन्हें जूतों की सिलाई करके भी दिखाई। उन्होंने ये भी जाना कि घर का भरण-पोषण कैसे चलता है।

हालांकि यहां से उन्होंने जूता-चप्पल नहीं खरीदा है। रामचैत के बेटे राघव ने बताया कि राहुल गांधी से मिलकर अच्छा लगा। उन्होंने मेरे साथ भी सेल्फी ली। इसके बाद वह लखनऊ के लिए रवाना हो गए। राहुल गांधी को मोची की दुकान पर देखकर भारी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता वहां पहुंच गए। आसपास के लोगों और राहगीरों की भीड़ भी जुट गई।

### कोर्ट में बोले निर्दोष हूं, मेरे खिलाफ राजनीतिक साजिश की गई

केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह पर आपत्तिजनक टिप्पणी के मामले में कांग्रेस सांसद राहुल गांधी शुक्रवार को एमपी-एमएलए कोर्ट में हाजिर हुए। एमपी-एमएलए मजिस्ट्रेट शुभम वर्मा की कोर्ट में राहुल गांधी ने अपने वकील काशी प्रसाद शुक्ल व परिवादी के वकील संतोष पांडेय की मौजूदगी में बयान दर्ज कराया। राहुल गांधी ने कोर्ट से कहा कि मैं निर्दोष हूं। मेरे खिलाफ राजनीतिक साजिश हुई है। मैं सारे आरोपों से इनकार करता हूं। मेरी और मेरी पार्टी की छवि को धूमिल करने के लिए आरोप लगाए गए हैं।

## एक नजर

### आतंकवाद में संलिप्त व्यक्ति की संपत्ति कुर्क

**जम्मू।** राज्य जांच एजेंसी (एसआईए) ने शुक्रवार को जम्मू-कश्मीर के पुंछ जिले में मादक पदार्थ की तस्करी तथा आतंकवाद के एक मामले में एक साल से अधिक समय से गिरफ्तारी से बच रहे एक व्यक्ति की संपत्ति कुर्क की। अधिकारियों ने बताया कि खारी करमारा स्थित मोहम्मद लियाकत की एक कनाल और नौ मरला जमीन को दंड प्रक्रिया संहिता (सीआरपीसी) की धारा 83 के तहत कुर्क कर लिया गया है। पुंछ के मुख्य सत्र न्यायाधीश ने कुर्की का आदेश जारी किया।

### देश में पांच सालों में कुल 628 बाघों की मौत

**नई दिल्ली।** देश में पिछले पांच साल में प्राकृतिक और अवैध शिकार सहित अन्य कारणों से कुल 628 बाघों की मौत हुई। सरकारी आंकड़ों में यह जानकारी दी गई। भारत में इस अवधि के दौरान बाघों द्वारा हमला किए जाने से कुल 349 लोगों ने अपनी जान गंवाई है तो वहीं, इनमें अकेले महाराष्ट्र में 200 लोग मारे गए हैं। राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकरण (एनटीसीए) के अनुसार, भारत में साल 2019 में 96 बाघ, 2020 में 106, 2021 में 127, 2022 में 121 और 2023 में 178 बाघों की मौत हुई।

### सूरज रेवन्ना ने कहा जल्द सच्चाई सामने आ जाएगी

**मैसुरु।** कुछ पुरुषों के यौन उत्पीड़न के आरोपों का सामना कर रहे और जमानत पर बाहर आए जनता दल (सेक्युलर) के विधान पार्षद सूरज रेवन्ना ने शुक्रवार को कहा कि 15 से 20 दिन में उन सभी लोगों का पर्दाफाश हो जाएगा जो उनके और उनके परिवार के खिलाफ साजिश का हिस्सा थे। रेवन्ना ने कहा कि उन्होंने कुछ भी गलत नहीं किया है और सच्चाई जल्द सामने आ जाएगी।

### छत्तीसगढ़ में हाथियों का आतंक, बुजुर्ग की मौत

**बलरामपुर।** छत्तीसगढ़ के बलरामपुर-रामानुजगंज जिले में हाथी ने घर के बाहर सो रहे बुजुर्ग को सूंड से उठाकर पटका और पैरों से कुचल दिया, जिससे उसकी मौत हो गई। चचेरे भाई को भी हाथी ने सूंड से पकड़ लिया था, लेकिन वह बच गया। पूरा मामला धमनी वन परिक्षेत्र का है। अनिरूद्धपुर में गुरुवार की देर रात अपने दल से अलग होकर हाथी विचरण कर रहा था। इसी बीच बस्ती में हाथी घुसा।

# आतंकवाद-छद्म युद्ध से खुद को प्रासंगिक बनाए रखना चाहता है पाकिस्तान : मोदी

## कारगिल विजय दिवस पर प्रधानमंत्री ने कहा-पाकिस्तान ने पिछली हार से नहीं लिया सबक

श्रीनगर, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पाकिस्तान को 'आतंकवाद का आका' करार देते हुए शुक्रवार को कहा कि पड़ोसी देश ने पिछली हार और गलतियों से कोई सबक नहीं सीखा है और वह 'आतंकवाद और छद्म युद्ध' की मदद से खुद को प्रासंगिक बनाए रखने की कोशिश कर रहा है। मोदी, द्रास में 25वें कारगिल विजय दिवस पर 1999 में पाकिस्तान के साथ युद्ध के दौरान शहीद हुए सैनिकों को श्रद्धांजलि देने के बाद जनसमूह को संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि पाकिस्तान को अतीत में अपने सभी अनैतिक और शर्मनाक प्रयासों के लिए हार का सामना करना पड़ा है। मोदी ने जम्मू-कश्मीर में बढ़ते आतंकवादी हमलों का परोक्ष रूप से जिक्र करते हुए कहा कि वह (पाकिस्तान) अतीत में हमेशा विफल रहा है लेकिन उसने अपने इतिहास से कुछ नहीं सीखा है। वह आतंकवाद और छद्म युद्ध की मदद से खुद को प्रासंगिक बनाए रखने की कोशिश कर रहा है। आज जब मैं ऐसी जगह से बोल रहा हूं, जहां आतंक के आका मेरी आवाज सीधे सुन सकते हैं, तो मैं आतंकवाद के इन संरक्षकों को बताना चाहता हूं कि उनके नापाक इरादे कभी सफल नहीं होंगे। हमारे बहादुर जवान पूरी ताकत से आतंकवाद को कुचल देंगे और दुश्मन को मुंहतोड़ जवाब दिया जाएगा।

प्रधानमंत्री ने 1999 के कारगिल युद्ध के बारे में कहा कि भारत ने न केवल युद्ध जीता, बल्कि 'सत्य, संयम और शक्ति' का अद्भुत उदाहरण भी दिया। उन्होंने कहा कि आप जानते हैं, भारत उस समय शांति की कोशिश कर रहा था और बदले में पाकिस्तान ने एक बार फिर अपना कुटिल चेहरा दिखाया लेकिन सत्य के सामने झूठ और आतंक की हार हुई।

### कारगिल के शहीदों को दी श्रद्धांजलि



द्रास में कारगिल युद्ध स्मारक पर श्रद्धांजलि अर्पित करते प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी।

### अग्निपथ योजना का राजनीतिकरण कर रहा विपक्ष

**श्रीनगर।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने विपक्ष पर परोक्ष हमला करते हुए कहा कि कुछ लोग अग्निपथ योजना जैसे संवेदनशील मुद्दे का राजनीतिकरण कर रहे हैं। मोदी ने लद्दाख के द्रास में कारगिल विजय दिवस की 25वीं वर्षगांठ पर सभा को संबोधित करते हुए कहा कि रक्षा क्षेत्र में निरंतर सुधार हो रहे हैं और अग्निपथ योजना उनमें से एक महत्वपूर्ण सुधार है। इस योजना के राजनीतिकरण पर दुख जताते हुए कहा कि इसका उद्देश्य सेना को युवा और युद्ध के लिए निरंतर तैयार रखना है। उन्होंने सेना को युवा और युद्ध के लिए तैयार रखने में नई सैन्य भर्ती योजना की भूमिका की सराहना की। अग्निपथ योजना को पेंशन के बोझ से बचाने का साधन बताने वाले दावे को खारिज करते हुए उन्होंने कहा कि आज भर्ती होने वाले सैनिकों का पेंशन बोझ 30 साल बाद आएगा, इसलिए यह योजना के पीछे का कारण नहीं हो सकता। उन्होंने कहा कि हमने सशस्त्र बलों द्वारा लिए गए इस निर्णय का सम्मान किया है, क्योंकि देश की सुरक्षा राजनीति से अधिक महत्वपूर्ण है। सच्चाई यह है कि अग्निपथ योजना से देश की ताकत बढ़ेगी और देश को सक्षम युवा भी मिलेंगे। निजी क्षेत्र और अर्धसैनिक बलों में भी अग्निवीरों को प्राथमिकता देने की घोषणा की गई है। प्रधानमंत्री ने कहा कि आज देश के युवाओं को गुमराह करने वालों को पहले सशस्त्र बलों के प्रति कोई सम्मान नहीं था। 'वन रैंक वन पेंशन' पर पिछली सरकारों के झूठे वादों का जिक्र करते उन्होंने कहा कि यह वर्तमान सरकार ही थी जिसने इस योजना को लागू किया।

# अग्निवीरों को पुलिस पीएसी में आरक्षण

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



- अग्निवीर के रूप में देश को मिलेंगे ट्रेंड और युवा सैनिक : योगी

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि देश की सेवा करके लौटने वाले अग्निवीरों को यूपी पुलिस और पीएसी बल में 'वेटेज' दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि अग्निवीरों के रूप में देश को ट्रेंड और अनुशासित युवा सैनिक मिलेंगे। अग्निवीर मुद्दे पर विपक्ष की राजनीति को आड़े हाथ लेते हुए उन्होंने कहा कि विरोधियों का काम हर प्रगति और रिफॉर्म कार्य में अड़ंगा लगाने और अफवाह फैलाने का है। मुख्यमंत्री शुक्रवार को अपने सरकारी आवास पर मीडिया से बातचीत कर रहे थे। बाद में ट्वीट कर कहा कि अग्निवीरों को एक निश्चित आरक्षण की सुविधा दी जाएगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश और तमिलनाडु में डिफेंस इंडस्ट्रियल कॉरिडोर विकसित हो रहा है। यूपी डिफेंस इंडस्ट्रियल कॉरिडोर के 6 नोड में हजारों करोड़ का निवेश आया है। चाहे भारत डायनेमिक्स लिमिटेड का कार्य हो या ब्रह्मोस मिसाइल बनाने की दिशा में प्रगति, हमने लंबी छलांग लगाई है। सेना भी हमारी इस गति के साथ आगे बढ़ रही है। अग्निवीर की योजना भारतीय सेना में इसी दृष्टि से आगे बढ़ाई गई है। इसे लेकर युवाओं में उत्साह है।

### छत्तीसगढ़ और मध्य प्रदेश में भी कोटा

**रायपुर/भोपाल।** मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ में भी पुलिस और सशस्त्र बलों में अग्निवीरों को कोटा देने की घोषणा की गई है। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने शुक्रवार को पुलिस आरक्षक, वन रक्षक और अन्य पदों की भर्ती में आरक्षण देने की घोषणा की। वहीं, मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने शुक्रवार को पुलिस और सशस्त्र बलों की भर्ती में अग्निवीरों को आरक्षण देने की घोषणा की।

# सीएसआईआर-नेट में सेंधमारी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- मेरठ के सुभारती विश्वविद्यालय से एसटीएफ ने तीन को दबोचा
- एसटीएफ प्रमुख ने कहा-धांधली की मिली थी गोपनीय सूचना

**अमृत विचार :** उप्र. में सिपाही भर्ती परीक्षा के बाद सीएसआईआर-नेट परीक्षा में सेंधमारी हुई है। मेरठ की सुभारती विश्वविद्यालय में शुक्रवार को चल रही परीक्षा के बीच एसटीएफ ने छापा मारा। इस दौरान टीम को सर्वर रूम में टीसीएस के कर्मचारी के पास मोबाइल मिला। मोबाइल में 15 परीक्षार्थियों के रोल नंबर और उनके सिस्टम का आईपी-एड्रेस पाया गया। इस दौरान एसटीएफ तीन कर्मचारियों को हिरासत में लेकर लखनऊ पहुंची है। विश्वविद्यालय के अतिरिक्त रजिस्ट्रार सैय्यद जफर हुसैन ने कहा कि हमने ऑनलाइन परीक्षा कराने वाली संस्था टाटा कंसल्टेंसी कंपनी (टीसीएस) को किराये पर लैब दिया था। परीक्षा से विश्वविद्यालय का कोई संबंध नहीं है। परीक्षा में एजेंसी का सर्वर और उनके कर्मचारी होते हैं। यूनिवर्सिटी प्रशासन ने टीसीएस से जवाब मांगा है।

एसटीएफ प्रमुख अमिताभ यश ने बताया मेरठ की सुभारती विश्वविद्यालय में सीएसआईआर-नेट की परीक्षा में धांधली की गोपनीय सूचना मिली थी। इस पर टीम ने छापेमारी की। जांच से पता चला कि परीक्षा लैब के सर्वर से छेड़छाड़ की गई है। टीसीएस के 3 कर्मचारियों यथा, उस्मान, अरुण शर्मा सहित एक अन्य को गिरफ्तार किया गया है। बताया कि सर्च के दौरान परीक्षा लैब के सर्वर रूम से लोकल एरिया नेटवर्क के जरिए एक्स्ट्रा एडमिन कंप्यूटर मिला। सर्वर रूम में दो लैपटॉप मिले, जिसमें एनी डेस्क रिमोट एक्सेस टूल डाउनलोड था। कर्मचारी अरुण के पास एक मोबाइल मौजूद था, जिसमें 04 अभ्यर्थियों के नाम मिले हैं। अभ्यर्थियों के मोबाइल का आईपी एड्रेस सेंटर के बाहर बैठे एक शख्स को शेयर किया गया था। जिससे इन अभ्यर्थियों का स्क्रीन शेयर किया गया था। इनके प्रश्नपत्र को बाहर से सॉल्वर हल करा रहा था।

# महिला ने एसपी कार्यालय के बाहर खाया जहर

संवाददाता, स्वार

### एक पक्षीय कार्रवाई से थी क्षुब्ध, आनन-फानन में मेरठ के लिए किया गया रेफर

**अमृत विचार :** पुलिस की एक पक्षीय कार्रवाई से क्षुब्ध महिला ने शुक्रवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय के बाहर जहरीला पदार्थ खा लिया। हालत बिगड़ने पर पुलिसकर्मियों में अफरा-तफरी मच गई। महिला को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया, चिकित्सक ने हालत गंभीर बताते हुए उसे मेरठ रेफर कर दिया।

कोतवाली क्षेत्र के ग्राम फाजलपुर निवासी ओमप्रकाश के घर में 21 जुलाई की रात बालिका के नामकरण पर डीजे बज रहा था। डीजे पर डांस करने को लेकर बंटी और बाबू पक्षों के लोग भिड़ गए थे। जिसमें दोनों पक्षों के लोग घायल हो गए थे।



- बालिका के नामकरण में डीजे पर डांस को लेकर हुआ था विवाद

पुलिस ने घायलों का चिकित्सकीय परीक्षण करा कर पल्ला झाड़ लिया था। सोमवार को दोनों पक्षों में फिर से धारदार हथियार व लाठी डंडे चले थे। इसमें विमलेश, पप्पू, राजकली व शीला घायल हो गई थीं।

पुलिस ने घायलों का मेडिकल कराकर सात लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की थी। बाबू पक्ष के लोगों का शांति भंग में चालान कर दिया था। इससे क्षुब्ध बाबू आदि ने बुधवार को दूसरे पक्ष पर हमला कर दिया था। दोनों पक्षों में चौथी बार धारदार हथियार चलने की सूचना पर पुलिस पहुंची लेकिन आरोपी फरार हो गए थे। पुलिस ने घायल राजेश की ओर से एक ही परिवार के बाबू, देवीदास, बंटी, कमल, गुलजारी, शंकर व झाझन के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर बाबू को जेल भेज दिया था। पुलिस की एक पक्षीय कार्रवाई से क्षुब्ध बाबू के परिजन शुक्रवार को शिकायत करने पुलिस अधीक्षक कार्यालय आए थे। बाबू की पत्नी नेहा ने एसपी के कार्यालय के बाहर जहर खा लिया। पुलिस ने तत्काल उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया। सिविल लाइन इंस्पेक्टर अजय मिश्रा ने अस्पताल में महिला व उसके परिजनों से जानकारी की। महिला के जहर खाने के बाद पुलिस ने दूसरे पक्ष के दो आरोपियों का भी शांति भंग में चालान किया है।

> तीन दिन पूर्व महिला के परिवार के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई थी। पुलिस ने उसके पति बाबू को जेल भेज दिया था। महिला आज शिकायत लेकर आई थी। अचानक उसकी तबीयत खराब हो गई। इस पर उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। जांच करा कर कार्रवाई की जाएगी।
>
> – विद्यासागर मिश्र, पुलिस अधीक्षक

# कांवड़ मार्ग के दुकानदारों को फिलहाल नहीं लगानी होगी नाम-विवरण पट्टिका

नई दिल्ली, एजेंसी



- राज्यों के आदेश पर जारी रहेगी सुप्रीम कोर्ट की अंतरिम रोक

सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को भाजपा शासित उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड और मध्य प्रदेश द्वारा जारी उन निर्देशों पर रोक लगाते हुए 22 जुलाई के अपने अंतरिम आदेश को बरकरार रखने का निर्देश दिया, जिसमें कांवड़ यात्रा मार्गों पर स्थित भोजनालयों को मालिकों, कर्मचारियों के नाम और अन्य विवरण प्रदर्शित करने के लिए कहा गया था। न्यायमूर्ति ऋषिकेश रॉय और न्यायमूर्ति एसवीएन भट्टी की पीठ ने कहा कि वह 22 जुलाई के आदेश पर कोई स्पष्टीकरण जारी नहीं करेगी, क्योंकि हमने अपने 22 जुलाई के आदेश में जो कुछ कहा जाना था, वह कह दिया है। पीठ ने मध्य प्रदेश और उत्तराखंड सरकारों से उनके निर्देशों को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर जवाब दाखिल करने को कहा। अगली सुनवाई पांच अगस्त के लिए तय की।

उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड सरकारों के अलावा मध्य प्रदेश के उज्जैन में भाजपा शासित नगर निकाय ने भी दुकान मालिकों को इसी तरह का निर्देश जारी किया था। उत्तर प्रदेश सरकार की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता मुकुल रोहतगी ने कहा कि उन्होंने अपना जवाब दाखिल कर दिया है और उनका कहना है कि संबंधित निर्देश कानून के तहत अनिवार्य हैं। पीठ ने कहा कि यदि भोजनालयों और दुकानों को नियंत्रित करने वाला कोई कानून है तो पूरे राज्य लागू करना चाहिए न कि केवल कुछ क्षेत्रों में। उत्तराखंड के उप महाधिवक्ता जतिंदर कुमार सेठी ने कहा कि राज्य ने कांवड़ यात्रा के संबंध में कोई विशेष आदेश जारी नहीं किया है और सरकार केवल उस कानून को लागू कर रही है, जिसके तहत सभी त्योहारों के दौरान भोजनालयों के नाम का खुलासा करना अनिवार्य है।

**सहूलियत** — समाज कल्याण विभाग अत्याचार उत्पीड़न योजना को लेकर तैयार कर रहा एसओपी

# एफआईआर लेकर नहीं काटने होंगे विभाग के चक्कर

राजीव शुक्ला, लखनऊ

**अमृत विचार :** अनुसूचित जाति और जनजाति के लोगों का उत्पीड़न होने पर अब उन्हें एफआईआर की कॉपी लेकर विभागीय जिम्मेदारों के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे। अत्याचार उत्पीड़न योजना के तहत पीड़ित को मिलने वाली सहायता प्रक्रिया को और सरल किया जा रहा है। प्रक्रिया को न केवल ऑनलाइन कर दिया गया है बल्कि पीड़ित की एफआईआर भी अब आटो फेच (स्वतः दिखना) हो जाएगी। योजना को लेकर एसओपी बनाई जा रही है। इसे जल्द ही शासन जारी करने वाला है।

समाज कल्याण विभाग की ओर से अनुसूचित जाति और जनजाति का उत्पीड़न होने पर उन्हें सहायता दी जाती है। उत्पीड़न होने के बाद प्राथमिकी दर्ज कर पुलिस मामले को आगे बढ़ाती है। अत्याचार निवारण अधिनियम की धारा के अनुसार पीड़ित को आर्थिक सहायता दी जाती है। इसके तहत 85 हजार से 8 लाख 25 हजार रुपये तक की धनराशि उपलब्ध कराई जाती है। विभागीय सूत्रों के अनुसार अब पीड़ित व्यक्ति को जाति प्रमाण पत्र भी देने की आवश्यकता नहीं होगी। आधार कार्ड को भी अनिवार्य किया जाएगा। विभागीय स्तर पर एसओपी तैयार कर शासन को भेजी गई है। शासन अगले सप्ताह तक इस पर निर्णय लेकर गाइडलाइन जारी कर देगा।

| वर्ष | सहायता प्राप्त करने वालों की संख्या |
|---|---|
| 2017-18 = | 16,507 |
| 2018-19 = | 20,413 |
| 2019-20 = | 23,866 |
| 2020-21 = | 23,592 |
| 2021-22 = | 20,278 |
| 2022-23 = | 23, 828 |
| 2023-24 = | 21,662 |

- जाति प्रमाण पत्र भी स्वत: दिख जाएगा, जल्द जारी हो सकती है एसओपी

### ऑनलाइन आवेदन के लिए बन रहा है पोर्टल

अत्याचार उत्पीड़न योजना में आवेदन के लिए एक पोर्टल भी बनाया जा रहा है। पोर्टल अगस्त के प्रथम सप्ताह तक शुरू हो सकता है। किस जिले में कितने मामले लंबित हैं, इसकी जानकारी एक क्लिक पर मिल सकेगी। बिना किसी वजह के मामले को लंबित रखने वाले अधिकारियों-कर्मचारियों से जवाब-तलब किया जा सकेगा। पोर्टल का सुरक्षा ऑडिट निदेशालय स्तर पर चल रहा है।

### क्या है अत्याचार उत्पीड़न योजना

अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम 1989 और पीसीआर एक्ट के तहत अत्याचार से प्रभावित अनुसूचित जाति के परिवारों को 85 हजार से 8 लाख 25 हजार रुपये तक की सहायता दी जाती है। सहायता हत्या या मृत्यु, बलात्संग/सामूहिक बलात्संग होने पर दी जाती है।

### क्या है आटो फेच

किसी सरकारी योजना के लिए जब आवेदन किया जाता है तो आवश्यक प्रपत्र लगाए जाते हैं। आवेदन की जांच के दौरान मृत्यु प्रमाण पत्र, आधार, आय प्रमाण पत्र और जाति प्रमाण पत्र समेत अन्य प्रमाण पत्रों को (सरकारी दस्तावेज) दूसरे पोर्टल से स्वत: उठा लेने की प्रक्रिया को आटो फेच कहा जाता है।

एक नजर

### तीन दिन से बिजली नहीं आने पर ग्रामीणों का प्रदर्शन

**शाहबाद, अमृत विचार :** गांव में तीन दिन से बिजली न आने से परेशान तहसील क्षेत्र के गांव रवाना पट्टी ऊदा जवाहर, भगवतीपुर एवं नादरगंज के ग्रामीणों ने मधुकर बिजलीघर में प्रदर्शन किया। ग्रामीणों का आरोप है कि लाइनमैन उन्हें परेशान करता है। शिकायत करने पर भी वह लाइन ठीक करने नहीं आता। ग्रामीणों ने लाइनमैन को हटाने की भी मांग की है। इस दौरान सोमपाल गुप्ता, ओमकार मौर्य, प्रदीप कुमार, फारुख खां, पूरन मौर्य, पुष्पेन्द्र, विशाल गुप्ता, रफीक, लाला मलिक आदि मौजूद रहे।

### कार ने बाइक सवार युवक को रौंदा, गंभीर

**मसवासी, अमृत विचार :** मोतीपुरा गांव निवासी दीपक कुमार घर लौट रहा था बिजारखाता में परिषदीय स्कूल के सामने अचानक विपरीत दिशा से आई तेज रफ्तार कार ने उसकी बाइक को टक्कर मार दी। इसमें दीपक गंभीर रूप से घायल हो गया। कार और बाइक भी बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गईं। घटना स्थल पर एकत्र हुए लोगों ने दीपक को अस्पताल में भर्ती कराया है। हादसे की जानकारी मिलते ही दीपक को परिजन भी अस्पताल पहुंच गए।

# वाहन पलटने से तीन लोगों की मौत

## रामपुर में एक व्यक्ति के दफन में शामिल होने जा रहे थे असमोली के लोग

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद/संभल

**अमृत विचार :** रामपुर जिले के व्यक्ति के दफन में शामिल होने जाते समय असमोली थाना क्षेत्र के लोगों का टाटा मैजिक वाहन पंक्चर होने के बाद डिवाइडर से टकराकर पलट गया। हादसे में तीन लोगों की मौत हो गई जबकि 12 से अधिक लोग घायल हो गए। पुलिस ने एक बुजुर्ग के शव का पोस्टमार्टम कराया है।

असमोली थाना क्षेत्र के गांव रचैटा निवासी मुशाहिद बेग के बहनोई सेवानिवृत्त रोडवेज चालक इकरार अहमद निवासी गांव नरपतनगर डूडा वाला स्वार (रामपुर) की मौत हो गई थी। शुक्रवार सुबह साढ़े सात बजे मुशाहिद बेग और परिवार के अन्य लोग इकरार अहमद के दफन में शामिल होने के लिए वाहन में सवार होकर निकले। वाहन में पुरुषों के अलावा महिलाएं और बच्चे भी थे। जैसे ही वाहन सुबह आठ बजे दिल्ली हाईवे पर मुरादाबाद बाईपास स्थित मनोहरपुर थाना मझोला के पास पहुंचा तो पिछले पहिये के टायर में पंक्चर हो गया। इससे अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकराने के बाद वाहन पलट गया। हादसे के बाद आसपास के लोग दौड़कर मौके पर पहुंचे और बचाव कार्य किया। हादसे में 12 से अधिक महिला एवं पुरुष गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को एंबुलेंस से अस्पताल पहुंचाया गया। जहां कुछ लोगों की हालत गंभीर होने पर हायर सेंटर रेफर किया गया। घायल महफूज बेग (65 वर्ष) की उपचार के दौरान मौत हो गई जबकि मतलूब मंसूरी (55 वर्ष) और मुनब्बर बेग (70 वर्ष) ने हायर सेंटर ले जाते समय रास्ते में दम तोड़ दिया। तीन लोगों की मौत से परिवार में कोहराम मच गया। पुलिस ने महफूज बेग के शव का पोस्टमार्टम कराया।



रचैटा गांव में तीन लोगों की मौत के बाद बिलखतीं परिवार की महिलाएं।



मतलूब मंसूरी। (फाइल फोटो)



मुनव्वर बेग।



महफूज बेग।

**हादसे में ये हुए घायल**

**संभल/मनोटा अमृत विचार :** सड़क हादसे में यूसुफ पुत्र बुद्धन, हाजी शौकत पुत्र अल्लाहबख्श, असगर पुत्र शब्बीर, अयाज पुत्र बाबू, अफजाल पुत्र शखावत बेग, रहीस पुत्र तहसीन, अफजल बेग पुत्र मुजाहिर बेग, मुन्ना बेग पुत्र इकबाल बेग, तौहीद बेग पुत्र बबली, भूरा पुत्र मुन्नन, राना पत्नी अज्जू, रफत जहां पत्नी आलिम बेग, शबनम पत्नी आरिफ बेग, जेबा पत्नी फाजिल बेग, मुमताज पत्नी अफजाल बेग घायल हुए। इन घायलों का अस्पतालों में उपचार चल रहा है।

# लोहा पट्टी गांव के आरोग्य केंद्र को प्रदेश में मिला प्रथम स्थान

संवाददाता, मिलक

**अमृत विचार :** ग्राम लोहापट्टी में स्थापित आयुष्मान केंद्र को यूपी में प्रथम स्थान मिला है। राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक कार्यक्रम की शुरूआत 2013 में स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने की है।

कार्यक्रम के तहत जिला अस्पतालों, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों व शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों के लिए मानक निर्धारित किए हैं।

राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक प्रमाण उच्च गुणवत्ता की स्वास्थ्य सेवाएं देने वाली सुविधाओं को राष्ट्रीय स्तर पर दिया जाता है।

इस प्रमाण पत्र के लिए जिला, राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर मूल्यांकन होता है। आखिरी मूल्यांकन के लिए राष्ट्रीय स्तर से निरीक्षण टीम आती है। अगर किसी स्वास्थ्य संस्था को 70 प्रतिशत से ज्यादा अंक मिलते हैं, तभी उसे यह प्रमाण पत्र दिया जाता है। जिले से नानकार रानी व लोहा पट्टी आरोग्य केन्द्रों का चयन गुणवत्ता आश्वासन मानक की श्रेणी में दर्ज हुआ है।

लोहा पट्टी आरोग्य केंद्र को यूपी में प्रथम स्थान मिला है। शुक्रवार को जिलाधिकारी जोगिन्दर सिंह ने उत्कृष्ट कार्य करने के लिए मिलक सीएचसी के प्रभारी डॉ. बासित अली, ग्राम प्रधान मोहम्मद यासीन तथा सभी सीएचओ, आशाओं व एएनएम को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी डॉ. नंद किशोर कलाल, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. सत्यपाल सिंह, सीमा, सावित्री शर्मा, निशी सक्सेना, सावित्री देवी, कमला देवी, विशेष देवी, सरोज देवी आदि मौजूद रहे।





डॉ .बासित अली को प्रशस्ति पत्र देते जिलाधिकारी जोगिन्दर सिंह।

- गुणवत्ता आश्वासन मानक की श्रेणी में हुआ था केंद्र का चयन
- जिलाधिकारी ने उत्कृष्ट कार्य करने वाले सीएचसी के प्रभारी को किया सम्मानित

# पत्नी को कॉपर टी लगाने पर पति ने दी परिवार संग आत्महत्या की धमकी

संवाददाता, मिलक

- प्रसव के बाद महिला को जबरन कॉपर टी लगाने का आरोप
- डॉक्टर का दावा- कॉपर टी लगने से शरीर में इंफेक्शन हुआ

**अमृत विचार :** सरकारी अस्पताल में प्रसव के बाद नर्स ने महिला को बिना अनुमति के कॉपर टी लगा दी। इससे महिला को दर्द हुआ तो उसने नर्स से शिकायत की। तब नर्स ने महिला को कॉपर टी लगाने की जानकारी दी। उसने बताया कि कुछ दिन बाद दर्द ठीक हो जाएगा। लेकिन, ऐसा नहीं हुआ। पति ने मदद नहीं मिलने पर परिवार के साथ आत्महत्या करने की धमकी दी है।

प्रसव के दौरान भर्ती हुई शमीम को नर्स दर्द निवारक इंजेक्शन लगाती रही। जब शमीम घर पहुंची उसे फिर से दर्द की शिकायत हुई। इस पर वह अस्पताल पहुंची। तब नर्स ने इंजेक्शन देकर कहा कि उसकी कॉपर टी निकाल दी गई है, अब उसे दर्द नहीं होगा। कुछ दिन बाद शमीम की हालत बिगड़ गई। तब परिजनों ने उसे बरेली के निजी डॉक्टर को दिखाया। उसने हायर सेंटर ले जाने की सलाह दी। इसके बाद परिजनों ने उसे बरेली के हायर सेंटर में भर्ती कराया। अल्ट्रासाउंड कराने पर पता चला कि शमीम को कॉपर टी लगी है। डॉक्टर ने बताया कि कॉपर टी लगने से शरीर में इंफेक्शन फैल गया है। इसे काबू करना बहुत मुश्किल है। परिजनों के आग्रह पर डॉक्टर ने ऑपरेशन कर कॉपर टी निकाल कर महिला का इलाज शुरू कर दिया। पति इस्माईल ने लोगों से कर्ज लेकर पत्नी का इलाज कराया। डॉक्टर के अनुसार महिला का एक ऑपरेशन और कराना पड़ेगा। रुपयों के अभाव में इस्माईल पत्नी का इलाज कराने में असमर्थ है। इस्माईल नर्स की शिकायत करने सीएमओ कार्यालय गया, लेकिन सुनवाई नहीं हुई। तब उसने कोतवाली मिलक में कई बार मदद की गुहार लगाई लेकिन पुलिस ने भी उसे टरका दिया। उसने मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत की तो पुलिस ने खानापूर्ति कर मामले को रफा दफा कर दिया। फिलहाल शमीम घर पर ही जिंदगी और मौत की जंग लड़ रही है। इस्माईल का कहना है कि उसने इंसाफ के लिये जगह-जगह दरवाजे खटखटाए, लेकिन मदद नहीं मिल सकी। अब वह पूरी तरह टूट चुका है। यदि मदद नहीं मिली तो वह परिवार के साथ आत्महत्या कर लेगा।

## कांवड़ियों की सुरक्षा के लिए भारी वाहनों का हुआ रूट डायवर्ट

**रामपुर, अमृत विचार :** कांवड़ यात्रा को देखते हुए शुक्रवार की शाम से भारी वाहनों के लिए रूट डायवर्ट कर दिया गया है। अब भारी वाहन शाहबाद-पटवाई रोड से निकाले जाएंगे। सुरक्षा के लिहाज से पुलिस बल तैनात कर दिया गया है। सावन का दूसरा सोमवार 29 जुलाई को है। भारी संख्या में कांवड़ियों के जत्थे बृजघाट और हरिद्वार गए थे। शनिवार से कांवड़ियों का जलकर लेकर लौटना शुरू हो जाएगा।

भीड़ को देखते हुए अधिकारियों के आदेश पर शुक्रवार की शाम पांच बजे से रूट डायवर्ट कर दिया है। भारी वाहन शाहबाद-पटवाई के रास्ते से निकाले जाएंगे। रोडवेज बसें और छोटे वाहन अभी कोसी पुल से ही गुजरेंगे।

# बारिश के दौरान नाले में बह गई दो साल की बच्ची

संवाददाता, मिलक

**अमृत विचार :** झमाझम बारिश के दौरान क्षेत्र के करीमगंज गांव में दो वर्ष की बच्ची पानी के साथ नाले में बह गई। इससे एक बच्ची बहकर तालाब में पहुंच गई। जेसीबी से तालाब में बच्ची को खोजा गया। लेकिन अभी तक बच्ची का पता नहीं लग सका है।

मिलक थाना क्षेत्र के गांव करीमगंज निवासी देवेंद्र की दो वर्षीया बेटी ओमसुधा शुक्रवार की दोपहर करीब 2:30 बजे घर के बाहर स्लैब पर बैठी थी। वर्षा के कारण उसकी मां नीतू नाली का कचरा साफ कर रही थी। परिजनों का कहना है कि ओमसुधा अचानक तेज बारिश के पानी की चपेट में आ गई। और वह पानी के साथ बहकर नाले में पहुंच गई। नाले का पानी गांव के तालाब में गिरता है। बच्ची के न मिलने से परिवार में कोहराम मच गया।

सूचना पर उप जिलाधिकारी राजेश कुमार, तहसीलदार सीमा गंगवार व कोतवाल धनंजय सिंह पुलिस फोर्स के साथ घटना स्थल पर पहुंच गए। जेसीबी मंगाकर तालाब में ओमसुधा की खोजबीन की गई। तीन घंटे तक चले सर्च ऑपरेशन में बच्ची का पता नहीं चल सका। घर से तालाब को जाने वाले नाले को तोड़ा जा रहा है। ऑपरेशन रेस्क्यू जारी है। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।



बच्ची गायब होने के बाद रोते-बिलखते परिजन। ● अमृत विचार



तालाब में सफाई करती जेसीबी।

## दो पैन कार्ड मामले में कोर्ट नहीं पहुंचा गवाह



**रामपुर, अमृत विचार :** अब्दुल्ला आजम खां के दो पैन कार्ड मामले में शुक्रवार को गवाह के नहीं आने के कारण सुनवाई नहीं हो सकी। अब इस मामले में 31 जुलाई की तारीख लगी है।

शहर विधायक आकाश सक्सेना ने सिविल लाइंस थाने में 2019 में पूर्व विधायक अब्दुल्ला आजम के खिलाफ दो पैन कार्ड रखने का मामला दर्ज कराया था। इसमें सपा नेता आजम खां को भी आरोपी बनाया गया है। इस मामले की सुनवाई एमपी-एमएलए मजिस्ट्रेट कोर्ट में चल रही है। शुक्रवार को गवाह के नहीं आने के कारण सुनवाई टल गई। अधिवक्ता संदीप सक्सेना ने बताया कि अब 31 जुलाई को सुनवाई होगी।

# नशे की लत पूरी करने के लिए ट्रेनों स्टेशनों पर करते थे चोरी, दो पकड़े

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** राजकीय रेल पुलिस ने ट्रेनों व स्टेशनों पर चोरी की वारदातों को अंजाम देने वाले दो शातिर चोरों को गिरफ्तार किया है। दोनों के पास से यात्रियों के मोबाइल व अन्य सामान बरामद हुआ है। दोनों आरोपी नशे की लत पूरी करने के लिए चोरी की वारदात को अंजाम देते थे।

एसपी रेल आशुतोष शुक्ला द्वारा मुरादाबाद रेल मंडल के सभी स्टेशनों व ट्रेनों में आपराधिक घटनाओं को रोकने के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत मुरादाबाद जीआरपी थाना प्रभारी राजन शर्मा ने अपने टीम के साथ मिलकर रेलवे स्टेशन से दो संदिग्ध लोगों को गिरफ्तार किया। पकड़े गए आरोपियों ने अपने नाम भोला व अजूबा निवासी इंद्रा मील झोपड़पट्टी थाना नगर कोतवाली जनपद भदोही बताया।

थाना प्रभारी राजन शर्मा ने बताया कि दोनों आरोपी नशे के आदी है और लत पूरी करने के लिए वह ट्रेनों व स्टेशनों पर भीड़-भाड़ का फायदा उठाकर यात्रियों के बैग, मोबाइल व पर्स चोरी कर लेते थे।

जीआरपी ने दोनों आरोपियों को कोर्ट में पेश करने के बाद जेल भेज दिया है।

**चोरों को गिरफ्तार करने वाली टीम**

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** शातिर चोर भोला व अजूबा को पकड़ने वाले टीम में जीआरपी थाना प्रभारी राजन शर्मा के अलावा दरोगा श्याम बाबू, दरोगा अवधेश कुमार, हेड कास्टेबल सुभाष यादव, राहुल कुमार, आरपीएफ के एएसआई मुस्ताक खान, हेड कांस्टेबल प्रशांत कुमार, पवनीश कुमार व सीआईबी विंग मुरादाबाद के सिपाही बालकृष्ण उपाध्याय शामिल हैं।

**आरोपियों से बरामद हुआ यह सामान**

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** जीआरपी द्वार पकड़े गए भोला व अजूबा के पास से यात्रियों से चुराए गए 13 मोबाइल, एक सोने की चेन, छह आधार कार्ड, वोटर आईडी कार्ड, डीएल, वाहन की आरसी, 8070 रुपये की नकदी बरामद हुई है।

आक्रोश | राज्यमंत्री का किया घेराव, विद्युत निगम के अधिकारियों पर लगाए आरोप

# मंत्री के आवास के बाहर किया प्रदर्शन

संवाददाता, बिलासपुर

**अमृत विचार :** ग्रामीण इलाकों में शेड्यूल के अनुसार बिजली न मिलने से गुस्साए ग्रामीणों ने राज्यमंत्री बलदेव सिंह औलख के आवास के बाहर प्रदर्शन किया। मंत्री का घेराव कर समस्या के समाधान की मांग की। राज्यमंत्री ने बिजली आपूर्ति में सुधार कराने का आश्वासन दिया। ग्रामीणों ने विद्युत निगम के अधिकारियों पर तमाम आरोप भी लगाए।

शुक्रवार को क्षेत्र के पिपलिया मिश्र, खंडिया, बेगमाबाद, अहरौला-बेदपुर, पदपुरी समेत करीब दस गांवों के लोग समाजसेवी हरदीप सिंह गिल के नेतृत्व में नारेबाजी करते हुए राज्यमंत्री के आवास पर पहुंचे। विद्युत निगम के अधिकारियों के खिलाफ नारेबाजी कर प्रदर्शन किया। ग्रामीणों का कहना था कि सरकार ग्रामीण इलाकों को 18 घंटे बिजली आपूर्ति देने के दावे कर रही है। सभी गांव बेगमाबाद बिजली घर से जुड़े हैं। इन गांवों को मात्र एक घंटे ही आपूर्ति मिल रही है। अधिकारियों से शिकायत के बावजूद कोई कार्रवाई नहीं हो रही है। गुस्साए ग्रामीणों ने कृषि राज्यमंत्री बलदेव सिंह औलख का घेराव कर उन्हें मामले की जानकारी दी। राज्यमंत्री ने आश्वासन देते हुए उन्हें शांत किया। कहा कि शाम को वह एक्सईएन व अन्य अधिकारियों को बुलाकर मामले की समीक्षा करेंगे। समस्या का शीघ्र निस्तारण किया जाएगा। इस मौके पर जसपाल सिंह, सर्वजीत सिंह, विरेंद्र सिंह, परमजीत सिंह, गुलफाम खां, राजेंद्र शर्मा, जसवीर सिंह, बलजीत सिंह, सोनू शर्मा, विक्रम सिंह आदि मौजूद रहे।



राज्यमंत्री के आवास के बाहर प्रदर्शन करते ग्रामीण। ● अमृत विचार

## उत्पीड़न के विरोध में भावाधस का प्रदर्शन

**स्वार, अमृत विचार :** ग्राम हसनपुर उत्तरी में वाल्मीकि समाज को आए दिन गाली गलौज व जाति सूचक शब्दों से अपमानित करने पर भावाधस के कार्यकर्ताओं ने शुक्रवार को कोतवाली के गेट पर प्रदर्शन किया। सीओ को ज्ञापन सौंप कर आरोपियों को गिरफ्तार करने की मांग की।

गांव हसनपुर उत्तरी निवासी मनोज व प्यारेलाल को गांव का ही पप्पू, उसकी पत्नी मिस्कीन व उसकी बेटियां जातिसूचक शब्दों का प्रयोग कर गालियां देते हैं। यौन उत्पीड़न में फंसाने की धमकी देते है। शुक्रवार को भावाधस के राष्ट्रीय संयुक्त मंत्री दीप सिंह राही के नेतृत्व में दलित समाज ने कोतवाली के गेट पर प्रदर्शन कर क्षेत्राधिकारी को ज्ञापन सौंपा। इस दौरान अशोक वाल्मीकि, रमेश वाल्मीकि, संजीव वाल्मीकि, मनोज कुमार, विनोद कुमार आदि रहे।



पूरे भारत में सबसे कम फीस में अपने Business का रजिस्ट्रेशन कराएं घर बैठे
REGISTRATION INDIA™©
हजारों संतुष्ट ग्राहक
ITR फाइलिंग मात्र ₹999/-
We Provide all consultancy related Services to NGO, Trust, Society, Private Limited Company, GST Registration, ITR Filing, TDS, FSSAI, Income tax
अपना काम Expert CA और Expert Advocate से ही करायें और भविष्य में होने वाली परेशानियों से बचें।

- Ngo Registration
- Society Registration
- Trust Registration
- Section 8 Company Registration
- Project Report
- Audit Report
- Annual Report
- ISO Registration
- 12A Registration
- 80G Registration
- Nielit Registration
- Niti Ayog Registration (NGO Darpan)
- E-Anudan, FCRA & MHRD
- One Person Company Registration
- Labour Department Registration
- Private Limited Company Registration
- MSME Registration & CSR
- Service Tax & DSC
- 35AC Registration
- Pan Card for Ngo
- PAN Registration
- Trade Mark Registration
- Copy Right Registration
- Patent Registration

अपने संस्थान की किसी भी प्रकार की वेबसाइट बनवायें।
Contact: 7500223290 7500277920
T&C Apply
एल.आई.सी. रोड, सिविल लाइन्स, रामपुर 244901 (यू.पी.) Email: teamindia5050@gmail.com

**आज का मौसम**

उमस भरी गर्मी रहेगी। छिटपुट बारिश हो सकती है।

35.0° अधिकतम तापमान | 29.0° न्यूनतम तापमान

सूर्योदय 05:33 | सूर्यास्त 07:10

श्री माधव आई एवं हार्ट केयर सेन्टर
healthy Eye is the main source of your strength.

डॉ. उपमा अवस्थी
एम.एस ऑफ्थैल्मोलॉजी जी.एस.वी.एम. कानपुर पूर्व फेलो इन फेको (श्रॉफ आई, दिल्ली) पूर्व फेलो इन विट्रियो-रेटीना (दिल्ली) पूर्व विट्रियो रेटीना कंसलटेन्ट सी.एल. गुप्ता, मुरादाबाद यू.पी.एम.सी. रजि. नं. 56677
ओ.पी.डी.समय
सोमवार से शनिवार सुबह 10 बजे से 5 बजे तक श्री माधव आई सेन्टर
अन्य सुविधाएं:- पैथोलॉजी, फार्मेसी, ऑप्टिकल्स
पता- MIG 14, आशियाना फेज-1, कांठ रोड, मुरादाबाद- 244001
अपाइंटमेंट के लिए कॉल करें Mob. 9528466434
Email:smehcc@hotmail.com

श्री बाली जी एण्ड पार्टी
हमारे यहाँ श्रीमदभागवत कथा, श्रीराम कथा एवं समस्त धार्मिक प्रोग्रामों को संगीतमय कराने हेतु सम्पर्क करें।

भागवत आचार्य:- श्री शिव कुमार जी
मो.- 9410478735
पता- गोविन्द नगर, ब्लॉक-बी, मुरादाबाद-244001

**एक नजर**

## 28 को होंगे मंडलीय क्रिकेट टीम के ट्रायल्स

मुरादाबाद, अमृत विचार: सीनियर और अंडर-23 वर्ग के मंडलीय क्रिकेट टीम के लिए ट्रायल्स 28 जुलाई को रुक्मणी कॉलेज में होंगे। इसमें मुरादाबाद, संभल और अमरोहा जिले के खिलाड़ी शामिल होंगे। डीएसए सचिव विजय गुप्ता ने बताया कि इसमें वहीं खिलाड़ी प्रतिभाग कर सकते हैं। जिन्होंने अपना रजिस्ट्रेशन यूपीसीए से ऑनलाइन कराया है।

# प्रधानाध्यापिका का अपहरण कर ले जा रहे युवक की कार ट्रैक्टर-ट्रॉली से टकराई

## हादसे के बाद आरोपी महिला का पर्स लेकर मौके से हुआ फरार

संवाददाता, पाकबड़ा


रीना श्रीवास्तव प्रधानाध्यापिका।


मौके पर पीड़िता से पूछताछ करते पुलिसकर्मी। • अमृत विचार


हादसे के बाद क्षतिग्रस्त कार।

अमृत विचार: प्रधानाध्यापिका का अपहरण कर ले जा रहे युवक की कार अचानक ट्रैक्टर-ट्रॉली से टकराकर क्षतिग्रस्त हो गई। जिस पर युवक कार मौके पर ही छोड़कर भाग निकला। हादसे में प्रधानाध्यापिका मामूली रूप से घायल हो गई। बाद में सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। मझोला थाना पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर आरोपी अपहरणकर्ता के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

थाना क्षेत्र मझोला स्थित हाईवे पर रामपुर से दिल्ली की ओर जाने वाली दिशा में जीरो प्वाइंट पाकबड़ा पुल पर तेज रफ्तार से आ रही कार ट्रैक्टर-ट्रॉली से जा टकराई। हादसे में कार क्षतिग्रस्त हो गई। कार के टकराने के बाद चालक उसमें बैठी प्रधानाध्यापिका का पर्स लेकर मौके से फरार हो गया। राहगीरों ने महिला को कार से बाहर निकाला। रीना श्रीवास्तव पत्नी स्वर्गीय शैलेश कुमार श्रीवास्तव निवासी 160 सदर बाजार जिला शाहजहांपुर ने बताया कि शुक्रवार सुबह करीब 8:30 बजे वह अपने स्कूल बाड़ूदेई प्राथमिक विद्यालय गई थी। जहां वह प्रधानाध्यापिका के पद पर कार्यरत हैं। उनकी जमीन का बटाईदार हरमंजीत सिंह पुत्र कश्मीर सिंह निवासी सिंधौली जिला शाहजहांपुर ने फोन कर कहा कि जमीन के संबंध में कागज पर उनके साइन चाहिए। वह तहसीलदार के आवास पर ही हो जाएंगे। यह कहकर उसने मुझे बुलाकर गाड़ी में बिठा लिया। उसके बाद उसने गाड़ी लॉक कर दी और मेरा मोबाइल फोन छीन लिया।

इस बीच मैंने उससे फोन छीनने की कोशिश की। इसी प्रयास में गाड़ी ट्रैक्टर-ट्रॉली में जा टकराई। गाड़ी टकराते ही वह मेरा पर्स लेकर गाड़ी से भाग निकला। गाड़ी टकराते ही वहां लोगों की भीड़ एकत्र हो गई। जिन्होंने उसे गाड़ी से बाहर निकाला। बाद में सूचना पर पहुंची पुलिस पीड़िता को थाने लेकर आई। जहां पीड़िता की तहरीर पर आरोपी अपहरणकर्ता के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। थाना प्रभारी मझोला कमलकांत वर्मा ने बताया कि मामला पंजीकृत कर लिया गया है। जांच जारी है।

# धर्मांतरण के आरोप में मेकअप इंस्टीट्यूट की संचालिका और उसका पति गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद


जिला अस्पताल में मेडिकल के लिए आरोपी रक्षंदा व शाहनवाज को लेकर पहुंची पुलिस।

अमृत विचार: सिविल लाइंस थाना पुलिस ने शुक्रवार को मेकअप इंस्टीट्यूट में धर्मांतरण की मुहिम चलाने और असली की जगह नकली प्रोडक्ट इस्तेमाल करने के आरोप में संचालिका रक्षंदा खान उर्फ सपना उर्फ मनी वर्मा और उसके पति शाहनवाज खान को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश करने के बाद जेल भेज दिया।

एसपी सिटी अखिलेश भदौरिया ने बताया कि 23 जुलाई को सिविल लाइंस थाने में तान्या चौधरी ने रक्षंदा खान और उसके पति शाहनवाज खान व एक अन्य के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई थी। जिसमें तान्या व उसकी साथी ने बताया था कि वह और अन्य छात्र-छात्राएं कांठ रोड स्थित मेकअप इंस्टीट्यूट में मेकअप, हेयर ड्रेसिंग समेत अन्य कोर्स कर रहे हैं। इंस्टीट्यूट में एडमिशन लेते समय उन्हें बताया गया था कि यहां मीट-मछली का सेवन नहीं किया जाता है, लेकिन इंस्टीट्यूट में मीट मछली खाया जा रहा है। इसके अलावा कलावा, सिंदूर, मंगलसूत्र पहनकर आने पर उत्पीड़न किया जाता है। छात्र-छात्राओं ने इंस्टीट्यूट की संचालिका पर आरोप लगाया कि वह हिंदू छात्राओं पर मुस्लिम लड़कों के साथ रहने का दबाव बनाती है। इसके अलावा असली की जगह नकली प्रोडक्ट इस्तेमाल किए जाते हैं। सिविल लाइंस पुलिस ने आरोपों की जांच की जो सही पाए गए हैं। जिसके बाद शुक्रवार को एसआई प्रबोध कुमार, एसआई अरुण वर्मा और महिला एसआई सुमिता यादव की टीम ने आरोपी संचालिका रक्षंदा खान और उसके पति शाहनवाज खान को गिरफ्तार कर लिया। एसपी सिटी ने बताया कि दोनों आरोपियों ने पूछताछ के दौरान कुछ भी नहीं बताया। दोनों को कड़ी सुरक्षा में कोर्ट में पेश किया गया। जहां से दोनों को न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया है।

- इंस्टीट्यूट में कोर्स करने वाली दो युवतियों व एक युवक ने की थी शिकायत

### चेहरा छिपाती रही आरोपी संचालिका

मुरादाबाद, अमृत विचार: मेकअप इंस्टीट्यूट की आड़ में धर्मांतरण की मुहिम चलाने वाली संचालिका रक्षंदा खान पुलिस गिरफ्त में आने के बाद मीडिया के सामने अपना चेहरा छिपाती रही। सिविल लाइंस पुलिस जब उसे जीप में बैठाकर मेडिकल कराने पति शाहनवाज के साथ जिला अस्पताल ले जा रही थी तो आरोपी अपने चेहरे को दोनों हाथ से ढक कर कैमरों से बचती दिखी।

# कोर्ट के आदेश पर पिता व दो बेटों पर दुष्कर्म व मारपीट की रिपोर्ट दर्ज

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार: मझोला थाना पुलिस ने कोर्ट के आदेश पर साबिर और उसके दो बेटों के खिलाफ दुष्कर्म, छेड़छाड़ व मारपीट समेत अन्य गंभीर धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की है।

थाना मझोला क्षेत्र के लाकड़ी फाजलपुर चौकी क्षेत्र निवासी महिला ने बताया कि बीती 30 मई को उसके पति और बच्चे कंपनी बाग में नुमाईश देखने गये थे और वह घर में अकेली थी। इसी दौरान मोहल्ले में ही रहने वाला रिश्ते का जेठ साबिर घर में घुस आया। आरोपी ने पीड़िता से छेड़छाड़ और अश्लीलता शुरू कर दी। विरोध करने पर आरोपी ने तमंचा निकाल कर पीड़िता से दुष्कर्म किया और किसी से बताने पर जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गया। पीड़िता के अनुसार उसने घटना की जानकारी पति को दी। वह पति के साथ थाने जाने लगी तो आरोपी साबिर ने अपने बेटों साजिद व साहिल को बुला लिया और पीड़िता और उसके पति के साथ गाली गलौज करने लगे। आरोपियों ने पीड़िता व उसके पति के साथ मारपीट की। इस बीच पीड़िता की बेटी ने कॉल करके पुलिस को बुलाया तो आरोपी धमकी देते हुए चले गए। बाद में पुलिस ने शिकायत पर आरोपी को पकड़ लिया, मगर बाद में छोड़ दिया। परेशान होकर पीड़िता ने कोर्ट की शरण ली। जहां से सीजेएम कोर्ट ने एफआईआर दर्ज के आदेश दिए। सीओ सिविल लाइंस अर्पित कपूर ने बताया कि कोर्ट के आदेश से पीड़िता की तहरीर के आधार पर आरोपी साबिर और उसके दोनों बेटों साजिद व साहिल के खिलाफ दुष्कर्म, छेड़छाड़, मारपीट समेत अन्य गंभीर धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर विवेचना की जा रही है। जांच के बाद कार्रवाई की जाएगी।

## कार्य में लापरवाही पर ग्राम पंचायत सचिव निलंबित

मुरादाबाद, अमृत विचार: संचारी रोग रोकथाम के लिए चलाए गए अभियान में लापरवाही बरतने वाले ग्राम पंचायत सचिव शादाब अली को निलंबित कर दिया है।

शुक्रवार को जिला विकास अधिकारी गोविंद बल्लभ पाठक ने बताया के संचारी रोग रोकथाम को लेकर चलाए जा रहे अभियान में सीडीओ सुमित यादव ने 20 जुलाई को मूंढापांडे ब्लॉक के गोवर्धनपुर ग्राम पंचायत का निरीक्षण किया था। गांव में जगह-जगह गंदगी के ढेर मिले। सीडीओ ने ग्राम पंचायत सचिव शादाब अली को मौके पर बुलाया और गांव में उनके द्वारा सफाई कराने वाले स्थान के बारे में पूछा। सीडीओ को वहां भी गंदगी का अंबार मिला। वहीं ग्रामीणों ने सचिव के गांव में कभी-कभी आने की भी शिकायत की। जिस पर सीडीओ ने सचिव से जवाब तलब किया था। लेकिन, संतोषजनक जवाब न मिलने व कार्य में लापरवाही पर उन्हें निलंबित कर दिया गया।

# कब्जा हटवाने पहुंची टीम खाली हाथ लौटी

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद


नाले से अतिक्रमण हटाने की चेतावनी देता नगर निगम प्रवर्तन दल का सदस्य।

**कार्रवाई**
- कब्जाधारी ने नहीं खोला दरवाजा, टीम ने दी चेतावनी
- टाउनहाल चौक तक अतिक्रमण हटाने को कहा

अमृत विचार: नगर निगम के जलकल अनुभाग के पंप हाउस पर किए अवैध कब्जे को हटवाने पहुंची टीम को खाली हाथ वापस लौटना पड़ा। क्योंकि कब्जाधारी ने दरवाजा ही नहीं खोला। टीम चेतावनी देकर वापस लौट आई। वहीं गुरु गोविंद सिंह चौक से लेकर टाउनहाल तक निगम की टीम ने अतिक्रमण करने वालों को इसे हटाने की चेतावनी की घोषणा माइक से कराई।

कांशीराम नगर के ई ब्लॉक सिंगल स्टोरी में स्थित पंप हाउस पर किसी ने कब्जा किया है। जिससे नलकूप संचालित होने में दिक्कत हो रही थी। इसकी जानकारी मिलने पर शुक्रवार को दोपहर जलकल के महाप्रबंधक डीके त्रिपाठी, सहायक अभियंता व प्रवर्तन दल की टीम पंप हाउस पर किए कब्जे को हटवाने पहुंचे। लेकिन, वहां पर अवैध कब्जाधारी ने घर का दरवाजा अंदर से बंद कर लिया। पुलिस कर्मियों के कहने पर भी उसने गेट नहीं खोला। जिसके बाद टीम चेतावनी देकर लौट आई।

वहीं दूसरी ओर नगर निगम के प्रवर्तन दल के सदस्यों ने गुरु गोविंद सिंह चौक से जीएमडी रोड, टाउनहॉल चौक तक माइक से घोषणा की कि नाले के ऊपर किए अतिक्रमण को स्वयं हटा लें अन्यथा निगम की ओर से कार्रवाई कर इसे हटाया जाएगा और सामान जब्त कर लिया जाएगा।

**शिविर में 18 आपत्तियां निस्तारित:** जोन संख्या तीन में गृहकर व जलकल अनुभाग की टीम ने ताड़ीखाना रोड स्थित गुलजारीमल धर्मशाला में जीआईएस सर्वे से संबंधित आपत्तियों की सुनवाई व निस्तारण के लिए शिविर लगाया। इसमें 36 आपत्तियां आईं जिसमें से 18 का मौके पर निस्तारण किया गया। शिविर में 1,26,245 रुपये की कर वसूली की गई। शिविर में मुख्य कर निर्धारण अधिकारी आरती सिंह, कर निर्धारण अधिकारी प्रमोद कुमार, क्षेत्रीय पार्षद और जोनल कार्यालय के सभी कर्मचारी उपस्थित रहे।

### प्लास्टिक मुक्त अभियान के लिए जागरूक किया

मुरादाबाद, अमृत विचार: नगर निगम की कार्यदायी संस्था आईईसी की टीम ने वार्ड 21 के गुरुकृपा स्कूल में नुक्कड़ नाटक के माध्यम से लोगों को प्लास्टिक व उससे बने सामानों का प्रयोग न करने के प्रति प्रेरित किया। प्रधानाचार्य एकता गांधी के अलावा स्कूल के शिक्षक व छात्र छात्राएं उपस्थित रहे। नुक्कड़ नाटक का शीर्षक संचारी रोग नियंत्रण अभियान के प्रति जानकारी और सिंगल यूज प्लास्टिक के प्रयोग से बचना था।

**कार्यक्रम** | आर्यंस इंटरनेशनल स्कूल बुद्धि विहार में हुआ रामायण बाल रंग उत्सव

# छात्र-छात्राओं ने शानदार प्रस्तुति से लोगों को मंत्रमुग्ध किया

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद


रामायण बाल रंग उत्सव में भजन प्रस्तुत करते गायक। • अमृत विचार

अमृत विचार: अंतर्राष्ट्रीय रामायण एवं वैदिक शोध संस्थान अयोध्या संस्कृति विभाग उत्तर प्रदेश द्वारा शुक्रवार को बुद्धि विहार स्थित आर्यंस इंटरनेशनल स्कूल में रामायण बालरंग उत्सव मनाया गया। जिसमें छात्रों ने शानदार प्रस्तुति से लोगों का मन मोह लिया।

उत्सव की शुरूआत विद्यालय के निदेशक राहुल रस्तोगी, विशिष्ट अतिथि नीरज गुप्ता, विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ. हेमंत कुमार झा और कार्यक्रम समन्वयक डॉ. पंकज दर्पण अग्रवाल ने मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित करके की। कार्यक्रम में छात्रों ने स्वागत गीत प्रस्तुत कर वातावरण को राममय कर दिया। जिसके बाद दो उभरती हुई प्रतिभा वंडर गर्ल श्रेया एवं रिद्धि ने सजा दो घर को गुलशन सा अवध में राम आए हैं पर शानदार नृत्य प्रस्तुति देकर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। महानगर के 16 विद्यालयों से आए लगभग 80 छात्रों ने रामायण आधारित चित्रकला प्रतियोगिता में प्रतिभाग कर अपनी कला का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में उत्कृष्ट कार्य करने वाले छात्रों को महापौर विनोद अग्रवाल ने पुरस्कृत किया। प्रतियोगिता दो वर्गों में आयोजित कराई गई थी। पहले वर्ग में कक्षा छह से आठ तक के और दूसरे वर्ग में कक्षा नौ से 12 तक के प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। प्रथम वर्ग में सेंट मैरी की प्रेरणा सिंह ने प्रथम, एसएस चिल्ड्रेन एकेडमी से समृद्धि ने द्वितीय एवं आर्यंस इंटरनेशनल स्कूल से यशस्वी राज ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं दूसरे वर्ग में एसएस चिल्ड्रन एकेडमी की छात्रा कौस्तुभी ने प्रथम, केसीएम की छात्रा आयुषी ने द्वितीय व शिरडी साईं के छात्र प्रत्यूष ने तृतीय स्थान हासिल किया। जबकि चित्रांसी, संगम यादव, गौरीशा राय, सबीर नूर, केशव व आकृति को सांत्वना पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। प्रतियोगिता के निर्णायक मंडल में उर्वशी एवं सलोनी प्रमुख रहीं। महापौर विनोद अग्रवाल ने छात्र-छात्राओं को रामायण से संबंधित कलाकृतियों के लिए पुरस्कृत किया। संस्कृति विभाग से आए कलाकार विकसित पंडित एवं उनके दल मंजरी नाट्य संस्था द्वारा वातावरण को भजन गाकर राममय कर दिया गया। कार्यक्रम समन्वयक डॉ. पंकज दर्पण अग्रवाल ने महानगर के विभिन्न विद्यालयों से आए हुए शिक्षकों को पटका पहनाकर एवं स्मृति चिह्न देकर आभार जताया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. पंकज दर्पण व डॉ. मंजू सिंह ने किया।

## प्रसव के दौरान नवजात की मौत, परिजनों का हंगामा

पाकबड़ा, अमृत विचार: प्रसव के दौरान नवजात की मौत हो गई। जिस पर परिजनों ने डाक्टर पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए जमकर हंगामा किया। बाद में पुलिस के पहुंचने पर मामला शांत हुआ।

थाना छजलैट के चंगेरी गांव निवासी शिल्पा रानी पत्नी निटू सागर गर्भवती थी। प्रसव पीड़ा होने पर परिजनों ने शुक्रवार की सुबह ग्राम हाशमपुर नई बस्ती स्थित न्यू इंडियन अस्पताल में भर्ती कराया। परिजनों का आरोप है कि नॉर्मल डिलीवरी के दौरान डॉक्टर की लापरवाही से बच्चे की जान चली गई। इस पर परिजनों ने हंगामा शुरू कर किया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों पक्षों को समझा बुझाकर शांत कराया। थाना प्रभारी पाकबड़ा सत्येंद्र सिंह ने बताया कि उन्हें इस संबंध में कोई तहरीर प्राप्त नहीं हुई है।

# पुष्पेंद्र यादव हत्याकांड के आरोपियों को 29 जुलाई को सुनाई जाएगी सजा

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार: कोर्ट ने नौ साल पहले हुए पुष्पेंद्र यादव हत्याकांड में महिला कल्याण विभाग के दो बाबुओं समेत नौ आरोपियों को दोषी ठहराया है। कोर्ट ने दोषियों को सजा सुनाने के लिए 29 जुलाई की तारीख तय की है।

थाना कटघर क्षेत्र के गोविंद नगर निवासी पुष्पेंद्र यादव महिला कल्याण विभाग में संविदा पर कंप्यूटर ऑपरेटर था। हत्या से लगभग एक साल पहले ही उसने नौकरी छोड़ दी थी। वह विभाग के दो बाबुओं चुन्नीलाल और मुकुट लाल के कई कारनामों को जान गया था। इसी राज के खुलने के डर से दोनों बाबुओं ने तीन लाख रुपये सुपारी देकर पुष्पेंद्र की हत्या करा दी थी। वारदात को दो शॉर्प शूटरों ने अंजाम दिया था। पुलिस ने इस मामले में फिरासत, शहजाद व शादाब को गिरफ्तार कर लिया था। वहीं बाद में समाज कल्याण विभाग के बाबू चुन्नी लाल को गिरफ्तार किया गया था। चुन्नी लाल ने पुलिस को पूछताछ में बताया था कि उसने विभाग के साथी बाबू मुकुटलाल के साथ मिलकर पुष्पेंद्र की हत्या की साजिश रची थी। एडीजीसी मनीष भटनागर ने बताया कि सुनवाई पूरी करने के बाद एडीजे तीन सरोज कुमार यादव की अदालत ने आरोपियों चुन्नीलाल, मुकुटलाल उर्फ मुकुट सिंह, शादाब उर्फ शहजाद उर्फ भूरा, जौहर अली, फिरासत, शहजाद, जलील उर्फ खलील, सलमान और आसिफ को पुष्पेंद्र की हत्या का दोषी करार दिया है। अब सभी दोषियों को 29 जुलाई को सजा सुनाई जाएगी।

## शहर में आज



☞ दो दिवसीय रामायण बाल रंग उत्सव का समापन व पुरस्कार वितरण आर्यन्स इंटरनेशनल स्कूल में सुबह 10 :00 बजे।

☞ लालबाग स्थित कालीमंदिर में सायंकालीन आरती 7 :00 बजे।

## एक नजर

### आज होगा उत्तर प्रदेश रस्साकशी टीम का चयन

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** मॉडर्न पब्लिक स्कूल में जिला रस्साकशी संघ की ओर से शनिवार को तकनीकी कार्यशाला का आयोजन किया जाएगा। इसमें निर्णायकों द्वारा मार्गदर्शन दिया जाएगा। जिससे कि आने वाले समय में जिला स्तरीय व विभिन्न प्रतियोगिताओं में प्रशिक्षक अपने स्कूल के बच्चों का सही मार्गदर्शन कर सकें व उन्हें तकनीकी रूप से सुदृढ़ बना सकें। संघ के सचिव ने बताया कि साथ ही आगरा में 6 से 8 अगस्त तक होने वाली राष्ट्रीय रस्साकशी प्रतियोगिता के लिए उत्तर प्रदेश की टीम का चयन भी किया जाएगा।

### जिला उद्यान अधिकारी ने की कार्रवाई, मानक के विपरीत कार्य करा रहे थे कार्यदायी संस्था के अधिकारी

# 9.49 करोड़ से बन रहीं चार पौधशालाओं का निर्माण कार्य रोका

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचारः** पेड़ पौधों की संख्या बढ़ाने के लिए जिले में चार पौधशालाओं के निर्माण के लिए 2023 में 9 करोड़ 49 लाख के प्रोजेक्ट को शासन से स्वीकृति मिली थी। लेकिन, अब जिला उद्यान अधिकारी ने कार्यदायी संस्था उत्तर प्रदेश राज्य निर्माण एवं श्रम विकास सहकारी संघ लिमिटेड को मानक के विपरीत कार्य करने पर कार्य से रोक दिया। ठाकुरद्वारा में पौधशालाओं का कार्य अधर में लटक गया है। वहीं मूंढापांडे में कार्य रोक दिया गया था। जिसकी रिपोर्ट शासन को भेजी गई है।

शासन ने निर्माण करा रहे सहकारी संघ को कार्य करने से रोकने के निर्देश दिए हैं। हालांकि कार्यदायी संस्था को आधी धनराशि का भुगतान हो चुका है।



मूंढापांडे ब्लॉक के गांव रोंडा में निर्माणाधीन पौधशाला का ढांचा। ● अमृत विचार

वित्तीय वर्ष 2022-23 में उद्यान विभाग की ओर से चार पौधशाला बनाने का प्रस्ताव शासन को भेजा गया था। जिसमें दो मूंढापांडे और दो ठाकुरद्वारा ब्लॉक में बननी थी। उस वर्ष प्रोजेक्ट को शासन से स्वीकृति मिल गई। जिसमें चार पौधशालाओं के निर्माण के लिए सरकार ने 9 करोड़ 49 लाख का बजट भी मंजूर कर दिया था।

उ.प्र.राज्य निर्माण एवं श्रम विकास सहकारी संघ लिमिटेड को पौधशालाओं के निर्माण की जिम्मेदारी दी गई। निर्माण के लिए शासन ने सहकारी संघ को 2023 मार्च में दो करोड़ 39 लाख और मई में 2 करोड़ 35 लाख रुपये का भुगतान भी कर दिया।

- **शासन को भेजी रिपोर्ट, कार्यदायी संस्था को 4 करोड़ 74 लाख 65 हजार का हो चुका है भुगतान**

कार्यदायी संस्था ने अक्टूबर में मूंढापांडे के एक गांव राजकीय परिक्षेत्र रौंडा और दूसरी राजकीय परिक्षेत्र घोण्डा में निर्माण कार्य शुरू कर दिया। दिसंबर में ठाकुरद्वारा के गांव पंडितपुर, फतेह उल्लाहगंज में पौधशालाओं का निर्माण शुरू किया गया। जिसमें घटिया सामग्री से पौधशाला के निर्माण को देखते हुए जिला उद्यान अधिकारी गया प्रसाद ने इस साल फरवरी में निर्माण कार्य का निरीक्षण किया। स्थिति देखकर उन्होंने कार्यदायी संस्था को कार्य करने से रोक दिया। शासन को निर्माण कार्य में घटिया सामग्री व मानक के विपरीत निर्माण कराए जाने की रिपोर्ट भेजी थी। जिला उद्यान अधिकारी ने बताया कि शासन ने ठाकुरद्वारा की दोनों में पौधशालाओं के दोबारा टेंडर कराने के निर्देश दिए हैं।

लेकिन उप्र.राज्य निर्माण एवं श्रम विकास सहकारी संघ लिमिटेड को अब मूंढापांडे में कार्य करने की अनुमति मिल गई है। प्रोजेक्ट की निर्धारित धनराशि का आधा भुगतान किए जाने पर सहकारी संघ से गुणवत्तापूर्ण कार्य करने के निर्देश दिए गए है। दो पौधशालाओं के निर्माण के लिए शेष बची धनराशि सहकारी संघ से वापस ली जाएगी।

# अनदेखी : शिवभक्तों के साथ न हो जाए हादसा

### कांठ रोड पर सड़क किनारे बिजली के लटक रहे केबल, विभागीय अधिकारी बेपरवाह

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचारः** कहने को तो महानगर को स्मार्ट सिटी बनाने में करोड़ों रुपये खर्च हो रहे हैं। मगर विद्युत व्यवस्था आज भी नहीं बदली है। बिजली कटौती से लेकर गलियों में तारों को लटकना, खुले में रखे ट्रांसफार्मर आदि की समस्या आज भी स्मार्ट सिटी को चिढ़ा रहे हैं। बरसात का मौसम है और कांवड़िये कांठ रोड से गंगाजल लेने के लिए गुजर रहे हैं। लेकिन, कांठ रोड पर सड़क किनारे लटक रहे बिजली के केबल से हादसा भी हो सकता है। इसके बाद भी विभागीय अधिकारी बेपरवाह बने हुए हैं।

वैसे तो बिजली विभाग को सावन के पहले सोमवार से पहले ही कांठ रोड और दिल्ली रोड पर सभी व्यवस्थाएं दुरुस्त करनी थीं। लेकिन, दूसरा सोमवार करीब है। मगर स्थितियों में अब भी सुधार नहीं है। वैसे तो विभाग की ओर से कांवड़ पथ के विद्युत पोल को पॉलीथिन से कवर्ड करा दिया गया है। लेकिन, पीएसी तिराहे से पीली कोठी की ओर पेड़ों की शाखाओं से होकर बिजली के तार निकल रहे हैं। बारिश में कभी भी पेड़ों में करंट उतर सकता है।

हरथला में सड़क किनारे बिजली के केबल लटक रहे हैं। इनमें एक स्थान पर जोड़ भी है। जिसे नाममात्र का टेप लगाकर जोड़ रखा है। इन स्थितियों में कभी भी कोई हादसा हो सकता है। मगर इस और किसी का ध्यान नहीं जा रहा है।



हरथला में कांठ रोड पर सड़क किनारे लटक रहे बिजली के केबल। ● अमृत विचार

### नीचे तक हटाने की बजाए काट दिए पोल

स्मार्ट सिटी कार्य के चलते कांठ रोड से सड़क किनारे खड़े बिजली के पोल को हटाया गया। इनके स्थान पर नए पोल लगाए गए हैं। लेकिन, विभिन्न स्थानों पर आज भी सड़क किनारे पोल खड़े हैं। हरथला में एक जगह पोल को जमीन के अंदर से हटाने के बजाए विभाग ने जमीन के लेवल से उसे काट कर हटा दिया। ऐसे में अगर किसी का उसमें पैर चला गया, तो चोट लगने का खतरा है। खासकर बारिश के पानी भरने पर वह दिखाई भी नहीं देगा। विभागीय अधिकारी भी इस ओर ध्यान नहीं दे रहे।



सड़क किनारे ऐसे काटा गया है विद्युत पोल।

> सभी एक्सईएन को अपने-अपने क्षेत्र में कांवड़ियों के लिए व्यवस्थाएं सुदृढ़ करने के निर्देश दिए हैं। साथ ही स्मार्ट सिटी का कार्य भी मानक अनुरूप कराए जाने के निर्देश दिए हैं। अगर कहीं पर ऐसी स्थिति है तो उस पर कड़ाई से एक्सईएन से कहकर काम कराया जाएगा।
>
> –मनीष चोपड़ा, अधीक्षण अभियंता

# महानगर में चारों ओर दिख रहा भगवा रंग, जयकारों की गूंज

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचारः** सावन माह के दूसरे सोमवार को भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक करने के लिए कांवड़िये हरिद्वार और बृजघाट गंगाजल लेने के लिए जा रहे हैं। तो दूर दराज के कुछ कांवड़िये गंगाजल लेकर लौट भी रहे हैं। इस दौरान महानगर की सड़कों पर हर ओर भगवा रंग दिख रहा है।

जैसे-जैसे सावन माह का दूसरा सोमवार करीब आ रहा है। महानगर की सड़कों पर कांवड़ियों की संख्या बढ़ती जा रही है। 29 जुलाई को दूसरा सोमवार है। इसके लिए बरेली, रामपुर, मिलक समेत अन्य शहरों के कांवड़िये हरिद्वार और बृजघाट गंगाजल लेने जा रहे हैं। महानगर के कांवड़िये भी गंगाजल लाने को प्रस्थान कर रहे हैं। तो कुछ कांवड़िये हरिद्वार से गंगाजल लेकर वापस लौट रहे हैं। बाइकों से भी युवा हरिद्वार कांवड़ लेने जा रहे हैं। बाइक पर लगे भगवा ध्वज माहौल को भक्तिमय बना रहा है। झंडे पर प्रभु श्रीराम और भोले बाबा का चित्र मन मोह रहा है। महानगर निवासी सतीश ने कहा कि वह अपने साथियों के साथ बाइक से गंगाजल लेने हरिद्वार जा रहे हैं। रविवार को वहां से सुबह गंगाजल लेकर वापस लौटेंगे। वहीं विक्की सैनी ने कहा कि भोले बाबा की भक्ति का अपना अलग ही आनंद है। बाबा सबकी मनोकामना पूरी करते हैं।



कांठ रोड से गुजरता कांवड़ियों का जत्था। ● अमृत विचार

# डीएम के आदेश पर अवैध सब्जी बाजार पर लगी रोक

संवाददाता, पाकबड़ा

**अमृत विचारः** शुक्रवार एवं मंगलवार को लगने वाले अवैध साप्ताहिक बाजार की परमिशन/प्रशासनिक अनुमति न होने के चलते बंद करा दिया गया। गुरुवार को मामला संज्ञान में आने पर जिलाधिकारी ने बिना परमिशन बाजार लगाने पर रोक लगा दी।

कस्बे के डींगरपुर रोड स्थित हासमपुर चौराहे के पास शुक्रवार एवं मंगलवार का बाजार लगता आ रहा है। शिकायतकर्ता मोहित कुमार शर्मा ने कहा कि उनकी लगभग 10 बीघा जमीन खाली पड़ी थी। बिना उनकी सहमति के बाजार संचालक द्वारा जमीन पर कब्जा करने की नीयत से बाजार के फड़ लगवाने का प्रयास शुरू कर दिया। मना करने के बाद भी जब बाजार संचालक नहीं माना तो जिलाधिकारी से मामले की शिकायत की गई। जिलाधिकारी ने 6 जून को परमिशन न होने पर बाजार को बंद कराए जाने का आदेश एसडीएम सदर को दिया था। गुरुवार को जिलाधिकारी ने आदेश किया कि शुक्रवार को इस तरह का बाजार नहीं लगना चाहिए। जिस पर पुलिस ने पहुंच कर बाजार को लगने से रोक दिया। नगर पंचायत अध्यक्ष मोहम्मद याकूब का कहना है कि बाजार लगने की परमिशन की जानकारी नहीं है। जबकि अधिशासी अधिकारी पवित्रा त्रिपाठी का कहना है कि अभी इस समय बाजार लगने की कोई परमिशन नगर पंचायत कार्यालय से नहीं है। बाजार लगाने के लिए परमिशन लेने का प्रार्थना पत्र हमारे यहां आया हुआ है उस पर कार्रवाई की जाएगी।

## एडिशनल कमिश्नर से की समस्या समाधान की मांग

**मुरादाबाद, अमृत विचारः** व्यापारियों की समस्याओं को लेकर उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार संगठन के पदाधिकारी वाणिज्यकर विभाग की एडिशनल कमिश्नर डॉ. अनुपमा गोयल से मिले। जहां उन्हें व्यापार में आने वाली समस्याओं के बारे में बताया। वहीं एडिशनल कमिश्नर ने व्यापारियों से अधिक से अधिक जीएसटी पंजीकृत होने के लिए कहा।

शुक्रवार को उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार संगठन के प्रदेश मंत्री अरविंद अग्रवाल, महामंत्री सुनील अग्रवाल, विपिन गुप्ता व अन्य व्यापारियों के साथ वाणिज्य कर विभाग की एडिशनल कमिश्नर के कार्यालय पहुंचे। जहां उन्होंने व्यापारियों की समस्याओं को उठाया। एडिशनल कमिश्नर ने संबंधित अधिकारियों को अपने कक्ष में बुलाकर समस्याओं का समाधान कराया।



बैठक में मौजूद सामूहिक रुद्राभिषेक आयोजन समिति के पदाधिकारी एवं सदस्य। ● अमृत विचार

# भोलेनाथ का सामूहिक रुद्राभिषेक 4 को

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचारः** सामूहिक रुद्राभिषेक आयोजन समिति की बैठक शुक्रवार को राम लीला मैदान लाजपत नगर में हुई। इसमें निर्णय लिया गया कि 4 अगस्त रविवार को भगवान शिव का 20वां सामूहिक रुद्राभिषेक का किया जाएगा।

बैठक की अध्यक्षता मनोज व्यास ने व संचालन संजय सक्सेना ने किया। कार्यक्रम के मुख्य संयोजक श्याम कृष्ण रस्तोगी ने बताया कि 251 दंपति द्वारा भगवान शंकर का अभिषेक एवं पूजन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि मां नर्मदा के तट से मंगवाए गए स्वयं प्राण प्रतिष्ठित शिवलिंग नर्वदेश्वर पर हरिद्वार के गंगा जल, काशी विश्वनाथ की भस्म, वृंदावन का अष्टगंध चन्दन, अबीर गुलाल, अक्षत, दूध-दही, घी, शहद, शक्कर एवं पंचामृत से अभिषेक किया जाएगा। कार्यक्रम का आयोजन राधा-कृष्ण मंदिर में किया जाएगा। बैठक में मुकुल व्यास, संजीव शर्मा, गगन शर्मा, राकेश अत्रि, शिवम रस्तोगी, नितिन दुबे, श्याम शुक्ला, वंदना शर्मा, पंकज शर्मा, पार्षद, शकुंतला शर्मा, मीतू शर्मा आदि मौजूद रहे।

**यूपी हेल्थ डैशबोर्ड** | मई में पूरे प्रदेश में दूसरे नंबर पर था जिला, मंडल को मिला था पहला स्थान

# जून की रैंकिंग में तीन पायदान और नीचे पहुंचा जिला

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** यूपी हेल्थ डैशबोर्ड के माध्यम से शासन ने जून के आंकड़ों के आधार पर जिलों की रैंकिंग जारी कर दी है। 14 बिंदुओं के आंकड़ों के आधार पर रैंकिंग में शीर्ष स्थान प्राप्त करने वाले पांच जनपदों में मुरादाबाद जिला अंतिम पायदान पर रहा है, अर्थात उसकी पांचवीं रैंक आई है। जबकि, मई में मुरादाबाद पूरे प्रदेश में दूसरे नंबर पर था।

मई में जारी रैंक में पहले स्थान पर मुजफ्फरनगर, तीसरे स्थान पर हाथरस, चौथे स्थान पर उन्नाव और पांचवे स्थान पर गोरखपुर था। यानि जून के आंकड़ों पर हुई यूपी हेल्थ डैशबोर्ड की रैंकिंग में मुरादाबाद दूसरे से पांचवे स्थान पर खिसक गया है। राहत की बात ये है कि प्रदेश की जून की रैंकिंग में भले ही जिला पिछड़ गया हो पर मंडल में मुरादाबाद को जरूर पहला स्थान मिल गया है। वहीं मई की रैंकिंग में मुरादाबाद मंडल प्रदेश में प्रथम था लेकिन, जून में वह भी खिसक कर चौथे स्थान पर आ गया है।

इस मामले में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के जिला कार्यक्रम प्रबंधक रघुवीर सिंह ने रैंकिंग में पिछड़ने का कारण बताया कि प्रथम संदर्भन इकाई में लक्ष्य के हिसाब में प्रसव कम हुए हैं। प्रत्येक इकाई पर कम से कम पांच-पांच प्रसव कराने का लक्ष्य है, लेकिन कहीं तीन तो कहीं इससे भी कम प्रसव कराए जा सके हैं। जिले में कुल चार प्रथम संदर्भन इकाईयां हैं। उन्होंने बताया कि मिशन की ओर से संचालित स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार के निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। शिशु-मातृ की मृत्यु दर में कमी, अस्पतालों में उपकरणों के रखरखाव व प्रबंधन, परिवार नियोजन के उपाय के प्रति जागरूकता से जनसंख्या नियंत्रण, संस्थागत व सुरक्षित प्रसव कराने पर जोर रहता है। उन्होंने बताया कि स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार और प्रभावी अनुश्रवण को लेकर मुख्यमंत्री की तरफ से यूपी हेल्थ डैशबोर्ड हर महीने रैंकिंग करता है। जिसके तहत 14 बिंदुओं पर स्वास्थ्य सेवाओं का भौतिक मूल्यांकन होता है। इसके अंतर्गत शासन की तरफ से जितने भी स्वास्थ्य कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं, उनका सतत अनुश्रवण किया जा रहा है और सर्वे के बाद अंक निर्धारित किए जाते हैं। अंकों के आधार पर जिले की रैंकिंग तय होती है।

### इन बिंदुओं पर हुई रैंकिंग

गर्भवती महिलाओं की जांच, संस्थागत प्रसव, प्रथम संदर्भन इकाई में प्रसव, मृत बच्चों का जन्म और 42 दिनों तक जन्मे बच्चों के घर आशा का भ्रमण। इन बिंदुओं के साथ ही बच्चों का बीसीजी टीकाकरण, पूर्ण टीकाकरण, स्थायी व अस्थायी विधि से परिवार नियोजन, टीबी के मामलों की खोज, गर्भवती महिलाओं में एचआईवी जांच, आशा भुगतान रिपोर्ट से संबंधित बिंदु, ग्रामीण क्षेत्रों में अस्पतालों में ऑपरेशन करना तथा उनकी देखरेख।

# लालपुर गंगवारी गांव में अपनों की याद में पौधे रोप रहे ग्रामीण

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** लालपुर गंगवारी गांव में अपनों (दिवंगत) की याद में शुक्रवार को ग्रामीणों ने कब्रिस्तान-श्मशान घाट पर पौधों को रोपण किया है। इस नेक कार्य में 36 ग्रामीण शामिल हुए हैं। इन लोगों को कदम, नीम, बकान, जामुन, बांस के पौधे पानी एवं पर्यावरण बचाव दल ने निशुल्क उपलब्ध कराए थे।

लालपुर गंगवारी गांव में रहने वाले परिवार अपने परिजन की मौत के बाद उनकी याद में पौधा लगाते हैं और ताउम्र उसकी देखभाल करते हैं। पानी एवं पर्यावरण बचाव दल के संयोजक डॉ. मोहम्मद जावेद के प्रयास से यह मुहिम शुरू हुई है।



दिवंगत लोगों की याद में लालपुर गंगवारी गांव के कब्रिस्तान में पौधे रोपते ग्रामीण।

**इन लोगों ने रोपे पौधेः** अय्यूब हुसैन, हाजी इरफान, मौलाना बिलाल रजा, राशिद हुसैन, हाजी इरशाद हुसैन, रिजवान हुसैन, शाकिर हुसैन, रिहासुल, मोहम्मद शावेज, सतपाल मिस्त्री, हरेराम सिंह, अमन सिंह, सतीश प्रजापति, समर सिंह, पुजारी तूफान सिंह, उदय सिंह, मुस्तेजाब हुसैन, अकरम हुसैन आदि।



# कारगिल विजय दिवस पर वीर अमर शहीदों को किया नमन

## कर्नल गौरव गुप्ता ने साझा की युद्ध की यादें, 23 यूपी बटालियन एनसीसी की ओर से रजत जयंती कार्यक्रम का आयोजन

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** कारगिल विजय दिवस पर शुक्रवार को महानगर के लोगों ने शहीदों को नमन किया। उन्हें याद कर लोगों की आंखें भर आईं। वीर जवानों के शौर्य की गाथाओं को याद किया। 23 यूपी बटालियन एनसीसी की ओर से महाराजा अग्रसेन इंटर कॉलेज में कारगिल विजय दिवस के मौके पर रजत जयंती कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर कर्नल गौरव गुप्ता को गार्ड ऑफ आनर दिया गया।

कार्यक्रम में कारगिल के शहीदों के चित्र के आगे कर्नल गौरव गुप्ता, मेजर राजीव ढल, अरुण कुमार शुक्ल, डॉ. सीमा सिंह, स्वतंत्रता सेनानी परिवार के धवल दीक्षित, सूबेदार मेजर जगवंत सिंह, स्मिता सक्सेना ने दीप प्रज्ज्वलित किया और पुष्प चक्र अर्पित कर शहीदों को श्रद्धांजलि दी। मेजर राजीव ढल ने बताया कि किस प्रकार 1999 में पाकिस्तान ने हमारे जम्मू कश्मीर के हिस्से कारगिल में घुसपैठ की और सेना ने वहां पर अपना ऑपरेशन विजय चलाते हुए इस ऊंचे व बर्फीले युद्ध क्षेत्र में पाकिस्तान सेना को करारा जवाब देते हुए खदेड़ दिया। जिन चोटियों पर पाकिस्तान ने कब्जा कर लिया था। उन्हें वहां से खाली करा कर अपना तिरंगा फहरा दिया। कर्नल गौरव गुप्ता ने कारगिल युद्ध के दौरान की अपनी यादों को कैडेट्स के साथ साझा किया। दुश्मन ऊपर की ओर हो तब दुश्मन से मुकाबला करना आसान नहीं होता। लेकिन, हमने और हमारे वीर साथियों ने वहां पर अदम्य साहस और वीरता का परिचय देते हुए दुश्मन से मुकाबला किया और फतेह हासिल की। डॉ. सीमा सिंह ने कहा कि हम जहां भी रहें हमारे अंदर राष्ट्रभक्ति की भावना होनी चाहिए। धवल दीक्षित ने कहा कि हमारा देश युवाओं का देश है। युवाओं की जिम्मेदारी बनती है कि देश को सुरक्षित रखने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएं। इस मौके पर सूबेदार मेजर जगवंत सिंह, सूबेदार बोधराज, हवलदार संजय, नायक विकास, बीएचएम संतोष कुमार, हवलदार यतेंद्र सिंह, डॉ. नवीन कुमार पाण्डेय, लेफ्टिनेंट फुरकान अहमद, लेफ्टिनेंट शावेंद्र सिंह आदि मौजूद रहे।



महाराजा अग्रसेन इंटर कॉलेज में शहीदों को पुष्पांजलि अर्पित करते मेजर राजीव ढल।

- **महाराजा अग्रसेन इंटर कॉलेज में कारगिल विजय दिवस पर रजत जयंती कार्यक्रम का आयोजन**


सेंट मीरा अकादमी कांशीराम नगर में सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करतीं छात्राएं। ● अमृत विचार

### वीर सैनिकों के अदम्य साहस व समर्पण की याद दिलाता है कारगिल विजय दिवस

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** सेंट मीरा अकादमी में शुक्रवार को कारगिल विजय दिवस मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि एनसीसी के कर्नल गौरव गुप्ता रहे। कार्यक्रम में मां सरस्वती और भारत माता को स्मरण कर विद्यार्थियों ने देशभक्ति से सराबोर कार्यक्रम प्रस्तुत किए। कारगिल विजय दिवस पर शहीदों को याद करते हुए विद्यार्थियों ने भाषण, समूह नृत्य, गीत, कविता और देशभक्ति नाटक प्रस्तुत किए। जिसमें बताया कि 1999 के कारगिल युद्ध में पाकिस्तान पर भारत की जीत की याद में हर साल 26 जुलाई को कारगिल युद्ध विजय दिवस के रूप में मनाया जाता है। कारगिल युद्ध आठ मई 1999 से 26 जुलाई 1999 के बीच पाकिस्तानी घुसपैठियों के खिलाफ लड़ा गया था। मुख्य अतिथि ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि आज एक ऐसा महत्वपूर्ण दिन है जो 26 जुलाई को हर साल मनाया जाता है। यह दिन भारतीय सेना के वीर सैनिकों के कारगिल युद्ध में दिखाए गए अद्भुत साहस और समर्पण की याद दिलाता है। भारत के जांबाज सैनिकों ने पाकिस्तानी घुसपैठियों को खदेड़ते हुए टाइगर हिल और अन्य चौकियों पर कब्जा कर लिया था। भारत पाक के बीच में जंग लद्दाख के कारगिल में 60 दिनों से अधिक समय तक चली थी। उन्होंने कहा कि सेना के मिशन को सफल बनाने के लिए कई वीर सपूतों ने अपने प्राणों की आहुति दी। जिनमें कैप्टन विक्रम बत्रा भी शामिल थे। कारगिल युद्ध में भारतीय सेना के 527 सैनिकों ने शहादत दी। कर्नल गौरव गुप्ता ने कारगिल युद्ध में अपने पराक्रम और वीरता के योगदान का परिचय दिया। जो अद्भुत और प्रशंसनीय था। विद्यालय की शिक्षा निदेशिका अक्षरी प्रकाश और वित्त निदेशिका पर्णिका प्रकाश ने विद्यार्थियों में उत्साह भरा। प्रधानाचार्या पारुल अग्रवाल ने कहा कि आज कारगिल युद्ध को 25 वर्ष पूर्ण हो गए हैं। यह अत्यंत गौरव की बात है कि देश के इस युद्ध में शहीद हुए वीर सैनिकों को विजय दिवस मनाकर याद कर रहा है। इस दौरान विद्यालय की उप प्रधानाचार्या श्वेता सेठी, सह उप-प्रधानाचार्या ऋचा अग्रवाल, ज्योति त्रिपाठी, तनु विश्नोई, इरा रस्तोगी, दीपाली रस्तोगी, अनुज सल्सेना, सुदर्शन दास, रजत शर्मा आदि ने कार्यक्रम के आयोजन में सहयोग किया।

## एक नजर

### कार्यक्रम में कैप्टन विक्रम बत्रा की वीरगाथा सुनाई

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** रोटरी क्लब मुरादाबाद ने शुक्रवार को पारकर इंटर कॉलेज में शहीदों की याद और सैनिकों की वीरता पर कार्यक्रम आयोजित किया। इस मौके पर एक डॉक्यूमेंट्री फिल्म दिखाई गई। साथ ही कारगिल विजय के नायक और परमवीर चक्र विजेता कैप्टन विक्रम बत्रा की जांबाजी और बहादुरी की वीरगाथा को क्लब के सचिव राजीव सक्सेना और अध्यक्ष राजेश खन्ना ने वर्णित किया। इस दौरान वीर सैनिक अखिलेश सक्सेना के माता-पिता का सम्मान शॉल ओढ़ाकर किया गया। भारतीय प्रशासनिक सेवा में चयनित वैभव आनंद शर्मा के पिता एपी शर्मा, मेजर राजीव ढल, प्रधानाचार्या डॉ. मधुबाला त्यागी, प्रधानाचार्य एसके नेथन आदि को पटका पहनाकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर शर्मिताभ सिन्हा, अतुल माथुर, जीत सिंह, आदेश श्रीवास्तव, सुधीर गुप्ता, अजय सक्सेना, अनुज माथुर, विपिन गुप्ता, अनुभा गुप्ता, मीनू यादव, नेहा खन्ना आदि मौजूद रहीं।

### कालोनी में पसरा अंधेरा

**अगवानपुर, अमृत विचार :** जीवन गीत कालोनी में स्ट्रीट लाइट न होने से अंधेरा पसरा है। जिससे कालोनीवासियों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। नगर पंचायत के अंतर्गत आने वाली जीवन गीत कालोनी कांवड़ पथ रोड के किनारे बनी है। जीवन गीत वेलफेयर सोसायटी के सचिव भुवनेश कुमार शर्मा ने बताया कि नगर पंचायत अध्यक्ष गुलरेज खान को भी इस संबंध में कई बार प्रार्थना पत्र दिया गया मगर समस्या जस की तस है।

### तालाब में डूबकर मंदबुद्धि समेत दो लोगों की मौत

**मुरादाबाद, अमृत विचार:** मझोला थाना क्षेत्र के अंतर्गत मंदबुद्धि समेत दो लोगों की तालाब में डूबकर मौत हो गई। दोनों की मौत से परिवार में कोहराम मच गया। शुक्रवार को पुलिस ने पोस्टमार्टम कराने के बाद शवों को परिजनों को सौंप दिया।

पहला मामला थाना मझोला क्षेत्र के जयंतीपुर बगिया वाली गली का है। यहां रहने वाले नईम का बेटा लूटा मंदबुद्धि था। बीती गुरुवार की शाम क्षेत्र के एक तालाब में शव तैरता हुआ दिखा। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और लोगों के सहयोग से शव को बाहर निकाला। लोगों ने मृतक की पहचान मंदबुद्धि लूटा के रूप में की।

दूसरा मामला थाना मझोला क्षेत्र के जयंतीपुर चामुंडा गली का है। यहां रहने वाले रिटायर्ड फौजी आदेश कुमार का 27 वर्षीय बेटा आकाश उर्फ बब्लू दो दिन पहले अपने दोस्तों के साथ मोहल्ले में ही तालाब में नहाने के लिए गया था। नहाते समय अचानक आकाश डूब गया था। दोस्तों ने इसकी जानकारी तुरंत ही परिजनों को दी थी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने आकाश की तालाब में तलाश की थी, लेकिन उसका कोई सुराग नहीं लगा था। शुक्रवार को तालाब से आकाश का शव बरामद हुआ। पुलिस ने पोस्टमार्टम कराने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया। आकाश की मौत से परिवार में कोहराम मचा है।

# संविधान बचाने के लिए सपा प्रतिबद्ध

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** समाजवादी पार्टी आरक्षण व संविधान को बचाने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। यह बात पार्टी के जिलाध्यक्ष ने आरक्षण अधिकार दिवस पर कही। उन्होंने कहा कि संविधान मान स्तंभ की स्थापना करके आज ही के दिन शाहूजी महाराज ने दलित पिछड़ों के लिए शिक्षा और नौकरियों में आरक्षण की शुरुआत की थी।

शुक्रवार को पार्टी कार्यालय पर आरक्षण अधिकार दिवस मनाया गया। जिसमें जिलाध्यक्ष जयवीर सिंह यादव ने कहा कि सामाजिक न्याय की शुरुआत महात्मा ज्योतिबा फुले ने की थी। जिसको शाहूजी महाराज ने 26 जुलाई 1902 जुलाई को लागू किया था। जिसे बाद में बाबा साहब डॉ. भीमराव आंबेडकर ने भारतीय संविधान में आरक्षण की व्यवस्था करके पूरा किया था। उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी चाहती है कि देश में जाति के आधार पर जनगणना हो, ताकि सामाजिक आधार पर सबको सम्मान और उनका हक मिल सके। इसके लिए राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के नेतृत्व में पार्टी का वैचारिक संघर्ष सड़क से संसद तक जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी सामाजिक न्याय के लिए प्रतिबद्ध है। इस मौके पर पूर्व महानगर अध्यक्ष शाने अली शानू, लाखन सिंह सैनी, वीके सैनी, विजयवीर यादव, एमपी सिंह मौर्य, वेद प्रकाश सैनी, प्रेम बाबू वाल्मीकि, फुरकान अली, धर्मेंद्र यादव, विक्रम सिंह यादव, नवी हसन, अताउर्रहमान, नाजिम सैफी, गौरव चौहान, सिद्धांत चौधरी, संजीव चौधरी, सुनीता सिंह, राकेश राठी, गीता यादव, शशि गुप्ता आदि सपाई मौजूद रहे।


सपा जिला कार्यालय पर कार्यकर्ताओं को संबोधित करते जिलाध्यक्ष जयवीर सिंह यादव।


आकाश नेशनल टैलेंट हंट एग्जाम के लांच की घोषणा के मौके पर शिक्षक व अन्य।

## आकाश ने की एंथे 2024 की घोषणा

**मुरादाबाद, अमृत विचार:** कांठ रोड स्थित आकाश इंस्टीट्यूट ने अपनी प्रमुख छात्रवृत्ति परीक्षा एंथे के गौरवशाली 15 वर्षों को पूरा करते हुए आकाश नेशनल टैलेंट हंट एग्जाम (एंथे) 2024 के लांच की घोषणा की है। जिसकी शुरूआत आकाश इंस्टीट्यूट के डायरेक्टर विवेक शर्मा व एडीजे सृष्टि चौरसिया ने केक काट कर की।

डायरेक्टर विवेक शर्मा ने बताया कि एंथे लोकप्रिय और सबसे अधिक मांग वाली परीक्षा है, जो सातवीं-बारहवीं कक्षा के छात्रों को नकद पुरस्कारों के साथ 100 प्रतिशत तक छात्रवृत्ति का मौका देती है। जो छात्र नीट, जेईई, राज्य सीईटी और एनटीएसई और ओलंपियाड जैसी छात्रवृत्ति परीक्षाओं के लिए तैयारी करते हैं। एंथे 2024 का आयोजन 19 से 27 अक्टूबर 2024 के बीच ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों मोड में, भारत के 26 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में होगा।

# कांग्रेसियों ने शहीदों को किया नमन

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** कारगिल विजय दिवस की 25वीं वर्षगांठ पर शुक्रवार को कांग्रेसियों द्वारा मोमबत्तियां जलाकर युद्ध में शहीद हुए सैनिकों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इसके अलावा कांग्रेसियों ने विजय दिवस समारोह में प्रधानमंत्री द्वारा की गई टिप्पणियों पर रोष जताया।

जिला व महानगर कमेटी के जुड़े कांग्रेसी शुक्रवार शाम को कंपनी बाग स्थित शहीद स्मारक पर एकत्र हुए। जहां उन्होंने 1999 में लगभग तीन माह चले कारगिल के कठिन युद्ध में देश की रक्षा में शहीद हुए 527 सेना के जांबाजों को मोमबत्तियां जलाकर श्रद्धांजलि अर्पित की। कांग्रेसियों ने कहा कि भारतीय सैनिकों के बलिदान के बूते ही हम सियाचिन ग्लेशियर पर काबिज हैं। इस दौरान लद्दाख में विजय दिवस समारोह के दौरान प्रधानमंत्री द्वारा अग्निवीर योजना की चर्चा किये जाने को लेकर रोष जताया गया। इस मौके पर जिला उपाध्यक्ष व प्रवक्ता सुधीर पाठक, विवेक गुप्ता, अकरम खा, राजेन्द्र वाल्मीकि, भयंकर सिंह बौद्ध, मंगलसेन, नरेश सिंह, एस भटनागर, अरविंद चौहान, अनुराग शर्मा, निर्मल अरोरा, नेम सिंह, सुखबिंदर सरदार, मोहसिन रईस, शिवराज गूजर, अनिल गूजर, राजेशपाल, गुड्डू भाई, अफसर अली व सफदर नियाजी शामिल रहे।


शहीद स्मारक पर मोमबत्ती जलाकर कारगिल शहीदों को नमन करते कांग्रेस कार्यकर्ता।

### शिविर में 182 बच्चों की आंखों की हुई जांच

**मुरादाबाद, अमृत विचार:** रोटरी क्लब मुरादाबाद वेस्ट सोनकपुर ने शुक्रवार को लाला फूल कुमार सरस्वती शिशु मंदिर कल्याणपुर विद्यालय में बच्चों के लिए दो दिवसीय नेत्र परीक्षण शिविर का आयोजन किया। शिविर में वरिष्ठ नेत्र चिकित्सक डॉ. गिरजेश कैन की देखरेख में 182 बच्चों की आंखों की जांच की गई, जिसमें 37 बच्चों को चिकित्सक ने चश्मा लगाने की सलाह दी और आईड्रॉप और दवाओं का भी वितरण भी किया गया। क्लब इन बच्चों के लिए चश्मे भी उपलब्ध कराएगा। इस अवसर पर प्रबंधक नीरज गुप्ता, प्रधानाचार्य राधेश्याम भारद्वाज, रंजीव सिंह, शुभम गुप्ता, डॉ. हृदयेश कुमार, पंकज माहेश्वरी, अमित दयाल, नीरज मेंहदीरत्ता, रक्षित कश्यप और वरुण टंडन आदि मौजूद रहे।


मांगे पूरी न होने पर काली पट्टी बांधकर सांकेतिक विरोध प्रदर्शन करते स्वास्थ्यकर्मी।

## बांह पर काली पट्टी बांधकर किया विरोध

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) के अंतर्गत तैनात स्वास्थ्य कर्मी मांगों को लेकर मुखर होने लगे हैं। शुक्रवार को कर्मियों ने बांह पर काली पट्टी बांधकर कार्य किया।

संविदा कर्मचारी संघ के जिलाध्यक्ष अजीजुर रहीम व महामंत्री विपिन भट्ट ने बताया कि 29 व 30 जुलाई को भी ड्यूटी के समय एक घंटे अधिक कार्य करेंगे। सात अगस्त को लखनऊ में मिशन निदेशक के कार्यालय का घेराव करेंगे। नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र टाउन हॉल के कर्मियों ने काला फीता बांधकर प्रदर्शन किया है। इनमें डॉ. अनीता मौर्या, डॉ. भाष्कर अग्रवाल, फार्मासिस्ट अतर पाल सिंह, शरद पाल, स्टॉफ नर्स पूजा वर्मा, रजनी आदि शामिल रहे। इसी तरह सीएमओ कार्यालय में कार्य करने वाले एनएचएम कर्मियों ने काली पट्टी बांधकर कार्य किया।

### गोकुलदास गर्ल्स कालेज में बजट पर हुई चर्चा

**मुरादाबाद, अमृत विचार:** महानगर के गोकुलदास हिंदू गर्ल्स कालेज में महाविद्यालय की प्राचार्या प्रोफेसर डॉ. चारू मेहरोत्रा के निर्देशन में अर्थशास्त्र विभाग के तत्वावधान में बजट- 2024-25 पर परिचर्चा हुई।

परिचर्चा में मुख्य वक्ता के रूप में चार्टर्ड अकाउंटेंट अभिषेक रस्तोगी व कर विशेषज्ञ अधिवक्ता अर्चित रस्तोगी रहे। प्राचार्या ने अतिथियों को पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित किया। प्राचार्या प्रोफेसर डॉ. चारू मेहरोत्रा ने कहा कि इस बार वित्त मंत्री ने रोजगार उन्मुख बजट पेश किया है, जो देश की युवा शक्ति के लिए अति आवश्यक है। परिचर्चा का संचालन व संयोजन असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. सीमा मालिक ने किया। इस दौरान उप प्राचार्या प्रोफेसर अंजना दास, प्रो.अंशु सरीन, प्रो. पुनीता शर्मा, प्रो. किरण साहू ने विचार रखे।


# कार्यालय खण्ड विकास अधिकारी छजलैट (मुरादाबाद)

पत्रांकः-520/आंकिक/क्षे0पं0/नि0का0/निविदा/2024-25 दिनांक 26.07.2024

## अति अल्पकालीन निविदा सूचना

क्षेत्र पंचायत छजलैट (मुरादाबाद) की आयोजित बैठक दिनांक 09.02.2024 में पारित कार्य योजना के सापेक्ष क्षेत्र पंचायत पन्द्रहवां वित्त आयोग योजना (अनटाईड )/टाईड/पंचम राज्य वित्त मद में निम्न कार्य वर्ष 2024-25 में इस विकास खण्ड द्वारा जनहित में कराये जाने है। इच्छुक पंजीकृत आपूर्ति कर्ता / ठेकेदार दिनांक 05-08-2624 को 12.30 बजे तक अपनी-अपनी निविदायें अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में अपने पंजीकरण प्रमाण पत्र / व्यापार कर विभाग में पंजीकरण प्रमाण पत्र की छायाप्रति के तथा हैसियत प्रमाण पत्रों एवं अर्नेस्टमनी तथा नियमानुसार जमानत राशि 2 प्रतिशत के साथ / एफ.डी.आर. आदि संलग्न करते हुए अपनी-अपनी निविदायें अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में जमा कर सकते है । निविदायें स्वीकृत/अस्वीकृत करने का पूर्ण अधिकार अधोहस्ताक्षरी में निहित होगा। निविदायें विकास खण्ड मुख्यालय पर दिनांक 05-08-2024 की अपरान्ह 3.30 बजे खोली जायेंगी ।

| क्र0 सं0 | कार्य तथा स्थल का नाम | अनुमानित लागत | जमानत की धनराशि | निविदा मूल्य | अर्नेस्टमनी | कार्य पूर्ण योजना करने की अवधि | योजना का नाम |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | ग्राम मल्हपुर फलैदा मार्ग से रमेश चन्द्र के मकान तक खण्डजा निर्माण कार्य । | 3.00 | 6000.00 | 1200.00 | 2 प्रतिशत | 3 माह | पन्द्रहवाँ वित्त आयोग (अनटाईड) |
| 2 | ग्राम मनकुआ में सतपाल सिंह प्रधान जी के घर से मैन रोड तक सी0सी0 टाईल्स निर्माण कार्य। | 7.09 | 14180.00 | 1200.00 | 2 प्रतिशत | 3 माह | पन्द्रहवाँ वित्त आयोग (अनटाईड) |
| 3 | ग्राम एदलपुर में बलजीत सिंह के घर से मैन रोड तक नाली एवं सी0सी0 टाईल्स निर्माण कार्य। | 4.47 | 8940.00 | 1200.00 | 2 प्रतिशत | 3 माह | पन्द्रहवाँ वित्त आयोग (अनटाईड) |
| 4 | ग्राम कुचावली में कन्हैया के मकान से चमुण्डा तक सी0सी0 टाईल्स निर्माण कार्य। | 2.29 | 4580.00 | 1200.00 | 2 प्रतिशत | 3 माह | पन्द्रहवाँ वित्त आयोग (अनटाईड) |
| 5 | ग्राम पहाडमउ में महीपाल सिंह के घर से हर्षस्वरूप सिंह के घर तक सी0सी0 टाईल्स एवं नाली निर्माण कार्य। | 8.44 | 16880.00 | 1200.00 | 2 प्रतिशत | 3 माह | पन्द्रहवाँ वित्त आयोग (अनटाईड) |
| 6 | ग्राम चांदखेड़ी में मैन रोड से लाला के घर तक सी0सी0 टाईल्स निर्माण कार्य। | 7.93 | 15860.00 | 1200.00 | 2 प्रतिशत | 3 माह | पन्द्रहवाँ वित्त आयोग (अनटाईड) |
| 7 | ग्राम चाउपुरा में जयपाल राणा के घर से कपिल की दुकान तक नाली एवं सी0सी0 टाईल्स निर्माण कार्य। | 7.78 | 15560.00 | 1200.00 | 2 प्रतिशत | 3 माह | पन्द्रहवाँ वित्त आयोग (अनटाईड) |
| 8 | ग्राम कुडामीरपुर में महेश के पास नाली एवं सी0सी0 टाईल्स निर्माण कार्य। | 6.26 | 12520.00 | 1200.00 | 2 प्रतिशत | 3 माह | पन्द्रहवाँ वित्त आयोग (अनटाईड) |
| 9 | ग्राम भरतपुर में दयाराम सिंह के मकान से तुरसी के हाल तक सी0सी0 टाईल्स निर्माण कार्य। | 9.84 | 19680.00 | 1200.00 | 2 प्रतिशत | 3 माह | पन्द्रहवाँ वित्त आयोग (अनटाईड) |
| 10 | ग्राम आवी हफीजपुर में मुसब्बर के घर से बाबू के घर तक नाली एवं सी0सी0 टाईल्स निर्माण कार्य। | 9.84 | 19660.00 | 1200.00 | 2 प्रतिशत | 3 माह | पन्द्रहवाँ वित्त आयोग (अनटाईड) |

खण्ड विकास अधिकारी
छजलैट (मुरादाबाद)


क्षय रोग | छह से नौ माह तक नियमित दवा लेने से पूरी तरह ठीक हो जाता है रोगी

# क्षय रोगियों की बढ़ी संख्या, 7 माह में मिले 9546 रोगी

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** जिले में क्षय रोगियों की संख्या बढ़ रही है। इस वर्ष 7 माह में ही स्वास्थ्य विभाग ने नौ हजार से अधिक क्षय रोगी ढूंढ निकाले हैं। इनका उपचार चल रहा है। इन रोगियों में 4,425 ऐसे रोगी हैं जो सरकारी अस्पतालों में पहुंचे थे और जांच के दौरान उनमें टीबी होने की पुष्टि हुई है। इसी तरह निजी अस्पताल में भी टीबी के रोगियों की पुष्टि हुई है, लेकिन निजी अस्पतालों में पहुंचने वाले रोगियों की संख्या सरकारी अस्पतालों से भी ज्यादा है।

निजी अस्पतालों में पहुंचे रोगियों में से 5,121 में क्षय रोग की पुष्टि हुई है। इस तरह 23 जुलाई तक क्षय रोग के कुल 9,546 रोगी मिले हैं। जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ. एनके कुरैचया बताते हैं कि छह महीने से नौ माह तक नियमित रूप से दवाई का सेवन करने पर क्षय रोगी पूरी तरह से ठीक हो जाता है। बीच में दवाई छोड़ देने पर क्षय रोग से पीड़ित व्यक्ति की हालत गंभीर हो जाती है। जिला अस्पताल से लेकर सीएचसी-पीएचसी तक ऐसे रोगियों के इलाज की व्यवस्था है। इससे लंबे समय से बुखार आ रहा है। खांसी हो रही है तो उस व्यक्ति को क्षय रोग से संबंधित जांच करानी चाहिए। जांच की सुविधा सभी अस्पतालों में उपलब्ध है। महानगर में कटघर और लाइनपार ऐसे क्षेत्र हैं, जहां बहुत घनी आबादी है। तंग गलियां हैं और जनसंख्या घनत्व अधिक है। तमाम घरों में सीलन रहती है, धूप-हवा तक नहीं पहुंच पाती है। यह कारण भी टीबी रोग के होते हैं।

### दरवाजे पर दी जा रही दस्तक

जिला कार्यक्रम समन्वयक डॉ. मुहम्मद जावेद ने बताया कि स्वास्थ्य कर्मचारी क्षय रोगियों की तलाश में घरों पर दस्तक दे रहे हैं। उन्होंने बताया कि जैसे-जैसे जांच बढ़ा रहे हैं, उसी क्रम में रोगी अधिक मिल रहे हैं। अब 16 मशीन ट्रू-नेट की और तीन मशीनें सीबी नेट हैं। पहले टीबी रोगियों की जांच के लिए केवल माइक्रोस्कोप की सुविधा थी, जो आज भी हमारे पास 25 हैं। स्वास्थ्य टीमों के साथ ही 372 नि-क्षय मित्र भी काम कर रहे हैं।

### क्षय रोग के मुख्य लक्षण

दो सप्ताह से अधिक की खांसी, बलगम के साथ खून आना, दोपहर बाद बुखार आना, वजन कम होना, भूख कम लगना, शरीर में कहीं भी गांठ का होना, रात में सोते समय पसीना आना।

### पिछले तीन वर्षों में जिले में मिले क्षय रोगी

| वर्ष | मिले रोगी |
|---|---|
| 2021 | 9,764 |
| 2022 | 10,384 |
| 2023 | 14,855 |
| जुलाई 2024 तक | 9546 |

## एक नजर

### कांठ-अमरोहा मार्ग पर लगवाए साइन बोर्ड

**कांठ, अमृत विचार :** क्षेत्र में आए दिन हो रही घटनाओं को ध्यान में रखकर नगर पंचायत के अध्यक्ष के पुत्र सामाजिक कार्यकर्ता सैयद आजम अली ने कांठ-अमरोहा मार्ग स्थित महमूदपुर के मोड़ पर रिफलेक्टिव साइन बोर्ड लगवाए। बताया कि कांठ-अमरोहा रोड पर खंभों से वाहन टकरा जाते हैं। खंभा या लाइन टूटने से नगर पंचायत ऊमरी कलां समेत रसूलपुर विद्युत आपूर्ति केंद्र से जुड़े हुए सभी गांवों की बिजली आपूर्ति 24 घंटे तक गायब हो जाती थी। दो माह में दो घटनाएं ऐसी हुईं। ऐसी घटनाओं तो रोका जा सके, इस उद्देश्य साइन बोर्ड लगवाए गए हैं।

### महिला को भगा ले जाने के आरोपी पर मामला दर्ज

**बिलारी, अमृत विचार :** क्षेत्र के गांव मनकुला में रहने वाले शिव सिंह ने मामला दर्ज कराया है। आरोप है कि उसकी पत्नी ज्योति को ठाकुरद्वारा क्षेत्र के गांव लौगी खुर्द का रहने वाला दीपक 22 जुलाई को भगा ले गया।

### ग्रामीण को पीटकर किया घायल, रिपोर्ट दर्ज कराई

**बिलारी, अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र के गांव मनकुला में बारिश के पानी को लेकर ग्रामीण को पीटकर घायल कर दिया। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने मामला दर्ज किया है। गांव निवासी ओमसिंह, रामगोपाल ने बताया कि बारिस के दौरान पड़ोसी मानसिंह के घर के पानी से उनके मकान में सीलन रहती है। इसे लेकर शिकायत की तो गाली गलौज कर उसे लात घूसों से पीटा। आरोपी मानसिंह कई बार पीट चुका है।

### रुपये मांगने पर साढ़ू ने पिता-पुत्र को पीटा

**डिलारी, अमृत विचार :** उधर के रुपये मांगने पर पिता-पुत्र को मारपीट कर घायल कर दिया। इस मामले में चार लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है। गांव मेवला निवासी सुभाष का आरोप है कि छह माह पहले जिला अमरोहा में डिडौली निवासी साढ़ू महावीर उसके पास आया था। उससे जमीन खरीद की बात कहकर 3.30 लाख रुपये उधार मांग लिए। अब वादे के मुताबिक रुपये वापस मांगे तो उसे टाल दिया। इसके बाद सुभाष और उसका पुत्र विपिन रुपये मांगने डिडौली पहुंचे। आरोप है कि यहां गाली गलौज कर साढ़ू के परिजन उन्हें मारने पीटने लगे। बाद में पिता-पुत्र ने डिलारी थाने में महावीर, कमल, बिजेंदर, दिलशाद के खिलाफ तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की।

# ट्रक की टक्कर से ई-रिक्शा सवार किशोरी की मौत, चार लोग घायल

## जीरो पॉइंट पर हुआ हादसा, दो लोगों की हालत गंभीर

संवाददाता, कुंदरकी

**अमृत विचार :** क्षेत्र में शुक्रवार दोपहर जीरो पॉइंट पर ट्रक ने ई-रिक्शा को रौंद दिया। इससे ई-रिक्शा में सवार किशोरी की मौत हो गई, जबकि उसकी मां सहित चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने घायलों को अस्पताल पहुंचाया। शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

बताया गया कि गांव सीलपुर निवासी नजाकत अपना ई-रिक्शा लेकर शुक्रवार दोपहर 12 बजे बिलारी से कूलर लेने के लिए जा रहा था। कुंदरकी से उसने बिलारी जाने वाली कुछ सवारी अपने ई-रिक्शा में बैठा लीं। जैसे ही वह ई-रिक्शा लेकर बिलारी की ओर चला और कुंदरकी स्थित जीरो पॉइंट पर पहुंचा तो बिलारी की ओर से आ रहे ट्रक ने उसके ई-रिक्शा को टक्कर मार दी। इससे ई-रिक्शा चालक नजाकत और 13 वर्षीय गुलफिजा पुत्री इसराइल निवासी मुड़िया मलूकपुर, थाना मूंढापांडे और उसकी मां भूरी, बीरन सिंह, राम अवतार, उसकी पत्नी केतकी निवासी गांव मौसमपुर गंभीर रूप से घायल हो गए। गंभीर रूप से घायल गुलफिजा को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां चिकित्सक ने गुलफिजा को मृत घोषित कर दिया। रामअवतार सिंह, नजाकत को को जिला अस्पताल को रेफर कर दिया। बताया गया कि पुलिस ने ट्रक को कब्जे में ले लिया। ट्रक चालक फरार हो है। **बहन के घर मां के साथ जा रही थी गुलफिजा :** गुलफिजा और उसकी मां भूरी के साथ अपनी बहन अमीना के घर गांव तेवर खास जा रही थीं।



अस्पताल में घायल व्यक्ति के बारे में जानकारी लेते पुलिसकर्मी। ● अमृत विचार



युवक की मौत के बाद रोते बिलखते परिजन। ● अमृत विचार

# करंट से युवक की जान गई

संवाददाता, बिलारी (मुरादाबाद)

**अमृत विचार :** क्षेत्र के गांव मुंडिया राजा में घर में पंखा ठीक करते समय बिजली के करंट की चपेट में आकर युवक की मौत हो गई। इससे परिजनों में कोहराम मच गया।

बताया गया कि मुंडिया राजा में मदन कश्यप का परिवार रहता है। गुरुवार देर रात्रि उनका पुत्र कमल कश्यप घर में पंखा बंद होने पर उसे ठीक कर रहा था। इस बीच वह बिजली के करंट की चपेट में आ गया। इससे उसकी मौके पर मौत हो गई। हालांकि परिजनों ने उसे निजी चिकित्सक को दिखाया। लेकिन इससे पहले ही कमल ने दम तोड़ दिया। कमल मजदूरी करता था। परिवार में पिता की पहले ही मौत हो चुकी है। कमल अपने परिवार में पांच बहन भाइयों में सबसे छोटा था। बड़े भाई धर्म सिंह और करन सिंह, बहन पूनम और कुसुम की भी शादी हो चुकी है। कमल की मौत के बाद मां भगवती देवी और पत्नी दुर्गेश, दो वर्षीय पुत्र आयुष और एक वर्षीय बेटी आयुषी का रो रोकर बुरा हाल है। परिजनों के मुताबिक, घर की लाइट खराब हो जाने पर कमल ही ठीक करता था। नायब तहसीदार विजय श्रीवास्तव ने बताया कि युवक के परिजनों को आर्थिक मदद दिलाई जाएगी।



कमल कश्यप।

## रोगों से गन्ने की फसल को बचाने के उपाय बताए

**बिलारी, अमृत विचार :** गांव पहाड़पुर में गन्ना विकास विभाग की ओर से किसान संगोष्ठी का आयोजन हुआ। इसमें गन्ना शोध संस्थान शाहजहांपुर के गन्ना रोग विशेषज्ञ डॉ. सुजीत सिंह, पादप प्रजनक वैज्ञानिक डॉ. अरविंद सिंह और चीनी मिल के उपाध्यक्ष सुभाष खोखर पहुंचे। वरिष्ठ गन्ना प्रबंधक संजीव कुमार ने गन्ने में लगने वाले रोगों की जानकारी दी।

संगोष्ठी में डॉ. अरविंद सिंह ने किसानों को लाल सड़न रोग से बचाव के लिए कीटनाशक की जानकारी दी। किसानों को बीज बदलाव व विकल्प के रूप में नई प्रजातियों की जानकारी भी दी गई। वरिष्ठ गन्ना प्रबंधक संजीव कुमार ने किसानों को संतुलित मात्रा में खाद व उर्वरक का प्रयोग करने की सलाह दी। इस बीच किसानों ने अनेक समस्याएं बताईं। अधिकारियों ने जलालपुर, बगरुआ, तख्तपुर में भ्रमण करके गन्ने की फसल में लाल सड़न रोग व कीट लगने का निरीक्षण किया।

# फंदे से लटका मिला युवक का शव

संवाददाता, कुंदरकी

**अमृत विचार :** क्षेत्र में शिमला ठेर इमरतपुर उधौं संपर्क मार्ग किनारे खेत में पेड़ के सहारे फंदे पर हुसैनपुर छिरावली निवासी जसवीर (22) का शव लटका मिला। उसकी मौत की गुत्थी प्रेम प्रसंग में आत्महत्या या हत्या में उलझी हुई है। फॉरेंसिक टीम ने घटनास्थल से साक्ष्य एकत्रित किए हैं।



जसवीर (फाइल)

पुलिस क्षेत्राधिकार राजेश कुमार तिवारी के अनुसार, हुसैनपुर छिरावली में अतर सिंह का परिवार रहता है। शुक्रवार को अतर सिंह नानपुर में बाजार गए हुए थे और उनकी पत्नी भी घर नहीं थी। इस बीच उनका 22 वर्षीय पुत्र जसवीर शाम को घर से चला गया था। कुछ समय बाद ग्रामीणों से परिजनों को सूचना मिली कि इमरतपुर उधौं संपर्क मार्ग किनारे प्रेम सिंह के खेत में एक पेड़ पर शर्ट के फंदे से जसवीर का शव लटका हुआ है। जंगल का रकबा मिल्क सीकरी का बताया जा रहा है। सूचना के बाद मृतक के परिजन घटनास्थल पर पहुंचे। इस बीच सीओ और थाना प्रभारी निरीक्षक राजीव कुमार शर्मा भी पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंच गए। पुलिस टीम ने उसका शव फंदे से नीचे उतरवा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। सीओ ने बताया कि परिजनों की ओर से शिकायती पत्र आने का इंतजार है। मामला दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी।



घटनास्थल पर मौजूद पुलिसकर्मी और फॉरेंसिक टीम। ● अमृत विचार

### प्रेम-प्रसंग की भी चर्चा

**कुंदरकी।** ग्रामीणों का दावा है कि युवक का किसी युवती से प्रेम प्रसंग चल रहा था। वह मुरादाबाद की एमएच फर्म में मजदूर करता था। मृतक जसवीर के परिजनों ने बताया कि उसका एक भाई निजी अस्पताल में काम करता है। वह भी ड्यूटी पर गया हुआ था। युवक की मां सोमवती, बहन रूबी, पूजा और राधा सहित अन्य परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है।

## लोन दिलाने के नाम पर महिला से 26 हजार ठगे

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** समूह के माध्यम से लोन दिलाने के नाम पर गांव के ही व्यक्ति ने महिला से 26 हजार रुपये ठग लिए। जब उसने अपने रुपये मांगे तो उसे जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित महिला ने सीओ को शिकायती पत्र देकर आरोपी के खिलाफ कार्रवाई करने व रुपये वापस दिलाने की मांग की है।

गांव ढकिया निवासी कबीरन पत्नी स्व. यासीन ने शिकायती पत्र में बताया कि गांव के एक व्यक्ति ने समूह के माध्यम से लोन दिलाने के नाम पर 36 हजार रुपये ले लिए थे। काफी समय तक लोन नहीं हुआ तो उसने अपने रुपये वापस मांगे। बाद में उसने 10 हजार रुपये वापस कर दिए। लेकिन बाकी 26 हजार रुपये वापस नहीं दे रहा है। आरोपी ने महिला के साथ गाली गलौज की और रुपये देने से इनकार कर दिया। दोबारा रुपये मांगने पर मारने की धमकी दी। महिला ने अपनी जान को खतरा बताया है।



काली पट्टी बांधकर विरोध जताते सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के संविदा कर्मचारी।

# संविदा कर्मचारियों ने काली पट्टी बांधकर जताया विरोध

संवाददाता, बिलारी

**अमृत विचार :** नगर में शाहाबाद रोड स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में कार्यरत संविदा कर्मचारियों ने काली पट्टी बांधकर विरोध प्रदर्शन किया।

बताया कि राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन संविदा कर्मचारी संघ उत्तर प्रदेश की प्रमुख मांगों के संबंध में विरोध प्रदर्शन करने की रणनीति बनाई। प्रदेश अध्यक्ष ठाकुर मयंक प्रताप सिंह के निर्देश पर संविदा कर्मचारी शनिवार को भी काली पट्टी बांधकर विरोध प्रदर्शन करेंगे। इस क्रम में शुक्रवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के अंतर्गत समस्त संविदा कर्मचारियों ने काली पट्टी बांधकर विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान चंचल सिंह आजाद, मनीष कुमार, अमित कुमार, आलोक कुमार ,अनिल कुमार, मधु, दिनेश कुमार, अश्विनी, अविनाश, पवन कुमार, मनीष कुमार आदि मौजूद रहे।

## सीएचसी में एसडीएम ने जाना मरीजों का हाल

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** एसडीएम मनी अरोड़ा ने शुक्रवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण किया। उन्होंने इमरजेंसी में भर्ती मरीजों का हाल जाना। कुष्ठ रोग विभाग, शुगर, बीपी की नियमित जांच के संबंध में पूछताछ की। लेबर रूम, जच्चा बच्चा केंद्र में रोगियों का हाल जाना।

अस्पताल में स्टाफ नर्स का मरीजों के प्रति कैसा व्यवहार है, इसकी भी जानकारी ली। हेल्थ एटीएम के बारे में पूछताछ की। स्वास्थ कर्मी ने उन्हें बताया कि अभी तक इसमें 7 से 8 ही टेस्ट किए जाते हैं। बाद में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्सा प्रभारी डॉ. राजपाल सिंह से दैनिक ओपीडी की जानकारी ली। उन्होंने बताया कि 300 लोग प्रतिदिन अस्पताल में आते हैं। 24 घंटे इमरजेंसी वार्ड में चिकित्सक व स्टाफ मौजूद रहता है। बाद में उन्होंने अस्पताल परिसर का भ्रमण किया। स्टाफ से कहा कि रोगियों के साथ शालीनता का व्यवहार करें।

# मौन धारण कर शहीदों को दी श्रद्धांजलि

संवाददाता, कुंदरकी

**अमृत विचार :** गांव ढकिया जुम्मा स्थित इंडियन पब्लिक जूनियर हाईस्कूल में शुक्रवार को कारगिल विजय दिवस पर गोष्ठी हुई। इसमें कारगिल के शहीदों की आत्मा की शांति के लिए स्टाफ व विद्यार्थियों ने मौन धारण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी।

प्रधानाचार्य मोहम्मद तय्यब अली ने कारगिल विजय दिवस पर प्रकाश डाला। कहा कि कारगिल विजय दिवस 26 जुलाई को मनाया जाता है। इस दिन भारत और पाकिस्तान की सेनाओं के बीच वर्ष 1999 में कारगिल में युद्ध हुआ था। इसमें भारत की विजय हुई थी। कारगिल के युद्ध में शहीद हुए भारतीय जवानों के सम्मान के लिए यह दिवस मनाया जाता है। इस दौरान प्रबंधक मोहम्मद इकराम, अध्यक्ष हसमत अली, अरविंद कुमार, सुरेंद्र सिंह, शिवम, प्रिंस कुमार गौतम, विपिन कुमार, शादमा, मासूम फात्मा, तहरीद, पूजा, महक आदि मौजूद रहे।



मौन धारण करते विद्यार्थी, साथ में शिक्षक। ● अमृत विचार

### मोमबत्ती जलाकर शहीदों को किया नमन

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** कारगिल विजय दिवस पर नगर में कांग्रेसियों ने मोमबत्ती जलाकर शहीदों को श्रद्धांजलि दी। शुक्रवार को नगर के कांग्रेस कार्यकर्ता ब्लॉक परिसर स्थित स्मारक पार्क के पास एकत्र हुए। यहां उन्होंने स्मारक पर मोमबत्ती जलाकर शहीदों को भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित कर नमन किया। इस दौरान जिला महासचिव व पीपीसी सदस्य संजीव सिंघल, ब्लॉक क्षेत्र के अध्यक्ष अबरार सैफी, नगर क्षेत्र के अध्यक्ष महमूद कुरैशी, शोएब अख्तर, मोहम्मद आमिर, शमीम अहमद चौधरी, इंतजार कुरैशी, रईस अहमद, इंदुकांत आर्य, पंकज कुमार, खुशीराम आदि मौजूद रहे।

# पथरीले मार्ग पर गुजर रहे कांवड़िये

संवाददाता, ठाकुरद्वारा

**अमृत विचार :** ठाकुरद्वारा-शरीफनगर-स्योहारा मार्ग पर जगह जगह गड्ढे हो गए हैं। इस पथरीले मार्ग पर कांवड़ियों को शिवालयों तक पहुंचने में दिक्कत का सामना करना पड़ेगा। शिकायत के बाद भी अधिकारियों ने समस्या का संज्ञान नहीं लिया है।

ठाकुरद्वारा नगर में मुरादाबाद रोड स्थित प्राचीन शिवमढी मंदिर से तिकोनिया पार्क तक और कदीर तिराहा, कमलापुरी चौराहा, खंड विकास अधिकारी कार्यालय, रामपालद्वारा से रतुपुरा मोड़, रामनगर खागूवाला, शरीफनगर सूरजननगर मार्ग गड्ढे हो गए हैं। इससे कई जगह मार्ग पथरीला हो गया है। क्षेत्र के शिवभक्त हरिद्वार से कांवड़ में गंगाजल लेकर शहर मार्ग से गुजर रहे हैं। इसके अलावा कुछ शिवभक्त भोजपुरी मार्ग से होते हुए इसी मार्ग से ठाकुरद्वारा में स्थित प्राचीन शिवमढी मंदिर पर जल चढ़ाने आएंगे।



ऐसी है शरीफनगर मार्ग की स्थिति।

बताया गया कि सावन माह के प्रत्येक सोमवार को शिव मंदिरों में शिवभक्त जलाभिषेक करेंगे। प्राचीन शिव मंदिर सहित अन्य शिव मंदिरों में सैकड़ों कांवड़िये महादेव का जलाभिषेक करने पहुंचेंगे। मंदिरों में महिलाएं भी जलाभिषेक कर पूजा अर्चना करने आती हैं। इस मार्ग पर स्थित मंदिरों में पहुंचने के लिए कांवड़ियों को परेशानी होगी। 15 दिन पहले क्षेत्र के लोगों ने इस संबंध में शिकायत दर्ज कराई थी। लेकिन मार्ग की मरम्मत नहीं कराई गई। क्षेत्र के लोगों ने गड्ढों को भरने की मांग की है।

### कांवड़ियों ने लगाए हर हर महादेव के जयकारे

**कांठ, अमृत विचार :** सावन माह के दूसरे सोमवार को भगवान शिव का जलाभिषेक करने के लिए हरिद्वार से कांवड़ में गंगा जल भरकर शिवभक्त आने लगे हैं। शुक्रवार को कांड मार्ग पर कांवड़ियों के जत्थे नजर आए। इस दौरान शिवभक्तों ने हर हर महादेव के जयकारे लगाए। हर हर महादेव और बम बम भोले के जयकारों से क्षेत्र का वातावरण शिवमय हो गया। सावन में शिव भक्त हरिद्वार व अन्य जगहों से गंगाजल लाकर हर सोमवार को भगवान शिव का जलाभिषेक करते हैं। दूर दराज के कांवड़िये कंधे पर कांवड़ लेकर नगर से होकर गुजर रहे हैं। शुक्रवार को पूरा दिन कांवड़िये आते रहे। कुछ कांवड़िये गंगाजल लेने के लिए हरिद्वार भी जा रहे थे। कांवड़ियो के जल पान की व्यवस्था के लिए जगह जगह कांवड़ सेवा शिविर भी लगाए जा रहे हैं।

## विद्यालयों को निपुण बनाने पर दिया जोर

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** ब्लॉक संसाधन केंद्र में खंड शिक्षा अधिकारी वेगीश सिंह गोयल की अध्यक्षता में परिषदीय विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों की मासिक समीक्षा बैठक हुई। इसमें शिक्षकों को विभागीय सामग्री का प्रयोग कर विद्यालयों को शीघ्र निपुण बनाने के लिए प्रेरित किया।

बैठक में एआरपी पीयूष कुमार ने निपुण कार्ययोजना, निपुण भारत, मॉनिटरिंग सेंटर के डाटा का विश्लेषण किया। स्कूल नहीं आने वाले विद्यार्थियों की पहचान और नामांकन पर चर्चा की। एआरपी नवनीत विश्नोई और सतीश मोहन ने नवीन नामांकन ,स्कूल चलो अभियान, संचारी रोग नियंत्रण अभियान, निपुण लक्ष्य एप के बिंदुओं की जानकारी दी। खंड शिक्षा अधिकारी ने डीबीटी, यू-डायस, समयसारिणी और शिक्षा सप्ताह के बिंदुओं पर विद्यालय वार समीक्षा की। बैठक में योगराज सिंह, दमन चौहान, अनुराग सक्सेना, राजीव कुमार आदि उपस्थित रहे।



नारेबाजी करते भाकियू टिकैत के कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

# बिजली समस्या को लेकर किसानों ने की नारेबाजी

संवाददाता, कांठ

**अमृत विचार :** भाकियू टिकैत के एक प्रतिनिधिमंडल ने शुक्रवार को एसडीओ को बिजली की समस्याएं बताईं। इसके बाद किसानों ने नारेबाजी भी की।

भाकियू के प्रतिनिधिमंडल ने कहा कि उपभोक्ताओं के मीटर अतिरिक्त लोड दिखा रहे हैं। सभी बिजली घरों पर रोस्टरिंग का शेड्यूल चस्पा किया जाए। विद्युत आपूर्ति, जर्जर तारों को बदलने, ब्रेकडाउन शटडाउन से निजात मिले। रसूलपुर बिजली घर के अंतर्गत आने वाले चौराहा फीडर की बिजली आपूर्ति सात दिन से बंद है। कहा कि अगर नहर में पानी नहीं छोड़ा गया तो किसान बड़े आंदोलन के लिए बाध्य होंगे। इस दौरान चौधरी ऋषिपाल सिंह, हरदीप सिंह ,दर्शन सिंह, सियाराम, अरविंद कुमार जॉनी, सुशांत बबलू आदि मौजूद रहे।

## सार संक्षेप

### बारिश से मौसम सुहाना, गर्मी से मिली राहत

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** क्षेत्र में गुरुवार शाम से शुक्रवार सुबह तक रुक रुककर हुई बारिश से मौसम सुहाना हो गया। लोगों को गर्मी से राहत मिली। फसलों को पानी मिलने से किसानों के चेहरे खिल गए। इसके अलावा नगर में पानी की आपूर्ति के लिए पाइपलाइन बिछाने के लिए खोदी गई सड़क के गड्ढों में पानी भर गया। इससे लोगों को आवागमन में दिक्कत का सामना करना पड़ा। कई दिन से उमस के बीच लोग बेहाल थे। गुरुवार शाम पांच बजे के बाद आसमान में काले बादल छा गए। एक घंटे तक झमाझम बारिश हुई। तहसील बस स्टैंड से लेकर कोतवाली रोड, बुध बाजार, नगलिया रोड, रामलीला रोड, मोहल्ला ताली में पाइप लाइन बिछाने के लिए खोदी गई सड़क पर जलभराव हुआ। इससे आने-जाने वाले राहगीरों व दुकानदारों को परेशानी हुई। इस संबंध में नगर पालिका के पूर्व सभासद राजेंद्र पांडे ने कई बार मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराई थी।

### कुंदरकी विधानसभा उपचुनाव की रणनीति पर चर्चा

**बिलारी, अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश की भाजपा कार्यकारिणी के सदस्य सुरेश सैनी ने क्षेत्र का दौरा किया। उन्होंने लोगों से उनकी समस्याएं जानीं। कुंदरकी विधानसभा उपचुनाव में जुटने का आह्वान किया। शुक्रवार को भाजपा नेता सुरेश सैनी नगर निवासी राजीव कुमार शर्मा के आवास पर पहुंचे। उनसे उन्होंने कई विषयों पर चर्चा की। इसके अलावा वह ग्रामीण अंचल के कई समर्थकों के पास पहुंचे। उन्होंने क्षेत्र की समस्याओं पर चर्चा की। कुंदरकी विधानसभा सीट पर होने वाले उपचुनाव को लेकर रणनीति तैयार की। उन्होंने कहा कि पार्टी हाईकमान की ओर से टिकट किसी व्यक्ति को भी मिले, उसका स्वागत करें। पूरी निष्ठा के साथ जिताकर उसे विधानसभा भेजे। इस दौरान डॉ. विश्वास शर्मा, राजीव कुमार शर्मा, बंटी शर्मा आदि मौजूद रहे।

### मारपीट के मामले में कई लोगों के खिलाफ रिपोर्ट

**कुंदरकी, अमृत विचार :** गांव अहमदनगर जैतवारा में बच्चों के विवाद में मारपीट होने से दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने पीड़ित पक्ष की शिकायत पर आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। गांव अहमदनगर जैतवारा निवासी मोहम्मद हारुन ने बताया कि गुरुवार शाम 7 बजे उसका छह वर्षीय बेटा अमान और पड़ोसी आसिफ का बेटा सैफुल्लाह घर के बाहर खेल रहे थे। खेलते समय दोनों में कहासुनी हो गई थी। उसके पिता जुम्मा ने दोनों बच्चों को डांट कर वहां से भगा दिया। इस बात पर आसिफ, आकिब, साकिब और एक अज्ञात व्यक्ति लाठी डंडे व सरिया लेकर उसके घर में घुस आए। आरोपियों ने मारपीट की। आरोप है कि आसिफ ने उसके पिता जुम्मा के सिर पर सरिया से वार कर दिया। इससे वह घायल हो गए। उसने बचाने का प्रयास किया तो आकिब ने भी उसके सिर पर डंडा मार दिया।

### बजरंग दल के शिविर में कांवड़ियों की होगी सेवा

**कांठ, अमृत विचार :** विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के 10वें कांवड़ सेवा शिविर का धार्मिक अनुष्ठान के बाद आरंभ किया गया। स्वामी जगदेवानंद महाराज व पंडित सचिन ने यज्ञ में आहुति देकर विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के शिविर का आरंभ कराया। हवन के बाद भगवान भोले शंकर की आरती की गई। बाद में प्रसाद वितरण किया गया। इस दौरान बजरंग दल के जिला प्रमुख मोनू बजरंगी ने बताया कि विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल प्रतिवर्ष नगर के गांधी आश्रम में कांवड़ सेवा शिविर का आयोजन करता है। इसमें कांवड़ियों की सेवा के लिए प्रबंध किए जाते हैं। इस दौरान हर्ष बिश्नोई, सुमित शर्मा, अजय पाल तोमर, अमित पहलवान, पारितोष भारती, निपेन्द्र प्रजापति, आशुतोष सैनी, मोहित पाल, सचिन कुमार, पारुल चौहान आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### छह घंटे तक नहीं मिली बिजली आपूर्ति, लोग रहे परेशान

**कांठ, अमृत विचार :** नगर क्षेत्र में शुक्रवार को बिजली आपूर्ति छह घंटे तक गुल रही। इससे लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा। बाद में आपूर्ति मिलने पर लोगों को राहत मिली। कांठ नगर क्षेत्र में बिजली आपूर्ति करने के लिए बिजली उपकेंद्र पर दो फीडर हैं। इसमें एक कांठ टाउन तो दूसरा तहसील फीडर के नाम से है। शुक्रवार को तहसील फीडर की मुख्तियारपुर नवादा को जाने वाली जर्जर बिजली लाइनों को बदलने का कार्य किया गया। बिजली कर्मचारियों ने इस लाइन पर नया बंच केबल डाला। इस बीच तहसील फीडर से बिजली आपूर्ति छह घंटे तक गुल रही। भीषण गर्मी में लोगों को परेशानी हुई। लोगों को पानी के टैंक भरने तक का भी मौका नहीं मिला। लोगों का कहना है कि विद्युत निगम के अधिकारियों ने पहले सूचना नहीं दी। दोपहर तीन बजे तहसील फीडर की बिजली को सुचारू कराया गया। एसडीओ ज्ञानेंद्र यादव ने बताया कि मुख्तियारपुर नवादा के रास्ते पर बंच केबल खराब हो गयाा था। आए दिन केबल में फॉल्ट होते रहते थे।



सम्मेलन में सास व बहू को सम्मानित करते स्वास्थ्यकर्मी। ● अमृत विचार

### शाहपुर में हुआ सास बहू सम्मेलन

**छजलैट, अमृत विचार :** स्वास्थ्य विभाग की ओर से गांव शाहपुर में सास बहू सम्मेलन का आयोजन किया गया। इसमें परिवार नियोजन के बारे में जानकारी दी गई। लोगों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। सम्मेलन में उपस्थित महिला-पुरुषों को संबोधित करते हुए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्सा अधीक्षक डॉ. राजीव सिंह ने कहा कि स्वास्थ्य विभाग की ओर से समय-समय पर सास-बहू-बेटा सम्मेलन आयोजित किया गया है। इसमें परिवार नियोजन के लिए जागरूक किया जाता है। उन्होंने कहा कि सभी महिला पुरुष इस बात का ध्यान रखें और गांव में अन्य लोगों को भी परिवार नियोजन के बारे में जागरूक करें। अच्छा कार्य करने वाली सास बहू को टिफिन व अन्य सामान देकर पुरस्कृत किया। इस दौरान बीपीएम चंद्रशेखर यादव, आशा, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, एएनएम आदि उपस्थित रहे।

### विधायक ने सुनीं लोगों की समस्याएं

**कांठ, अमृत विचार :** समाजवादी पार्टी के विधायक कमाल अख्तर ने कांठ में अपने कैंप कार्यालय पर क्षेत्र के लोगों की समस्याएं सुनीं। कैंप कार्यालय में लोगों ने सीवरेज, पेयजल, गली, सड़क व बिजली लाइन के तार, बिजली की कटौती, राशन नहीं मिलने, राशन के लिए पात्रता सूची में नाम नहीं होने या गलत नाम दर्ज किए जाने, जमीन की पैमाइश नहीं होने, पेंशन न मिलने समेत अन्य शिकायतें बताईं। विधायक ने समस्याएं सुनकर विभागों के अधिकारियों से फोन पर वार्ता की। शिकायतों का निस्तारण कराने की बात कही। इस मौके पर प्रदेश सचिव विक्रम सिंह यादव, डॉ. दानिश अंसारी, अमजद अली, अरशद, फुरकान खां, आरिफ मलिक, पंकज विश्नोई, नईम अंसारी, मुकेश यादव आदि मौजूद रहे।



विधायक कमाल अख्तर को ज्ञापन सौंपते पंचायत सहायक। ● अमृत विचार

### पंचायत सचिवालयों में मिले हाईस्पीड इंटरनेट की सुविधा

**कांठ, अमृत विचार :** पंचायत सहायकों ने ग्राम सचिवालय में मानदेय बढ़ाने और अन्य समस्याओं का निराकरण करने को लेकर सपा विधायक कमाल अख्तर को ज्ञापन सौंपा। कहा कि सचिवालय में हाईस्पीड इंटरनेट कनेक्शन की सुविधा उपलब्ध कराई जाए। ग्राम पंचायत सहायक मेराज अली, शुभम कुमार, छवि बिश्नोई, सोनम समेत अन्य पंचायत सहायकों ने विधायक को दिए ज्ञापन में कहा कि पंचायत सहायक को सम्मानजनक मानदेय 30,000 प्रति माह दिया जाए। उनकी स्थायी नियुक्ति की जाए। पंचायत सहायकों का मानदेय डीबीटी के माध्यम से जिला कोषागार से किया जाए। उनके चेहरे की पहचान प्रणाली लागू की जाए। पंचायत सहायकों को मोबाइल व इंटरनेट की सेवा प्रदान किया जाए। उन्हें अपनी उपस्थिति दर्ज व अधिकांश कार्य के लिए मोबाइल में ऐप इंस्टॉल करना होता है। कुछ पंचायत सहायकों के पास मोबाइल नहीं हैं। इससे उपस्थिति दर्ज करने, विभागीय कार्यों करने में बाधा उत्पन्न हो रही है। नियुक्ति के बाद शादीशुदा हो चुकी महिला पंचायत सहायक को उन्हीं की ग्राम पंचायत या पास की ग्राम पंचायत में भेजा जाए। उन्होंने समस्याओं के समाधान की मांग की है।

## एक नजर

### हादसे में घायल सब्जी विक्रेता की मौत

मसवासी, अमृत विचार : हादसे में घायल सब्जी विक्रेता की अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई। मोहल्ला भूबरा निवासी सब्जी विक्रेता भगवत सरन 20 जुलाई को अपने पोते जयसिंह के साथ स्वार मंडी से सब्जी लेकर स्कूटी से घर लौट रहे थे। मोतीपुरा गांव में रांग साइड से आई अनियंत्रित कार ने उनकी स्कूटी में टक्कर मार दी थी। इसमें जयसिंह की मौके पर ही मौत हो गई थी जबकि, भगवत सरन गंभीर रूप से घायल हो गए थे। उनका ऋषिकेश के अस्पताल में उपचार चल रहा था। शुक्रवार की सुबह इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई।



### पेट्रोल पंप पर तेल डलवाने जा रहे बाइक सवार को पीटा

मसवासी, अमृत विचार : क्षेत्र के खुशहालपुर गांव निवासी प्रकाश ने पुलिस को दी तहरीर में लिखा है कि वह ग्राम मझरा खुशहालपुर होते हुए अपनी बाइक में तेल डलवाने पेट्रोल पंप पर जा रहा था। उसके साथ बाइक पर दो महिलाएं भी सवार थीं। मझरा खुशहालपुर में सड़क किनारे चल रहे पंपिंग सेट पर बच्चे नहा रहे थे। अचानक एक बच्चा सड़क पर भागते हुए उसकी बाइक के सामने आ गया और टकराकर सड़क पर गिर गया। प्रकाश ने बच्चे को उठाया। तभी कई लोग आ गए और प्रकाश की जमकर धुनाई कर दी। पीड़ित ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

### सभासद के भाई की बाइक में डंपर ने टक्कर मारी, हंगामा

मसवासी, अमृत विचार : खनन लदे डंपर ने सभासद के भाई की बाइक को टक्कर मार दी। इसमें बाइक सवार चोटिल हो गया। हादसे के बाद मौके पर भीड़ लग गई। सभासद के भाई के साथ हादसे से आक्रोशित लोगों ने खनन के वाहनों को रोककर हंगामा किया। पुलिस ने डंपर को कब्जे में ले लिया है। सभासद की ओर से तहरीर दे दी गई है। वार्ड संख्या छह निवासी जितेंद्र चंद्रा सभासद हैं। उनके छोटे भाई गजेंद्र चंद्रा गुरुवार की रात बाजपुर से घर लौट रहे थे। स्वार-काशीपुर मार्ग पर खनन लदे डंपर ने उनकी बाइक को सामने से टक्कर मार दी। इसमें गजेंद्र बाल-बाल बच गए। जबकि बाइक डंपर के नीचे आकर बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई।

# प्रशासन ने जौहर विश्वविद्यालय में कराई शत्रु संपत्ति की तारकशी

## शत्रु संपत्ति पर बनी इमारतें भी होंगी सील, हाईकोर्ट के आदेश पर की जा रही है कार्रवाई

कार्यालय संवाददाता, रामपुर



जौहर विश्वविद्यालय में शत्रु संपत्ति के सहारे तारबंदी कराते अधिकारी।

अमृत विचार : मोहम्मद अली जौहर विश्वविद्यालय में शुक्रवार को प्रशासन की टीम ने तारकशी कराई। पूर्व मंत्री आजम खां ने शत्रु संपत्ति में घपला करके यूनिवर्सिटी कैंपस में शामिल कर लिया। शत्रु संपत्ति पर म्यूजियम और सुरक्षा अधिकारी की इमारतें भी बनवा दी थीं। वह भी सील होंगी। हाईकोर्ट के आदेश पर गृह मंत्रालय और प्रशासन की टीम शत्रु संपत्ति को कब्जे में लेकर तारबंदी करा रही है। शुक्रवार को पिलर लगाने का काम पूरा हो गया। इसके बाद तारकशी शुरू करा दी गई।

लखनऊ के नारायण गार्डन हुसैनबाड़ी ठाकुरगंज निवासी अल्लामा जमीर नकवी ने 2019 में अजीमनगर थाने में जौहर विश्वविद्यालय में शत्रु संपत्ति का मामला दर्ज कराया था। उनका दावा है कि लखनऊ निवासी इमामुद्दीन कुरैशी 1947 में विभाजन के समय पाकिस्तान चले गए थे। उनकी संपत्ति को सरकार ने शत्रु संपत्ति घोषित कर दिया। पूर्व मंत्री आजम खां ने इस संपत्ति को जौहर विश्वविद्यालय में शामिल कर लिया। कस्टोडियन का कार्यालय मुंबई में है। स्थानीय स्तर पर जिलाधिकारी शत्रु संपत्ति के अभिरक्षक होते हैं।

रामपुर में तैनात रहे जिलाधिकारी मोहम्मद मुस्तफा ने कस्टोडियन के मुंबई कार्यालय को रिपोर्ट भेज थी कि जौहर यूनिवर्सिटी में 13.8 हेक्टेयर शत्रु संपत्ति को मिला लिया गया है। इसके बाद केंद्र और प्रदेश सरकार में खलबली मच गई।

इस मामले में तत्कालीन जिलाधिकारी ने जांच बैठा दी थी।

> जौहर विश्वविद्यालय में प्रशासनिक और लखनऊ से आई टीम ने शुक्रवार की सुबह पिलर लगवा दिए हैं। दोपहर से तारबंदी कराई जा रही है। शनिवार तक तारबंदी का कार्य निपट जाएगा और शत्रु संपत्ति पर प्रशासन का कब्जा होने की बाबत शासन को रिपोर्ट भेज दी जाएगी। – मोनिका सिंह
> उप जिलाधिकारी, सदर

इसमें साफ हो गया कि कागजों में घपला करके शत्रु संपत्ति को ग्राम समाज की जमीन दर्शा दिया गया है। इसके बाद इसमें रिपोर्ट हुई और पुलिस ने चार्जशीट दाखिल की। इसके बाद नौ अप्रैल 2024 को हाईकोर्ट ने आदेश जारी कर शत्रु संपत्ति की नपाई कराकर उसे कस्टोडियन को सौंपने के आदेश दिए हैं। प्रशासनिक अधिकारियों ने गुरुवार को शत्रु संपत्ति पर कब्जा ले लिया और पिलर लगवाकर शुक्रवार को तारकशी कराई जा रही है।

## बिजली आपूर्ति में सुधार नहीं होने पर दी आंदोलन की चेतावनी

स्वार, अमृत विचार : गर्मी में बिजली आपूर्ति में अधिशासी अभियंता के आश्वासन के बावजूद सुधार न होने पर भाकियू अराजनैतिक ने उप जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा। एक सप्ताह में समस्या का समाधान न होने पर धरना-प्रदर्शन की चेतावनी दी है।

शुक्रवार को भाकियू अराजनैतिक से जुड़े किसान तहसील परिसर पहुंचे। उन्होंने बिजली निगम के अधिकारियों के खिलाफ प्रदर्शन कर उप जिलाधिकारी अमन देओल को ज्ञापन सौंपा। कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों को मात्र चार घंटे ही कई शिफ्टों में बिजली आपूर्ति की जा रही है। एक माह पूर्व अधिशासी अभियंता द्वितीय प्रमोद गोगानिया ने उपकेंद्र मसवासी को बिजारखाता से जोड़ने को कहा था। लेकिन समस्या ज्यों की त्यों बनी है। उप जिलाधिकारी से शेड्यूल के हिसाब से एक सप्ताह के अंदर आपूर्ति दिलाने की मांग की है। ज्ञापन सौंपने वालों में सलामत जान, लखविंदर सिंह, करन राणा, विजय राज, हरविंदर हैप्पी, मनजीत सिंह, सुरजीत सिंह, रिंकू सिंह, मदनपाल आदि शामिल रहे।



महिला के परिजनों से जानकारी लेते सिविल लाइन इंस्पेक्टर अजय मिश्रा।

# महिला के जहर खाने के बाद सक्रिय हुई पुलिस

संवाददाता, स्वार

- दूसरे पक्ष के दो आरोपियों का भी शांति भंग में किया चालान

अमृत विचार : पुलिस की एक तरफा कार्रवाई से क्षुब्ध महिला के जहर खाने बाद हरकत में आई पुलिस ने दूसरे पक्ष के दो आरोपियों को गिरफ्तार कर शांति भंग में चालान किया है। उप जिलाधिकारी ने दोनों आरोपियों को जेल भेज दिया है।

कोतवाली के गांव फाजलपुर निवासी ओमप्रकाश के घर बेटी के नामकरण में डीजे पर डांस करने के मामले में पुलिस ने दोनों पक्षों के सात लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर बाबू को गिरफ्तार कर शांति भंग में चालान कर दिया था। इसके बाद दोनों पक्षों में चौथी बार धारदार हथियार चले थे। पुलिस ने बाबू आदि के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर उसे जेल भेज दिया था।

शुक्रवार को पुलिस की एक तरफा कार्रवाई से क्षुब्ध बाबू की पत्नी नेहा ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय के बाहर जहर खा लिया। इसके बाद पुलिस ने आनन-फानन में दूसरे पक्ष के बंटी व रिंकू को गिरफ्तार कर शांति भंग में चालान कर दिया।

# स्वास्थ्य केंद्रों के आसपास अतिक्रमण पर कसें शिकंजा

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

- अपने दायित्वों का ठीक से निर्वहन न करने वाली आशाओं को तत्काल हटाने के निर्देश
- जिलाधिकारी ने कलेक्ट्रेट सभागार में की समीक्षा बैठक

अमृत विचार : जिलाधिकारी जोगिन्दर सिंह ने सीएमओ से कहा कि जो आशाएं अपने दायित्वों का निर्वहन ठीक प्रकार से नहीं कर रही हैं उन्हें तत्काल हटाया जाए। स्वास्थ्य केंद्रों के आसपास अतिक्रमण को हटवाया जाए।

कलेक्ट्रेट सभागार में जिला स्वास्थ्य समिति, विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान तथा दस्तक अभियान की समीक्षा बैठक हुई। इसमें जिलाधिकारी ने कहा कि आशाओं के रिक्त पदों पर 20 दिन में संबंधित प्रभारी चिकित्साधिकारी और खंड विकास अधिकारी भर्ती कराएं। चिकित्सालय की नियमित साफ-सफाई के निर्देश दिए। निष्प्रयोज्य वाहनों एवं भवनों की नीलामी एक माह में कराएं। स्वास्थ्य केंद्रों के आसपास किसी प्रकार का अतिक्रमण न हो। मुख्य चिकित्साधिकारी को सक्रिय एवं बेहतर कार्य करने वाले चिकित्साधिकारियों को स्वास्थ्य केंद्र प्रभारी की जिम्मेदारी सौंपने को कहा।

गांवों में विशेष साफ-सफाई एवं एंटी लार्वा के छिड़काव सहित अन्य जरूरी कदम उठाने को कहा। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी डॉ.नंद किशोर कलाल, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. एसपी सिंह सहित समिति से संबंधित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

## ईओ ने चेयरमैन से जताया अपनी जान को खतरा

मसवासी, अमृत विचार : नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी मनोज कुमार मिश्रा ने चेयरमैन दिनेश गोयल से अपनी जान को खतरा जताया है। उन्होंने डीएम और एसपी को पत्र लिखकर सुरक्षा देने की मांग की है।

डीएम और एसपी को भेजे पत्र में ईओ ने कहा है कि चेयरमैन के द्वारा तीन सभासदों के माध्यम से साप्ताहिक बाजार में लगने वाली फड़ व दुकानों से अवैध वसूली की जा रही थी। इसे रोकने पर चेयरमैन ने अभद्रता करते हुए इसमें हाथ न डालने के लिए धमकाया है। 18 जुलाई को हुई बोर्ड की बैठक में भी चेयरमैन एवं तीन सभासदों ने धमकी दी। आरोप है कि चेयरमैन निरंतर नियम विरुद्ध काम करने का दबाव बनाते हैं। चेयरमैन गोशाला मामले में भी फंसाने की धमकी दे रहे हैं। उधर चेयरमैन ने ईओ के द्वारा लगाए गए आरोपों को निराधार बताया है।




महिलाओं को जागरूक करतीं टीम की सदस्य। ● अमृत विचार

# महिलाओं को कानून के बारे में बताया

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार : मिशन शक्ति के तहत 100 दिन की योजना संकल्प एचईडब्ल्यू चलाई जा रही है। इसमें शुक्रवार को टीम ने महिलाओं को कानून के बारे में जागरूक किया।

शुक्रवार को महिला केंद्रित कानून सप्ताह के तहत चमरौआ ब्लॉक के ग्राम अशोकपुर में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ की थीम पर बालिकाओं व महिलाओं पर केन्द्रित कानूनों के बारे में जानकारी दी गई। महिलाओं का संरक्षण अधिनियम 2005, दहेज प्रतिषेध अधिनियम के बारे में भी बताया। बालिकाओं के लिए चलाई जा रही मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना के बारे में जानकारी दी। भारत सरकार द्वारा चलायी जा रही स्पांसरशिप योजना के तहत बालकों के पिता, अभिभावक की मृत्यु अथवा किसी अन्य प्रकार के संकट से ग्रस्त होने पर आवेदन प्रक्रिया आदि के संबंध में भी बताया।

समाज को नशा मुक्त बनाने के लिए ग्राम वासियों, महिलाओं एवं बालक-बालिकाओं को जागरूक किया गया। कार्यक्रम में वन स्टॉप सेंटर की प्रबंधक चांद बी, परामर्शदाता चारु चौधरी, केस वर्कर नाहिद एवं ग्राम प्रधान सोनिया आदि मौजूद रहीं।

## कॉलेज गई छात्रा का अपहरण, रिपोर्ट दर्ज

रामपुर, अमृत विचार : कॉलेज जा रही छात्रा का कुछ लोग अपहरण करके ले गए। तहरीर के आधार पर पुलिस ने दो लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। पुलिस छात्रा और आरोपियों को तलाश रही है।

मिलक थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी ग्रामीण का कहना है कि उसकी 19 वर्षीया बेटी मिलक के एक कॉलेज में पढ़ती है। वह 19 जुलाई को रठौंडा चौराहे से ई-रिक्शा के उतरकर कॉलेज जा रही थी। रास्ते में गांव के ही रोहित और अभय अपने साथियों के साथ मिलकर छात्रा को बहला-फुसलाकर ले गए। जानकारी पर पीड़ित अपनी बेटी को लाने उनके घर पहुंचा। तब आरोपियों ने बताया कि तुम्हारी बेटी हमारे कब्जे में है, जल्द वापस कर देंगे। इसके बाद भी आरोपियों ने उसकी बेटी को नहीं लौटाया। तब पीड़ित ने थाने में शिकायत की। इसके आधार पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।



बैठक को संबोधित करते नगर अध्यक्ष आसिम राजा। ● अमृत विचार

# सपा ने लड़ी दलितों के हित की लड़ाई

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार : सपा के नगर अध्यक्ष आसिम राजा ने कहा कि सपा ने दलितों, पिछड़ों एवं अल्पसंख्यकों के उत्थान व सुरक्षा और समाज की मुख्य धारा में लाने तथा आरक्षण की सुविधा दी। सर्वसाधारण को संरक्षण देने के लिए बाबा साहब डॉ. भीमराव आंबेडकर ने 26 जनवरी 1950 को मुख्य योगदान किया।

समाजवादी पार्टी की बैठक पार्टी के जिलाध्यक्ष अजय सागर के निवास आगापुर में हुई। इसमें नगर अध्यक्ष ने कहा कि पिछड़े दलित अल्पसंख्यक के अधिकार व सुरक्षा की लड़ाई मुलायम सिंह यादव तथा मोहम्मद आजम खान के नेतृत्व में सदैव ही मजबूती से लड़ी गई। बैठक में पूर्व विधायक विजय सिंह, अमरजीत सिंह, वसीम खान, फैजान खान, हर ज्ञान सिंह, नूर मोहम्मद, अमरीश पटेल, लता सागर अमरोहा, प्रतिभा सागर अमरोहा, प्रमोद गंगवार, पूर्व पालिकाध्यक्ष फात्मा जबीं, मसूद गुड्डू, मोहम्मद हसन खान, शमशेर सिंह फौजी, प्रेम शंकर दिवाकर आदि मौजूद रहे। अध्यक्षता जिला अध्यक्ष अजय सागर व संचालन आसिम राजा ने किया।

# पुजारी ने श्रद्धालु पर किया धारदार हथियार से हमला

संवाददाता, बिलासपुर

- बिलासपुर के मोहल्ला कायस्थान का मामला, मचा हड़कंप
- क्षेत्रवासियों व घायल के परिजनों ने पुलिस को दी तहरीर

अमृत विचार : मामूली कहासुनी पर मंदिर के पुजारी ने धारदार हथियार से श्रद्धालु पर हमला करके गंभीर रूप से घायल कर दिया। परिजनों व मोहल्लेवासियों ने पुजारी के खिलाफ पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

शुक्रवार की सुबह मोहल्ला कायस्थान निवासी दर्जनों लोग बाबा श्याम प्रेमी सेवा समिति के अध्यक्ष सुनील गुप्ता के नेतृत्व में कोतवाली पहुंचे। इसके बाद पुलिस को तहरीर दी। पुजारी के विरुद्ध कार्रवाई की मांग करते हुए हंगामा भी किया। मोहल्लेवासियों ने बताया कि प्रत्येक सावन में गौरी शंकर मंदिर में भंडारा कराया जाता है। इसी के लिए बब्लू अपने साथियों के साथ मोहल्लेवासियों से चंदा एकत्र कर रहा था। इसी बीच मंदिर का पुजारी वहां आ गया। मामूली बात को लेकर गाली-गलौज हो गई। विरोध पर पुजारी ने अचानक किसी धारदार हथियार से बब्लू पर हमला कर दिया। इसमें श्रद्धालु गंभीर रूप से घायल हो गया। विवाद के चलते मौके पर भारी भीड़ एकत्र हो गई। इस बीच पुजारी फरार हो गया। मोहल्लेवासियों ने आनन-फानन में घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। बताया कि पुजारी कई लोगों से झगड़ा और मारपीट कर चुका है। तहरीर देने के बावजूद उसके विरुद्ध कोई कार्रवाई नहीं की गई है।

## स्कूलों के समय में किया जाए परिवर्तन

रामपुर, अमृत विचार : उत्तर प्रदेशीय जूनियर हाई स्कूल (पूर्व माध्यमिक) शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष डॉ. राजवीर सिंह ने डीएम को ज्ञापन सौंपा है। इसमें कहा है कि परिषदीय विद्यालयों में 6-12 वर्ष के छात्र-छात्राएं पढ़ते हैं। गर्मी से वह बेहोश हो जाते हैं। इसलिए स्कूलों के समय में परिवर्तन कर दिया जाए।

वर्तमान में विद्यालयों का समय प्रातः आठ से दोपहर दो बजे तक है। मांग है कि परिषदीय विद्यालयों का समय सुबह आठ से दोपहर एक बजे तक किया जाए। ज्यादातर परिषदीय विद्यालय ग्रामीण क्षेत्र में हैं। वहां विद्युत आपूर्ति विद्यालय के समयानुसार नहीं है। अधिकतर स्थानों पर बिजली दो बजे के बाद आती है। कई गावों में ट्रांसफार्मर खराब हैं। विद्युत आपूर्ति विद्यालय के समयानुसार कराने की मांग की। इस मौके अंजुम स्नेही सक्सेना आदि मौजूद रहे।



छात्राओं को गुड़-चना व कड़ाही बांटते पदाधिकारी। ● अमृत विचार

# भाविप ने बालिकाओं को गुड़ चना और कड़ाही बांटी

संवाददाता, बिलासपुर

अमृत विचार : हीमोग्लोबिन की जांच शिविर में चिह्नित की गई बालिकाओं को भारत विकास परिषद शाखा ने गुड़, चना और कड़ाही का वितरण कर जागरूक किया।

शुक्रवार को भारत विकास परिषद के पदाधिकारी मोहल्ला साहूकारा स्थित डीएवी कन्या इंटर कॉलेज पहुंचे। इस दौरान मई में एनीमिया मुक्त भारत के अंतर्गत हीमोग्लोबिन जांच शिविर में चिह्नित की गई बालिकाओं को रिपोर्ट सौंपकर गुड़, चना और कड़ाही का वितरण किया गया। बताया गया कि गुड़-चने का सेवन हीमोग्लोबिन बढ़ाता है। हरी सब्जियों व दालों से अनेक प्रकार के रोगों से मुक्ति मिलती है।

इस मौके पर अध्यक्ष सुनील गुप्ता, सपन अग्रवाल, भारती अग्रवाल, सुनील जैन, अनुपमा अग्रवाल, प्रेक्षा अग्रवाल, सीमा अग्रवाल, संतोष आर्य आदि मौजूद रहे।



जिला होम्योपैथिक चिकित्साधिकारी को ज्ञापन देते चिकित्सक। ● अमृत विचार

# होम्यापैथी चिकित्सकों ने की फिल्म पर रोक लगाने की मांग

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार : पंजाबी फिल्म वाइल्ड वाइल्ड पंजाब में दिखाए गए सीन की प्रांतीय होम्योपैथिक चिकित्सा सेवा संघ ने निंदा की। संघ की अध्यक्ष डॉ. लीना गिंजवाल ने कहा कि फिल्म में होम्योपैथिक के बारे में आपत्तिजनक शब्दों का प्रयोग किया गया है। उन्होंने सेंसर बोर्ड, प्रधानमंत्री व राष्ट्रपति को ज्ञापन भेजकर फिल्म पर रोक लगाने की मांग की।

शुक्रवार को जिला अस्पताल में प्रांतीय होम्योपैथिक चिकित्सा सेवा संघ की जिला इकाई की बैठक हुई। इसमें डॉ. कपिल कुमार ने ऑनलाइन हाजिरी लगाने में आने वाली दिक्कतों के बारे में चर्चा की। इसे लेकर जिला होम्योपैथिक चिकित्सा अधिकारी डॉ.बीएल श्रीवास्तव को ज्ञापन सौंपा। इस अवसर पर कोषाध्यक्ष डॉ.रमेश गुप्ता, डॉ. अफसाना, डॉ.गीतेश, डॉ.प्रीति, जितेंद्र कुमार और केसर देवी आदि मौजूद रहे।

**तैयारी** | करीब पांच माह बाद युवाओं में फिर जगी वर्दी पहनने की उम्मीद

# पुलिस भर्ती की परीक्षा तिथि घोषित होने से युवा खुश

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार : करीब पांच माह बाद शासन की ओर से फिर से यूपी पुलिस भर्ती की परीक्षाओं की तिथि घोषित कर दी गई है। इससे युवक-युवतियों में फिर से वर्दी पहनने की उम्मीद जग गई है। सभी ने परीक्षा तिथि आने के बाद जी तोड़ मेहनत शुरू कर दी है। ताकि वर्दी पहनकर जनता की सेवा कर सकें।

वर्ष 2023 में योगी सरकार ने सिपाहियों के लिए भर्ती निकाली थी। पुलिस भर्ती की परीक्षा 17 और 18 फरवरी को हुई थी। कई स्थानों पर सॉल्वर पकड़े जाने के कारण इस परीक्षा को रद कर दिया गया था। इसके बाद गुरुवार को शासन ने परीक्षा की तिथि 23, 24, 25, 30 व 31 अगस्त घोषित कर दी है। इसमें पांच तारीखों में दो पालियों में परीक्षा होगी। इसके लिए युवक और युवतियों ने तैयारियां शुरू कर दी हैं।

### प्रशासन ने भी शुरू कीं तैयारियां

पुलिस भर्ती की तिथि घोषित होने के बाद जिले के अधिकारी सक्रिय हो गए हैं। जिलाधिकारी ने गुरुवार को ट्रेजरी में प्रश्नपत्रों को सुरक्षित रखने के लिए जगह चिन्हित की। उन्होंने सभी को सख्ती के साथ परीक्षा को निपटाने के लिए निर्देश दिए।

**परीक्षा**

- 17 और 18 फरवरी 2023 को हुई थी पुलिस भर्ती की परीक्षा
- तारीख घोषित होते ही फिर से तैयारियों में जुट गए युवा



> मैं कई वर्ष से पुलिस की तैयारी कर रहा हूं। पुलिस भर्ती का बेसब्री से इंतजार था। 17 फरवरी को परीक्षा दी थी, लेकिन रद हो गई थी। अगस्त में परीक्षा होनी है। इसे लेकर फिर से तैयारी शुरू कर दी है। – अमित कुमार



> कोंचिग जाकर प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रही थी। 18 फरवरी को परीक्षा दी थी लेकिन, बाद में यह रद हो गई थी। काफी समय से परीक्षा की तिथि का इंतजार कर रही थी। अब अगस्त में परीक्षा होगी। तैयारी शुरू कर दी है। –रुचि यादव



> काफी समय से प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहा हूं। फरवरी में परीक्षा दी थी। पेपर लीक हो जाने के कारण परीक्षा रद हो गई थी। अब पुलिस परीक्षा की तिथि घोषित होने के बाद तैयारी शुरू कर दी है। – अंकित



> यूपी पुलिस में करीब 60 हजार रिक्तियां निकाली गई थी। पहले हुई परीक्षा को रद कर दिया गया था। तभी से पुलिस भर्ती परीक्षा की तिथि घोषित होने का इंतजार था। अब तिथि घोषित हो गई है। तैयारी शुरू कर दी है। – विनीता गौतम

# संस्कृत प्रतिभा खोज प्रतियोगिता में 10 अगस्त तक कर सकते हैं आवेदन

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार : देवभाषा संस्कृत को बढ़ावा देने के लिए और जन-जन तक संस्कृत भाषा को पहुंचाने के लिये सरकार प्रयासरत है। संस्कृत प्रतिभा खोज प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने के लिए 10 अगस्त तक आवेदन किया जा सकता है।

संस्कृत प्रतिभा खोज प्रतियोगिता के प्रचार प्रसार के लिए आयोजक कन्या इंटर कॉलेज खारी कुआं की प्रधानाचार्य लक्ष्मी यादव तथा जनपद संयोजिका सुनीता देवी ने बताया कि प्रतियोगिता में कक्षा छह से 12 तक के छात्र-छात्राएं तीन प्रतियोगिताओं में से किसी एक में प्रतिभाग कर सकते हैं। जनपद स्तर पर एक विद्यालय के 12 छात्र-छात्राएं प्रतिभाग कर सकेंगे। एक प्रतियोगिता में चार प्रतिभागी होंगे। जनपद स्तर पर तीन प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा। इसमें संस्कृत गीत बाल वर्ग प्रतियोगिता, संस्कृत वाचन प्रतियोगिता, संस्कृत सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता कराई जाएंगी। प्रथम स्थान प्राप्त करने पर 1000 रुपये, द्वितीय स्थान प्राप्त करने पर 800 तथा तृतीय स्थान प्राप्त करने पर 700 रुपये का पुरस्कार मिलेगा।

### प्रथम आने पर मिलेगा तीन हजार रुपये का पुरस्कार

मंडल स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त करने पर 3000, द्वितीय स्थान प्राप्त करने पर 2000 तथा तृतीय स्थान प्राप्त करने पर 1000 रुपये का पुरस्कार व प्रमाण पत्र दिए जाएंगे। राज्य स्तर पर प्रथम स्थान पाने पर 11,000, द्वितीय स्थान प्राप्त करने पर 7,000 तथा तृतीय स्थान प्राप्त करने पर 5,000 रुपये और प्रमाण पत्र दिया जाएगा। मंडल तथा राज्य स्तर पर प्रतिभाग करने वाले प्रतिभागी तथा एक शिक्षक या अभिभावक को यात्रा व्यय और भोजन की व्यवस्था निशुल्क रहेगी। शेष प्रतियोगिता आनलाइन होगी।

## एक नजर

### जिला कारागार में महिला बंदियों को दी जानकारी

**रामपुर, अमृत विचार :** जिला कारागार में महिला केंद्रित कानून सप्ताह के तहत महिला बंदियों के साथ जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन हुआ। वन स्टॉप सेंटर की टीम से केंद्र प्रबंधक चांद बी ने सरकार की योजनाओं के बारे में जानकारी दी। कहा कि महिलाएं कन्या सुमंगला योजना, विधवा पेंशन, बाल सेवा योजनाओं का लाभ लेकर आर्थिक स्थिति को सुधार सकती हैं। समाज में नई पहचान बना सकती हैं। महिलाओं एवं बच्चों के प्रोत्साहन के रूप में किताबें, पेंटिंग बुक, मेहंदी कोन और कलर का वितरण किया गया।

### शिक्षा में तकनीक के प्रयोग के बारे में बताया

**रामपुर, अमृत विचार :** जिला शिक्षा प्रशिक्षण संस्थान में शुक्रवार को शिक्षा सप्ताह के तहत कौशल विकास व शिक्षा में तकनीक के प्रयोग के बारे में विशेषज्ञों ने जानकारी दी। डॉयट के प्रशिक्षुओं ने विभिन्न प्रकार के कौशल का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में डॉयट के वरिष्ठ प्रवक्ता अशोक कुमार, राजेश कुमार, तृप्ति चंद्रा, लता गंगवार, रोहित दुबे और प्रयोगशाला प्रभारी जफर अतीक की भी मुख्य भूमिका रही। अध्यक्षता प्राचार्य नीलम रानी टम्टा ने की।

### इंटरलॉकिंग सड़क टूटने से हादसे का अंदेशा जताया

**रामपुर, अमृत विचार :** तिलक नगर कॉलोनी की इंटरलॉकिंग सड़क टूटने से हादसे का खतरा बना है। सड़क को सही कराने के लिए मोहल्लेवासियों ने नगर पालिका के अधिकारियों से मांग की है। फार्मा ट्रेडर्स एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष दीपक शर्मा ने बताया कि तिलक नगर कॉलोनी की इंटरलॉकिंग सड़क जगह-जगह से टूट रही है। बरसात के मौसम को ध्यान में रखते हुए पालिका प्रशासन को इसे सही कराना चाहिए, जिससे कोई हादसा न होने पाए। मोहल्लेवासी रेहान खां, खलील खां, शमशाद ने भी अधिशासी अधिकारी से टूटी इंटरलॉकिंग सड़क को जल्द सही कराने की मांग की है।

# ट्रांसफार्मर फुंकने से नौ घंटे ठप रही बिजली

## नई बस्ती नानकार के मोड़ पर रखे 250 केवीए ट्रांसफार्मर की लीड भी फुंकी

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** नवीन मंडी से सटे क्षेत्र बाबूगढ़ के मोड़ पर रखा 100 केवीए का ट्रांसफार्मर फुंक गया। इससे क्षेत्र में नौ घंटे बिजली आपूर्ति ठप रही। इसके अलावा नई बस्ती नानकार में 250 केवीए ट्रांसफार्मर की लीड जल गईं। नवाब गेट बिजलीघर के इनकमिंग फीडर में खराबी आ गई। इससे आसपास कई मोहल्लों की आपूर्ति भी कई घंटे ठप रही। उमस भरी गर्मी में बिजली नहीं आने से उपभोक्ताओं को परेशानियों का सामना करना पड़ा।

गुरुवार की शाम करीब पांच बजे बाबूगढ़ के 100 केवीए के ट्रांसफार्मर में खराबी आ गई थी। उपभोक्ताओं की शिकायत पर अधिकारियों ने ध्यान नहीं दिया। नतीजा यह हुआ कि रात नौ बजे ट्रांसफार्मर फुंक गया। उमस भरी गर्मी में बिजली नहीं आने पर उपभोक्ताओं का हाल-बेहाल हो गया। शुक्रवार की रात दो बजे नया ट्रांसफार्मर रखवाने के बाद आपूर्ति को सुचारु कराया गया। उधर नानकार नई बस्ती के 250 केवीए के ट्रांसफार्मर की लीड अधिक लोड के कारण जल गईं। इससे उपभोक्ताओं का गुस्सा फूट गया। उन्होंने निगम के अधिकारियों पर मनमानी का आरोप लगाया। वार्ड 39 निवासी गुफरान उर्फ मुन्ना ने बताया कि यहां 250 के स्थान पर 400 केवीए का ट्रांसफार्मर रखवाने को कहा है। मगर अधिकारी हीलाहवाली कर रहे हैं।

शुक्रवार की सुबह करीब नौ बजे नवाबगेट बिजलीघर की इनकमिंग में खराबी आ गई। इसके चलते मिस्टन गंज, राजद्वारा, अस्पताल कॉलोनी, मठवाला कब्रिस्तान, माला रोड की बिजली शाम छह बजे तक ठप रही। जेई अजय यादव ने बताया कि बिजलीघर की इनकमिंग में फ्लैश ओवर हो गया है। इसे ठीक कराया जा रहा है।



डूंगरपुर क्षेत्र में ट्रांसफार्मर के तार जोड़ते कर्मचारी। ● अमृत विचार

> बाबूगढ़ में 100 केवीए का ट्रांसफार्मर फुंक गया था। इसकी जगह नया ट्रांसफार्मर रखवा दिया है। नई बस्ती में 250 केवीए ट्रांसफार्मर के स्थान 400केवीए का ट्रांसफार्मर रखवाना है। इसके लिए वर्कशॉप के एसडीओ व जेई को बताया गया है। जल्द ही उट्रांसफार्मर रखवा दिया जाएगा। –पीके सिंह, एसडीओ, डूंगरपुर बिजलीघर

### दो दिन चार घंटे बंद रहेगी बिजली

27 से 29 जुलाई तक चार घंटे के लिए आपूर्ति बाधित रहेगी। एसडीओ द्वितीय पीके सिंह ने बताया कि आरडीएसएस योजना के तहत 33/11 केवीए बिजलीघर किला और रजा बिजलीघर की सप्लाई बंद रहेगी। इसकी वजह से नालापार, मोरी गेट, जामा मस्जिद, कटरा जलालुद्दीन, मिस्टन गंज, हजरतपुर की आपूर्ति बाधित रहेगी। इसके अलावा शाहबाद गेट बिजलीघर से जुड़े मोहल्ला थाना कुंडा, ईदगाह, माला रोड, पसियान, अड्डा आला नूर की आपूर्ति सुबह नौ से दोपहर एक बजे तक बंद रहेगी।

### चेकिंग में 17 घरों से पकड़ी बिजली चोरी

**रामपुर, अमृत विचार :** शुक्रवार की सुबह सात बजे डूंगरपुर क्षेत्र के बाजोड़ी टोला, कच्ची मस्जिद और सैजनी के सात घरों से चोरी पकड़ी। सभी स्थानों पर केबिल में कट लगाकर चोरी करते हुए उपभोक्ताओं को रंगे हाथ पकड़ा। इसके अलावा शाहबाद गेट में पांच और पहाड़ी गेट के मोहल्ला चाह खजान खां में भी पांच घरों से चोरी पकड़ी है। सभी उपभोक्ताओं के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। एक्सईएन प्रथम इमरान खां ने बताया कि शहरी क्षेत्र में चोरी पर रोक लगाने के लिए चलाया जा रहा अभियान लगातार जारी रहेगा। चाह खजान खां, शाहबाद गेट, बरेली गेट में अधिक लाइनलॉस है।

## 127 सरकारी स्कूलों में छात्र उपस्थिति 50 प्रतिशत से कम

**रामपुर, अमृत विचार :** जिले के 127 सरकारी स्कूलों में छात्र संख्या 50 प्रतिशत से कम मिलने पर बेसिक शिक्षाधिकारी राघवेंद्र सिंह ने सभी बीईओ को प्रधानाध्यापकों को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए हैं। चेतावनी दी कि सुधार नहीं होने पर कार्रवाई की जाएगी।

सरकारी स्कूलों में बच्चों की संख्या बढ़ाने पर जोर दिया जा रहा है। इसके बाद भी शिक्षक बच्चों की संख्या नहीं बढ़ा पा रहे हैं। एक से 24 जुलाई तक जनपद के 127 विद्यालयों में छात्र उपस्थित 50 प्रतिशत से भी कम रही।

इसमें विकासखंड बिलासपुर के 20, चमरौआ के 14, मिलक के 35, सैदनगर के 16, शाहबाद 41, स्वार के 38 तथा नगर क्षेत्र के आठ विद्यालय शामिल हैं। बीएसए ने इन सभी विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों को नोटिस जारी करने के लिए खंड शिक्षाधिकारियों को निर्देश दिए हैं।

चेतावनी भी दी है कि बच्चों की उपस्थिति में सुधार न होने पर संबंधित प्रधानाध्यापक अथवा इंचार्ज अध्यापक के विरुद्ध विभागीय कार्रवाई की जाएगी।

## सार-संक्षेप



पोस्टर बनाकर दिखाते खूंटाखेड़ा स्कूल के बच्चे। ● अमृत विचार

### प्राथमिक विद्यालय मुल्लाखेड़ा में मनाया शिक्षा सप्ताह

**रामपुर, अमृत विचार :** 22 से 28 जुलाई तक होने वाले शिक्षा सप्ताह का आयोजन मॉडल प्राथमिक विद्यालय मुल्लाखेड़ा में किया जा रहा है। इसके तहत पांचवें दिन विभिन्न कौशलों से संबंधित गतिविधियां कराई गईं। इसमें बच्चों ने कटिंग एंड पेस्टिंग, थम्ब पेंटिंग आदि में प्रतिभाग किया। प्रधानाध्यापिका ने कहा कि इस तरह की गतिविधियों से बच्चों में टीम भावना व विभिन्न कौशलों का विकास होता है। इस अवसर पर श्रष्टि खोखर, प्रिया सिंह, रेनू सिंह, गायत्री, कमलेश आदि उपस्थित रहीं। इसके अलावा यूपीएस खूंटाखेड़ा स्कूल में भी बच्चों को पांचवे दिन कई प्रकार की गतिविधियां कराई गईं।



मिट्टी से बनाए गए फूलों के साथ छात्राएं। ● अमृत विचार

### छात्राओं ने मिट्टी से बनाए खिलौने व फल-फूल

**रामपुर, अमृत विचार :** राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 की चतुर्थ वर्षगांठ के उपलक्ष्य में शिक्षा सप्ताह कार्यक्रम के तहत कन्या इंटर कॉलेज खारी कुआं में कार्यक्रम हुआ। इसमें पांचवें दिन कौशल दिवस का आयोजन किया गया। इसमें छात्राओं ने हस्तशिल्प कला का प्रदर्शन करते हुए मिट्टी से विभिन्न प्रकार के खिलौने व फल–फूल बनाए। प्रधानाचार्य लक्ष्मी यादव ने बताया कि शिक्षिकाओं के सहयोग से छात्राओं ने लिटमस पेपर से जल और मिट्टी की शुद्धता की परख करना सीखा।

### पालिकाध्यक्ष ने दिव्यांग बच्चों के साथ मनाया जन्मदिन

**बिलासपुर, अमृत विचार :** नगर पालिकाध्यक्ष चित्रक मित्तल ने अपना जन्मदिन दिव्यांग बच्चों के साथ मनाया। उनके साथ केक काटा, खुशियां मनाईं और उनके द्वारा प्रस्तुत किए गए रंगारंग व सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आनंद उठाया। यह सभी दिव्यांग बच्चे डाम कॉलोनी रोड स्थित अथर्व डे केयर एंड रिहेबलिटेशन सेंटर से आए थे। पेट्रोल पंप पर स्थित कैंप कार्यालय में पालिकाध्यक्ष से मुलाकात की और जन्मदिन की शुभकामनाएं दीं। पालिकाध्यक्ष ने कहा कि उन्हें बच्चों के रूप में भगवान का आशीर्वाद मिल रहा है। इस दौरान पालिकाध्यक्ष की पत्नी निवेदिता मित्तल, सेंटर संचालक सुशील पांडेय, मनप्रीत कौर, कुमकुम आदि मौजूद रहे।

### वीर खालसा सेवा समिति ने शहीद को किया नमन

**रामपुर, अमृत विचार :** कारगिल दिवस के मौके पर नवाबगंज में शहीद बलजीत सिंह को याद करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। वीर खालसा सेवा समिति के अध्यक्ष अवतार सिंह व उनके साथी नवाबगंज स्थित शहीद बलजीत सिंह के स्मारक पर पहुंचे। समिति के अध्यक्ष ने कहा कि देश की खातिर मर मिटने वाले शहीद बलजीत सिंह को आज पूरा देश नमन करता है। कहा कि बलजीत सिंह के शहीद होने के बाद भी सरकार द्वारा की गई घोषणाओं को पूरा नहीं किया जा सका है। इस मौके पर सेवा सिंह, मनजीत सिंह, रक्षपाल सिंह, मनप्रीत सिंह जग्गा, रणजीत सिंह आदि मौजूद रहे।

### कारगिल विजय दिवस पर शहीद बलजीत को किया याद

**बिलासपुर, अमृत विचार :** कारगिल विजय दिवस पर कृषि राज्यमंत्री बलदेव सिंह औलख और किसानों ने शहीद बलजीत सिंह की प्रतिमा पर श्रद्धासुमन अर्पित किए। उनके परिजनों को भी सम्मानित किया। शुक्रवार को कृषि राज्यमंत्री नवाबगंज पहुंचे। उन्होंने चौक पर लगी शहीद बलजीत सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। शहीद के परिजनों को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। राज्यमंत्री ने कहा कि बलजीत की शहादत को कभी भुलाया नहीं जा सकता।

### छात्र-छात्राओं को दी प्राथमिक चिकित्सा की जानकारी

**शाहबाद, अमृत विचार :** राजकीय इंटर कॉलेज रेवड़ी कलां में छात्र–छात्राओं को प्राथमिक चिकित्सा की जानकारी दी। शुक्रवार को जीआईसी में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 की चतुर्थ वर्षगांठ के उपलक्ष्य में गोष्ठी हुई। इसमें विद्यार्थियों को प्राथमिक चिकित्सा समेत जल की शुद्धता के मापदंडों के बारे में बताया गया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य अरशद अली, संदीप भारती, मुजीब–उर–रहमान, वीरपाल, मनोज कुमार, फात्मा बी, दुर्गा प्रसाद, मोहम्मद आरिफ, रंजीत सिंह, मेहराज बानों एवं पूनम आदि उपस्थित रहे।

### दीक्षित कॉलेज में विजय दिवस पर किया पौधरोपण

**रामपुर, अमृत विचार :** दीक्षित कॉलेज ऑफ हायर एजुकेशन में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. आरके अवस्थी के निर्देशन में विजय दिवस पर एनसीसी कैडेट्स ने पौधरोपण किया। प्रबंध निदेशक विवेक दीक्षित ने अमरूद का पौधा लगाकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। प्राचार्य और विभागाध्यक्ष डॉ. केके शर्मा ने भी एनसीसी कैडेट्स के साथ फलदार पौधे लगाए।

### स्कूलों में शहीदों को किया गया याद

**रामपुर, अमृत विचार :** आनंद कॉन्वेंट स्कूल में कारगिल विजय दिवस मनाया गया। इसमें छात्र–छात्राओं ने चित्र प्रतियोगिता में भाग लेकर अपने भावों को दर्शाया। बच्चों ने देशभक्ति से युक्त सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। प्रबंधक पीयूष प्रकाश सक्सेना ने देश के लिए शहीद हुए वीरों को नमन किया। इस मौके पर प्रधानाचार्य आभा सक्सेना, सिद्धांत मिश्रा भी मौजूद रहे।



शहीद सरदार बलजीत सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण करते किसान।

## बर्दाश्त नहीं की जाएगी शहीदों की उपेक्षा : हनीफ

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** भारतीय किसान यूनियन भानु गुट के वरिष्ठ उपाध्यक्ष मोहम्मद हनीफ वारसी ने कहा कि शहीदों की उपेक्षा बर्दाश्त नहीं की जाएगी। फौज में भर्ती होने वालों में ज्यादातर किसानों के बेटे होते हैं।

भारतीय किसान यूनियन भानु से जुड़े किसानों ने ग्राम नवाबगंज स्थित शहीद सरदार बलजीत सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। कारगिल शहीद दिवस के मौके पर शहीद के परिजनों को भी सम्मानित किया गया। वरिष्ठ उपाध्यक्ष ने कहा कि फौजी देश के लिए काम करता है। सरकार की ओर से शहीदों के परिजनों को कोई बड़ा तोहफा मिलना चाहिए। इस मौके पर जिलाध्यक्ष सलीम वारसी, मुराद खान, इकराम अली, सरदार रणजीत सिंह, दिलीप सिंह, मंगत सिंह, कृष्णा, हरजीत सिंह, खुशहाल सिंह नेगी आदि मौजूद रहे।

## बार्डर पर रहकर दुश्मनों से हमारी रक्षा करते हैं सेना के जवान : परमजीत

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** पटवाई स्थित तारक एजुकेशनल अकादमी की प्रधानाचार्य परमजीत कौर ने विद्यार्थियों को बताया कि किस प्रकार से अनेक कठिनाइयों का सामना करते हुए सेना के जवान देश के प्रत्येक नागरिक की रक्षा करते हैं। सैनिकों की वजह से ही सभी देशवासी अपने घरों में सुरक्षित हैं। क्योंकि वह बॉर्डर पर तैनात रहकर दुश्मन से हमारी रक्षा करते हैं।

शुक्रवार को तारक एजुकेशनल अकादमी में कारगिल विजय दिवस मनाया गया। असेंबली में विद्यार्थियों ने एक प्रस्तुति के माध्यम से भारतीय जवानों को श्रद्धांजलि दी। मार्स हाउस की अध्यापिका ने विद्यार्थियों को बताया कि कारगिल विजय दिवस 26 जुलाई को मनाया जाता है। इसका नाम ऑपरेशन विजय की सफलता के नाम पर रखा गया है। लगभग 60 दिन तक चलने वाला यह युद्ध 26 जुलाई को समाप्त हुआ था।

कारगिल विजय दिवस कारगिल युद्ध में भारत की जीत, भारतीय जवानों को श्रद्धांजलि और उनकी वीरता को नमन करने के लिए मनाया जाता है। इस अवसर पर सह प्रधानाचार्य अमित बैनर्जी, विद्यालय हेड्स में पूजा अरोरा के साथ नेहा, दीपेंद्र, अदनान, नसरीन, रीना, सुखविंदर, दीपिका, पवन, रिया आदि मौजूद रहे।




कारगिल दिवस पर कार्यक्रम प्रस्तुत करते बच्चे। ● अमृत विचार

# छात्रों की महत्वपूर्ण आवश्यकता है कौशल विकास : डॉ. शालू

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** राजकीय जुल्फिकार बालिका इंटर कालेज की प्रधानाचार्य डॉ. शालू कौशल ने छात्राओं को अपने भीतर विभिन्न प्रकार के गुण विकसित करने के लिए प्रेरित किया। कहा कि आज के समय में कौशल विकास छात्रों के लिए एक महत्वपूर्ण आवश्यकता है। उन्हें विभिन्न कार्यों को सफलतापूर्वक करना आना चाहिए। शुक्रवार को कॉलेज में नई शिक्षा नीति 2020 के चार वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में आयोजित होने वाले कार्यक्रम के पांचवें दिन को कौशल दिवस, सांस्कृतिक और ऐतिहासिक जागरूकता के रूप में मनाया गया। छात्राओं को रजा लाइब्रेरी के इतिहास के बारे में बताया। छात्राओं को भोजन बनाना, घर की सफाई, घर को व्यवस्थित करना, खेती, बागवानी, बेकार पड़े हुए सामान से सुंदर सामान बनाने की कला सिखाई गई। छात्राओं ने अपने हाथ से बनी विभिन्न कलाकृतियों को प्रदर्शित किया। इस अवसर पर रेणु देवी, कल्पना सिंह, पूजा, सल्तनत खान, नाजिया, अफीफा, खदीजा, राकेश कुमार, नितिन कुमार, सुरेंद्र कुमार, राशिद खान, बाबू, राधा, सुनीता, राधा रानी आदि उपस्थित रहे। संचालन बबीता गुप्ता, नाजिया खान और खदीजा ने किया।



कालेज में बनाई गई आकृतियों को दिखातीं छात्राएं। ● अमृत विचार

## लालपुर बहल्ला सेतु मार्ग की हालत जर्जर

**रामपुर, अमृत विचार :** जनपद मुरादाबाद के ग्राम करनपुर चौराहे से सैदनगर ब्लॉक के बहल्ला पुल नगली को जोड़ने वाले मार्ग का 1.265 किमी हिस्सा कई वर्ष से जर्जर है। इसके निर्माण को लेकर जिला पंचायत सदस्य मुस्तफा हुसैन ने मुख्यमंत्री और मंडलायुक्त को पत्र भेजकर जानकारी दी है।

पत्र में कहा है कि नगली बहल्ला पुल से करनपुर तक की सड़क जर्जर है। बरसात में गड्ढों में जलभराव होने से दुर्घटनाएं होती रहती हैं। यह क्षेत्र गन्ना बाहुल्य क्षेत्र है। सड़क निर्माण को लेकर कई बार धरना-प्रदर्शन भी किया गया। इसके निर्माण की टेंडर प्रक्रिया भी फरवरी में पूर्ण हो चुकी है। लेकिन अभी तक निर्माण कार्य शुरू नहीं हो सका है। मार्ग का निर्माण होने से जिले के सैदनगर, लालपुर, टांडा, स्वार व उत्तराखंड क्षेत्र को आने जाने वाले लोगों को राहत मिलेगी।



छात्राओं के साथ पौधरोपण करते भाजपा युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष ऋषभ ठाकुर।

## सैनिकों के बलिदान से मिली विजय

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** भाजपा युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष ऋषभ ठाकुर ने कहा कि कई सैनिकों के बलिदान के बाद कारगिल पर विजय मिली थी।

ग्राम गोकुल नगरी के पंचायत घर में मॉडर्न प्राइमरी स्कूल एवं अपैक्स ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूट की सहभागिता से कारगिल विजय दिवस पर कार्यक्रम हुए। मॉर्डन प्राइमरी स्कूल गोकुल नगरी के छात्रों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। अपैक्स कॉलेज की एनएसएस टीम के एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष ने छात्राओं के साथ मिलकर 50 पौधे लगाए। इस अवसर पर ग्राम प्रधान दिवाकर सिकंदर, मयंक गंगवार, उत्तम कुमार, गीतिका, प्रणब बढ़ई, जय गाईन आदि उपस्थित रहे।

**महंगाई** | टमाटर 100 रुपये तो अरहर की दाल 170 रुपये किलो पहुंची, आम आदमी की थाली से गायब हुआ सलाद

# आसमान छू रहे सब्जी व दालों के दाम, बिगड़ा रसोई का बजट

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** महंगाई ने आम आदमी की थाली से सलाद गायब कर दी है। टमाटर के दाम 100 रुपये किलो तक पहुंच गए हैं। दालों के दामों में भी बढ़ोत्तरी हुई है। अरहर की दाल 170 रुपये किलो तक पहुंच गई है। दो माह में सब्जियों के दाम में काफी अंतर आ गया है। आलू व टमाटर के दाम तेजी से बढ़े हैं। इससे रसोई का बजट गड़बड़ा गया है।

दो माह पहले टमाटर 20 रुपये किलो बिक रहा था। अब वही टमाटर 100 रुपये किलो बिक रहा है। इसी तरह 20 रुपये किलो बिकने वाला आलू अब 40 रुपये प्रति किलो बिक रहा है। अरहर की दाल 150 रुपये किलो बिक रही थी। इसमें भी 20 रुपये किलो की वृद्धि हुई है।



बाजार मिस्टन गंज में ठेले पर सब्जियां खरीदते लोग। ● अमृत विचार



> महंगाई कम होने का नाम नहीं ले रही है। सब्जियों के दाम दो माह से काफी बढ़े हुए हैं। टमाटर 100 रुपये तो आलू 40 रुपये किलो तक पहुंच गया है। इसके कारण रसोई का बजट गड़बड़ा गया है। –निकिता



> आलू के दाम में काफी उछाल आया है। एक माह पहले आलू 20 रुपये किलो बिक रहा था। लेकिन बाजार में यह दोगुने दाम पर बेचा जा रहा है। –वेदवती गंगवार



> दाल-सब्जी पर महंगाई कम नहीं हो रही है। अरहर की दाल पर 20 रुपये बढ़ गए हैं। सब्जियों और दालों के दाम बढ़ने से रसोई का बजट बिगड़ गया है। –रेखा रानी शर्मा



> पिछले माह अरहर की दाल 150 रुपये किलो बिक रही थी। अब यह 170 रुपये किलो हो गई है। बढ़ती महंगाई की ओर किसी का ध्यान ही नहीं है। –वंदना सहगल

### सब्जियों और दालों के प्रति किलो दाम

| | |
|---|---|
| टमाटर | 100 रुपये |
| आलू | 40 रुपये |
| खीरा | 40 रुपये |
| लौकी | 30–40 रुपये |
| लहसुन | 240 रुपये |
| प्याज- | 40 रुपये |
| अदरक | 200 रुपये |
| शिमला मिर्च | 120 रुपये |
| अरहर की दाल | 170 रुपये |
| उड़द | 140 रुपये |
| राजमा | 140 रुपये |
| काला चना | 140 रुपये |
| चने की दाल | 95 रुपये |
| बेसन | 100 रुपये |
| मलका मसूर | 90 रुपये |

## कान्हा गोशाला में फिर पहुंचे एडी, रिकार्ड तलब

**मसवासी, अमृत विचार :** एडी पशुपालन राजेंद्र प्रसाद माहौर ने शुक्रवार को फिर कान्हा गोशाला का औचक निरीक्षण किया। गोशाला से गोवंश के कम होने के मामले में रिकॉर्ड तलब किया है। नगर में दढ़ियाल-बाजपुर मार्ग पर मिलक-खौद चौराहे के नजदीक कान्हा गोशाला है।

चेयरमैन दिनेश गोयल का आरोप है कि गोशाला से 36 गोवंश गायब हैं। ईओ मनोज कुमार मिश्रा ने नगर पंचायत के रिकार्ड के अनुसार 257 गोवंश होने का दावा किया है। शुक्रवार को फिर से गोशाला पहुंचे एडी पशुपालन ने रिकॉर्ड तलब किया। इस दौरान चेयरमैन दिनेश गोयल, नगर पंचायत के वरिष्ठ लिपिक अमित कुमार चंद्रा, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉक्टर महेश कौशिक, उप मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉक्टर मनीष राठी आदि मौजूद रहे।

## नीलामी विज्ञप्ति

पत्रांक: भ-47/2024 (भवन) दिनांक : जुलाई 26, 2024

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि जनपद रामपुर पुलिस लाइन परिसर में स्थित आवास संख्या: सी-13, सी-14, सी-15, सी-16, सी-17 व सी-18 के जीर्ण/क्षीर्ण व जर्जर हालत में होने के कारण भवन को निष्प्रयोज्य व कण्डम घोषित किये जाने के उपरान्त भवन की दिनांक 31-07-2024 को प्रात: 12.00 बजे सार्वजनिक नीलामी की जायेगी। नीलामी के समय ठेकेदारों द्वारा बोली लगायी जायेगी। इच्छुक रजिस्टर्ड ठेकेदार नियत तिथि व समय पर पुलिस लाइन परिसर के प्रांगण में आकर रू0 10,000/- अग्रिम धरोहर के रूप में जमा करके अपनी नीलामी में भाग ले सकते हैं। जिस ठेकेदार की बोली सबसे अधिक होगी नीलामी उसके पक्ष में छोड़ी जायेगी। नीलामी में भाग लेने वाले प्रत्येक ठेकेदार को उस समय लगी बोली के अगले क्रम में बोली लगाना अनिवार्य है। जिस ठेकेदार द्वारा एक भी बोली नहीं लगायी जायेगी उसके द्वारा जमा अग्रिम धनराशि राज्य सरकार के पक्ष में ज़ब्त करके अग्रेतर विधिक कार्यवाही करने पर विचार किया जायेगा। नीलामी के उपरान्त छोड़ी गयी नीलामी की धनराशि तत्काल ऑकिक शाखा, पुलिस कार्यालय, रामपुर में जमा करनी होगी। नीलामी समाप्ति के बाद धरोहर जमा धनराशि वापस कर दी जायेगी। ठेकेदार द्वारा निष्प्रयोज्य आवास संख्या: सी-13, सी-14, सी-15, सी-16, सी-17 व सी-18 का मलबा आदि 03 दिवस के भीतर लेकर जाना सुनिश्चित करते हुए जगह को खाली करना होगा।

पुलिस अधीक्षक
रामपुर।

## एक नजर

### मेधावी छात्र छात्राएं होंगे सम्मानित

संभल/धनारी अमृत विचार : प्रजापति सेवा समिति के जिला मीडिया प्रभारी वीरेंद्र सिंह प्रजापति ने धनारी में समाज के लोगों के घर घर जाकर 28 जुलाई को बहजोई के डीआर रिसोर्ट में होने वाले महाराजा दक्ष प्रजापति जयंती समारोह की जानकारी दी। कहा कि समारोह में मेधावी छात्र छात्राओं को सम्मानित किया जाएगा। इस दौरान धर्मपाल सिंह एडवोकेट, लाल सिंह प्रजापति, प्रेमपाल प्रजापति आदि रहे।

### जान का खतरा बताकर की सुरक्षा की मांग

संभल/धनारी, अमृत विचार : धनारी थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने शुक्रवार को थाने पहुंचकर पुलिस को तहरीर दी। कहा कि थोड़े दिन पहले गांव के ही युवक ने बेटी के साथ छेड़छाड़ की थी। जिसका वाद न्यायालय में विचाराधीन है। युवक आए दिन फैसले का दबाव बनाने के लिए बेटी का अपहरण करने की धमकी दे रहा था। आरोप है कि बेटी को युवक ने 11 जुलाई को उसकी ससुराल अमरोहा जिले के एक गांव से गायब कर दिया। शिकायत करने के 13 दिन बाद भी पुलिस बेटी को बरामद नहीं कर सकी और महिला को युवक से जान का खतरा बना हुआ है।

### 29 जुलाई को लगेगा रोजगार मेला

संभल/असमोली, अमृत विचार : जिला सेवा योजना कार्यालय संभल व जिले में संचालित राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों के संयुक्त तत्वाधान में असमोली विकासखंड क्षेत्र के गांव दुगावर में स्थित सेंट एंथोली आईटीआई कालेज में 29 जुलाई को रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा। जिसमें विभिन्न कंपनियों के अधिकारी अभ्यर्थियों का साक्षात्कार लेंगे। रोजगार मेले में पॉलिटेक्निक एवं कम्प्यूटर में दक्ष व इंटरमीडिएट, स्नातक उत्तीर्ण अभ्यार्थी भाग ले सकेंगे।

### छात्राओं को नए कानून के बारे में किया जागरूक

बहजोई, अमृत विचार : भारत सरकार के कार्यक्रम बेटी बचाओ बहजोई के बीएमबीएल जैन कॉलेज, नाधौस में छात्राओं को कानूनों को लेकर जानकारी दी। उन्हें कानून के प्रति जागरूक किया गया। जागरूक होकर अपने अधिकार लेने तथा शोषण रोकने के लिए समझाया गया।बीएमबीएल जैन कॉलेज में आयोजित कार्यक्रम में जिला प्रोबेशन दफ्तर के कर्मचारियों ने महिलाओं को विस्तार पूर्वक बताया गया।

# पेड़ पर फंदे से महिला का शव लटका मिला, हत्या का आरोप

## मायके पक्ष के लोगों ने पुलिस से की कार्रवाई की मांग

संवाददाता, गुन्नौर

अमृत विचार : कोतवाली क्षेत्र में महिला का शव पेड़ पर फंदे से लटका मिला। मायके वालों ने ससुराल पक्ष पर हत्या कर शव को पेड़ पर फंदे से लटकाने का आरोप लगाया।

अलीगढ़ जनपद के गंगीरी थाना क्षेत्र के गांव मऊपुरा निवासी चंद्रपाल ने बेटी शिल्पा (22 वर्ष) की शादी तीन साल पहले गुन्नौर कोतवाली क्षेत्र के गांव गंगावास निवासी सुरेन्द्र पुत्र कोमल के साथ की थी। शादी के बाद वैवाहिक जीवन ठीक चल रहा था। बताया गया कि गुरुवार की दोपहर को पति पत्नी में किसी बात को लेकर विवाद हो गया। शाम को गांव के पास जंगल में शिल्पा का शव पेड़ पर फंदे से लटका मिला। जानकारी होते ही गांव के लोग मौके पर जुट गए। सूचना पर रात में ही मायके वाले भी पहुंच गए। पिता चंद्रपाल ने पुलिस को सूचना दी। मायके वालों ने ससुराल पक्ष के लोगों पर हत्या कर शव को पेड़ पर फंदे से लटकाने का आरोप लगाते हुए कार्रवाई की मांग की है। शुक्रवार को पोस्टमार्टम के बाद मायके के लोग शिल्पा के शव को गांव ले गए। कोतवाल विनीत कुमार ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही कुछ कहा जा सकता है। अभी कोई तहरीर नहीं मिली है।

### मालगोदाम रोड पर मिला 50 वर्षीय व्यक्ति का शव

चन्दौसी, अमृत विचार : कोतवाली क्षेत्र के मालगोदाम रोड स्थित आंबेडकर पार्क के पास शुक्रवार की सुबह चार बजे अज्ञात व्यक्ति का शव मिला है। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव की पहचान कराने की कोशिश की। मगर सफलता नहीं मिल सकी। कोतवाली क्षेत्र के मालगोदाम पर वीर सहाय पुत्र रामलाल निवासी संभल गेट नई बस्ती चौकीदार करते हैं। वह रोजाना की तरह गुरुवार की रात 9.30 बजे माल गोदाम पर अपनी ड्यूटी करने पहुंच गए। उस समय 50 वर्षीय व्यक्ति शराब के नशे में आंबेडकर पार्क के पास घूम रहा था। जिसे चौकीदार ने जाने के लिए कहा तो वह कुछ दूर घूमने के बाद दोबारा से पार्क के पास आकर बैठ गया। इसके बाद चौकीदार आसपास अपनी ड्यूटी करने चला। शुक्रवार की सुबह चार बजे चौकीदार पुनः पहुंचा तो उक्त व्यक्ति सड़क पर पड़ा था। पुलिस उसे सीएचसी लेकर पहुंची, वहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मृतक व्यक्ति के कपड़ों की तलाशी ली तो ऐसी कोई चीज नहीं मिली, जिससे उसकी पहचान हो सके। फिलहाल पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

### डीएम और एसपी ने ताजियेदारों को किया सम्मानित, बोले, आपसी समन्वय से मनाए जाएं त्योहार

# कम ऊंचाई के ताजिए निकालने वाले लोग सम्मानित

कार्यालय संवाददाता, संभल



सम्मान पाने के बाद ताजियेदारों के साथ डीएम व एसपी। ● अमृत विचार

अमृत विचार : मोहर्रम के मौके पर बिना बिजली लाइनों के तार काटे कम ऊंचाई के ताजिये निकालकर इतिहास रचने वाले ताजियेदारों को डीएम और एसपी ने सम्मानित किया। डीएम ने कहा कि मोहर्रम जिले में अच्छी तरह से मनाया गया। त्योहार आपसी समन्वय के साथ मनाए जाएं।

मोहर्रम के मौके पर पिछले वर्षों में 30, 40 और 50 फिट तक ऊंचाई के ताजिए निकाले जाते थे। इस बार प्रदेश सरकार के निर्देश पर मोहर्रम के मौके पर कम ऊंचाई वाले ताजिये निकालने के निर्देश दिए तो जिला प्रशासन भी इसे लेकर जुट गया।

अधिकारियों ने ताजियेदारों के साथ कई बार बैठकें करके कम ऊंचाई के ताजिये निकालने को कहा। अधिकारियों की मेहनत रंग भी लाई। संभल में कम ऊंचाई वाले ताजिये ही निकले। जिसके चलते न तो बिजली लाइनें काटी गईं और न ही बिजली गुल हुई। मोहर्रम के शांतिपूर्वक संपन्न होने पर जिला प्रशासन ने भी राहत की सांस ली। संभल कोतवाली में शुक्रवार को ताजियेदारों के सम्मान में कार्यक्रम का आयोजन हुआ। जिसमें मुख्य अतिथि डीएम डॉ.राजेंद्र पैंसिया, विशिष्ट अतिथि एसपी कुलदीप सिंह गुनावत ने ताजियेदार असलम, गुलजार, शाहरुख, उवैस, मोहर्रम कमेटी के अध्यक्ष मास्टर राहिब को शील्ड और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया।

इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक श्रीश चंद्र, अपर जिलाधिकारी सुशील कुमार चौबे, उपजिलाधिकारी विनय कुमार मिश्र, अन्य अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे।

### पुलिस भर्ती को लेकर देखी व्यवस्थाएं.

संभल अमृत विचार : डीएम ने शुक्रवार को नई तहसील कार्यालय के पास स्थित ईवीएम वीवीपैट वेयर हाउस का निरीक्षण किया। वेयर हाउस की साफ सफाई, सुरक्षा तथा सीसीटीवी कैमरे आदि को चेक करते हुए व्यवस्थाओं को लेकर संतुष्टि जताई और संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। वहीं डीएम और एसपी कुलदीप सिंह गुनावत ने आगामी पुलिस भर्ती परीक्षा को लेकर एमजीएम कॉलेज का निरीक्षण किया। यहां व्यवस्थाओं को लेकर जरूरी निर्देश दिए।

# नए सर्किल रेट से महंगी होगी जमीनों की खरीद फरोख्त

- एक अगस्त को लागू होगा नया सर्किल रेट, 29 जुलाई तक ली जाएंगी आपत्तियां

कार्यालय संवाददाता, संभल

अमृत विचार : जनपद में जमीनों के नए सर्किल रेट को लेकर कवायद शुरू हो चुकी है। प्रस्तावित सर्किल रेट सूची पर गौर करें तो तहसील संभल, चंदौसी और गुन्नौर में कई तरह की जमीनों की खरीद फरोख्त महंगी हो सकती है। हालांकि इससे पहले जिला प्रशासन ने प्रस्तावित सूची को लेकर 29 जुलाई तक आपत्तियां भी मांगी हैं, जिनका निस्तारण करने के बाद ही नया सर्किल रेट लागू किया जाएगा।

एक अगस्त से लागू होने वाले सर्किल रेट को लेकर प्रस्तावित सूची तैयार कर ली गई है। सूची के मुताबिक ही बात की जाए तो तहसील संभल में अकृषक भूमि की दरों में सात से दस प्रतिशत वृद्धि प्रस्तावित की गई हे। कृषि भूमि की दर भी दस प्रतिशत बढ़ाई गई है। व्यावसायिक भूमि की दरों में भी आठ से दस प्रतिशत वृद्धि प्रस्तावित की गई है। तहसील चंदौसी में विनियमित क्षेत्र में आने वाली नई कॉलोनी की भूमि की दर में शून्य से बीस प्रतिशत तक वृद्धि का प्रस्ताव है। गेट बंद वाली कॉलोनी की भूमि का सर्किल रेट निर्धारित किया गया है। अकृषक भूमि की दर में पांच से बीस प्रतिशत, नगरीय क्षेत्र में कृषि भूमि की दर में दस से पंद्रह प्रतिशत वृद्धि प्रस्तावित हुई है। तहसील गुन्नौर में अकृषक भूमि की दर में शून्य से बीस प्रतिशत, नए मुहल्लों की भूमि की दर में शून्य से दस प्रतिशत और कृषि भूमि की दर में शून्य से दस प्रतिशत की वृद्धि प्रस्तावित की गई है। जिला प्रशासन ने प्रस्तावित सूची पर 29 जुलाई तक आपत्तियां मांगी हैं। जिनका नियमानुसार निस्तारण करने के बाद नया सर्किल रेट लागू होगा।

# रियलिटी चेक में गैरहाजिर मिले 21 अधिकारी

- डीएम ने गैर हाजिर अधिकारियों को नोटिस जारी कर दी कार्रवाई की चेतावनी
- कार्यालयों में बैठकर 10 से 12 बजे तक जनसुनवाई में गैरहाजिर मिले अधिकारी

संवाददाता,बहजोई

अमृत विचार : शासन के तमाम निर्देशों के बाद भी अधिकारी जनसुनवाई को लेकर गंभीर नहीं है। इसका खुलासा जब डीएम ने जूम एप के माध्यम से जांच कराई तो 21 अधिकारी अपने कार्यालयों में गैर हाजिर मिले। जिन्हें डीएम ने नोटिस जारी कर कार्रवाई की चेतावनी दी है।

जहां एक और शासन से जनसुनवाई को लेकर जनता की आने वाली समस्याओं को लेकर अधिकारियों को अपने दफ्तर में बैठकर 10 से 12 बजे तक जनसुनवाई करने के निर्देश जारी किए गए। तो वहीं जनपद इस पर पर डीएम राजेंद्र पैंसिया ने भी जिला स्तरीय अधिकारी तहसील व ब्लाक के अधिकारियों को अपने दफ्तर में बैठकर जनसुनवाई करने के आदेश जारी किए, लेकिन बावजूद इसके अधिकारियों पर इन आदेशों का कोई भी असर नहीं हो रहा। डीएम ने जब जूम एप से अधिकारियों के दफ्तरों की जांच कराई तो उनमें जिले से लेकर ब्लॉक तहसील के अधिकारी जनसुनवाई के समय अनुपस्थित पाए गए। सभी अधिकारियों को नोटिस जारी किए हैं।

### बैठक में गैरहाजिर रहने पर खनन अधिकारी को नोटिस

बहजोई,अमृत विचार : डीएम ने आईजीआरएस पोर्टल की शिकायतों के निस्तारण को लेकर बृहस्पतिवार को बैठक बुलाई थी। जिसमें खनन अधिकारी मोहम्मद हलीम गैरहाजिर मिले। जिसको लेकर डीएम ने उन्हें कारण बताओ नोटिस जारी किया है। कहा है कि तीन दिन के अंदर वह अपना स्पष्टीकरण दें।

### यह अधिकारी नहीं मिले अपने दफ्तर में

बहजोई,अमृत विचार : डीएम ने जब जूम एप से जांच कराई तो इनमें मंडी सचिव बहजोई, सचिव बबराला, सचिव चंदौसी, सचिव संभल, अधीक्षण अभियंता विद्युत बबराला, अधीक्षण अभियंता विद्युत चंदौसी, अधीक्षण अभियंता विद्युत संभल, अधीक्षण अभियंता लघु सिंचाई संभल, बीएसए, अधिशासी अभियंता जल निगम, उपसंचालक चकबंदी, बंदोबस्त अधिकारी चकबंदी, सहायक आयुक्त एवं सहायक निबंधक सहकारिता, अभिहित अधिकारी, जिला गन्ना अधिकारी, जिला आबकारी अधिकारी, श्रम प्रवर्तन अधिकारी, अधीक्षण अभियंता ग्रामीण अभियंत्रण, अपर मुख्य अधिकारी संभल, जिला उद्यान अधिकारी, अधीक्षण अभियंता सिंचाई गैरहाजिर मिले।

## सार संक्षेप



धनारी में हाइवे पर खड़े निराश्रित गोवंशीय पशु। ● अमृत विचार

### हाईवे पर घूम रहे छुट्टा गोवंश , हादसे का अंदेशा

संभल/धनारी, अमृत विचार : प्रदेश सरकार के निर्देश के बावजूद छुट्टा गोवंश संरक्षित नहीं किए जा रहे। आलम यह है कि खेतों के अलावा मुख्य मार्ग पर भी छुट्टा गोवंश का झुंड दिखाई दे रहा है। हाईवे पर घूम रहे इन पशुओं की वजह से हादसे का अंदेशा बना रहता है। छुट्टा गोवंश की समस्या को लेकर किसान परेशान हैं क्योंकि यह फसलों को नुकसान पहुंचाते हैं। वहीं मार्गों पर सफर करने वाले लोगों के साथ भी हादसे का अंदेशा बना हुआ। आलम यह है कि शहर से लेकर देहात तक छुट्टा गोवंश मंडराते हुए दिख रहे हैं। शुक्रवार को मुरादाबाद-आगरा नेशनल हाईवे पर धनारी में बस स्टैंड के सामने कई छुट्टा गोवंश घूमते हुए नजर आए। मुख्य मार्ग पर छुट्टा गोवंश के झुंड की वजह से बाइक और कार सवारों के साथ हादसे का अंदेशा बना रहता है। वहीं छुट्टा गोवंश हमलावर भी हो सकते हैं, तो लोग डर-डर कर मार्ग से गुजरते हैं। बताते चलें कि पूर्व में कई हादसे भी हो चुके हैं, फिर भी छुट्टा गोवंश पशुओं को संरक्षित नहीं किया जा रहा है।




संविधान मान स्तम्भ दिवस कार्यक्रम में बोलते फिरोज खां। ● अमृत विचार

### संविधान और आरक्षण बचाने को सपा प्रतिबद्ध : फिरोज खां

संभल, अमृत विचार : समाजवादी पार्टी के पूर्व जिलाध्यक्ष एवं प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य फिरोज खां ने कार्यकर्ताओं के साथ पक्का बाग स्थित निजी कार्यालय पर संविधान मान स्तम्भ दिवस मनाया। उन्होंने कहा कि पीडीए को अधिकार तभी मिलेगा जब उचित रूप से आरक्षण का हक सबको मिलेगा। सपा नेता ने कहा कि बाबा साहब डॉ. भीमराव आंबेडकर ने भारतीय संविधान में आरक्षण की व्यवस्था करके काम पूरा किया। आज भाजपा सरकार निजीकरण करके नौकरियों में आरक्षण का अमल न करके इसे समाप्त कर रही है। यह सरकार युवाओं को नौकरी भी सिर्फ इसलिए नहीं दे रही, जिससे कहीं आरक्षण न देना पड़ जाए। दलित, पिछड़े, वंचितों को उनका हक न मिल पाए। समाजवादी पार्टी सामाजिक न्याय के लिए प्रतिबद्ध है। इस दौरान अकील खां, जबर सिंह यादव, मुन्ना, आरिफ खां, गुलाम मुस्तफा, राजेश यादव, शफीक, संजीव कुमार, फैजान शाही, राहिल हुसैन, मुनाजिर, सुबहान आदि रहे।

# भाकियू ने बिजलीघर परिसर में दिया धरना

संवाददाता, संभल



बिजली घर पर धरने को संबोधित करते चौधरी आनंद सिंह। ● अमृत विचार

- अधीक्षण अभियंता को संबोधित ज्ञापन अवर अभियंता को सौंपा

अमृत विचार : भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक के कार्यकर्ताओं ने शुक्रवार को किसानों की समस्याओं को लेकर सिंहपुरसानी में स्थित बिजलीघर परिसर में धरना दिया। समस्याओं का समाधान कराने की मांग को लेकर मंडल अधीक्षण अभियंता को संबोधित ज्ञापन अवर अभियंता को सौंपा।

भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक के जिला महासचिव चौधरी वीरेंद्र सिंह ने कहा कि बिजलीघर से निकलने वाले शरीफपुर, पाली व सिंहपुरसानी फीडर के तार जर्जर होने की वजह से आए दिन टूटते रहते हैं। जिससे किसानों को शेड्यूल के अनुसार बिजली नहीं मिल पा रही है और फसलें सूख रही है। जल्द ही जर्जर तार बदलवाएं जाए। चंदौसी वर्कशॉप से मरम्मत होकर आ रहे ट्रांसफार्मर बदलने के बाद ही जल रहे हैं और ट्रांसफार्मरों को बदलने में 15 से 20 दिन का समय लग रहा है। नलकूपों की क्षमता वृद्धि करने के बाद भी बिजली विभाग ने ट्रांसफार्मर की क्षमता वृद्धि नहीं की है। संभल खंड में बिजली चोरी के मुकदमों में 16 प्रतिशत अधिक ब्याज वसूला जा रहा है। जबकि पश्चिमांचल के किसी भी खंड में ब्याज नहीं वसूला जा रहा है। संभल से सिंहपुरसानी बिजलीघर आने वाली 33 केवी के जर्जर तार बदलवाए जाएं। कैंप लगाकर घरेलू मीटर व बिजली के बिल ठीक कराए जाए। गांवों को जाने वाली 11 केवी की लाइन को पेड़ों से अलग बनाया जाए और सभी घरों तक लाइन पहुंचाई जाए।

इस दौरान मोहित, पुष्पेंद्र, संजू, ओमप्रकाश, गिरिराज, रोहताश, योगेंद्र पाल शर्मा, रोहित चौधरी, सतेंद्र आदि किसान मौजूद रहे।

### पति व सास-ससुर पर दहेज हत्या की रिपोर्ट

चन्दौसी, अमृत विचार: बनियाठेर थाना क्षेत्र के गांव राम रायपुर गमटिया में दहेज की मांग पूरी नहीं होने पर विवाहिता को जहरीला पदार्थ खिला दिया। जिससे उसकी मौत हो गई। मृतक के भाई की तहरीर पर पुलिस ने पति सहित सांस-ससुर के विरुद्ध दहेज हत्या की रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

कोतवाली क्षेत्र के विकास नगर निवासी पंकज बाबू ने अपनी पुत्री तनु 24 वर्ष की शादी 2019 में बनियाठेर थाना क्षेत्र के गांव रामरायपुर गमटिया निवासी युवक रवि के साथ की थी। शादी के समय वधु पक्ष ने काफी उपहार दिए थे। मगर शादी में मिले उपहारों से ससुराल पक्ष के लोग खुश नहीं थे और विवाहिता को दहेज की मांग को लेकर अक्सर परेशान करते रहते थे। आरोप है कि 23 जुलाई को पति रवि व सास-ससुर ने विवाहिता को जहरीला पदार्थ खिला दिया और महिला की मौत हो गई।

# चचेरे तहेरे भाइयों के घर से लाखों का सामान चोरी

- संदूक व अलमारी का ताला तोड़कर नकदी व जेवर ले गए

कार्यालय संवाददाता, संभल/धनारी

अमृत विचार: धनारी थाना क्षेत्र में तहेरे चचेरे भाइयों के घर में घुसकर बदमाश कमरे में रखी संदूक व अलमारी का ताला तोड़कर नकदी व जेवर सहित लाखों रुपये का सामान चोरी कर ले गए। सुबह होने पर चचेरे तहेरे भाइयों को घर में चोरी होने की जानकारी हुई तो हड़कंप मच गया।

थाना क्षेत्र के गांव गढ़ा निवासी निरंजन गुरुवार की रात फसलों की सिंचाई करने के लिए खेत पर गया था। निरंजन की पत्नी सूरजमुखी, बेटा पुष्पेंद्र व पुत्रवधू पवन कुमारी और पुष्पेंद्र का साला जुनावई थाना क्षेत्र के गांव बिलासपुर निवासी सूरजपाल घर के बरामदे में सो रहे थे। देर रात किसी समय बदमाश घर में घुस आए और दरवाजे की कुंडी खोलकर कमरे में रखे संदूक का ताला तोड़ लिया। बदमाश संदूक में रखे जेवर व पांच हजार रुपये की नकदी चोरी कर ले गए।

इसके बाद बदमाशों ने निरंजन के तहेरे भाई धीरज के घर को निशाना बना लिया। यहां से कमरे में रखी अलमारी का ताला तोड़कर दस हजार रुपये की नकदी व जेवर सहित कीमती सामान चोरी कर लिया। शुक्रवार की सुबह निरंजन व धीरज ने कमरे में देखा तो घर में चोरी होने की जानकारी हुई। सूचना मिलने पर थाना प्रभारी नरेश सिंह व फॉरेंसिक टीम मौके पर पहुंची और जांच पड़ताल की। धीरज व निरंजन ने पुलिस को तहरीर देकर नकदी, जेवर बरामद कर अज्ञात चोरों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की।




नई कार्यकारिणी के पदाधिकारी। ● अमृत विचार

### भाकिसं की ब्लॉक इकाई गठित, जैविक खेती पर हुई चर्चा

गुन्नौर, अमृत विचार : गुन्नौर ब्लाक क्षेत्र के गांव दिनौरा में गायत्री सिद्ध पीठ पर भारतीय किसान संघ की ब्लॉक इकाई का गठन हुआ। ब्लाक अध्यक्ष रामपाल सिंह यादव व ब्लाक मंत्री केशव कुमार ने जैविक खेती के बारे में बताया। जिला अध्यक्ष महिपाल सिंह ने पुरानी ब्लॉक समिति को भंग कर नई ब्लॉक समिति की घोषणा की। जिला मंत्री भूपेंद्र सारस्वत ने संगठन की रीति नीति के बारे में विस्तार से नई कार्यकारिणी व कार्यकर्ताओं को समझाया। ब्लॉक समिति में चंद्रपाल शास्त्री को ब्लॉक सह मंत्री और दानवीर सिंह ब्लॉक प्रचार प्रमुख सर्वसम्मति से चुने गए। इस दौरान प्रांत जैविक प्रमुख व जिला चुनाव अधिकारी जुग्नेस राघव, जिले के पदाधिकारी, कार्यकर्ता और कई ग्राम समितियों के अध्यक्ष व मंत्री रहे।

### कुलदीप युवा राष्ट्रीय अध्यक्ष व कामेंद्र जिला अध्यक्ष बने

संभल, अमृत विचार : संभल विकासखंड क्षेत्र के गांव चमरौआ में भारतीय किसान यूनियन बीआरएसएस के कार्यकर्ताओं ने शुक्रवार को बैठक की। बैठक में राष्ट्रीय अध्यक्ष अशोक कुमार अधाना ने संगठन का विस्तार करते हुए नए पदाधिकारी व कार्यकर्ता बनाए। जिसमें कुलदीप शर्मा को युवा राष्ट्रीय अध्यक्ष, मास्टर राजवीर सिंह को जिला संरक्षक, कामेंद्र चौधरी को जिला अध्यक्ष, जसवंत सिंह उर्फ मिंकू चौधरी को जिला उपाध्यक्ष और सेवक सैनी को ग्राम अध्यक्ष व वरुण शर्मा को ब्लाक अध्यक्ष संभल पद की जिम्मेदारी सौपी। इस दौरान सुरेंद्र सिंह, सुभाष सिंह, सरदार, गुरबचन सिंह, अरुण चौधरी, दिनेश शर्मा, छोटे सिंह, रवि शर्मा, राहुल गुर्जर, पुलकित गुप्ता, मीनाक्षी, रेशु, राजवती आदि मौजूद रही।

# अवैध शस्त्र मामले में दोषी को तीन दिन की सजा

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

अमृत विचार: न्यायालय ज्यूडिशियल मजिस्ट्रेट द्वितीय संभल की अदालत ने अवैध शस्त्र के मुकदमे में दोषी को जेल में बिताई अवधि तीन दिवस के कारावास व 500 रुपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया है। मामला जनपद संभल के थाना नखासा में 2006 का है। थाना नखासा पुलिस ने राशिद पुत्र रजाक के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया था और साक्ष्यों को जुटा कर अदालत में आरोप पत्र दाखिल कर दिया। शुक्रवार को मुकदमे पर फैसला सुनाते हुए न्यायाधीश ने राशिद को दोषी करार देते हुए जेल में बिताई अवधि तीन दिवस के कारावास व 500 रुपये के अर्थदण्ड की सजा सुनाई है। सजा कराए जाने में एपीओ अभय साहू व पैरोकार थाना नखासा कांस्टेबल विपिन कुमार का योगदान रहा।

### आर्म्स एक्ट के दोषी को चार दिन का कारावास

चन्दौसी, अमृत विचार : न्यायालय एडीशनल ज्यूडिशियल मजिस्ट्रेट सहसवान जनपद बदायूं ने आर्म्स एक्ट के एक दोषी को आर्म्स एक्ट में जेल में बिताई गई अवधि चार दिवस के कारावास व 1000 रुपये के अर्थदण्ड से दण्डित किय है। मामला 2008 में थाना रजपुरा जनपद संभल का है। थाना रजपुरा में रामसेवक पुत्र रामप्रसाद निवासी हेमदपुर थाना रजपुरा जनपद संभल के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज है। न्यायाधीश ने शुक्रवार को रामसेवक को दोषी करार देते हुए जेल में बिताई अवधि चार दिवस के कारावास और 1000 रुपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया है। सजा कराए जाने में एपीओ प्रदीप कुमार सिंघल और पैरोकार महिला कांस्टेबल लक्ष्मी का योगदान रहा।

### दो वर्षीय बेटे ने दौड़ाया ई रिक्शा, पिता घायल

संभल, अमृत विचार: सदर कोतवाली क्षेत्र में पिता ने चाबी लगी छोड़ी तो दो वर्षीय बालक ने ई रिक्शा को सड़क पर दौड़ा दिया। हाथ लगाकर रोकने के प्रयास में पिता ई रिक्शा व ठेले के बीच में फंसकर घायल हो गया।

कोतवाली क्षेत्र के मुहल्ला पंजू सराय निवासी चालक सूरज सिंह शुक्रवार की सुबह सवारी लाने पहुंचाने के लिए घर के बाहर ई रिक्शा के पास खड़ा हुआ था। ई रिक्शा में चाबी लगी हुई थी और चलाने के लिए ई रिक्शा में लगा स्विच से बैटरी का करंट बंद था। सूरज सिंह का दो वर्षीय बेटे आलोक ने किसी तरह स्विच ऑन कर लिया। जिससे ई रिक्शा सड़क किनारे दौड़ने लगा। यह देखकर सूरज सिंह के होश उड़ गए। सूरज व आसपास के लोगों ने दौड़कर ई रिक्शा को पकड़ लिया और सूरज सिंह आगे से हाथ लगाकर ई रिक्शा को रोकने की कोशिश करने लगा। जिसकी वजह से सूरज सिंह ई रिक्शा व ठेले के बीच में आकर घायल हो गया।

रोकथाम | परिवहन विभाग के साथ पुलिस व प्रशासनिक अधिकारी रहेंगे शामिल

# डग्गामारी रोकने को डीएम ने गठित की टीम

संवाददाता,बहजोई

अमृत विचार: जनपद में डग्गामार वाहनों पर नकेल कसने को लेकर अब अधिकारियों की टीम दिन-रात दौड़ेंगी। इन टीमों में पुलिस से लेकर प्रशासनिक व परिवहन विभाग के अधिकारियों को शामिल किया गया है। डीएम ने इन्हें डग्गामार वाहनों के खिलाफ कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। हाईवे से लेकर लिंक रोड तक चेकिंग अभियान चलाने की तैयारी है।

जनपद में बड़े पैमाने पर राजस्थान, दिल्ली, अलीगढ़, मुरादाबाद, चंदौसी, बबराला, संभल से डग्गामार वाहनों का संचालन हो रहा है। जबकि रोडवेज की बसों को सवारियों के टोटा हैं जिससे राजस्व का बड़ा नुकसान हो रहा है। डग्गामार वाहन दिल्ली व राजस्थान के जयपुर के लिए भी वाहन संचालित करते हैं। दिन में संभल, चंदौसी, बबराला से हाईवे पर डग्गामार वाहन दौड़ते रहते हैं। अब इन पर नकेल कसने के लिए डीएम राजेंद्र पैंसिया ने कड़ा रुख अपनाया है। अब इन वाहनों पर कार्रवाई करने को लेकर दिन रात अफसरों की टीम दौड़ेंगी। इन टीमों में एआरटीओ, ,प्रशासन व पुलिस अधिकारी शामिल होंगे।

- हाईवे से लेकर लिंक मार्गों तक दिन-रात चलेगा चेकिंग अभियान

### तीन शिफ्ट में दिन रात काम करेंगी टीमें

बहजोई,अमृत विचार : डग्गामार वाहनों पर नकेल कसने के लिए जहां कार्रवाई की जा रही है तो वहीं अब परिवहन विभाग, प्रशासनिक अधिकारी व पुलिस अधिकारियों की टीम आठ-आठ घंटे की शिफ्ट में चौबीस घंटे मुस्तैद रहकर डग्गामार वाहनों पर रोक लगाने के लिए काम करेंगी।

### हाईवे से लेकर लिंक रोड तक चलेगा चेकिंग अभियान

बहजोई, अमृत विचार : डीएम ने बताया कि ऐसा पता चला है कि जब से हाईवे पर चेकिंग चली है तब से वाहनों को लिंक रोड से होकर निकाला जा रहा है। अब टीमों को निर्देश दिए गए हैं कि हाईवे पर तो वह चेकिंग करेंगे ही लेकिन जिन लिंक मार्गो से होकर डग्गामार चल रहे हैं। उन मार्गों पर भी चेकिंग अभियान चलाया जाएगा। बिना परमिट के कोई भी वहां नहीं चलेगा। ऐसे वाहनों पर कड़ी कार्रवाई के लिए निर्देश दिए गए हैं।

> डग्गामार वाहनों पर अंकुश के लिए दिन रात्रि में काम करेंगे। हाईवे से लेकर लिंक मार्ग तक चेकिंग अभियान चलाया जाएगा। इसके लिए टीम बनाई जा रही है। जिसमें परिवहन विभाग से लेकर पुलिस व प्रशासनिक अधिकारी भी शामिल किए जा रहे हैं।
>
> -राजेंद्र पैंसिया, जिलाधिकारी

# कारगिल के शहीदों की वीरगाथा को याद किया

## एसएम इंटर कालेज में 24 यूपी बटालियन एनसीसी के कैडेट्स ने मनाया कारगिल विजय दिवस

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

- कारगिल विजय दिवसी की 25वीं वर्षगांठ धूमधाम से मनाई गई
- देश भक्ति कार्यक्रम प्रस्तुत कर शहीदों की वीरगाथा को याद किया

**अमृत विचार:** 24 यूपी बटालियन एनसीसी के कमान अधिकारी कर्नल पीएस दसौनी के मार्गदर्शन में चन्दौसी के क्लस्टर एनसीसी कैडेट्स की ओर से शुक्रवार को एसएम इंटर कालेज में कारगिल विजय दिवसी की 25वीं वर्षगांठ धूमधाम से मनाई गई। सर्वप्रथम कारगिल युद्ध के शहीद जवानों के चित्रों पर पुष्प अर्पित कर नमन किया। लेफ्टिनेंट अमरजीत मौर्य के नेतृत्व में मार्च पास्ट कर सलामी दी गई। कैप्टन चंद्रवीर के नेतृत्व में कैडेट्स ने देश भक्ति कार्यक्रम प्रस्तुत कर शहीदों की वीरगाथा को याद किया। मेजर राम वर्मा ने कारगिल युद्ध की झांकी प्रस्तुत की। जिसमें एनसीसी कैडेट्स ने कारगिल युद्ध का जीवंत प्रदर्शन कर दिलों में देश भक्ति का जोश पैदा कर दिया। इस दौरान बटालियन से आए सूबेदार मेजर प्रवीन प्रकाश को सम्मानित किया गया, जो कारगिल युद्ध में शामिल रहे।

इस अवसर पर शहीद के पिता को अंगवस्त्र एवं माल्यार्पण कर सम्मानित किया गया। अंत में सभी कैडेट्स को मिष्ठान वितरण किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में जिला विद्यालय निरीक्षक वेदराम व सीपी सिंह प्रधानाचार्य लहरावन रहे। मंच संचालन मेजर मुनीश शर्मा ने किया। लेफ्टिनेंट ओमप्रकाश, चीफ अफसर करन सिंह व राजीव का विशेष सहयोग रहा। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. दानवीर सिंह यादव, प्रधानाचार्य राजेश गुप्ता, प्रधानाचार्य डॉ. संजय कुमार, संगीता भार्गव आदि उपस्थित रहे।



एसएम इंटर कॉलेज में कारगिल दिवस के अवसर पर एनसीसी के अधिकारी व अन्य। ● अमृत विचार

### पौधरोपण कर कारगिल के वीर सपूतों को किया नमन

**चन्दौसी, अमृत विचार :** सनातन सेवक संघ के नगर अध्यक्ष हेमंत वार्ष्णेय के नेतृत्व में शुक्रवार को सीता आश्रम स्थित मूछों वाले शिव मंदिर परिसर में पौधरोपण कर कारगिल विजय दिवस मनाया गया। जिला महामंत्री पप्पू इंकलाब ने कहा कि कारगिल विजय दिवस स्वतंत्र भारत के सभी देशवासियों के लिए एक बहुत ही महत्वपूर्ण दिवस है। भारत में प्रत्येक वर्ष 26 जुलाई को यह दिवस मनाया जाता है। इस दिन भारत और पाकिस्तान की सेनाओं के बीच वर्ष 1999 में कारगिल युद्ध हुआ था जो लगभग 60 दिनों तक चला और 26 जुलाई के दिन उसका अंत हुआ। इसमें भारत विजय हुआ। कारगिल विजय दिवस युद्ध में बलिदान हुए भारतीय जवानों के सम्मान हेतु यह दिवस मनाया जाता है। इस अवसर पर अमित कुमार, विकास कुमार सनातनी, विक्की कश्यप, आशीष तूफानी, मनोज राघव, शशिकांत शर्मा, सुदीप बंसल, डॉ. दिशांत गुप्ता, अमन अग्रवाल, अभिनव राज, तुषार क्रिस्टल, लोकेश शर्मा, सक्षम कुमार, अनुज बाबा, अनुराग शर्मा आदि उपस्थित रहे।

## एक नजर

### हत्या का कारण स्पष्ट नहीं, बिसरा सुरक्षित

**चन्दौसी, अमृत विचार :** थाना कुढ़फतेहगढ़ क्षेत्र के गांव डारनी स्थित बिजली घर के पीछे खेत में मिली महिला की सड़ी-गली निर्वस्त्र लाश के मामले में पोस्टमार्टम में महिला की हत्या का कारण स्पष्ट नहीं हो सका है और न ही दुष्कर्म की पुष्टि हो सकी है। पोस्टमार्टम के बाद बिसरा प्रिजर्व कर लिया गया और दुष्कर्म की पुष्टि के लिए स्लाइड बना कर जांच के लिए प्रयोगशाला भेजी जा रही है। थाना क्षेत्र के गांव डारनी स्थित बिजलीघर के पीछे गांव के ही तोताराम के खेत मे गुरुवार की सुबह करीब 11 बजे एक महिला की सड़ी-गली निर्वस्त्र लाश मिली थी। महिला की शिनाख्त मधुबाला (32) पत्नी जरवंत निवासी गांव बलकरपुर थाना कुढ़फतेहगढ़ के रुप में हुई थी।

### चोरी का एबीसी केबिल बरामद, चालक पकड़ा

**संभल/मनोटा, अमृत विचार :** मुरादाबाद जिले के गांव बैरमपुर निवासी अरुण कुमार ने शुक्रवार की देर शाम असमोली थाने में पहुंचकर पुलिस को तहरीर दी। कहा कि थाना क्षेत्र के गांव असगरीपुर में स्थित बिजलीघर से जुड़े गांव ओबरी में एबीसी केबिल बदलने का काम चल रहा है। गांव ओबरी व मतावली के बीच स्टोर में एबीसी केबिल व अन्य सामान रखा हुआ है। शाम को काम करने के बाद अरुण कुमार मजदूरों के साथ स्टोर पर पहुंचे देखा तो एबीसी केबिल का एक ड्रम गायब था। आसपास में तलाश किया तो ड्रम का पता नहीं चला। सूचना मिलने पर अरुण कुमार ने पीछा कर गांव गुमसानी के पास चोरी कर ड्रम लेकर जा रहे चालक से ट्रैक्टर ट्राली को रुकवा लिया और चालक को पकड़कर एबीसी केबिल सहित ट्रैक्टर ट्राली को लेकर थाने आ गए।

### एमओआईसी असमोली को डीएम ने दी चेतावनी

**संभल, अमृत विचार :** कलक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी डा. राजेन्द्र पैंसिया की अध्यक्षता में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अन्तर्गत जिला स्वास्थ्य समिति की मासिक समीक्षा बैठक में जननी सुरक्षा योजना की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने कम प्रगति पर एमओआईसी असमोली को चेतावनी जारी करने के निर्देश दिए। बहजोई के एमओआईसी पर नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि नियमित रूप से एएनएम एवं आशाओं के साथ बैठक करें। आशाओं के भुगतान को लेकर कहा कि आशाओं का भुगतान कराना सुनिश्चित करें।



मदरसे में कारगिल विजय दिवस पर कार्यक्रम प्रस्तुत करती छात्राएं। ● अमृत विचार

# मदरसे की छात्राओं ने मनाया कारगिल विजय का उत्सव

संवाददाता, संभल

**अमृत विचार :** कारगिल विजय दिवस के अवसर पर मदरसे की छात्राओं ने खास तरीके से उत्सव मनाकर झांकी के जरिये देश की सेना का गौरव प्रदर्शित किया।

मदरसा इस्लामिया आजाद मुनव्वरुल कुरान दीपा सराय में कारगिल विजय दिवस की 25वीं रजत जयंती पर खास कार्यक्रम का आयोजन किया गया। छात्राओं ने तिरंगे लहराये और देश के वीर जवानों की शान में झांकी प्रस्तुत की। छात्राओं ने अपने विचार रखते हुए कहा कि हम सभी देशवासियों को अपनी बहादुर सेना पर गर्व होना चाहिए। देश के जवान सीमाओं की रक्षा करते हैं तभी हम अपने घरों में आराम से सोते हैं। मदरसा प्रबंधक मुहम्मद अब्दुल्ला ने कारगिल युद्ध पर रोशनी डालकर जवानों की शौर्य गाथा दोहराई। कहा कि कारगिल युद्ध में भारतीय जवानों ने दुश्मन के दांत खट्टे कर विजय हासिल की। अवान ने भी विचार रखे।

# कारगिल के शहीदों को दी श्रद्धांजलि

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

**अमृत विचार:** महापुरुष स्मारक समिति एवं सर्व समाज जागरूकता अभियान भारत ने शुक्रवार को संयुक्त रुप से कारगिल विजय दिवस छोटे लाल कालोनी स्थित शिव शान्ति आदर्श जूनियर हाईस्कूल में मनाया। इस दौरान कारगिल में शहीद हुए जवानों को मोमबत्ती जलाकर श्रद्धांजलि दी। उनकी वीरगाथा को याद किया।

मुख्य वक्ता अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष कवि माधव मिश्र ने कहा कि भारत ने जब दो महीने चले कारगिल युद्ध में दुश्मन पाकिस्तान से विजय प्राप्त कर चोटी पर तिरंगा फहराया। तब देश में 26 जुलाई को कारगिल विजय दिवस मनाने की भारत सरकार ने घोषणा की। जो आज पूरे देश में उत्साह के साथ मनाया जा रहा है।



कारगिल के वीर जवानों को श्रद्धांजलि देते समिति के सदस्य। ● अमृत विचार

कारगिल एक निर्जन पहाड़ी इलाका है जो समुद्र तल से अठारह हजार फीट की ऊंचाई पर है, जहां आबादी शून्य के बराबर है। यह क्षेत्र सर्दियों में पूरी तरह बर्फ से ढका रहता है यहां माइनस 30-40 डिग्री तक तापमान रहता है।

26 जुलाई 1999 को भारत ने कारगिल में विजय हासिल कर चोटी पर तिरंगा फहराया था। अध्यक्षता प्रधानाचार्य राजेश कुमार ने व संचालन अलका सक्सेना ने किया।

ममता मौर्य, वाणी वार्ष्णेय, शालू गुप्ता, नीशू ठाकुर, रितिका कन्नौजिया, आरती श्रीवास्तव, रिंकी शर्मा, यशोदा शर्मा, भूमिका वार्ष्णेय, अंशिका श्रीवास्तव, भावना, निशा, वंदना, विपाशा, मधुबाला, डिम्पल, गुलफिंशा ने विचार व्यक्त किए।

# आधार कार्ड बनवाने व संशोधन के लिए जूझ रहे छात्र-छात्राएं

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

- शाम तक कतार में खड़े रहने के बाद मायूस होकर लौट रहे घर
- केवल दो डाकघरों में ही बनाए जा रहे हैं आधार कार्ड

**अमृत विचार:** आधार कार्ड बनवाने व संशोधन के लिए छात्र-छात्राओं के साथ-साथ उनके अभिभावक परेशान हैं। फिलहाल सुभाष रोड व घंटाघर स्थित डाकघर में ही आधार कार्ड बनवाए जा रहे हैं। इन दोनों स्थानों पर प्रतिदिन 50-50 आधार कार्ड बनाए जाते हैं। मगर आधार कार्ड बनवाने के लिए दोनों स्थानों पर 500-500 लोगों से अधिक भीड़ पहुंच रही है। जिससे परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

स्कूल व विद्यालय खुलने के बाद छात्र-छात्राओं को आधार कार्ड की आवश्यकता पड़ रही है। जिन छात्र-छात्राओं के आधार कार्ड में कुछ गड़बड़ी है, वह उसमें संशोधन व नए आधार कार्ड बनवाने को सुभाष रोड स्थित मुख्य डाकघर व घंटाघर स्थित उप डाकघर पर भीड़ के रूप में पहुंच रहे हैं। दोनों ही स्थानों पर आलम यह है कि सुबह छह बजे से ही आधार कार्ड बनवाने वाले छात्र-छात्राओं व उनके अभिभावकों की कतारें लगनी शुरू हो जाती है।

> सरकार की महत्वपूर्ण योजना मेरा आधार मेरी पहचान बनवाने के लिए छात्र-छात्राओं को धक्के खाने पड़ रहे हैं। रोजाना सैकड़ों छात्र-छात्राएं उमस भरी गर्मी में अपना आधार कार्ड बनवाने के लिए भीड़ में जूझते नजर आते हैं और सुबह से शाम तक कतार में खड़े रहते हैं। अगर शीघ्र ही समस्या का समाधान निकाला गया तो मैं आंदोलन करूंगा।
>
> -अनुज वार्ष्णेय
> नगर अध्यक्ष अखिल भारतीय युवा उद्योग व्यापार मंडल

सुबह दस बजे डाकघर खुलने पर कर्मचारियों द्वारा केवल 50-50 ही फार्म लिए जाते हैं। जिससे रोजाना दोनों ही स्थानों पर 50-50 आधार कार्ड ही बन रहे हैं। जिससे अन्य लोगों का नंबर नहीं आने पर उन्हें परेशानी का सामना करना पड़ता है।

ऐसे में छात्र-छात्राएं शाम तक अपनी बारी के इंतजार में डाकघर के बाहर खड़े रहते हैं और शाम को चले जाते हैं। जबकि तीन दिन पहले व्यापार मंडल के पदाधिकारियों ने एसडीएम को ज्ञापन देकर बैंकों में भी आधार कार्ड बनवाने की सुविधा दिलाने की मांग की थी।

### स्कूटी व बाइक की भिड़ंत में तीन घायल

**चन्दौसी, अमृत विचार:** कुढ़फतेहगढ़ थाना क्षेत्र के बेरनी मार्ग पर रतनपुर के पास स्कूटी व बाइक की आमने-सामने की भिड़ंत में दोनों वाहन पर सवार महिला सहित तीन लोग घायल हो गए। जिन्हें उपचार के लिए सीएचसी में भर्ती कराया गया है। एक की हालत गंभीर होने पर चिकित्सक ने हायर सेंटर रेफर कर दिया।

कोतवाली क्षेत्र के पसरट्टा बाजार निवासी तुषार कुमार पुत्र अनिल कुमार शुक्रवार की सुबह 11 बजे थाना कुढ़फतेहगढ़ क्षेत्र के गांव बेरनी स्थित शिव मंदिर में पूजा-अर्चना करने जा रहा था। सुबह साढ़े ग्यारह बजे स्कूटी सवार युवक गांव रतनपुर के पास पहुंचा तो सामने से आ रही बाइक से भिड़ंत हो गई। हादसे में तुषार कुमार व बाइक पर सवार दंपति राम कांत पुत्र धूम सिंह व उसकी पत्नी गुड्डो निवासी पैगारफातपुर थाना कुढ़फतेहगढ़ घायल हो गए।

# ट्रक की टक्कर से पिता पुत्र सहित तीन लोग घायल

संवाददाता, संभल

**अमृत विचार:** सदर कोतवाली क्षेत्र में संभल चंदौसी मार्ग पर ट्रक की टक्कर से बाइक सवार पिता पुत्र सहित तीन लोग घायल हो गए। हालत गंभीर होने पर एक घायल को हायर सेंटर रेफर किया गया।

हयातनगर थाना क्षेत्र के गांव धनेटा सोतीपुरा निवासी शराब की दुकान का सेल्समैन सतपाल शुक्रवार को अपने बेटे अंकित व रिश्तेदार रिंकू के साथ बाइक पर सवार होकर चंदौसी मार्ग से होता हुआ संभल आ रहा था। सतपाल बाइक लेकर जैसे ही सदर कोतवाली क्षेत्र के मुहल्ला नूरियो सराय पहुंचा तो सामने से आ रहे ट्रक ने बाइक में टक्कर मार दी। इस हादसे में सतपाल, अंकित व रिंकू घायल हो गए। हादसे के बाद मौके पर इकठ्ठा हुए आसपास के लोगों ने सतपाल, अंकित व रिंकू को उपचार के लिए निजी वाहन से जिला अस्पताल भिजवाया। हालत गंभीर होने पर डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार देकर सतपाल को हायर सेंटर रेफर कर दिया।

### बाइक की टक्कर से महिला चोटिल

**संभल, अमृत विचार :** हयातनगर थाना क्षेत्र के गांव रसूलपुर धतरा निवासी राजेंद्र की पत्नी चंद्रवती शुक्रवार को जंगल में पशुओं को खिलाने के लिए घास लेने गई थी। घास काटने के बाद चंद्रवती गांव से सरायतरीन आने वाले मार्ग पर पेड़ के नीचे बैठकर आराम कर रही थी। सरायतरीन की ओर से आ रही बाइक ने चंद्रवती को टक्कर मार दी। जिससे वह गंभीर रुप से घायल हो गए। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंचे परिजन चंद्रवती को लेकर जिला अस्पताल आ गए और उपचार के लिए भर्ती कराया।

# स्वामी विवेकानंद लॉ कॉलेज में एलएलबी में प्रवेश शुरू

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

**अमृत विचार:** स्वामी विवेकानंद लॉ कॉलेज मझावली में सत्र 2024-25 के लिए एलएलबी त्रिवर्षीय पाठ्यक्रम में प्रवेश के लिए ऑनलाइन पंजीकरण 23 जुलाई से रूहेलखण्ड विश्वविद्यालय बरेली की बेवसाइट पर खोले जा चुके हैं। एलएलबी में पंजीकरण व प्रवेश हेतु सामान्य वर्ग 45 प्रतिशत, अन्य पिछड़ा वर्ग 42 प्रतिशत एवं अनुसूचित जाति एवं जनजाति के अभ्यर्थी को 40 प्रतिशत न्यूनतम अंकों के साथ स्नातक होना अनिवार्य है।

प्राचार्य डॉ. नरेंद्र कुमार बिन्द्रा ने बताया कि उम्र की कोई बाध्यता नहीं है। इच्छुक छात्र-छात्राएं इस पाठ्यक्रम में अपना प्रवेश लेना चाहते हैं तो वह बेवसाइट पर अपना ऑनलाइन पंजीकरण करके आवेदन पत्र को भरकर अपनी अंकतालिकाओं, प्रमाण पत्रों की छायाप्रति, पांच फोटो एवं रजिस्ट्रेशन शुक्ल 150 रुपये के साथ अंतिम तिथि 15 अगस्त तक महाविद्यालय में आवेदन कर सकते हैं। आवेदन पत्रों के आधार पर मेरिट सूची तैयार कर महाविद्यालय में प्रवेश दिया जाएगा।

### मॉडल लॉ कॉलेज में भी 15 अगस्त तक आवेदन जमा करें

**चन्दौसी, अमृत विचार :** मॉडल पब्लिक लॉ कॉलेज में एलएलबी त्रिवर्षीय पाठ्यक्रम में प्रवेश के लिए इच्छुक अभ्यर्थी विश्व विद्यालय बरेली के पोर्टल पर पंजीकरण करा सकते हैं। यह जानकारी प्राचार्य डॉ. मनोज कुमार गुप्ता ने इच्छुक छात्र-छात्राएं समस्त शैक्षिक प्रमाण पत्रों की छायाप्रति एवं एक फोटो के साथ महाविद्यालय में प्रवेश के लिए 15 अगस्त तक आवेदन कर सकते हैं।

**आयोजन** तैयारियों को अंतिम रूप देने में जुटे कलाकार, झाकियां रहेंगी आकर्षण का केंद्र

# शिवतेरस से पूर्व निकाली जाएगी महादेव की शोभायात्रा

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

**अमृत विचार:** श्रावण मास की शिवतेरस का पर्व दो अगस्त को आस्था और श्रद्धा भाव से मनाया जाएगा। शिवतेरस पर शिवालयों में भगवान शिव के जलाभिषेक के लिए कांवड़िए और शिवभक्तों की भीड़ उमड़ेगी। वहीं शिवतेरस की पूर्व संध्या पर एक अगस्त को कांवड़ सेवा समिति की ओर से कैथल गेट श्री वेणुगोपाल मंदिर के सामने स्थित शिव मंदिर से महादेव की भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी।

शोभायात्रा में द्वादश शिवलिंग, शिव परिवार आदि झाकियां आकर्षण का केंद्र रहेंगी। झाकियों को अंतिम रुप देने के लिए समिति के सदस्य दिन रात जुटे हुए हैं। समिति के अध्यक्ष विजय कुमार पाटिया ने बताया कि शोभायात्रा में झाकियों के अलावा शिव-पार्वती स्वरुप कलाकारों का डीजे पर तांडव नृत्य भी शामिल रहेगा। इसके अलावा शोभायात्रा में भजन सम्राट मनोज शर्मा इंदौरी भजनों की छटा बिखेरेंगे। जो विशेष आकर्षण रहेगा। शोभायात्रा कैथल गेट शिव मंदिर से शाम चार बजे आरंभ होगी और ब्रह्म बाजार, फड़ियाई बाजार, घंटाघर, बड़ा बाजार, घास मंडी, पाटिया बाजार, सीता रोड गणेश मंदिर होते हुए पुनः कैथल गेट शिव मंदिर पहुंच कर संपन्न होगी।

शोभायात्रा की तैयारियों में गिरीश चंद्र, प्रवीण गुप्ता, सौरभ, बंटी, ज्ञानप्रकाश, तरुण नीरज, कन्हैया वार्ष्णेय, अमर शर्मा, सुमित शर्मा, हीरालाल, संजीव वार्ष्णेय, मानव वार्ष्णेय, नवल किशोर, पवन कुमार, मुकेश अग्रवाल, प्रेम यादव तैयारियों में जुटे हुए हैं। समिति की ओर से तीन से नौ अगस्त तक कैथल गेट अक्रूरजीपुरम स्थित महाकालेश्वर मंदिर पर शिव महापुराण कथा का आयोजन किया जाएगा।

- कांवड़ सेवा समिति की ओर से एक अगस्त को कैथल गेट से निकाली जाएगी शोभायात्रा



महादेव की शोभायात्रा के लिए झाकियों को अंतिम रुप देते कलाकार। ● अमृत विचार

## सार संक्षेप

### कांग्रेस ने अत्याचार के खिलाफ बुलंद की थी आवाज

**संभल, अमृत विचार :** नगर के आलम सराय में स्थित शहर कांग्रेस कार्यालय पर कांग्रेस का स्थापना दिवस एवं कारगिल विजय दिवस मनाया गया। कांग्रेसियों ने कारगिल युद्ध में शहीद जवानों को नमन करते हुए राष्ट्रीय ध्वज को सलामी दी। कांग्रेस का झंडा फहराया। शहर अध्यक्ष तौकीर अहमद के नेतृत्व कांग्रेस स्थापना दिवस और कारगिल विजय दिवस कार्यक्रम में वक्ताओं ने कहा कि जब हमारा देश अंग्रेजों का गुलाम था और भारतीयों पर अंग्रेजों द्वारा अत्याचार होते थे, उस समय एओ हयुम नाम के एक अंग्रेज द्वारा कांग्रेस पार्टी की स्थापना की गई। कांग्रेस ने भारतीयों पर किए गए अत्याचार के खिलाफ आवाज बुलंद की और उन्हें न्याय दिलाने का काम किया। आज ही के दिन हमारे देश के वीर सैनिकों ने कारगिल पर विजय प्राप्त की। इस दौरान दाऊद पाशा, आरिफ तनवीर, आरिफ तुर्की, सलमान तुर्की, अकील अहमद, इफ्तेखार कुरैशी, फिरासत अली, मोहम्मद उमर, मोहम्मद नदीम आदि रहे।



कारगिल विजय दिवस पर प्रतियोगिता में पोस्टर दिखाते बच्चे। ● अमृत विचार

### मेरी माटी मेरा देश थीम पर बच्चों ने बनाए पोस्टर

**चन्दौसी, अमृत विचार :** कारगिल विजय दिवस की 25वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में खतियान मोहल्ला स्थित लाला लाजपत राय प्राथमिक विद्यालय में भारत विकास परिषद की ओर से पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता आयोजित की गई। जिसकी थीम 'मेरी माटी मेरा देश' रखी गई। बच्चों ने बहुत ही उत्साह से देशभक्ति की भावना से ओत-प्रोत चित्र बनाए। प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान पाने वाले बच्चों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। सभी बच्चों को कॉपियां और पेंसिल बांटी गई। शाखा सचिव डॉ. दुर्गा टंडन ने कहा कि इस साल देश इस विजय दिवस की 25वीं वर्षगांठ मना रहा है। इस तरह का आयोजन करने का उद्देश्य देश भक्ति की भावना को जागृत करना है। वित्त सचिव डीसी गुप्ता ने बच्चों का उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम में अभिषेक कुमार गुप्ता, रेखा रस्तोगी, सोनी रस्तोगी, सरोज शर्मा, आयुषी, आराधना, मानवी आदि रहे।

### अंत्याक्षरी में सिल्वर स्टोन स्कूल की टीम रही प्रथम

**चन्दौसी, अमृत विचार :** सिल्वर स्टोन सीनियर सेकेंडरी स्कूल में इंटर स्कूल में शुक्रवार को अंत्याक्षरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया। कार्यक्रम का आरंभ मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित करके किया गया। विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं के मध्य अंत्याक्षरी प्रतियोगिता हुई। अंत्याक्षरी में पुराने व नए गीतों को शामिल किया गया। कई राउंड के उपरांत सिल्वर स्टोन स्कूल ने प्रथम, चन्दौसी पब्लिक स्कूल ने द्वितीय, जीके सिल्वर स्टोन ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। विजेता प्रतिभागियों को स्मृति चिह्न व सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि बसंत शंकर, दिवाकर गुप्ता, भुवनेश, आलोक गोयल, मुस्कान, भानु प्रताप सिंह, शिवांगी, प्रधानाचार्य कपिल दीप, शोभित राघव आदि मौजूद रहे।

### जलभराव से ग्रामीण परेशान, नहीं हुआ समाधान

**संभल, अमृत विचार :** पंवासा विकासखंड क्षेत्र में पानी की निकासी नहीं होने से एक मुहल्ले के लोग नौ माह से पानी के बीच रहकर नरकीय जीवन जी रहे हैं। विकासखंड क्षेत्र के गांव मिलक सैजना निवासी प्रेमपाल ने शुक्रवार को बताया कि गांव निवासी वीरभान के घर से कुंवरपाल के घर तक जाने वाले रास्ते पर नौ महीने से पानी भरा हुआ है। पानी की वजह से ग्रामीणों को आने जाने में परेशानी की सामना करने पड़ रहा है। रास्ते में पानी भरा होने से लोग दूसरे रास्तों से होकर घरों में पहुंच रहे हैं या पानी के बीच से होकर निकलने को मजबूर हैं। काफी समय से रास्ते में भरा होने से पानी में काई जम आई है और पानी का रंग भी हरा हो गया है। नौ माह गुजरने के बाद भी किसी ब्लाक के अधिकारी ने गांव में आकर नहीं देखा है। जिसकी वजह से मुहल्ले के लोग नारकीय जीवन जीने को मजबूर हैं।



गोशाला रोड पर बारिश में जाती महिलाएं। ● अमृत विचार

### एक घंटे की बारिश ने दिलाई उमस से राहत

**चन्दौसी, अमृत विचार :** एक घंटे की बारिश से लोगों को उमस भरी गर्मी से राहत मिली है। सुबह से दोपहर तक लोगों को उमस भरी गर्मी ने बेहाल कर दिया था। बारिश होने से कुछ स्थानों पर जलभराव की स्थिति बन गई। मगर थोड़ी ही देर में सड़कों से पानी उतरने पर लोगों आवागमन में राहत मिली। शुक्रवार की सुबह से शाम चार बजे तक उमस भरी गर्मी में लोग बेहाल हो गए। लोगों के कपड़े पसीने में तर नजर आ रहे थे। शाम चार से पांच बजे तक हुई बारिश से लोगों ने उमस भरी गर्मी से राहत महसूस की। बारिश होने से स्टेशन रोड, संभल गेट सहित अन्य स्थानों पर जलभराव हो गया। कुछ समय बाद सड़कों से पानी उतरने लगा।

### रोजगार की तरफ बढ़ने के लिए अच्छा साधन है लाइब्रेरी

**संभल/मनोटा, अमृत विचार :** विकास खंड असमोली की ग्राम पंचायत तुर्तीपुर इनायतपुर के राजस्व गांव सेबड़ा जसरथ नगला में तैयार की गई लाइब्रेरी का उद्घाटन भाजपा जिलाध्यक्ष ने फीता काटकर किया। कार्यक्रम में भाजपा जिलाध्यक्ष चौधरी हरेंद्र सिंह रिंकू ने कहा कि सरकार द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में बच्चों को पढ़ाई की सुविधा हेतु हर पंचायत भवन या ग्राम पंचायत में लाइब्रेरी खोलकर रोजगार की तरफ बढ़ने का अच्छा अवसर प्रदान किया जा रहा है। अधिकारी सरकार की योजनाओं को जमीनी स्तर पर अमल में लाएं। खंड विकास अधिकारी रोहिताश कुमार ने कहा कि जब तक गांव के बच्चे शिक्षित नहीं होंगे, तब तक ग्रामीण विकास संभव नहीं है। सहायक विकास अधिकारी पंचायत ने के विकासखंड असमोली क्षेत्र में 92 ग्राम पंचायत में से 70 ग्राम पंचायतों में लाइब्रेरी का संचालन किया जा रहा है। इस दौरान प्रधान कल्याण सिंह, प्रधान लवकुश शर्मा, बाबा महंत बाबा श्यामलाल भारती, विपिन शर्मा, रोहताश सिंह गुर्जर, सचिव विनीत चौधरी, कुणाल चौधरी, रणजीत सिंह, मुकेश कुमार आदि रहे।



सिरसी में शब्बेदारी में मौजूद शिया मुसलमान। ● अमृत विचार

### तरही शब्बेदारी में पेश किए कलाम, लूटी वाहवाही

**संभल/सिरसी अमृत विचार :** सिरसी में हुई तरही शब्बेदारी में अंजुमनों ने कलाम पेश करके वाहवाही लूटी। अंजुमने गोहरे अजा की ओर से इमाम बारगाह गर्वी में मजलिसे अजा शुरू हुई। जिसमें मर्सिया ख़्वानी गुलशन रजा और उनके हमनवा ने पढ़ी। मजलिस को मौलाना मौलवी शमीम हैदर ने खिताब फरमाया। मजलिस के बाद तरही शब्बेदारी शुरू हुई। जिसमें अंजुमने हुसैनी, अंजुमन रोनके अजा, अंजुमने मुहाफिजे अजा, अंजुमने बहारे अजा, अंजुमने गुंचे इस्लाम, अंजुमने फेजे पंजेतन, अंजुमने जुल्फकारे हैदरी, अंजुमने गुलदस्ता हैदरी, अंजुमने हाशमी, अंजुमने हैदरी, अंजुमने दिलदारे हुसैनी, अंजुमने कारवाने हुसैनी, अंजुमने सफीनाऐ अजा ने कलाम पेश किए। शब्बेदारी के अंत में अंजुमनों को तबर्रुक दिया गया।

## एक नजर

### डिग्री कॉलेज में मनाया कारगिल विजय दिवस

**मंडी धनौरा, अमृत विचार :** शुक्रवार को वाईएमएस पीजी कालिज में 33वीं वाहिनी एनसीसी अमरोहा के कर्नल सुनील कौल के निर्देश पर कारगिल विजय दिवस की रजत जयन्ती पर एनसीसी कैडेट्स को मूवी प्रोजेक्टर पर दिखाई गयी। इसके बाद वाईएमएस पीजी कालिज, भागीरथी देवी महाविद्यालय, बाबा हरदेव सिंह महाविद्यालय, श्री गाधी विद्यालय इंटर कॉलेज, चौधरी मुख्तार पटवारी, तथा कृष्णा सारस्वत इंटर कॉलेज के एनसीसी कैडेट्स तथा एएनओ व केयर टेकर ने अमरोहा वाहिनी से आये सूबेदार ज्ञान सिंह व गोविन्द चौधरी के निर्देशन में शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित कर कैंडल मार्च निकाला। इस अवसर कॉलेज प्रबंधक मोहम्मद रियाज अहमद सैफी, प्राचार्य डॉ. अभय कुमार, प्राचार्य डॉ. एके सिंह, नीरज गहलौत, ले. संजीव कुमार, ले. अनिल कुमार, ले. सन्तोष कुमार सिंह आदि मौजूद रहे।

### सभासद की दुकान से बाइक चोरी, तहरीर दी

**हसनपुर, अमृत विचार :** नगर पालिका के वार्ड 13 के सभासद शुभम अग्रवाल की दुकान नगर के रहरा रोड पर है। गुरुवार को वह दुकान पर बाइक से गए थे और बाइक खड़ी करके दुकान में बैठ गए थे। कुछ देर बाद उन्होंने देखा कि उनकी बाइक गायब है। पीड़ित सभासद शुभम अग्रवाल ने बाइक चोरी होने की सूचना कोतवाली पुलिस को दी और तहरीर देकर बाइक बरामद करने की मांग की। सभासद एसोसिएशन के राष्ट्रीय सचिव शाहनवाज अंसारी ने कहा कि पुलिस ने बाइक को बरामद नहीं किया तो वरिष्ठ अधिकारियों से मिलकर शिकायत दर्ज कराई जाएगी।

### बूंदाबांदी से लोगों को उमस से मिली राहत

**गजरौला, अमृत विचार :** शुक्रवार दोपहर मौसम अचानक बदल दिया और बूंदाबांदी शुरू हो गई। बूंदाबांदी से तापमान में गिरावट आई तो लोगों को गर्मी और उमस से राहत मिली। लेकिन शाम को फिर से उमसभरी गर्मी बढ़ने पर लोग परेशान हो गए। किसानों का कहना है कि बारिश धान समेत उड़द, तिल, मूंग व गन्ने समेत अन्य फसलों के लिए संजीवनी साबित हुई। तेज हवा के साथ बारिश का सिलसिला शुरू हो गया था। दो घंटे तक बूंदाबांदी होती रही। वहीं कई जगहों पर सड़क पर जलभराव से वाहन चालकों व स्कूली बच्चों को परेशानी का सामना करना पड़ा।

# कारगिल विजय दिवस पर पूर्व सैनिकों का सम्मान

## पूर्व सैनिकों को दिए प्रशस्ति पत्र व स्मृति चिह्न, मौन रखकर शहीद सैनिकों को याद किया

**संवाददाता, सैदनगली**

**अमृत विचार :** कारगिल विजय दिवस की 25वीं वर्षगांठ पर सरस्वती शिशु/विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में अमरोहा व संभल के पूर्व सैनिकों का सम्मान किया गया। जिसमें सीओ दीप कुमार पंत ने उनको प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। पुलिस क्षेत्राधिकारी ने सैनिकों के साहस की प्रशंसा की

शुक्रवार को सरस्वती शिशु/विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में कारगिल विजय दिवस की 25वीं वर्षगांठ मनाई गई। इसमें क्षेत्र के पूर्व सैनिकों का सम्मान समारोह में किया गया। कार्यक्रम का प्रारंभ मुख्य अतिथि सीओ हसनपुर दीप कुमार पंत, थाना अध्यक्ष सैदनगली अशोक वर्मा, यशपाल सिंह, डॉ. पुनीत गुप्ता ने मां सरस्वती के चित्रों के सम्मुख दीप प्रज्वलित व पुष्पार्चन कर किया। मां सरस्वती की वंदना के पश्चात प्रधानाचार्य दिवाकर पांडेय ने मुख्य अतिथि सीओ दीप कुमार पंत का स्वागत परिचय कराया। इस अवसर पर पूर्व सैनिक कृपाल सिंह (सेवानिवृत्त कैप्टन) निवासी ग्राम कथना अमरोहा, कृतपाल सिंह सूबेदार मेजर निवासी सैदनगली, भीष्म शर्मा हसनगढ़, अंजू चाहल पत्नी स्व. महेंद्र कुमार निवासी हाजीबेड़ा संभल को पुलिस क्षेत्राधिकारी हसनपुर दीप कुमार पंत व थाना सैदनगली प्रभारी अशोक वर्मा व विद्यालय प्रबंध समिति द्वारा माला, शाल व स्मृति चिह्न सहित प्रशस्ति पत्र भेंटकर सम्मानित किया। दीप कुमार पंत ने छात्र-छात्राओं का मार्गदर्शन करते हुए जीवन में सफलता अर्जित करने के लिए महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विचार प्रस्तुत किए। उन्होंने कहा कि छात्र कभी भी कठिन परिश्रम से पीछे न हटें। विद्यालय प्रबंध समिति के सदस्य डॉ. पुनीत गुप्ता ने कारगिल विजय पर भारतीय सेना की भूमिका, उसके शौर्य, पराक्रम की चर्चा करते हुए देश के सैनिकों को हार्दिक शुभकामनाएं दी।


पूर्व सैनिक को प्रशस्ति पत्र सौंपते सीओ दीप कुमार पंत। ● अमृत विचार


शहीदों को नमन करते जिलाधिकारी राजेश कुमार त्यागी, पुलिस अधीक्षक सहित अन्य।

### शहीद जवानों की स्मृति में दो मिनट का रखा मौन

**अमरोहा, अमृत विचार :** जिलाधिकारी राजेश कुमार त्यागी ने कलेक्ट्रेट परिसर स्थित शहीद स्मारक स्थल पर कारगिल विजय दिवस पर देश के लिए शहीद जवानों की स्मृति में दो मिनट का मौन धारण किया। इसके बाद माल्यार्पण कर उनके बलिदान और उनको नमन किया गया। इस दौरान उनके साथ भाजपा जिला अध्यक्ष उदयगिरि गोस्वामी, पुलिस अधीक्षक कुंवर अनुपम सिंह, मुख्य विकास अधिकारी अश्वनी कुमार मिश्र, अपर जिलाधिकारी सुरेंद्र सिंह, आदि सहित पार्टी के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## सार संक्षेप

### नाच रहे युवक को आया हार्टअटैक, मौत



**हसनपुर, अमृत विचार :** तहसील क्षेत्र के गांव में छोटे भाई के बेटे के जन्मदिन पर डीजे पर डांस करते समय युवक को हार्ट अटैक आ गया। परिजन युवक को लेकर मेरठ ले जा रहे थे। जहां रास्ते में उसकी मौत हो गई। मटीपुरा में गुरुवार रात अंकुर शर्मा के बेटे का जन्मदिन मनाया जा रहा था। अंकुर शर्मा का बड़ा भाई 40 वर्षीय बंटी उर्फ मनोज शर्मा पुत्र प्रेम दत्त शर्मा भी डीजे पर डांस कर रहा था। इसी दौरान बंटी की हालत बिगड़ गई। हालत बिगड़ती देख परिजन बंटी को पास के गांव में निजी चिकित्सक के पास ले गए। जहां चिकित्सक ने युवक की हालत गंभीर देख उसे रेफर कर दिया। परिजन बंटी को लेकर मेरठ जा रहे थे। जहां रास्ते में उसकी मौत हो गई। परिजनों ने बिना कार्रवाई के युवक के शव का अंतिम संस्कार कर दिया। परिजनों द्वारा बताया गया कि मृतक दो भाइयों में सबसे बड़ा था। उसकी अभी शादी भी नहीं हुई थी।



फलों की ड्रेस पहने बच्चे व साथ में शिक्षिका। ● अमृत विचार

### येलो कलर डे पर फ्रूट एवं पॉपकोर्न की पार्टी

**हसनपुर, अमृत विचार :** शुक्रवार को एचएसएस पब्लिक स्कूल की बाल वाटिका में येलो कलर पर फ्रूट एवं पॉपकोर्न पार्टी हुई। पार्टी में बच्चे विभिन्न फलों की वेशभूषा में पहुंचे थे। पार्टी के दौरान बच्चों ने फलों से संबंधित कविता प्रस्तुत की और डांस किया। बाल वाटिका में फलों की दुकान भी लजाई गई थी और बच्चों को दुकान से खरीदारी करना सिखाया गया था। सभी बच्चों ने फ्रूटी एवं पॉपकोर्न का आनंद लिया। प्रधानाचार्य वरुण मोहन गुप्ता ने बच्चों को फलों के महत्व के बारे में बताया। इस अवसर पर प्रबंधक राजीव अग्रवाल, आशुतोष अग्रवाल, रश्मि अग्रवाल, पारुल अग्रवाल, निरुपम चौधरी सहित समस्त स्टाफ मौजूद रहा।



रैली से पहले एकत्र डिग्री कॉलेज के छात्र-छात्राएं व शिक्षक। ● अमृत विचार

# अमर शहीदों को दी श्रद्धांजलि

**संवाददाता, हसनपुर**

**अमृत विचार :** नगर स्थित डिग्री कॉलेज में छात्र-छात्राओं ने कारगिल विजय दिवस पर रैली निकालकर अमर शहीदों को श्रद्धांजलि दी।

शुक्रवार को झम्मन लाल पीजी कॉलेज के छात्र-छात्राओं ने कारगिल विजय दिवस पर रैली निकाली। रैली कॉलेज से प्रारंभ होकर नगर के मुख्य मार्गों पर भ्रमण करती हुई कॉलेज में पहुंचकर संपन्न हुई। उसके बाद छात्र-छात्राओं ने कारगिल युद्ध में हुए अमर शहीदों को नमन करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि दी। छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए 33 यूपी बटालियन एनसीसी के कर्नल सुनील कौल ने बताया कि कारगिल युद्ध में हमारे देश के जवानों ने वीरता के साथ युद्ध किया और विजय प्राप्त की थी। इस विजय में हमारे सैकड़ों जवान और अधिकारी शहीद हुए थे। हम उन सबको नमन करते हैं। इस दौरान डॉ. नेहा सक्सेना, प्रो. अशरफ, सादिक खान, गौरव शर्मा, डॉ. हिरदेश गुप्ता सहित छात्र छात्राएं मौजूद रहे।

### हादसे में बाइक सवार दंपति घायल, रेफर

**हसनपुर, अमृत विचार :** डिग्री कॉलेज के निकट नशे में बाइक सवार युवक ने दूसरी बाइक को टक्कर मार दी। जिससे बाइक सवार दंपति सड़क पर गिरकर घायल हो गए। दोनों घायलों को सीएचसी में भर्ती कराया।

हसनपुर कोतवाली क्षेत्र के रामपुर भूड़ लिंक मार्ग पर रामपुर भूड़ निवासी महावीर सिंह पत्नी शशिबाला के साथ आ रहे थे। जबकि उनके पीछे सैदनगली थाना क्षेत्र के गांव राजा नागल निवासी युवक सुनील पुत्र टीकाराम नशे में बाइक से आ रहा था। जैसे ही दोनों बाइकें नगर के झम्मनलाल डिग्री कॉलेज के निकट पहुंची तो नशे में युवक ने आगे चल रही बाइक में टक्कर मार दी। टक्कर से दोनों बाइकों के सवार और महिला सड़क पर गिरकर घायल हो गए। राहगीरों की सूचना पर मौके पर पहुंची एंबुलेंस से घायलों को सीएचसी में भर्ती कराया। जहां से घायल शशिबाला को चिकित्सकों ने हायर सेंटर रेफर कर दिया।

# नियमित बिजली आपूर्ति न मिलने से ग्रामीण परेशान

**संवाददाता, ढबारसी**

**अमृत विचार :** सरकार के ग्रामीण क्षेत्रों में निर्बाध आपूर्ति के आदेश के बावजूद ढबारसी बिजलीघर से जुड़े उपभोक्ताओं को मात्र तीन से चार घंटे विद्युत आपूर्ति ही मिल पा रही है।

ढबारसी बिजली घर पर तैनात कर्मचारियों की लापरवाही से ग्रामीणों को विद्युत संकट का सामना करना पड़ रहा है। बिजलीघर तक आपूर्ति सुचारु रूप से होती है, लेकिन स्थानीय लोग बिजली उपभोग से वंचित रह जाते हैं। अधिकारियों द्वारा फीडर की मशीनों के खराब होने का बहाना बनाकर लोगों को टरका दिया जाता है, लेकिन मशीनों को ठीक कराने का प्रयास नहीं किया जा रहा है। अखिल भारतीय पसमांदा मुस्लिम मंच के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष तसनीम अहमद उर्फ मोनी चौधरी ने प्रदेश के ऊर्जा मंत्री एके शर्मा को पत्र भेजकर लापरवाह अधिकारियों के विरुद्ध कार्रवाई कर ग्रामीणों को सुचारू रूप से विद्युत आपूर्ति की मांग की है।


तारों की मरम्मत करते बिजलीकर्मी।

- **क्षेत्र में महज तीन से चार घंटे ही मिल रही बिजली आपूर्ति**


पौधरोपण करते सीडीओ अश्विनी कुमार मिश्र व अन्य। ● अमृत विचार

### नंदी विहार गोशाला गुरेठा में किया पौधरोपण

**आदमपुर, अमृत विचार :** ब्लाक गंगेश्वरी के नंदी विहार गोशाला गुरेठा में एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम के तहत पौधरोपण किया गया। पौधरोपण में मुख्य अतिथि सीडीओ अश्विनी कुमार रहे। उन्होंने पौधरोपण कर पर्यावरण का महत्व बताया। एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत समस्त सरकारी विभागों, शिक्षण संस्थानों एवं आम लोग पौधरोपण कर रहे हैं। इसी अभियान के अंतर्गत ब्लाक गंगेश्वरी के ग्राम पंचायत गुरेठा में नंदी विहार गोशाला में पौधरोपण किया। जिसमें मुख्य अतिथि सीडीओ अश्विनी कुमार मिश्र ने जनसभा की और सभी से एक पौधा मां के नाम लगाने की अपील की। जिसमें गंगेश्वरी ब्लॉक के खंड विकास अधिकारी संदीप कुमार, सहायक विकास अधिकारी ग्राम पंचायत अधिकारी राजेश कुमार, ग्राम प्रधान एवं ग्राम वासी मौजूद रहे।

### ठेका सफाईकर्मियों ने वेतन वृद्धि को लेकर सौंपा ज्ञापन

**हसनपुर, अमृत विचार :** राष्ट्रीय दलित पिछड़ा वर्ग के पदाधिकारियों द्वारा पालिका में काम कर रहे ठेका सफाई कर्मचारियों के वेतन वृद्धि की मांग कर डिप्टी कलेक्टर/प्रभारी अधिशासी अधिकारी को ज्ञापन सौंपा। शुक्रवार को राष्ट्रीय दलित पिछड़ा वर्ग के प्रदेश मंत्री विजय पारछा के नेतृत्व पदाधिकारी नगर पालिका में एकत्रित हुए। उन्होंने ठेका सफाई कर्मचारियों के वेतन वृद्धि की मांग उठाते हुए विभा श्रीवास्तव को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से मांग की गई है कि एक मार्च 2024 से श्रम आयुक्त के अनुसार 410 रुपये ठेका सफाई कर्मचारियों का एरियर जमा हो रहा है। आधे सफाई कर्मचारियों का एरियर एवं वेतन भुगतान कराया जाए। अगर ठेका सफाई कर्मचारियों का भुगतान जल्द नहीं किया गया तो सफाई कर्मचारी धरना एवं हड़ताल करने को मजबूर होंगे। ज्ञापन देने वालों में विजय पारछा, अरुण त्यागी मौजूद रहे।


जामा मस्जिद के बाहर तैनात पुलिसकर्मी। ● अमृत विचार

# जुमे की नमाज को लेकर तैनात रहा भारी पुलिस बल

**संवाददाता, हसनपुर**

**अमृत विचार :** कारगिल विजय दिवस एवं जुमे की नमाज को लेकर पुलिस-प्रशासन द्वारा नगर में चौकसी बढ़ा दी गई थी। वहीं, नमाज के समय मस्जिदों के बाहर पुलिस बल तैनात रहा।

कारगिल विजय दिवस एवं जुमे की नमाज को लेकर शासन द्वारा अधिकारियों को क्षेत्र में चौकसी बढ़ाने के निर्देश दिए गए थे। जुमे की नमाज के समय शुक्रवार को जामा मस्जिद के बाहर क्राइम इंस्पेक्टर के नेतृत्व में पुलिस तैनात रहा। वहीं जुमे की नमाज शांतिपूर्ण संपन्न होने के बाद पुलिस ने राहत की सांस ली। प्रभारी निरीक्षक सनोज प्रताप सिंह ने बताया कि जुमे की नमाज को लेकर पुलिस बल तैनात किया गया था।

### मध्य गंगा नहर में पानी पहुंचने पर किसान खुश

**हसनपुर, अमृत विचार :** मध्य गंगा नहर में पानी छोड़े जाने से क्षेत्र के गांव बेगपुर मुंडा में पानी पहुंचने से किसानों में खुशी है। बहुद्देशीय सहकारी समिति भदौरा के सभापति कृष्ण कुमार शर्मा ने कहा कि पिछले वर्ष नहर में पानी चलने से जल स्तर में 10 फिट वृद्धि होने से सूखे सरकारी हैंडपंपों ने पानी देना शुरू कर दिया था। जिन्होंने गत माह तक पानी दिया। अब नहर में पानी चलने से जलस्तर में वृद्धि की संभावना है।

विभागीय अधिकारियों से अपील की है कि छोटे नालों में पानी छोड़े जाने से पिछले वर्ष पुलिया के अभाव में हरियाना एवं मिर्जापुर डूंगर आदि गांवों का संपर्क कट गया था। जिसे लेकर क्षेत्र के किसानों ने जिलाधिकारी कार्यालय पर पहुंचकर पुलिया निर्माण की मांग की थी। लेकिन अब तक पुलिया का निर्माण नहीं किया गया है। इसलिए तत्काल व्यवस्था कर रास्तों को अवरुद्ध होने से बचाया जाए।

# जल जीवन मिशन की धीमी प्रगति से सीडीओ नाराज

**कार्यालय संवाददाता, अमरोहा**

- **समय से काम पूरा न करने पर दिए भुगतान रोकने के निर्देश**

**अमृत विचार :** मुख्य विकास अधिकारी अश्विनी कुमार मिश्रा ने जल जीवन मिशन के तहत फेस दो व तीन की समीक्षा बैठक की। जिसमें कार्य की प्रगति कम होने पर उन्होंने नाराजगी जाहिर की। कहा कि कंपनियों द्वारा तोड़ी गई सड़कों के पुनः निर्माण न होने पर कार्यदायी संस्थाओं के भुगतान पर रोक लगाने के निर्देश दिए हैं।

शुक्रवार को मुख्य विकास अधिकारी ने विकास भवन स्थित कार्यालय में जल जीवन मिशन से जुड़े अधिकारियों व कर्मचारियों की बैठक की। धीमी कार्य प्रगति पर उन्होंने नाराजगी जाहिर करते हुए समय से कार्य पूरा करने के लिए कहा है। समीक्षा के दौरान कार्यदायी संस्था पीएनसी, एसपीएमएल के प्रतिनिधि सर्वेश राय ने बताया कि 40 दिन में कोई भी वितरण प्रणाली का कार्य नहीं किया गया है। कंपनी के प्रतिनिधि सर्वेश राय ने आश्वासन दिया कि 15 अगस्त तक सभी पाइप लाइन बिछाने का कार्य पूरा कर लिया जाएगा। कंपनी द्वारा 40 दिनों में कुल 338 कनेक्शन किए गए जो की बहुत कम है। फेस 2 के तहत ही कंपनी एलसी इंफ्रा कोई प्रोजेक्ट पूरा नहीं कर सकी है। फेज 3 के तहत फर्म ओएमआईएल नई दिल्ली के बीते 40 दिन में कुल 723 कनेक्शन करने पर सीडीओ ने तेजी लाने के निर्देश दिए। सीडीओ ने अधिशासी अभियंता जल निगम ग्रामीण को निर्देशित किया है कि फार्म द्वारा जो सड़क पुनस्थापना के कार्य किए हैं उनकी जांच किसी भी अन्य विभाग द्वारा कराकर ही फर्म को भुगतान करें।

### रोजगार मेले में 49 अभ्यर्थियों का चयन

**अमरोहा, अमृत विचार :** सेवायोजन कार्यालय की तरफ से केशोपुर आईटीआई रोजगार मेले का आयोजन किया गया। मेले में कई कंपनियों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया और साक्षात्कार के आधार पर 49 अभ्यर्थियों का चयन किया है।

शुक्रवार को कैलसा रोड पर स्थित गांव केशोपुर आईटीआई में रोजगार मेले का आयोजन किया गया। मेले में तीन कंपनियों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। उन्होंने मेले में रोजगार के लिए आए अभ्यर्थियों का साक्षात्कार किया और उसके आधार पर उनका कंपनी के लिए चयन किया गया। सेवायोजन कार्यालय के कनिष्ठ लिपिक राम जी मिश्रा ने बताया कि मेले में 79 अभ्यर्थी पहुंचे। जिसमें से तीनों कंपनियों के प्रतिनिधियों ने 49 अभ्यर्थियों का चयन किया है। मेले में आईटीआई कॉलेज के प्रधानाचार्य राहुल कृष्ण शर्मा का योगदान रहा। मेले में कॉलेज के अध्यापक व स्टाफ मौजूद रहा।



कार्यक्रम में मौजूद किसान और संस्था के पदाधिकारी। ● अमृत विचार

### पशु आरोग्य शिविर में पशुओं की जांच की

**गजरौला, अमृत विचार :** जुबिलेट भरतिया फाउण्डेशन एवं बी एबल फाउण्डेशन के सौजन्य से संचालित पशु पोषक अभियान के तहत शुक्रवार को सलेमपुर गौसाईं में श्याम सुन्दर शर्मा के आवास पर पशु आरोग्य शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें प्रशिक्षित पशु चिकित्सकों द्वारा किसानों के पशुओं की जांच की गई एवं किसानों को मिनरल मिक्सचर, कैल्शियम एवं संतुलित आहार के बारे में बताया गया। किसानों को नि:शुल्क मिनरल भी वितरण किया गया। इस शिविर में साजिद पाशा, बूंदी सिंह, अरुण चौधरी, नवनीत सिंह, आदित्य कुमार, चंदन कुमार, शुभम सिद्धू अभिषेक विश्नोई, ब्रजेश शर्मा इत्यादि मौजूद रहे।

**आयोजन** शिक्षण संस्थानों में स्मार्टफोन और टेबलेट का वितरण किया गया, कुल 351 छात्र-छात्राओं को स्मार्टफोन व टेबलेट वितरण किए गए

# तकनीकी युग में स्मार्टफोन प्रत्येक विद्यार्थी के लिए लाभकारी : राजीव

**संवाददाता, मंडी धनौरा**

**अमृत विचार :** प्रदेश सरकार की टेबलेट व स्मार्टफोन वितरण योजना के अंतर्गत शुक्रवार को भागीरथी डिग्री कॉलेज में छात्र-छात्राओं को स्मार्टफोन का वितरण किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधायक राजीव तरारा व उप जिलाधिकारी चंद्रकांता ने मां सरस्वती के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का आरंभ किया।

विधायक राजीव तरारा ने कहा कि मुख्यमंत्री का सपना है कि प्रदेश का युवा समग्र रूप में सक्षम हो। प्रदेश में वितरित किये जा रहे स्मार्टफोन व टेबलेट से युवा अपनी पढ़ाई व रोजगार को आगे बढ़ाने में सफल होंगे। उन्होंने कहा कि केंद्र व प्रदेश सरकार के प्रयास से नया भारत विकसित भारत की ओर बढ़ रहा है। कहा कि डिजिटल युग में बहुत कार्य कंप्यूटर तथा मोबाइल पर आसानी से हो जाते हैं। भविष्य में सरकार युवाओं के लिए अनेक प्रकार की नौकरियां तथा योजना लेकर आ रही है। एसडीएम चंद्रकांता ने कहा कि जहां स्मार्टफोन छात्र छात्राओं की पढ़ाई में सहायक सिद्ध होगा तो वहीं रोजगार की सूचनाओं के लिए भी वरदान है। महाविद्यालय में 100 छात्र छात्राओं को स्मार्टफोन का वितरण किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय प्रबंधक राजेंद्र कुमार अग्रवाल, डॉ. सुबोध देवरा, रविंद्र कुमार, प्राचार्य डॉ. अभय कुमार, डॉ. अनिल सिरोही, डॉ. ममता अग्रवाल, डॉ. प्रतिभा सारस्वत, संजीव कुमार संजय गुप्ता, राजन गर्ग सहित आदि मौजूद रहे।

- **महाविद्यालय में कुल 100 छात्र छात्राओं को स्मार्टफोन दिए गए**



भागीरथी डिग्री कॉलेज में छात्रा को स्मार्टफोन देते विधायक व एसडीएम।


स्मार्टफोन दिखाते विद्यार्थी, साथ में भाजपा जिला महामंत्री अभिनव कौशिक, थानाध्यक्ष अशोक कुमार। ● अमृत विचार

### स्मार्टफोन पाकर छात्र-छात्राओं के खिले चेहरे

**सैदनगली, अमृत विचार :** शुक्रवार को मुसव्विर हुसैन बाकरी मेमोरियल पीजी कॉलेज में स्मार्टफोन बांटे गए। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि भाजपा जिला महामंत्री अभिनव कौशिक व थाना अध्यक्ष अशोक कुमार ने 251 विद्यार्थियों को स्मार्टफोन दिए। प्राचार्य डॉ. फरमान हैदर बाकरी ने अतिथियों का स्वागत किया। कार्यक्रम का संचालन कामेन्द्र सिंह ने किया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के शिक्षक कुलदीप सिंह, शीम हैदर, दीपक कुमार, मोमराज सिंह, रामलाल, अजादार हुसैन, आमना, दीपक त्यागी, सानिया, रीनू, गनपत सिंह, चन्द्रभान सिंह, अनिल कुमार सहित कॉलेज का अन्य स्टाफ मौजूद रहा।

### किसानों का अनशन 12वें दिन भी जारी

**गजरौला, अमृत विचार :** राष्ट्रीय किसान मजदूर संगठन का क्रमिक अनशन बिजलीघरों पर 12वें दिन भी जारी रहा। शुक्रवार को खादगुर्जर बिजलीघर पर अधिशासी अभियंता व जेई पहुंचे। वहां उन्होंने किसानों से समस्याओं की जानकारी की। संगठन के पश्चिमी उत्तर प्रदेश अध्यक्ष चौधरी उपेन्द्र सिंह ने कहा कि जब सरकार नलकूप बिल माफी की घोषणा कर चुकी है तो बिल खत्म क्यों नहीं खत्म किए गए। कहा कि विभाग द्वारा पंजीकरण केवाईसी व मीटर लगाने की शर्त क्यों लगाई जा रही है। किसानों ने मांगों का निस्तारण नहीं होने तक अनशन जारी रखने का निर्णय लिया। किसानों ने अधिशासी अभियंता को ज्ञापन भी सौंपा।

Shree Balaji Finances Associates
New And Used Comercial Vehicle Loan
Home Loan | Personal Loan | Education Loan
Business Loan | Mortgage Loan
Our Specialisation- Minimum Document, Interest & Minimum Time period
Maximum Loan Amount
We Provided Investor For All Types Of Property Purchase & Sale Deals
All types loan amount 1 lakh to 1 Cr. Provided
Sumit Rahal Mob.- +91 9058612491
Add:- Opp. Crest Hospital, Mora Mustqam, Kanth Road, Moradabad- 244001

### खोया-पाया

मेरा नाम एल.आई.सी. पॉलिसी नम्बर 253572991 में वासू कुमार राजपूत दर्ज है, जो कि गलत है। विभिन्न अभिलेखों में मेरा सही नाम सिद्धार्थ राजपूत अंकित है। अत: मुझे सिद्धार्थ राजपूत के नाम से जाना व पहचाना जाये।

सिद्धार्थ राजपूत पुत्र भूप्रकाश सिंह निवासी ग्राम मौहड़ी हजरतपुर, तहसील व थाना कांठ, जिला मुरादाबाद

न स सख्या यो न ददाति सख्ये, सचाभुवे सचमानाय पित्वः ।
अपास्मात्प्रेयान्न तदोको अस्ति, पृणन्तमन्यमरणं चिदिच्छेत् ।।

जो लोग अपने पर हुए उपकार का कर्ज नहीं चुकाते, जो दूसरों की सेवा करने में कंजूस हैं, इस दुनिया में कोई भी उनका शुभचिंतक नहीं है। इसलिए मनुष्य को स्वभाव से हमेशा उदार रहना चाहिए।

## संपादकीय

# वनों का विस्तार

पर्यावरण संरक्षण तथा जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों से निपटने में वन क्षेत्रों का महत्व सर्वाधिक है। वैश्विक स्तर पर बढ़ती आबादी और विकास की दौड़ ने ऐतिहासिक रूप से जंगलों को नष्ट किया है, जिसका दुष्परिणाम पूरी दुनिया भुगत रही है। ऐसी स्थिति में पर्यावरण और जलवायु को लेकर सकारात्मक प्रयास में बड़ी वृद्धि हुई है। संयुक्त राष्ट्र की संस्था खाद्य एवं कृषि संगठन ने अपनी ताजा रिपोर्ट में रेखांकित किया है कि 2000 से 2020 की अवधि में वन क्षेत्रों के नुकसान में 23 प्रतिशत की कमी आई है। इसमें भारत ने भी महत्वपूर्ण योगदान दिया है। संगठन के अनुसार, हमारे देश में 2010 से 2020 की अवधि में वन क्षेत्र में हर वर्ष 2.66 लाख हेक्टेयर की बढ़ोतरी हुई है। इस वृद्धि के मामले में चीन और ऑस्ट्रेलिया ही भारत से आगे है। वन क्षेत्र का विस्तार करने वाले शीर्ष के देशों में चिली, वियतनाम, तुर्की, अमेरिका, फ्रांस, इटली और रोमानिया शामिल हैं। इस रिपोर्ट में नए तौर-तरीकों से क्षरित भूमि को सुधारने तथा कृषि वानिकी विस्तृत करने के लिए भारत की प्रशंसा की गई है। उल्लेखनीय है कि भारत स्वच्छ ऊर्जा के उत्पादन और उपभोग में भी उल्लेखनीय प्रगति कर रहा है। इस वर्ष के बजट में भी स्वच्छ ऊर्जा से संबंधित अनेक महत्वपूर्ण प्रावधान किए गए हैं, जिनमें इलेक्ट्रिक वाहनों तथा सौर, पवन, जल एवं परमाणु ऊर्जा को विकसित करने के प्रस्ताव हैं। स्वच्छ ऊर्जा उद्योग के लिए आवश्यक वस्तुओं के आयात शुल्कों में कमी की गई है और कुछ को शुल्क मुक्त कर दिया गया है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ग्लासगो जलवायु सम्मेलन में भारत की इस प्रतिबद्धता को भी सामने रखा था कि 2070 तक शून्य उत्सर्जन के लक्ष्य को हासिल कर लिया जाएगा। वन क्षेत्रों के विस्तार से उत्सर्जन रोकने के साथ-साथ मिट्टी, जल और वायु को संरक्षित रखने में बड़ी मदद मिलेगी। वन अर्थव्यवस्था में भी उल्लेखनीय सहयोग देते हैं। कुछ समय पहले यह चिंताजनक सर्वेक्षण सामने आया था कि भारत के गांवों में खेतों के किनारे पेड़ों की संख्या में भारी कमी आई है। शहरी बाढ़, जल-जमाव और संकट ने इस तथ्य को रेखांकित किया कि जलीय स्रोतों और निकासी के नैसर्गिक रास्तों को नष्ट करने के कारण ऐसी समस्याएं आ रही हैं। इस वर्ष की भीषण गर्मी ने भी चेतावनी दे दी है कि पेड़ों, जंगलों और जलीय स्रोतों को संरक्षित करने के अलावा कोई विकल्प नहीं है। वन क्षेत्रों का बढ़ना उत्साहजनक है, पर जंगली आग की बढ़ती घटनाओं को रोकने पर भी हमें ध्यान देना होगा।

# उनकी रणनीति से ओलंपिक हुए सुरक्षित



विवेक शुक्ला
वरिष्ठ पत्रकार

जाहिर है अश्वनी कुमार ने ओलंपिक जैसे आयोजन की सुरक्षा व्यवस्था की निगाहबानी करने से पहले सोचा तो होगा। अंत में उन्होंने आईओसी से मिली जिम्मेदारी को स्वीकार किया। उसके बाद किसी आतंकी संगठन को ओलंपिक खेलों में किसी तरह का व्यवधान डालने का मौका नहीं मिला।

**ओलंपिक का पहला और अंतिम दिन : अश्वनी कुमार ओलंपिक खेलों को सुरक्षित आयोजित करने की रणनीति बनाने से लेकर अपराधियों से सीधे दो-दो हाथ करने के लिए तैयार रहते थे। उनका मुख्य फोकस ओलंपिक खेलों के पहले और अंतिम दिन की सुरक्षा व्यवस्था पर रहता था। वे मानते थे कि ये दोनों दिन सुरक्षा एजेंसियों के लिए सबसे महत्वपूर्ण होते हैं। इन्हीं दोनों दिनों में आतंकी अपने शिकार पर हमला करने की फिराक रहते हैं। खेलों की समाप्ति वाले दिन तो इसलिए क्योंकि उस दिन सब रिलेक्स मूड में होते हैं। इसलिए उस दिन सुरक्षा व्यवस्था को बहुत चाक-चौबंद रखना होता है। थोड़ी सी भी लापरवाही के कारण लेने के देने पड़ जाते हैं।**

पेरिस में हो रहे ओलंपिक खेलों और साउथ दिल्ली की फ्रेंड्स कॉलोनी का सीधा रिश्ता है। दरअसल फ्रेंड्स कॉलोनी में कुछ बरस पहले तक एक सज्जन रहते थे, जिनकी वजह से ओलंपिक खेलों का आयोजन सुरक्षित हुआ। अगर 1972 के म्युनिख ओलंपिक खेलों में हुए इजराइली खिलाड़ियों के कत्लेआम के बाद फिर ओलंपिक खेलों में कभी उस तरह का भयानक हादसा नहीं हुआ तो उसका श्रेय उन्हीं को जाता है। उनका नाम था अश्वनी कुमार। म्युनिख की दिल दहलाने वाली आतंकी घटना के बाद अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक संघ (आईओए) ने तेज-तर्रार पुलिस अफसर अश्वनी कुमार से गुजारिश की कि वे आगामी शीतकालीन और ग्रीष्मकालीन ओलंपिक खेलों की सुरक्षा व्यवस्था को मेजबान देश के साथ मिलकर देखें। अश्वनी कुमार देश की आजादी से पहले इंपीरियल पुलिस सर्विस के अफसर थे। आजादी के बाद अश्वनी कुमार जैसे अफसर भारतीय पुलिस सेवा में शामिल कर लिए गए थे। वे भारतीय ओलंपिक संघ (आईओसी) से भी सक्रिय रूप से जुड़े हुए थे। बेशक अश्वनी कुमार को बेहद चुनौतीपूर्ण दायित्व मिला था। माना जाता है कि ओलंपिक से बड़ा और कोई आयोजन धरती पर तो नहीं होता है। अब पेरिस ओलंपिक को ही लें। इसमें 206 देशों के हजारों खिलाड़ी, कोच, स्पोर्ट स्टाफ, दर्शक वगैरह हिस्सा ले रहे हैं। खेलों को अपने टीवी सेटों पर अरबों खेल प्रेमी देखेंगे। समझा जा सकता है कि ओलंपिक खेलों का स्तर कितना बड़ा होता है।

जाहिर है अश्वनी कुमार ने ओलंपिक जैसे आयोजन की सुरक्षा व्यवस्था की निगाहबानी करने से पहले सोचा तो होगा। अंत में उन्होंने आईओसी से मिली जिम्मेदारी को स्वीकार किया। उसके बाद किसी आतंकी संगठन को ओलंपिक खेलों में किसी तरह का व्यवधान डालने का मौका नहीं मिला। अश्वनी कुमार ने मांट्रियल (1976), मास्को (1980), लॉस एजेंल्स (1984), सिओल (1988), बार्सिलोना (1992), अटलांटा (1996) तथा सिडनी (2000) के ओलंपिक खेलों से जुड़े स्टेडियमों, ओलंपिक विलेज, मीडिया सेंटरों, खिलाड़ियों, वीआईपी, दर्शकों वगैरह की सुरक्षा को खासतौर पर देखा और मेजबान देश की सुरक्षा एजेंसियों को जरूरी इनपुट्स दिए। उन्होंने सिडनी ओलंपिक के बाद बढ़ती उम्र के कारण अपनी जिम्मेदारी को छोड़ा था।

आईओसी की तरफ से जैसे ही किसी शहर को ओलंपिक खेल आवंटित होते तो वे वहां पर जाने लगते आयोजन समिति से तालमेल के लिए। फिर वे वहां पर सुरक्षा से जुड़ी व्यवस्थाओं को अंतिम रूप देते। कड़क पुलिस अफसर अश्वनी कुमार कहते थे कि ग्रीष्मकालीन खेल खिलाड़ियों और दर्शकों की भागेदारी के लिहाज से शीतकालीन खेलों की तुलना में बहुत व्यापक स्तर पर होते हैं। इसलिए उनकी निगाहबानी करना ही असली चैलेंज होता है।

अश्वनी कुमार भी उस मनहूस 5 सितंबर 1972 को म्युनिख में ही थे जब उन्हें पता चला कि फिलिस्तीन के आतंकियों ने ओलंपिक विलेज पर धावा बोल दिया है। उस हमले के बारे में किसी ने ख्वाबों में भी नहीं सोचा था। हमले में निशाने पर इजराइल की ओलंपिक टीम थी। उस डरावनी घटना के पीछे फिलिस्तीन के 8 आतंकियों का हाथ था। उन आतंकियों ने 11 इजराइली खिलाड़ियों की हत्या कर दी थी। बाद में हेलीकॉप्टर के जरिए रेस्क्यू ऑपरेशन में पांच आतंकी और एक पुलिसकर्मी की मौत हो गई थी। फिलिस्तीन लिबरेशन आर्मी (पीएलओ) के आतंकियों ने खिलाड़ियों को छोड़ने के एवज में इजराइल की जेलों में बंद करीब 234 फिलिस्तीनियों की छोड़ने और उन्हें सुरक्षित मिस्र भेजने की मांग रखी थी।

ओलंपिक का पहला और अंतिम दिनः अश्वनी कुमार ओलंपिक खेलों को सुरक्षित आयोजित करने की रणनीति बनाने से लेकर अपराधियों से सीधे दो-दो हाथ करने के लिए तैयार रहते थे। उनका मुख्य फोकस ओलंपिक खेलों के पहले और अंतिम दिन की सुरक्षा व्यवस्था पर रहता था। वे मानते थे कि ये दोनों दिन सुरक्षा एजेंसियों के लिए सबसे महत्वपूर्ण होते हैं। इन्हीं दोनों दिनों में आतंकी अपने शिकार पर हमला करने की फिराक रहते हैं। खेलों की समाप्ति वाले दिन तो इसलिए क्योंकि उस दिन सब रिलेक्स मूड में होते हैं। इसलिए उस दिन सुरक्षा व्यवस्था को बहुत चाक-चौबंद रखना होता है। थोड़ी सी भी लापरवाही के कारण लेने के देने पड़ जाते हैं।

जब अश्वनी कुमार ने ओलंपिक खेलों के सुरक्षा इंतजामों को देखने की जिम्मेदारी संभाली थी, तब तक भारत ओलंपिक खेलों में बमुश्किल से एक-दो पदक ही जीत पाता था। फिर भी उन्हें इतनी खास अहम जिम्मेदारी मिली थी। वे आईओसी के दो अध्यक्षों क्रमशः लॉर्ड किलिनन और जे.ए.समारांच के विश्वासपात्र थे। अश्वनी कुमार को देश ने पहली बार तब जाना था जब उन्होंने पंजाब के मुख्यमंत्री प्रताप सिंह कैरों के हत्यारे सुच्चा सिंह को नेपाल में जाकर पकड़ा था। कैरों राजधानी में कर्जन रोड (कस्तूरबा गांधी मार्ग) में अपने मित्र से मिलकर 6 फरवरी, 1965 को वापस चंडीगढ़ जा रहे थे। रास्ते में सोनीपत के पास राई में उनका सुच्चा सिंह और उनके साथियों ने कत्ल कर दिया था। अश्वनी कुमार नेपाल में सुच्चा सिंह का पीछा करते हुए काफी दूर तक भागे थे। दोनों में हाथापाई हुई, पर अश्वनी कुमार के घूंसों की बौछार ने सुच्चा सिंह को पस्त कर दिया था। इससे पहले भारत सरकार ने उन्हें 1951 में सौराष्ट्र के खूंखार डाकू भूपत गिरोह को खत्म करने के लिए भेजा था। वहां पर भी वे सफल हुए थे।

हॉकी में तो मानों उनकी जान बसती थी। उन्होंने अपनी एक बेटी का नाम ही हॉकी रख दिया था। पंजाब पुलिस के महानिदेशक रहते हुए वे भारतीय हॉकी संघ के अध्यक्ष बने। वहां से वे फिर भारतीय ओलंपिक संघ से भी जुड़ गए।

अश्वनी कुमार सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के दूसरे महानिदेशक थे और उन्होंने इस सशस्त्र बल को खड़ा किया था। उन्हें बीएसएफ का पितामह माना जाता है। उनके नाम पर दिल्ली के निजामउद्दीन एरिया में बीएसएफ की एक बिल्डिंग भी है। उन्होंने पंजाब पुलिस और बीएसएफ में दर्जनों खिलाड़ियों को नौकरी दी। उनमें बलबीर सिंह सीनियर, अजीतपाल सिंह, उधम सिंह आदि शामिल हैं। पूर्व रॉ प्रमुख और धाकड़ पुलिस अफसर ए.एस.दुलत कहते हैं कि अश्वनी कुमार सोचने-समझने वाले पुलिस अफसर होने के साथ-साथ संगीत, कला, साहित्य में दखल रखते थे। अश्वनी कुमार का साल 2015 में निधन हो गया था।

## प्रसंगवश

# शिव सूत्र

श्रावण मास हो और शिव जी की चर्चा न हो तो सारी चर्चा निरर्थक है। इन भूतभावन भगवान शंकर के अनगिनत स्तोत्र, ग्रंथ और रचनाएं हैं तथा इनके गुणों का सम्यक् गान तो शारदा और शेष भी नहीं कर सकते। हमारी क्या बिसात! यहां हम उनके "शिव सूत्र" की बात करते हैं, जिनकी जानकारी अपेक्षाकृत कम लोगों को है।



रघोत्तम शुक्ला
सेवानिवृत्त पीसीएस

यह शब्द पुंज दो अर्थों में प्रयुक्त होता है। प्रथमः कश्मीर दर्शन के संबंध में, जिसमें 77 सूत्र हैं। ये तीन अध्यायों में विभक्त हैंः शाम्भवोपाय, शाक्तोपाय, आणवोपाय। कथानुसार नवीं शताब्दी में कश्भीर में वसुगुप्त नामक सिद्ध ऋषि थे, जिन्हें स्वयं भगवान शंकर ने स्वप्न में बताया कि 'असीम ज्ञान की खान मेरे 77 सूत्र 'महादेवोपला' पर्वत शिखर की एक चट्टान में उत्कीर्ण हैं'। ऋषि वहां गए और वैसा ही पाया, फिर उन्हें व्याख्यायित करके विश्व कल्याणार्थ लोकार्पित कर दिया। ये सूत्र गीता के समकक्ष ही महान दर्शन तत्व समेटे हैं। यह पर्वत शृंग और शिला अब भी विद्यमान है और श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र है, किंतु अब सूत्र दृश्यमान नहीं हैं। हो भी कैसे सकते हैं। इसके लिए शिव प्रदत्त दिव्य दृष्टि की आवश्यकता होती है। एक अन्य अर्थ में भी ये शब्द प्रयुक्त होते हैं। 14 सूत्रों का एक अन्य समूह भी है, जिसकी प्रचुर तांत्रिक शक्ति है और अध्यात्म जगत की अक्षुण्ण निधि है। कथानक है कि प्राचीन काल में पाणिनि व्याकरण ज्ञान के लिए और सनकादि चारो ऋषि ब्रह्म ज्ञानार्थ प्रयाग में अक्षय वट के नीचे शंकर जी की आराधना/तपस्या कर रहे थे।

भोलेनाथ प्रसन्न होकर प्रकट हो गए और आत्म विस्मृत हो डमरु बजाते हुए तांडव नृत्य करने लगे। उनकी डमरुध्वनि से 14 वर्ण पुंज निसृत हुए, जिससे इन सब तपस्वियों के अभीष्ट की पूर्ति हो गई। ये ही 14 शिव सूत्र हैं, जो इस प्रकार हैंः1-अ इ उ ण, 2-ऋ लृ क्, 3-ऐ ओ ङ्, 4-ऐ औ च्, 5-ह य व र ट्, 6-ल ण् 7-य म ङ ण न म्, 8-झ म ञ्, 9-घ ड घ ष्, 10-ज ब ग ड द श्, 11-ख फ छ ठ थ च ट त न्, 12-क प य्, 13-श ष स र्, 14-ह ल् मान्यता है कि सोलह खानों का एक चतुर्भुज बनाकर चौदह में ये सूत्र लिख दे। पन्द्रहवें में साधक अपना नाम लिखे और सोलहवें में "ॐ नमःशिवाय", तो उसे सर्वार्थ सिद्धि प्राप्त होगी।

# धर्म और संस्कृति



शैलेन्द्र प्रताप सिंह
से.नि., पुलिस महानिरीक्षक

**हिंदू धर्म में नाथों सिद्धों के भी विद्रोह हैं और मध्ययुग में संतों की मुखर असहमतियां हैं। पर प्रश्न है असली हिंदू धर्म क्या है?**

कश्मीर के भूतपूर्व महाराजा और जाने-माने भारतीय राजनीतिज्ञ डॉ.कर्ण सिंह हिन्दू दर्शन के अच्छे ज्ञाता हैं और वह मानते हैं कि हिंदू धर्म में पूरी मानवता की एकात्मता की स्वीकृति 'ऋग्वेद' में 'वसुधैव कुटुम्बकम्' के रूप में दर्ज है। सभी धर्मों की समरसता की बात भी 'ऋग्वेद' की पंक्ति-'एक सद् विप्रा बहुधा वदंति' से प्रकट होती है, पर किताबों से हटकर भी व्यवहार में बहुत कुछ अलग भी हर धर्म में होता है, होता रहता है। सामान्यतः प्रत्येक धर्म/ संस्कृति के तीन रूप होते हैं-शास्त्रीय, ऐतिहासिक और व्यवहृत। हिन्दुत्व की भी यही स्थिति है। शास्त्रीय हिन्दुत्व किताबी है, जिसमें उपरोक्तानुसार खूबियां हैं, पर इसके अंदर तमाम अंतर्विरोध भी हैं। 'जन्मनाजायते शूद्राः कर्मणाद्विज उच्चते' जैसी स्थापना है तो समाज के जन्मना विभाजन की स्वीकृति और मनुस्मृति भी सामने है।

तुलसीदास सीता परित्याग और शम्बूक वध जैसे आख्यानों को अपने 'मानस' में जगह नहीं देते, निषाद राज, शबरी, अहल्या इत्यादि प्रसंग उनकी ब्राह्मणेतर संवेदना की ओर भी संकेत करते हैं, पर उनमें द्विज-श्रेष्ठता और वर्ण-धर्म पर भी बल है। हिंदू धर्म में व्यवहृत रूप में कर्मकांडों एवं अनुष्ठानों का जखीरा है। हिन्दूधर्म वर्ण व्यवस्था के अनुपालन में उदार नहीं है। ऐसा लगता है कि वर्ण व्यवस्था ही हिंदू धर्म की जीवनशैली बन गई है। जब ऋग्वेद में "प्रज्ञानं ब्रह्म" यजुर्वेद में "अहं ब्रह्मास्मि", सामवेद में "तत्वमसि" तथा अथर्ववेद में "अयमात्मा ब्रह्म" महावाक्य सुशोभित है और यही बात उपनिषदों में विस्तार से बतलाई गई है तब फिर यह छूआछूत क्यों?

हम गंगा को माता मानते हैं, पर जितना गंदा हम माता को कर सकते हैं, हमने किया और आज भी कर रहे है। ऐतिहासिक हिन्दुत्व सुधार आंदोलनों और विद्रोहों से भी भरा पड़ा है। साफ है कि हिंदू धर्म में कुछ ऐसा था, जिसका सुधार होना था। जैन और बुद्ध पथ एक सुधार आंदोलन ही था। बुद्ध पथ कालांतर में स्वतंत्र धर्म बन गया। बुद्ध के 'धम्म' में हिंदू धर्म की तरह आस्था और कर्मकांडों पर बल नहीं है। बुद्ध के आविर्भाव के बाद से इस देश में संस्कृति की दो धाराएं बहने लगी हैं। बुद्ध धारा बृहत् मानवता की धारा है।

यह धारा वर्णाश्रम धर्म के विरुद्ध है, जात-पात को वह नहीं मानती है। छुआछूत को वह अधर्म समझती है, भारत का निर्यात-धर्म बौद्ध धर्म निकला। कोई आश्चर्य नहीं कि इस देश में धर्म के जो शक्तिशाली ठेकेदार थे, उन्होंने बौद्ध मत को खदेड़कर देश से बाहर निकाल दिया, किंतु बौद्ध मत हिंदुत्व के भीतर आज भी जीवित और सचेत है। लगता है वैदिक धर्म की जो बातें बुद्ध को नापसंद थीं। वे धर्म के तत्व नहीं, उसके ऊपर जमी हुई रूढ़ियों की पपड़ियां हैं और उन्हें तोड़कर झाड़े बिना भारतधर्म नवीन नहीं होगा।

हिंदू धर्म में नाथों सिद्धों के भी विद्रोह हैं और मध्ययुग में संतों की मुखर असहमतियां हैं। पर प्रश्न है असली हिंदू धर्म क्या है? खैरियत यह है कि इतिहास ने उसे सुलझाकर हमारे लिए आसान कर दिया है। हिंदुत्व का नवीन और जाग्रत रूप अब वह है, जिसका आख्यान राममोहन राय, रामकृष्ण परमहंस, स्वामी विवेकानंद, गांधी तथा डॉ. आंबेडकर आदि तमाम समाज सुधारकों ने किया है।

मुस्लिम और ईसाई धर्मों में भी अंतर्विरोध है। 'कुरआन-ए-पाक' में काफिर को मिटा देने के भी निर्देश हैं और क्षमा, सदाशयता और सहअस्तित्व की हिदायत भी है। यहां जेहाद भी है और इसी से निःसूत सूफी-जीवन-बोध भी है। अर्थात् इसमें जेहाद, 'अक्ल' और 'अकीदा' दोनों के लिए जगह है। प्रेम और सेवा पर बल देने वाली 'बाइबिल' में भी विधर्मियों के प्रति असहिष्णुता है और संसार से लेकर नर्क तक कठोर दंड-विधान हैं। आधुनिक सभ्यता के निर्माण में ईसाई राष्ट्रों का अकूत योगदान है, लेकिन इन्हीं आधुनिक ईसाई राष्ट्रों ने अफ्रीका, लैटिन अमेरिका और एशिया में जितना अत्याचार किया है वह मानवता के इतिहास में बेमिसाल है। इनका गुलाम-व्यापार, साम्राज्यवादी दोहन, जापान पर आणविक हमला और इराक की बर्बादी के लिए कौन जिम्मेदार है? इसके बावजूद, इसने शेक्सपियर, मिल्टन, शेली आदि जैसे क्रांतिचेता कवि और बेकन, रसेल जैसे समाजधर्मा दार्शनिक दिया और औद्योगिक क्रांति एवं लोकतंत्र की चेतना प्रदान की।

## सोशल फोरम

# जातिगत विद्वेष

**हम जाति, धर्म और संप्रदाय नामक तमाम तरह के खोल ओढ़कर अपनी मानवीय पहचान को लगभग भूल ही चुके हैं। जो जिस जाति में पैदा हुआ है, उसे लगता है वह उस जाति में अमर है। जातिगत आग्रह और दुराग्रह दोनों ही व्यक्तित्व की दुर्बलता के परिचायक है।**



बीना नयाल
लेखिका, अल्मोड़ा

देश में जातिगत विद्वेष अपने चरम पर है। उच्च शिक्षित और सभी सुख सुविधा संपन्न होने के बावजूद भी पूर्वाग्रह से ग्रसित जातिगत श्रेष्ठता और निम्नता का भाव देश और समाज को दीमक की तरह निगल रहा है। हम जाति, धर्म और संप्रदाय नामक तमाम तरह के खोल ओढ़कर अपनी मानवीय पहचान को लगभग भूल ही चुके हैं। जो जिस जाति में पैदा हुआ है, उसे लगता है वह उस जाति में अमर है। जातिगत आग्रह और दुराग्रह दोनों ही व्यक्तित्व की दुर्बलता के परिचायक है। जाति आपकी सूक्ष्म पहचान आवश्यक हो सकती है, लेकिन इसे विराट मानवीय परिपेक्ष्य के समक्ष महत्व देना स्वयं और देश को पीछे ले जाने के समान है। अच्छी सोच के लोग सभी जातियों में है और वे इन बेफिजूल की चीजों से ऊपर उठकर केवल अपनी उन्नति पर ध्यान दे रहे हैं और वे इस मकड़जाल से ऊपर उठ चुके हैं।

वास्तव में ऐसे लोग खुद को भी समृद्ध करते हैं और अपने सानिध्य वालों के भी मानसिक स्वास्थ्य को बनाए रखते हैं। किसी जाति में पैदा होना न तो दोष है और न ही सौभाग्य है, बल्कि जाति में पैदा होकर मानवीय संवेदनाओं का रोपण न होना यही सबसे बड़ा दुर्भाग्य है।

यहां सोशल मीडिया में भी हर जाति के ऐसे बहुत से वयोवृद्ध हैं, जिनके उन्नत विचार और जीवन के प्रति नजरिया हम युवा वर्ग के लिए प्रेरणा स्रोत है, जिनके विचारों को पढ़कर बहुत सुकून मिलता है और पता लगता है कि उन्होंने अपनी जिंदगी में जीवन मूल्य संबंधी मानदंडों को किस कदर आत्मसात किया है और एक सफल जीवन जिया है।

-फेसबुक वॉल से

# जीवन की विविधतापूर्ण शैली



डॉ. अरविंद मिश्र
वरिष्ठ विज्ञान संचारक

**हमारे दार्शनिक चिंतकों ने ऐसे ही समूचे भारत को एक सांस्कृतिक सूत्र में पिरोने के लिए देश के कोने-कोने में पीठों, मठों की स्थापना नहीं की थी।**

कांवरिये हिन्दू हैं और कांवर यात्रा हिन्दुत्व का एक जीवंत प्रतीक। आस्था का सैलाब उमड़ा पड़ रहा है। यात्रा पर पुष्पवर्षा आस्था विश्वास के इस अदम्य संकल्प को नमन है। हिन्दू जीवन की अनेक विविधतापूर्ण जीवनशैली को तर्क के आधार पर आकलित नहीं किया जा सकता है। इसे समझने के लिए एक अलग ही दृष्टि चाहिए। विज्ञान ने हमें तमाम भौतिक सुख सुविधाएं तो दी हैं, मगर हमारे अंतर्मन को संस्पर्श करने में अभी तक पूरी तरह समर्थ नहीं हो पाया है।

कई यूट्यूबरों को कांवरियों पर पुष्पवर्षा जनता के टैक्स की बर्बादी दिख रही है। वे इसके विरोध में लगातार प्रोपेगंडा चला रहे हैं। वामपंथी आस्था के इस ऊफान को अंधश्रद्धा/भक्ति का भोंड़ा प्रदर्शन मान रहे हैं। अब जो जनता टैक्स दे रही है वही जब पुष्पवर्षा को अपने पैसे का सदुपयोग मान रही है, जयकारा लगा रही है, हर्षित और उल्लसित हो रही है तो यह व्यय, अपव्यय कैसे हो गया? यह तो उन्हीं का दिया उन्हीं के लिए प्रयुक्त है। त्वदीयं वस्तु गोविन्द तुभ्यमेव समर्पये।

कांवर यात्रा को अनुचित ठहराने या उत्साह से देखने का अपना-अपना नजरिया है। हां कांवर यात्रा के चलते जनजीवन को होने वाली दिक्कतें एक मुद्दा अवश्य है, जिन्हें खुद भी मैंने करीब दो दशक पहले झेला था और व्यथित मन से बनारस के एक अखबार में एक लेख लिखा था, जिसका शीर्षक आज भी जेहन में है-कांवरियों का कहर, हर गली हर डगर। मगर तब दृष्टिकोण तनिक संकुचित था और मन पर अतिवादी वामवाद का प्रभाव था, मगर तब से कांवर यात्रा को व्यवस्थित और अनुशासित करने में सरकारों ने उत्तरोत्तर काफी प्रगति की है। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री स्वयं इसकी बागडोर संभालते रहे हैं। खुद हेलीकॉप्टर से यात्रा का पर्यवेक्षण कर रहे हैं।

इन बीते सालों में तेजी से बदलते परिप्रेक्ष्य से नजरिये में भी बदलाव आता गया है। तार्किकता का सवाल ही कहां उठता है जब एक हिन्दू बाहुल्य देश में हिन्दू और हिन्दुत्व को लेकर ही नए-नए विवाद हो रहे हैं और परिभाषाएं गढ़ी जा रही हैं। परिणाम स्वरुप सुषुप्त हिन्दू जागृत हो रहा है और अपनी अस्मिता को साबित करने लग गया है। हिन्दुओं की इस जागृत चेतना का ही अभिनंदन पुष्पवर्षा करके हो रहा है और इसका निहितार्थ भी स्पष्ट है। हिन्दुत्व का परचम लहराते रहो, अपनी अपरिमित शक्ति का बुलंद अहसास कराते रहो, साथ देते रहो हम तुम्हें फूल मालाओं से ऐसे ही अलंकृत करते रहेंगे।

ठीक है संविधान के अनुसार भारत एक सेक्यूलर राष्ट्र है, मगर क्या इसका ठेका सिर्फ एक वर्ग ने ही ले रखा है? यह हठात आरोपित सेक्युलरिज्म हमें अपनी जीवन पद्धति और आस्था विश्वास को कैसे डिगा सकता है? भारतीय जनता पार्टी ने भारतीयता के इस स्वरुप को भलीभांति समझ लिया है और उसके उत्थान में निरंतर सक्रिय है, जिन्हें कांवरयात्रा असभ्य और उजड्डु लोगों की कारस्तानी लगती है, उन्हें अपने सोच में बदलाव लाने की जरूरत है। यह भारतीय सनातन के सातत्य प्रवाह का ही एक समयानुकूल पक्ष है। हमारे दार्शनिक चिंतकों ने ऐसे ही समूचे भारत को एक सांस्कृतिक सूत्र में पिरोने के लिए देश के कोने-कोने में पीठों, मठों की स्थापना नहीं की थी। यह हमारी एकता और संगठन का आह्वान था। लंबी गुलामी के चलते हम बहुत कुछ विस्मृत कर चुके थे। उत्तिष्ठ जागृत का आह्वान अब फलीभूत हो चला है।

# बांग्लादेश और भारत की आरक्षण नीति



सुधाकर आशावादी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

देश में जातीय क्षत्रपों की बहुतायत होने के कारण नित्य ही जाति आधारित आरक्षण की सीमा में वृद्धि हेतु धरने व आंदोलन आयोजित किए जाते हैं। दूसरी ओर अन्य देशों में आरक्षण जैसी व्यवस्था का खुलकर विरोध किया जाता है। बांग्लादेश इसका ताजा उदाहरण है, कहां स्वतंत्रता सेनानियों के परिवारों को दिए जाने वाले तीस प्रतिशत आरक्षण की समाप्ति की मांग को लेकर लोग सड़कों पर आ गए तथा सरकार को उनके सम्मुख झुकना पड़ा। निःसंदेह अपनी योग्यता पर विश्वास न करके नित्य धर्म और जाति के नाम पर आरक्षण की मांग करने वालों को पड़ोसी बांग्लादेश से सबक सीखना चाहिए, कि वहां आरक्षण की समाप्ति के लिए भयंकर दंगे हुए तथा बांग्लादेश के सर्वोच्च न्यायालय ने आरक्षण की सीमा 30 प्रतिशत के घटाकर केवल पांच प्रतिशत कर दी, इसके अतिरिक्त केवल दो प्रतिशत आरक्षण अन्य विशिष्ट श्रेणी के लिए है जबकि 93 प्रतिशत सीटें अनारक्षित हैं। भारत में अनुसूचित जाति व जनजाति के लिए 22.5 प्रतिशत, पिछड़ा वर्ग के लिए 27 प्रतिशत तथा कमजोर आय वर्ग के लिए 10 प्रतिशत आरक्षण का प्रावधान करके आरक्षण 59.5 प्रतिशत दिया जा रहा है। विशाल जनसंख्या वाले देश में मात्र 40.5 प्रतिशत रोजगार व शिक्षा के साधन अनारक्षित हैं, फिर भी राजनीतिक दल एवं आरक्षण समर्थक सरकार पर आरक्षण की सीमा बढ़ाने का दवाब बनाने पर तुले रहते हैं। कभी क्षेत्रीय आधार पर और कभी जातीय आधार पर अतिरिक्त आरक्षण की मांग की जाती है, जिसे किसी भी स्थिति में न्यायसंगत नही ठहराया जा सकता। बांग्लादेश में आरक्षण समाप्त करने के प्रभावी आंदोलन को देखकर लगता है कि यदि भारत में भी आरक्षण के विरुद्ध अनारक्षित वर्ग सड़कों पर उतर आया, तब क्या होगा? मेरा मानना है कि वैश्विक परिवेश में भारतीय गुणवत्ता विकसित करने के लिए आरक्षण जैसी विकलांगता का बोध कराने वाली नीति की पुनर्समीक्षा करके देश में गुणवत्ता को बढ़ावा देकर आरक्षण जैसी कुरीति से मुक्त किया जाए।

# बैंकों की मजबूत होती व्यवस्था



संजीव मेहरोत्रा
बरेली

हाल के एक अंग्रेजी पेपर की न्यूज के मुताबिक वित्त मंत्रालय ने दो बैंकों के निजीकरण के प्रस्ताव पर विराम लगा दिया है। चर्चा थी कि 2025 में दो बैंको का निजीकरण हो सकता है। इसके पीछे बहुत से कारण हो सकते हैं, लेकिन जिस तरह के लाभ वित्त वर्ष 2024 में बैंकों ने दर्शाए हैं उनसे स्पष्ट हो गया है कि निजीकरण कोई विकल्प नहीं हो सकता।

राष्ट्रीयकृत बैंकों की सुदृढ़ स्थिति जनता में उसके विश्वास का प्रतीक है। बेहतर होती ग्राहक सेवा नए प्रोडक्ट्स और अच्छी मार्केटिंग से यह संभव हुआ है। एक समय वो भी था कि देश का सबसे बड़ा राष्ट्रीयकृत बैंक अपनी ग्राहक सेवा के लिए बदनाम माना जाता था, लेकिन कुछ वर्षों में इस बैंक में काफी कुछ बदल गया हैं। नए सुंदर चमकदार शाखा परिसर, युवा प्रतिभाशाली काउंटर स्टाफ, जिनको विशेष ट्रेनिंग देकर कस्टमर फ्रेंडली बनाया गया है। जीरो कंप्लेंट शाखाएं ग्राहक सेवा को तत्पर स्टाफ ने इस बैंक की छवि बदल दी है। आज के एक अन्य वित्तीय अखबार में खबर है कि स्टेट बैंक ने अपनी ग्राहक सेवा को और बेहतर बनाने एटीएम ब्लॉक करने, बैंक खाते की जानकारी देने, विभिन्न बैंक उत्पादों की जानकारी उपलब्ध कराने, एटीएम कार्ड, चेक बुक जारी करने तथा अन्य सेवाओं के लिए 12 भाषाओं में जानकारी उपलब्ध कराने के लिए टोल फ्री नंबर जारी किए हैं। स्टेट बैंक जिसने देश में सबसे ज्यादा लाभ अर्जित कर अपनी बादशाहत कायम की है। अब ग्राहक सेवा में भी अपने को अग्रणी बनाने में लगा है। आशा है अन्य राष्ट्रीयकृत बैंक भी जिसका अनुसरण कर राष्ट्र का गौरव और देश के नवरत्न कहलाने में पीछे नहीं रहेंगे।

## एक नजर

### मजदूरी के रुपये मांगने पर मजदूर को पीटा

**गजरौला, अमृत विचार :** क्षेत्र के मोहरका पट्टी गांव निवासी नसरत की भतीजी का निधन हो गया था। उसे शव का अंतिम संस्कार करने के लिए रुपये की जरूरत पड़ी तो वह गांव में ही शमशाद के यहां मजदूरी के रुपये लेने चला गया। रास्ते में नसरत को शमशाद व उसके दोनों बेटे मिले। आरोप है कि उसने मजदूरी के रुपये मांगे तो शमशाद व उसके दो बेटों ने उसके साथ मारपीट कर दी। घटना 19 जुलाई की बताई जा रही है। थाने में तहरीर दी लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। इंस्पेक्टर क्राइम जितेंद्र बालियान ने सीओ के आदेश पर शमशाद व उसके दोनों बेटों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज किए जाने की बात कही।

### करंट से झुलसी महिला

**हसनपुर, अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र के गांव हथियाखेड़ा में मंगरौली मिल्क घेर लिंक मार्ग पर गांव में हाई टेंशन विद्युत लाइन गांव के अंदर से निकली हुई है। शुक्रवार दोपहर बाद गांव निवासी वीर सिंह की बेटी धनवती पत्नी राकेश अपने ढाई वर्ष के बेटे अंकुर को लेकर छत पर खड़ी थी। वह करंट की चपेट में आ गई। घायल को परिजनों ने गांव के निजी चिकित्सक के यहां भर्ती कराया।

# खराब ट्रांसफार्मर, तारों को बदलें: डीएम

## जिलाधिकारी ने भाजपाइयों की समस्याओं के निस्तारण के निर्देश दिए

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा



भाजपा पदाधिकारियों के साथ बैठक करते जिलाधिकारी राजेश कुमार त्यागी व पुलिस अधीक्षक कुंवर अनुपम सिंह। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** जिलाधिकारी राजेश कुमार त्यागी की अध्यक्षता में जिलाध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी उदयगिरि गोस्वामी की उपस्थिति में पार्टी के पदाधिकारी एवं जनपद स्तरीय अधिकारियों के साथ बैठक हुई। बैठक में भाजपा के पदाधिकारियों ने क्षेत्र की समस्याओं से जिलाधिकारी को अवगत कराया। जिसमें पुलिस विभाग, जिला पंचायत राज विभाग, जिला पूर्ति विभाग, विद्युत विभाग, बैंक से संबंधित थी।

जिलाधिकारी को नगर पंचायत उझारी रोड पर खुले में मीट बिकने बिकने के बारे में जानकारी दी गई और नगर पंचायत उझारी में लेखपाल जितेंद्र यादव की कार्यशैली को लेकर शिकायत की गई। जिस पर जिलाधिकारी ने आवश्यक कार्रवाई का आश्वासन दिया। जिलाधिकारी ने अधिशासी अभियंता विद्युत को निर्देश दिए कि जिले को खराब ट्रांसफार्मर और लटकते तारों से निजात दिलाई जाए। इसके लिए आवश्यक कदम उठाएं। निर्देश दिए कि रात में किसी प्रकार की कोई बिजली चेकिंग न हो। सुबह छह बजे के उपरांत ही विद्युत चेकिंग की जाए। ताकि किसी को किसी प्रकार की समस्या न हो। जिलाधिकारियों ने पार्टी पदाधिकारी को बताया कि जनपद की प्रत्येक तहसील में शिकायती रजिस्टर बनाया गया है। जिसमें किसी को किसी प्रकार की समस्या या आपत्ति है वह उसमें दर्ज करा सकता है। उस रजिस्टर का निरीक्षण किया जाता है और उसके आधार पर समस्याओं का समाधान किया जाता है। भाजपा जिला महामंत्री अभिनव कौशिक ने नगर पंचायत सैदनगली में राशन कार्ड की समस्याओं की जानकारी दी। जिस पर जिला पूर्ति अधिकारी ने आश्वासन दिया है कि समस्या का समाधान जल्द से जल्द कराया जाएगा और पात्रों के राशन कार्ड बनाकर राशन दिलाया जाएगा। अपात्रों के कार्ड काटे जाएंगे। वहीं, पुलिस अधीक्षक कुंवर अनुपम सिंह ने पार्टी पदाधिकारियों की पुलिस विभाग से संबंधित शिकायतों को गंभीरता से सुना और समाधान का आश्वासन दिया। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी अश्वनी कुमार मिश्र, अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) सुरेंद्र सिंह, जिला पंचायत राज अधिकारी, जिला पूर्ति अधिकारी आदि सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारी एवं भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

### सड़क किनारे उझारी के युवक का शव मिला

**उझारी/सैदनगली, अमृत विचार :** उझारी के मोहल्ला रहमानी चौक निवासी शौकीन पुत्र मोहसिन उम्र 18 वर्ष बुलंदशहर-स्याना मार्ग पर पुलिस को बेहोशी की हालत में मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने बुलंदशहर उसे सीएचसी में भर्ती कराया। जहां मोहसिन को मृत घोषित कर दिया गया। मोहसिनघर से 10 दिन पहले बिना बताए चला गया था। मोहसिन छह माह पहले नशा मुक्ति केंद्र गढ़मुक्तेश्वर में रहकर आया था।

शुक्रवार को बुलंदशहर-स्याना मार्ग पर पुलिस को मोहसिन बेहोशी की हालत में मिला था। पुलिस ने मोहसिन को बुलंदशहर सीएचसी में भर्ती कराया। जहां चिकित्सक ने मोहसिन को मृत घोषित कर दिया। इसकी खबर मोहसिन के परिजनों को लगी तो वहां खलबली मच गई। परिजन बुलंदशहर स्याना के लिए रवाना हो गए। बताते हैं कि मोहसिन चार भाइयों में तीसरे नंबर का था। बड़ा भाई शब्बू 22 वर्ष, दूसरा भाई जुनैद 20 वर्ष, चौथा भाई मुशीर 16 वर्ष और दो बहनें बहन सबा 24 वर्ष, नेहा14 वर्ष, मां जहरा 40 वर्ष, पिता शौकीन 45 वर्ष का बुरा हाल है।

# 25 हजार के इनामी व लूट के आरोपी को पुलिस ने जेल भेजा

संवाददाता, डिडौली



पुलिस की गिरफ्त में आरोपी।

**अमृत विचार :** पुलिस ने चेकिंग के दौरान एक वर्ष पहले 50 लाख रुपये की लूट में शामिल आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी से 4 लाख 30 हजार रुपये, एक आईफोन व एक स्कूटी बरामद की है। पुलिस ने आरोपी का चालान करते हुए उसे जेल भेज दिया है।

करीब एक साल पहले 25 अगस्त को डिडौली थाना इलाके के पांयती कलां में 50 लाख रुपये की लूट हुई थी। आरोपी कार में रखा 50 लाख रुपये से भरा बैग उठाकर भाग गए थे। पुलिस ने आठ दिन बाद घटना का खुलासा करते हुए छह आरोपियों को जेल भेज दिया था। साथ ही आरोपियों के कब्जे से 32 लाख रुपये भी बरामद किए थे। पुलिस ने बताया था कि वारदात किसी और ने नहीं बल्कि पीड़ित अली हसन निवासी गांव ताबई थाना डिडौली के सगे साढ़ू बाबू अली ने कराई थी। मामले में साढ़ू को भी जेल भेजा गया था। इसक अलावा इस घटना में संलिप्त मुरादाबाद जनपद के बिलारी थाना अंतर्गत रियासत अली पुत्र लियाकत अली तभी से फरार था। उस पर पुलिस ने 25 हजार रुपये के इनाम घोषित कर रखा था। कोतवाली प्रभारी पंकज तोमर ने बताया कि शुक्रवार को पुलिस वाहन चेकिंग कर रही थी। इस दौरान पुलिस ने आरोपी 25 हजार के इनामी आरोपी रियासत को गिरफ्तार कर लिया। साथ ही उसके पास से 4.30 लाख रुपए, दो आईफोन, एक स्कूटी बरामद की। फिलहाल पुलिस ने आरोपी को जेल भेज दिया है।

# बृजघाट से गंगाजल लेकर कांवड़ियों के जत्थे रवाना

संवाददाता, गजरौला



गंतव्य की ओर रवाना होते कांवड़िये। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** सावन के दूसरे सोमवार को भगवान शिव का जलाभिषेक करने के लिए कांवड़ियों के जत्थे शहर से होकर निकलने लगे हैं, हालांकि अभी संख्या कम है। मगर शनिवार से संख्या बढ़ने की उम्मीद है।

बृजघाट से शिवभक्त कांवड़ लेकर मंजिल की ओर प्रस्थान कर रहे हैं। 29 जुलाई को सावन माह का दूसरा सोमवार होगा। शुक्रवार को हरिद्वार से जल भरकर जा रहे कांवड़ियों के कई जत्थे निकले, जबकि ब्रजघाट में भी उत्सव जैसा वातावरण है। दूसरे सोमवार को शिवभक्तों की संख्या ज्यादा होने का अनुमान लगाते हुए पुलिस प्रशासन से पिछले सप्ताह से सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी है। क्राइम इंस्पेक्टर जितेंद्र बालियान ने हाईवे पर भ्रमण करके कांवड़ यात्रा की सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया और अधीनस्थों को जरूरी दिशा निर्देश दिए।

### तीन दिन अवकाश घोषित

**अमरोहा, अमृत विचार :** डीएम ने कांवड़ यात्रा के दौरान ट्रैफिक व्यवस्था को देखते हुए तीन दिनों का विशेष अवकाश घोषित किया है। 27 से 29 जुलाई तक कक्षा आठ तक के सरकारी व निजी स्कूलों की छुट्टी की गई है। अमरोहा जनपद में इन दोनों हजारों शिव भक्त गंगाजल लेकर गुजर रहे हैं। जिलाधिकारी ने बताया की कांवड यात्रा और ट्रैफिक व्यवस्था को देखते हुए 27 से 29 जुलाई तक का विशेष अवकाश घोषित किया है।

### कांवड़ियों की सुरक्षा के लिए हाईवे पर रूट वन-वे किया

**गजरौला, अमृत विचार :** दिल्ली-लखनऊ नेशनल हाईवे पर कांवड़ियों की सुरक्षा को लेकर पुलिस-प्रशासन ने ट्रैफिक वन-वे कर दिया। हाईवे की एक लेन पर हल्के वाहन चले जिनकी गति भी काफी न्यूनतम रखने के पुलिस-प्रशासन ने निर्देश दिए हैं। सावन के पहले सोमवार को भगवान शिव का जलाभिषेक करने के लिए रविवार रात को कांवड़ियों की भीड़ लग गई थी। इस दौरान हादसे में चार कांवड़ियों की मौत हो गई थी। इससे सबक लेते हुए पुलिस ने शुक्रवार दोपहर से ही रूट डायवर्जन का कड़ाई से पालन कराया। चौपला चौराहे पर बैरिकेडिंग कर दी गई। वहीं भारी वाहनों का आवागमन रोक दिया। हाईवे से गुजरने वाले भारी वाहनों को सड़क किनारे जगह देखकर खड़ा कराया। इसके बाद पुलिस ने हल्के वाहनों के संचालन को ट्रैफिक वन-वे कर दिया। जिसके बाद वाहनों की रफ्तार धीमी हो गई। दिन में कई बार हाईवे पर वाहन धीमी गति से रेंगते भी दिखाई दिए। हालांकि जाम के हालात नहीं बने। पुलिस ने कड़ी चौकसी बरती। क्राइम इंस्पेक्टर जितेंद्र बालियान ने बताया कि हाईवे पर कांवड़ियों की सुरक्षा के लिए ट्रैफिक वन-वे कर दिया है।

### पुलिस ने लापता महिला को देहरादून से बरामद किया

**हसनपुर, अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र के गांव से चार दिन से लापता हुई महिला को पुलिस ने देहरादून से बरामद कर लिया है।

गजरौला थाना क्षेत्र के गांव कांकाठेर निवासी किसान मंगलेश ने अपनी बेटी शीतल की शादी हसनपुर कोतवाली क्षेत्र के गांव करनखाल निवासी देवेंद्र के साथ पांच वर्ष पूर्व की थी। 23 जुलाई की रात शीतल रहस्यमय तरीके से लापता हो गई थी। बुधवार की देर रात भी मायके वालों ने ग्रामीणों के साथ कोतवाली पहुंचकर हंगामा किया था। तहरीर के आधार पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्जकर तीन पुलिस टीमों को महिला की बरामदगी के लिए रवाना किया था।

शुक्रवार को कोतवाली पुलिस द्वारा भेजी गई एक टीम ने महिला को देहरादून से बरामद कर लिया। प्रभारी निरीक्षक सनोज प्रताप सिंह द्वारा बताया कि मोबाइल की लोकेशन के आधार पर महिला को देहरादून से बरामद कर लिया गया है।

# शादी अनुदान के लिए मिले 863 आवेदन

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा



कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक करते सीडीओ अश्विनी कुमार मिश्र। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** मुख्य विकास अधिकारी अश्विनी कुमार मिश्र की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में अन्य पिछड़े वर्ग के गरीब व्यक्तियों के पुत्री की शादी के लिए अनुदान योजना से संबंधित जनपद स्तरीय स्वीकृति समिति की बैठक हुई। बैठक में अन्य पिछड़ा वर्ग के गरीब व्यक्तियों की पुत्री की शादी अनुदान योजना के अंतर्गत ऑनलाइन प्रक्रिया के संबंध में जानकारी दी गई। इस दौरान नौगांवा विधायक समरपाल सिंह भी मौजूद रहे।

मुख्य विकास अधिकारी ने विधायक को बताया कि पिछड़ा वर्ग शादी अनुदान के लिए समस्त विकास खंडों से कुल 800 आवेदन प्राप्त हुए। जिसमें खंड विकास अधिकारी द्वारा 546 अग्रसारित आवेदन किए गए और 124 खंड विकास अधिकारी द्वारा निरस्त किए गए और 130 आवेदन खंड विकास अधिकारियों पर लंबित हैं। इसी प्रकार तहसील स्तर पर तहसील अमरोहा धनौरा हसनपुर एवं नौगांवा सादात में कुल 63 आवेदन प्राप्त हुए, जिसमें से एसडीएम द्वारा 40 आवेदन पत्र अग्रसारित किए गए और 07 निरस्त किया। कुल 863 आवेदन प्राप्त हुए, जिसमें 586 अग्रसारित किए गए और 131 निरस्त किए गए और 146 आवेदन लंबित हैं। उन्होंने बताया कि आवेदन के लिए शादी से 90 दिन पहले या शादी के 90 दिन बाद बाद लोग पात्र होंगे। इस अवसर पर पूरन सिंह सैनी, प्रवीण टिंगल, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी, जिला दिव्यांगजन शक्तिकरण अधिकारी आदि सहित संबंधित अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

- शादी से 90 दिन पहले के या 90 दिन बाद तक पात्र होंगे

# लेखपालों ने की गिरफ्तारी की मांग

संवाददाता, मंडी धनौरा



तहसील में धरने पर बैठे लेखपाल। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** तहसील क्षेत्र में गांव नांगलिया मेव में ग्राम समाज की भूमि से कब्जा हटवाने पहुंचे लेखपाल को बंधक बनाकर मारपीट करने का मामला तूल पकड़ रहा है। आरोपियों की गिरफ्तारी व लेखपाल पर की गई निलंबन की कार्रवाई वापस लेने की मांग को लेकर पांचवें दिन भी लेखपाल संघ की हड़ताल जारी हैं। बार एसोसिएशन, यूपी राजस्व संग्रह अमीन, राजस्व निरीक्षक संघ, कलेक्ट्रेट मिनिस्टीरियल कर्मचारी संघ, राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद ने भी लेखपालों का समर्थन किया है।

लेखपाल संघ का आरोप है कि तहसील क्षेत्र के गांव नांगलिया मेव में ग्राम समाज की भूमि से कब्जा हटवाने गए लेखपाल को बंधक बनाकर मारपीट की गई। लेखपाल की तहरीर पर गजरौला थाने में रिपोर्ट दर्ज की गई थी। जबकि आरोपियों का आरोप था कि लेखपाल ने नशे में उनसे मारपीट की थी। घटना के पांच दिन बीत जाने के बाद भी आरोपियों की गिरफ्तारी न होने से लेखपाल संघ में रोष व्याप्त हैं। धरने में विकास यादव, अनुज सैनी, विमल शर्मा, अमित वर्मा, अमित कुमार, मुजम्मिल खान, आदेश सहित आदि लेखपाल मौजूद रहे।

### थाना प्रभारी पर आरोपियों को संरक्षण देने का आरोप

लेखपाल के निलंबन की वापसी की मांग को लेकर धरने पर बैठे लेखपालों ने अब लेखपाल द्वारा ग्रामीणों पर दर्ज कराए गए मारपीट के मुकदमे में आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं होने पर नाराजगी जाहिर की। लेखपाल संघ ने गजरौला थाना प्रभारी पर भूमाफिया को संरक्षण देने का आरोप लगाते हुए उनकी भूमिका को संदिग्ध बताते हुए जांच की मांग की है।

### ग्रामीण को पीटने में 4 आरोपियों पर रिपोर्ट

**ढबारसी, अमृत विचार :** आदमपुर थाना क्षेत्र के पुरसल गांव निवासी महेश पुत्र मुखराम गुरुवार शाम पांच बजे खरीदारी करने आदमपुर जा रहा था। आदमपुर में कलावती अस्पताल के सामने पहले से घात लगाए बैठे गांव के उमेश, राजपाल, अंकित व अनिकेत लाठी-डंडों से पिटाई करने लगे। महेश ने घटना की तहरीर आदमपुर पुलिस को दी। थानाध्यक्ष शौकेन्द्र सिंह बालियान ने बताया कि पीड़ित की तहरीर के आधार पर चार लोगों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज की है।

# मदरसे के बच्चों के अगवा होने की सूचना पर दौड़ी पुलिस

संवाददाता, कैसरा

**अमृत विचार :** मदरसे के बच्चों के अगवा होने की सूचना पर पुलिस ने सर्च आपरेशन चलाया। बाद में पता चला कि बच्चे अपने घर पर पहुंच गए। इसके बाद पुलिस ने राहत की सांस ली।

थाना क्षेत्र के ग्राम ढयौटी निवासी कुछ बच्चे गांव शेरपुर स्थित मदरसे में पढ़ाई करते हैं। शुक्रवार को उनकी छुट्टी रहती है। जिस पर मदरसे से सात बच्चे जुमे की छुट्टी पर गांव से अपने घर आने के लिए चले। पांच बच्चे एक साथ जा रहे थे। सात वर्षीय जीशान पुत्र शमशाद व आठ वर्षीय आलम पुत्र इकरामुद्दीन एक साथ थे। बताते हैं कि कच्चे रास्ते से अपने गांव के लिए आते वक्त अचानक ईंख के खेत में हलचल होने पर दोनों बच्चे डरकर रास्ता भटक गए। आगे चल रहे बच्चे दोनों के गायब होने पर घबरा गए व यहां रास्ते में मिले ग्रामीण अरविंद कुमार को इसकी जानकारी दी। बच्चों ने बताया कि जीशान व आलम को रास्ते से अगवा कर लिया गया है। आननफानन में ग्रामीण ने 112 नंबर पर कालकर मामले की जानकारी पुलिस को दी। उधर, पीआरबी से मिली सूचना के बाद बछरायूं पुलिस में भी हलचल मच गई। थाने से पुलिस बल मौके की तरफ दौड़ पड़ा। करीब एक घंटे तक रास्ते पर बच्चों की तलाश में सर्च आपरेशन चलाया गया। इस दौरान जीशान व आलम के घर पहुंचने का पता पुलिस को लगा। जिस पर पुलिस ने राहत की सांस ली।

थानाध्यक्ष अलका चौधरी ने बताया कि पुलिस को बच्चों के अगवा होने की सूचना मिली थी। जिस पर पुलिस ने सर्च आपरेशन चलाया था। लेकिन दोनों बच्चे घर पर सकुशल पहुंच गए थे। पूछताछ में दोनों बच्चों ने बताया कि रास्ते में गन्ने के खेत में हलचल होने पर वह डर गए थे। रास्ता भटक कर किसी तरह घर पहुंचे। अगवा किए जाने की सूचना झूठी निकली है।

- गन्ने के खेत में हलचल देखकर डर गए थे जीशान और आलम



गजरौला खादर क्षेत्र के खेतों में भरा बाढ़ का पानी। ● अमृत विचार

# गंगा का जलस्तर 20 सेमी. बढ़ा

संवाददाता, गजरौला

**अमृत विचार :** तिगरी में गंगा के जलस्तर में 20 सेमी. की वृद्धि दर्ज की गई है। शुक्रवार को यहां का जलस्तर 199.90 मीटर मापा गया। जबकि बिजनौर से छोड़े जाने वाले पानी की मात्रा 79273 क्यूसेक रही। वहीं बाढ़ खंड विभाग द्वारा लगातार गंगा के घटते व बढ़ते जलस्तर की निगरानी रखी जा रही है।

गुरुवार को गंगा का जलस्तर तिगरी में 199.70 मीटर था, जबकि शुक्रवार को फिर जलस्तर में 20 सेमी. की वृद्धि हो गई है। बाढ़ खंड के जेई सुभाष कुमार के मुताबिक बाढ़ खंड विभाग की टीमें पूरी तरह से सक्रिय हैं। सभी तटबंध पूरी तरह से सुरक्षित हैं, गंगा के तटवर्ती क्षेत्र में रहने वाले लोगों को भी सतर्कता बरतने का आह्वान किया जा रहा है। कई दिन से गंगा के तटवर्ती व समीपवर्ती खेतों में भरे बाढ़ के पानी से फसलें गलने की कगार पर हैं। इतना ही नहीं किसानों के सामने पशुओं के चारे का संकट हो रहा है।

### पांच लाख रुपये की रंगदारी मांगने में रिपोर्ट

**अमरोहा, अमृत विचार :** डिडौली क्षेत्र में राशन डीलर के ससुर से पांच लाख रुपये की रंगदारी मांगने का मामला सामने आया है। विरोध करने पर उसे जान से मारने की धमकी भी दी गयी। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने पांच आरोपियों पर रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

डिडौली कोतवाली क्षेत्र के गांव औरंगाबाद में आरिफा बी गांव में राशन डीलर है। उनके ससुर रजाउद्दीन राशन वितरण करने का काम कर रहे थे। आरोप है कि गांव निवासी मुबारक, यूनुस, शहाबुद्दीन व याकूब ने राशन की दुकान चलाने के बदले में उनसे पांच लाख रुपये की रंगदारी मांगी। मना करने पर जान से मारने की धमकी दी तथा घर में घुसकर भी हमला किया। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने चार आरोपियों पर रिपोर्ट दर्ज की है। प्रभारी निरीक्षक पंकज तोमर ने बताया कि मामले में रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है, जांच की जा रही है।


## रुद्र बिलास किसान सहकारी चीनी मिल्स लि., बिलासपुर जिला-रामपुर

पत्रांक : 435/सिविल/2024-25 दिनांक : 26 जुलाई 2024

### निविदा सूचना

वर्ष 2024-25 के अन्तर्गत इस मिल समिति में सम्पादित होने वाले निम्नलिखित सिविल कार्यो के सम्पादन हेतु सिविल कार्यो के अनुभवी/पंजीकृत ठेकेदारों से निम्न विवरणानुसार अंकित तिथियों में अपरान्ह 2:00 बजे तक सील बन्द निविदायें आमंत्रित की जाती है तथा प्रत्येक कार्य की धरोहर धनराशि उनके नाम के सम्मुख अंकित धनराशि मिल कोष में नगद अथवा बैंक ड्राफ्ट के माध्यम से जमा करना अनिवार्य होगा :-

| क्र.सं. | सिविल कार्य का विवरण | निविदा प्राप्त होने की तिथि | धरोहर धनराशि रू. में |
|---|---|---|---|
| 1. | ई.टी.पी. पर लैगून मरम्मत का कार्य | 6.8.2024 | 8,000 |
| 2. | स्प्रै पौण्ड पर मरम्मत कार्य | 6.8.2024 | 6,000 |
| 3. | प्रथम चरण में क्वाड, चूना, सल्फर भट्टी के ऊपर छत का निर्माण कार्य | | |
| | 1 क्वाड | 6.8.2024 | 10,000 |
| | 2. चूना | 6.8.2024 | 10,000 |
| | 3. सल्फर भट्टी | 6.8.2024 | 10,000 |
| 4. | आर.बी.सी. कॉलम निर्माण | | |
| | 1 आर.बी.सी. | 7.8.2024 | 10,000 |
| | 2. आक्जलरी | 7.8.2024 | 10,000 |
| 5. | ई.टी.पी. स्टेशन पर नया आर.सी.सी. कलैक्शन टैंक का निर्माण कार्य | | |
| | 1 फाउण्डेशन कार्य | 7.8.2024 | 9,000 |
| | 2. कलैक्शन टैंक दीवाल कार्य चौकोर (आयताकार) | 7.8.2024 | 9,000 |
| 6. | स्टील टैंक तक आर.सी. रोड का निर्माण | 7.8.2024 | 10,000 |
| | 2. गोदाम तक आर.सी. रोड का निर्माण | 7.8.2024 | 10,000 |

अग्रेतर विस्तृत जानकारी एवं निविदा प्रपत्र किसी भी कार्य दिवस में अंकन रू 200.00+36.00 जी.एस.टी. (रू. दो सौ छत्तीस) नान रिफण्डेबुल मिल कोष में जमा करके प्राप्त किया जा सकता है। एक अथवा समस्त निविदाओं को निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी के पास सुरक्षित होगा। बिना धरोहर धनराशि निविदा स्वीकार नहीं की जायेगी।

उपरोक्तानुसार प्रत्येक कार्य के नाम के सम्मुख अंकित निर्धारित तिथि को प्राप्त निविदाओं को उसी तिथि में अपरान्ह 3:00 बजे कमेटी द्वारा निविदादाताओं के समक्ष खोली जायेगी, तदोपरान्त निगोशियेशन भी किया जायेगा। अपरिहार्य कारणों से ही निविदा तिथि में परिवर्तन होना सम्भावित है।

**प्रधान प्रबन्धक**

## एक नजर

### त्रिवेणी एक्सप्रेस 30 जुलाई से 5 अगस्त तक निरस्त

**बरेली, अमृत विचार :** शाहजहांपुर-लखनऊ और रोजा-सीतापुर सिटी दोहरीकरण और रोजा यार्ड में मरम्मत कार्य की वजह से रेलवे ने त्रिवेणी एक्सप्रेस को 30 जुलाई से 5 अगस्त तक निरस्त कर दिया है। इज्जतनगर रेल मंडल के जनसंपर्क अधिकारी राजेंद्र सिंह ने बताया कि सिगरौली से 1, 3 और 6 को चलने वाली ट्रेन संख्या 15073 सिगरौली-टनकपुर त्रिवेणी एक्सप्रेस, शक्तिनगर से 31 जुलाई, 2, 4 और 5 अगस्त चलने वाली 15075 शक्तिनगर-टनकपुर त्रिवेणी एक्सप्रेस, टनकपुर से 30 जुलाई, 1, 3 और 4 अगस्त को चलने वाली 15076 टनकपुर-शक्तिनगर त्रिवेणी एक्सप्रेस, टनकपुर से 31 जुलाई, 2 और 5 अगस्त को चलने वाली 15074 टनकपुर-सिगरौली त्रिवेणी एक्सप्रेस निरस्त रहेगी।

### छात्रा की मांग भरने की उड़ा दी अफवाह

**बरेली, अमृत विचार :** बरेली कॉलेज में शुक्रवार को एक छात्रा की मांग भरने की अफवाह उड़ा दी गई। इसके बाद छात्रों ने जमकर हंगामा किया। छात्रा की मांग भरने का आरोप पीलीभीत बाईपास स्थित एक मैनेजमेंट कॉलेज के छात्र पर लगा। चीफ प्रॉक्टर प्रो. आलोक खरे ने बताया कि मेरिट में शामिल छात्रों के शुल्क जमा करने की समस्याए हैं। विश्वविद्यालय ने गुरुवार रात पोर्टल बंद कर दिया है। छात्रों और परिजनों को समझाकर शांत किया। छात्रा की मांग भरने की किसी ने अफवाह उड़ा दी थी।

### युवक के खाते से ट्रांसफर कराए हजारों रुपये

**बरेली, अमृत विचार :** सुभाषनगर की तिलक कॉलोनी निवासी सौरव सागर के खाते से यूपीआई के माध्यम से जालसाजों ने 90,600 रुपये निकाल लिए। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर रकम होल्ड करा दी है। सौरभ सागर ने बताया उनका खाता सुभाषनगर की बैंक ऑफ बड़ौदा की शाखा में है। 9 मई को जालसाजों ने उनके खाते से यूपीआई के माध्यम से 90,600 रुपये अपने खातों में ट्रांसफर करा लिए। सुभाषनगर पुलिस ने खाता में रकम होल्ड करा दी लेकिन तब तक आरोपी 24 हजार 800 रुपये निकाल चुके थे। उन्होंने एसएसपी को शिकायती पत्र देकर रकम बैंक से जारी कराने के निर्देश दिए हैं।

# बालक की गर्दन काटकर हत्या पहचान छिपाने को तेजाब डाला

## 23 जुलाई से लापता था बालक, नहीं मिला सिर, हाथ और उंगलियां

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- पुलिस ने एक दिन पूर्व दर्ज की गुमशुदगी, शुक्रवार को झाड़ी में मिला शव

**अमृत विचार :** तीन दिन से लापता बालक का शव झाड़ियों में मिला। बालक की गर्दन और हाथ काटकर हत्या की गई है। पैर की उंगलियां भी कटी मिली हैं। बालक की पहचान छिपाने के लिए तेजाब डाला गया है। पुलिस को सिर, एक हाथ और उंगलियां नहीं मिलीं।



सिविल लाइन थाना क्षेत्र के गांव सिरसा दबरई निवासी सोरन सिंह का 12 साल का बेटा नितेश 23 जुलाई को लापता हो गया था। तलाश करने पर भी नहीं मिला तो परिजनों ने

> गांव सिरसा दबरई निवासी सोरन सिंह ने अपने बेटे की गुमशुदगी दर्ज कराई थी। बालक का शव झाड़ी में मिला। खुलासे के लिए टीमें लगाई गई हैं। जल्द ही राजफाश किया जाएगा।
>
> – डॉ. बृजेश कुमार सिंह, एसएसपी।

अगले दिन पुलिस को प्रार्थना पत्र दिया। सिविल लाइन पुलिस ने 25 जुलाई को बालक की गुमशुदगी दर्ज की। शुक्रवार दोपहर ग्रामीणों ने गांव के पास झाड़ियों में बालक का शव देखा। शव सड़ गया था। सिर, एक हाथ और एक पैर की उंगलियां गायब थीं। उसकी पैंट पैरों तक थी। बालक की पहचान छिपाने के लिए तेजाब डाला गया था। सोरन सिंह भी परिवारीजनों के साथ मौके पर पहुंच गए। उन्होंने शव की पहचान नितेश के रूप में की।

सिविल लाइन प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार सिंह ने मौका मुआयना के बाद अधिकारियों को जानकारी दी तो एसएसपी डॉ. बृजेश कुमार सिंह, एसपी सिटी अमित किशोर श्रीवास्तव, सीओ सिटी आलोक मिश्रा मौके पर पहुंचे। फारेंसिक टीम ने साक्ष्य जुटाए। पुलिस के अलावा ग्रामीणों ने भी सिर, हाथ और उंगलियां ढूंढीं लेकिन कहीं पता नहीं चला। तकरीबन आधा किलोमीटर दूर सिर मिला जिसे परिजन नितेश का नहीं मान रहे हैं। पुलिस ने सिर का कंकाल जांच के लिए रख लिया है। पुलिस रंजिश में हत्या की आशंका से जांच कर रही है। एसएसपी ने हत्याकांड के खुलासे के लिए एसओजी भी लगाई है।

### बहन के हत्यारे भाइयों की फांसी की सजा हाईकोर्ट ने उम्रकैद में बदली

**नैनीताल, अमृत विचार :** हाईकोर्ट ने बहन की हत्यारे तीन भाइयों को निचली अदालत से मिली फांसी की सजा को उम्र कैद में बदल दिया है। सबूतों के अभाव में मृतका के ममेरे भाई राहुल को बरी कर दिया है।

हरिद्वार के खानपुर में परिजनों की मर्जी के खिलाफ जाकर युवती ने प्रेम विवाह किया था। इससे नाराज भाइयों ने धारदार हथियार से युवती की हत्या कर दी थी। अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश शंकर राज ने मृतका के दो सगे भाई व ममेरे भाई को दोषी मानते हुए फांसी की सजा सुनाई थी। अपने आदेश की पुष्टि करने के लिए हाईकोर्ट को रिफरेंस आदेश भेजा था। इस पर सुनवाई के बाद कोर्ट ने उक्त आदेश दिया। मामले के अनुसार खानपुर थाना क्षेत्र के शाहपुर निवासी प्रीति ने वर्ष 2014 में निकट के धर्मूपुर गांव निवासी युवक बृजमोहन के साथ प्रेम विवाह किया था। उसके परिजन इस शादी के खिलाफ थे जिसके कारण उसका मायके आना जाना नहीं था।

# दबिश के दौरान हमले में दो पुलिस कर्मी घायल

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- मठ लक्ष्मीपुर में युवक की स्कूटी छीनकर भाग गए थे आरोपी

**अमृत विचार :** इज्जतनगर क्षेत्र के मठ लक्ष्मीपुर में दबिश के दौरान थाना प्रेमनगर पुलिस पर आरोपियों ने हमला कर दिया। हमले में महिला सिपाही समेत दो पुलिसकर्मी घायल हो गए। महिला सिपाही की तहरीर पर प्रेमनगर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

महिला सिपाही अर्चना ने थाना प्रेमनगर में तहरीर देकर बताया कि 24 जुलाई को दबिश के दौरान दरोगा राहुल शर्मा, सिपाही मोनू, मनीष, हरवीर, दीपक, रामलखन और शाहरुख के साथ मठलक्ष्मीपुर में भारती शर्मा, उसके भाई देव शर्मा उर्फ फरीद निवासी रहपुरा चौधरी और सतीश शर्मा ने मारपीट की। मारपीट में उनके दोनों हाथों और दाहिनी आंख में चोट आई है। आरोपियों ने धक्का देकर सिपाही मोनू को भी जमीन पर गिराकर पीटा, जिससे उसके पैरों में चोट लगी है। आरोपी देव ने मोनू का हाथ मुंह से काट लिया। किसी तरह से पुलिस कर्मियों ने आरोपियों के चंगुल से खुद को बचाया और देव शर्मा उर्फ फरीद को मौके से गिरफ्तार कर लिया। सतीश शर्मा और भारती शर्मा मौके से फरार हो गए। महिला सिपाही की तहरीर पर प्रेमनगर पुलिस ने तीनों आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

> **स्कूटी छीनने की दर्ज कराई थी रिपोर्ट**
>
> मठलक्ष्मीपुर निवासी पीयूष शर्मा ने 24 जुलाई को थाना प्रेमनगर में भारती शर्मा और देव शर्मा के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पीयूष ने पुलिस को बताया कि वह भूड़ में किराये पर रहता है। 24 जुलाई को वह घर से कुतुबखाना की ओर जा रहा था। रास्ते में भारती शर्मा और देव शर्मा ने रोक लिया और मारपीट करते हुए स्कूटी छीन ली। आरोपियों ने धमकी दी कि मकान अपने चाचा सतीश और चाची संगीता के लिए छोड़ दे और न छोड़ने पर अंजाम बुरा होगा।

### पांच हजार ईंट का ऑर्डर देकर हजारों रुपये ठगे

**काशीपुर, अमृत विचार:** शहर के एक स्कूल का नाम लेकर साइबर ठगों ने एक ईंट व्यवसायी से हजारों रुपये की ठगी कर ली। पीड़ित ने पुलिस में शिकायत कर कार्रवाई की मांग की है।

थाना आईटीआई निवासी आबिद हुसैन ईंट का कारोबार करते हैं। गुरुवार शाम को उनके फोन पर काशीपुर के एक प्रतिष्ठित स्कूल का नाम लेकर साइबर ठगों ने पांच हजार ईंट मंगवाने का ऑर्डर दिया। रेट तय होने के बाद शुक्रवार सुबह ईंटें स्कूल भेजने को कहा। साइबर ठगों के कहे अनुसार पीड़ित ने ट्रैक्टर-ट्रॉली में ईंट भरवाकर स्कूल भेज दी। स्कूल के गेट पर पहुंचने पर जब साइबर ठगों के नंबर पर फोन किया, तो उन्होंने गेट पास बनाने का बहाने बनाते हुए एक क्यूआर कोड भेजा और एक रुपये डालने को कहा। जिसके बाद उन्होंने कहा कि उनके ऑनलाइन ट्रांजेक्शन में दिक्कत है। पहले आप कुछ और रुपये भेजे। उनके कहे अनुसार पीड़ित ने चार हजार रुपये साइबर ठगों के खाते में डाल दिये।

# मेरिट में शामिल छात्रों का शुल्क जमा न होने पर हंगामा

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- सेमिनार कक्ष बंद मिलने पर नाराज हुए लोग, प्रॉक्टोरियल बोर्ड ने समझाकर किया शांत

**अमृत विचार :** बरेली कॉलेज में स्नातक प्रथम वर्ष में प्रथम चरण के तहत छात्रों के प्रवेश पूरे हो गए हैं। मेरिट में शामिल कई छात्रों का शुल्क जमा नहीं होने से प्रवेश नहीं हो सका। शुक्रवार को कई छात्र अभिभावकों के साथ कॉलेज में सेमिनार कक्ष में पहुंचे लेकिन कक्ष बंद होने पर उनकी समस्या का समाधान नहीं हो सका। इस पर उन्होंने हंगामा किया। प्रॉक्टोरियल बोर्ड ने मौके पर पहुंचकर शांत किया।

कॉलेज ने बीए और बीएससी जीव विज्ञान में प्रवेश के लिए पहले चार मेरिट निकालीं। मेरिट में शामिल छात्रों को निर्धारित समय के बाद एक दिन और शुल्क जमा करने का मौका दिया। इसके बाद भी कई छात्रों का शुल्क जमा नहीं हो सका। गुरुवार को बीएससी जीव विज्ञान की पांचवी मेरिट जारी कर भी कुछ छात्रों के प्रवेश हुए। मेरिट में शामिल छात्रों के प्रवेश गुरुवार रात 12 बजे तक हुए, इसके बाद विवि ने पोर्टल बंद कर दिया। इसकी वजह से भी शुल्क जमा नहीं हो सका तो छात्र अभिभावकों के साथ कॉलेज पहुंचे और हंगामा किया।

> **सेमिनार कक्ष में नशे में पहुंचा था युवक**
>
> बरेली कॉलेज के सेमिनार कक्ष में गुरुवार को एक युवक शराब के नशे में पहुंच गया। वह किसी छात्र के प्रवेश के संबंध में जानकारी करने पहुंचा था। वह प्रवेश समिति से झगड़ा करने लगा। मुख्य प्रवेश नियंत्रक प्रो. वंदना शर्मा ने उसे समझाने की कोशिश की तो उलझ गया। इसके बाद उसे स्टाफ की मदद से बाहर किया गया।

# पूर्व विधायक के दबाव में कार्य कर रहे थे थाना प्रभारी : पीड़िता बहनें

संवाददाता, रुद्रपुर

- दलित नहीं, बल्कि ओबीसी है आरोपी परिवार
- पुलिस पर हल्की धाराओं में कार्रवाई का आरोप

**अमृत विचार:** अश्लील ऑडियो प्रकरण का जिन्न एक बार फिर बाहर निकल गया है। इसको लेकर अश्लील ऑडियो की शिकायतकर्ता ने अपनी बहन के साथ प्रेस वार्ता करते हुए कहा कि वर्ष 1998 से उनका पड़ोसी यादव परिवार से विवाद चल रहा था। कई बार परिवार पर हमला हुआ, लेकिन किच्छा के पूर्व विधायक की शह पर थाना पंतनगर प्रभारी ने कोई कार्रवाई नहीं की, उल्टा पिता-बहन को ही युवती आत्महत्या का जिम्मेदार ठहराते हुए जेल भेज दिया था।

शुक्रवार को प्रेस वार्ता में पीड़ित बहनों का कहना था कि जुलाई 2023 में युवती द्वारा आत्महत्या की थी। उस वक्त परिवार गांव गया हुआ था। सुसाइड नोट में रेप, मारपीट व प्रताड़ना का कोई जिक्र नहीं था, कारण युवती ने आत्महत्या जैसा कदम उठाया। 29 जुलाई को फिर पूर्व विधायक-थाना प्रभारी राजेंद्र सिंह डांगी ने झूठा मुकदमा लगाकर बहन को जेल भेज दिया। जब अत्याचार बढ़ता गया तो थाना प्रभारी ने उसकी बहन से अश्लील बातचीत कर शोषण करना शुरू कर दिया। जब आवाज उठाई तो फिर पूर्व विधायक शुक्ला थाना प्रभारी को बचाने की कोशिश करने लगे। कारण आरोपी परिवार शुक्ला के साथ प्रॉपर्टी का काम करता है। पूर्व विधायक मृतक युवती को दलित बताते हुए दुष्प्रचार करने लगे, जबकि सत्यता यह है कि आरोपी यादव परिवार है और ओबीसी की श्रेणी में आते हैं। अश्लील ऑडियो प्रकरण जब चर्चा में आया तो पुलिस ने उसके व परिवार के साथ हुई घटनाओं के बावजूद हल्की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर खानापूर्ति की।

> अश्लील ऑडियो प्रकरण के आरोपी थाना अध्यक्ष को लेकर वह खुद एसएसपी से मिलकर कार्रवाई की मांग की थी। वहीं आरोपी परिवार पिछड़ा वर्ग एससी में आता है। साथ ही युवती सुसाइड नोट के आधार पर ही आरोपियों को जेल भेजा गया था। जिसके बाद किच्छा विधायक तिलकराज बेहड़ ने धरना प्रदर्शन कर दबाव बनाया। आत्महत्या के आरोपी परिवार को बचाने की कोशिश की और उल्टा मुकदमा दर्ज करवाया। पीड़ित बहनों की ओर से लगाया गया आरोप बेबुनियाद है।
>
> –राजेश शुक्ला, पूर्व विधायक, किच्छा

जबकि पूर्व विधायक राजेश शुक्ला आरोपी साबित करने में जुटे रहे। उन्होंने आशंका जताई कि युवती का शायद प्रेम प्रसंग रहा होगा। इस

# ईपीएफओ पेंशनरों के लिए जीवन प्रमाणन हुआ आसान

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- मोबाइल के जरिए पेंशनर खुद ही कर सकते हैं जीवन प्रमाणन

**अमृत विचार :** कर्मचारी भविष्य निधि संगठन के पेंशन-भोगियों को बिना रुके लगातार पेंशन प्राप्ति के लिए अब घर बैठे जीवन प्रमाणन की सुविधा शुरू कर दी गई है। पेंशनरों को जीवन प्रमाणन के लिए जन सुविधा केंद्र, बैंक, डाकघर, ईपीएफ कार्यालय पर जाने की जरूरत नहीं पड़ेगी। मोबाइल के जरिये ही पेंशनर खुद ही जीवन प्रमाणन कर सकेंगे।

पहले जन सुविधा केंद्र और कैफे आदि में जाकर लोगों को जीवन प्रमाणन कराना पड़ता था। क्षेत्रीय भविष्य निधि आयुक्त अनिल कुमार ने बताया कि पेंशनर अपने मोबाइल से ही घर बैठे जीवन प्रमाणन खुद ही कर सकते हैं। फेस औथेंटिकेशन टेक्नॉलॉजी आधारित एप के माध्यम इस व्यवस्था को बहुत आसान कर दिया गया है। बताया कि इस सुविधा की विस्तृत जानकारी http://www.jeevanpramaan.gov.in वेबसाइट से प्राप्त की जा सकती है। इसके अतिरिक्त ईपीएफ कार्यालय के पेंशन हेल्पलाइन नंबर 0581-2510832 और वाट्सएप हेल्पलाइन नंबर 94106-86028 पर भी पेंशनर संपर्क कर सकते हैं।

प्रवेश प्रारम्भ
बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, बरेली
बी.आई.यू. कॉलेज ऑफ फार्मेसी
फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
- डी. फार्मा (2 वर्षीय)
- एम. फार्मा (फार्मास्यूटिक्स) (2 वर्षीय)
- बी. फार्मा (4 वर्षीय)
- एम. फार्मा (फार्माकोलॉजी) (2 वर्षीय)
रोहिलखंड कॉलेज ऑफ फार्मेसी
फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
- डी. फार्मा (2 वर्षीय)
- बी. फार्मा (4 वर्षीय)
रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल कैंपस, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली (उत्तर प्रदेश)
केशलता कॉलेज ऑफ फार्मेसी
फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
- डी. फार्मा (2 वर्षीय)
मो. 9457672942
केशलता हॉस्पिटल कैंपस, डेलापीर रोड, बरेली (उत्तर प्रदेश)
बी.आई.यू. कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट
- एम.एच.ए. (2 वर्षीय)
- एम.पी.एच. (2 वर्षीय)
रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल कैंपस, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली
For Registration : Online - www.biu.edu.in, offline - Admission Cell Administrative Block, BIU (9105500202), E-mail : repsbareilly@gmail.com, bareillyrcps@gmail.com
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
डॉ. आशीष शर्मा (9105500202) श्रीमती रिचा गुप्ता (9105500404) योगेन्द्र सिंह (9760578366)

# बदायूं को पहला और मुरादाबाद को दूसरा स्थान मिला

कार्यालय संवाददाता, बदायूं




प्रतियोगिताओं के दौरान मौजूद विभिन्न जिलों के खिलाड़ी। ● अमृत विचार

- पुलिस लाइन में चल रही तीन दिवसीय भारोत्तोलन प्रतियोगिता का समापन
- प्रतियोगिताओं में बदायूं की टीम ने मारी बाजी, एसएसपी ने किया सम्मानित

**अमृत विचार :** पुलिस परेड ग्राउंड में चल रही बरेली जोन पुलिस विभाग की तीन दिवसीय अंतरजनपदीय भारोत्तोलन क्लस्टर (भारोत्तोलन, योग एवं पॉवर लिफ्टिंग) प्रतियोगिता का समापन हो गया। बदायूं ने चल बैजंती शील्ड पर कब्जा किया। एसएसपी डॉ. बृजेश कुमार सिंह, एसपी सिटी अमित किशोर श्रीवास्तव, एसपी देहात राम मोहन सिंह ने टीम और खिलाड़ियों को सम्मानित किया।

अंतरजनपदीय प्रतियोगिता 24 से शुरू होकर 26 जुलाई तक चली। जिसमें बरेली जोन के नौ जिलों के 130 खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया। पुरुष वर्ग की वेट लिफ्टिंग की प्रतियोगिता में 45 अंक हासिल करने पर बदायूं पहले और मुरादाबाद 12 अंक हासिल करके दूसरे स्थान पर रहा। महिला वर्ग में भी 28 अंक हासिल करके बदायूं ने बाजी मारी और पहला स्थान प्राप्त किया। 24 अंको के साथ बरेली जिले की टीम दूसरे नंबर पर रही। पुरुष वर्ग की पॉवर लिफ्टिंग प्रतियोगिता में भी 14 अंक हासिल करके बदायूं पहले और 12 अंकों पर जिला अमरोहा की टीम दूसरे स्थान पर रही। वहीं महिला वर्ग में मुरादाबाद ने 18 अंकों के साथ बाजी मारी। 15 अंकों पर शाहजहांपुर दूसरे स्थान पर रहा। पुरुषों की योग प्रतियोगिता में बदायूं और रामपुर 12-12 अंक प्राप्त करके संयुक्त रूप से पहले और 5 अंकों के साथ पीलीभीत दूसरे स्थान पर रहा। महिला वर्ग में बदायूं ने 16 अंकों के साथ पहला और 9 अंकों के साथ मुरादाबाद दूसरे स्थान पर रहा। समापन के दौरान सीओ लाइन श्याम नारायण, सीओ सिटी आलोक मिश्रा, सीओ उझानी शक्ति सिंह, प्रतिसार निरीक्षक सुमेर सिंह आदि अधिकारी उपस्थित रहे। निर्णायक मंडल में जिला क्रीड़ा अधिकारी अमित रिछारिया, बेसिक शिक्षा विभाग के जिला पीटीआई रामदास यादव, कोच राजीव कुमार, पतंजलि के योग प्रभारी सुरेंद्र कुमार सिंह, हेल्थ क्लब के कोच दिलीप जोशी, गीता सिंह रहे।

# कांवड़ यात्रा को लेकर पुलिस ने जारी किया रूट डायवर्जन प्लान

**काशीपुर, अमृत विचार :** कांवड़ मेले के दृष्टिगत 27 जुलाई से 2 अगस्त तक भारी मालवाहकों के लिए यातायात प्लान जारी किया गया है। इस संबंध में संयुक्त जानकारी देते हुए पुलिस अधीक्षक अभय सिंह एवं यातायात निरीक्षक जगदीश पाठक ने बताया कि कांवड़ मेले के दृष्टिगत किसी भी प्रकार की दुर्घटना के बचाव के लिए शुक्रवार 26 जुलाई से दोपहर 01 बजे से समस्त कॉमर्शियल वाहन/हेवी वाहन बिजनौर की तरफ से पूर्णत: प्रतिबन्धित रहेंगे। 27 जुलाई से समस्त प्रकार के हेवी वाहन/कॉमर्शियल वाहन रात 8 बजे से मुरादाबाद की तरफ को प्रतिबन्धित रहेंगे। नेपा बॉर्डर व सूर्या बॉर्डर से समस्त हेवी वाहन/कमर्शियल वाहन प्रतिबन्धित रहेंगे। कहा कि मुरादाबाद द्वारा अवगत कराया गया कि 27 जुलाई से रात्रि 8 बजे से हैवी वाहन/कमर्शियल वाहन नहीं लिया जायेगा। 27 जुलाई से रात 12 बजे से रामनगर से आने वाले समस्त प्रकार के हेवी वाहन चौकी प्रतापपुर की ओर पूर्णत: प्रतिबन्धित रहेंगे। 27 जुलाई से दिल्ली जाने के लिए दोराहा, स्वार, रामपुर, सम्भल होते हुए दिल्ली जायेंगे। किसी भी प्रकार का कोई अगर कोई हेवी वाहन बीच में मिलता है, तो गदरपुर में मोतियापुर महतोष के बीच में, केलाखेड़ा में 7 हेवन होटल के पास बाजपुर/ दोराहा में नामधारी ढाबे के पास, कुंडा क्षेत्र में टोल प्लाजा, जसपुर क्षेत्र में धर्मपुर बॉर्डर पर रोके जायेंगे। एसपी अभय सिंह ने बताया कि इस दौरान आवश्यक सेवा के वाहन इन रूटों पर नहीं रोके जाएंगे।

### दुष्कर्म के आरोप में लाइब्रेरी संचालक गिरफ्तार

**भगतपुर, अमृत विचार :** छात्रा से दुष्कर्म करने के आरोप में पुलिस ने लाइब्रेरी संचालक को गिरफ्तार किया है। क्षेत्र के एक गांव निवासी एक छात्रा के अनुसार, उसने इसी वर्ष कक्षा-12 की परीक्षा पास की थी। इसके बाद उसने क्षेत्र के एक गांव में स्थित एक लाइब्रेरी में परीक्षाओं की तैयारी करने के लिए प्रवेश लिया था। आरोप है कि कुछ समय बाद लाइब्रेरी संचालक ने उसके साथ अश्लील हरकत कर वीडियो बना लिया। इसके बाद उसने उसके साथ दुष्कर्म किया। छात्रा डरी सहमी रही। कुछ दिन बाद उसने थाने पहुंचकर आरोपी के विरुद्ध तहरीर दी। जिस पर केस दर्ज हो गया था। भगतपुर थाना प्रभारी कृष्ण कुमार ने बताया कि आरोपी युनूस उर्फ लक्की को शुक्रवार को गिरफ्तार कर लिया है।

### पुलिस ने आरोपी को पकड़ा, तमंचा मिला

**बिलारी, अमृत विचार :** पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। शुक्रवार को पुलिस गश्त कर रह थी। इसी बीच सूचना मिली कि मनकुला के पुराने स्कूल के खंडहर के पीछे एक संदिग्ध व्यक्ति है। उसके पास अवैध शस्त्र है। मौके पर पहुंचे पुलिस उप निरीक्षक ओमपाल सिंह व अन्य ने जसवीर उर्फ विनय को तमंचा के साथ गिरफ्तार कर लिया।

### बालिका संदिग्ध परिस्थितियों में लापता

**काशीपुर, अमृत विचार :** पड़ोसी के घर गई एक 10 वर्षीय बच्ची संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गई। पुलिस ने पिता की तहरीर पर गुमशुदगी दर्ज कर उसकी तलाश शुरू की है। बांसफोड़ान पुलिस चौकी क्षेत्र निवासी एक व्यक्ति ने बताया कि उसकी 10 वर्षीय पुत्री बीती 17 जुलाई को पड़ोस के घर में गई थी। तब से वह वापस नहीं लौटी।

Telephone : (0581) 2510628
Fax : (0581) 2511283
कर्मचारी भविष्य निधि संगठन
EMPLOYEES' PROVIDENT FUND ORGANISATION
श्रम एवं रोजगार मंत्रालय, भारत सरकार
MINISTRY OF LABOUR & EMPLOYMENT, GOVERNMENT OF INDIA
क्षेत्रीय कार्यालय/Regional Office
क्षेत्रीय निधि भवन, 111, सिविल लाइन्स, बरेली-243001
Bhavishya Nidhi Bhawan, 111, Civil Lines, Bareilly-243001
Website : www.epfindia.gov.in
E-mail : ro.bareilly@epfindia.gov.in

No. 120109 EPFO/RO/BLY/ADM Date : 26.07.2024

प्रेस नोट

कर्मचारी भविष्य निधि संगठन के सदस्यों, पेंशन धारकों एवं नियोक्ताओं की समस्याओं के समाधान हेतु क्षेत्रीय कार्यालय, बरेली द्वारा इस माह विभिन्न जिलों मे दिनांक 29.07.2024 को आयोजित किए जाने वाले कार्यक्रम निधि आपके निकट 2.0 के आयोजन स्थलों की जानकारी निमन्वत है:-

| जनपद | कार्यक्रम स्थल |
|---|---|
| बरेली | SRMS इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साईसेस, भोजीपुरा, बरेली। |
| मुरादाबाद | पसुपति एक्रिलोन, ठाकुरद्वारा, मुरादाबाद। |
| रामपुर | किटप्लाई इंडस्ट्रीज़, रामपुर। |
| शाहजहाँपुर | सेंट्रल रेलसाइड वेयरहाउस कंपनी लिमिटेड, रोज़ा, शाहजहाँपुर। |
| बदायूं | ऐस इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट एंड टेक्नोलोजी, बदायूं। |
| जे.पी. नगर | नोरेक्स फ्लेवर्स प्राइवेट लिमिटेड, चाँदपुर रोड, जे.पी. नगर। |
| संभल (भीम नगर) | नगर पंचायत, चंदौसी संभल। |
| पीलीभीत | एल.एच. डिस्टलरी, बीसलपुर, पीलीभीत। |

अन्य किसी जानकारी के लिए कार्यालय के हेल्पलाइन नंबर 0581-2510628, 0581-2510832 पर भी संपर्क कर सकते है।

अनिल कुमार
क्षेत्रीय भविष्य निधि आयुक्त/प्रभारी अधिकारी

कार्यालय नगर पंचायत शाहबाद जनपद रामपुर
पत्रांक:126-C/न0पं0 शा0/नीलामी सूचना साप्ताहिक बाजार/2024-25
दिनांक: 26.07.2024
साप्ताहिक बाजार वार्षिक ठेका नीलामी की संशोधन सूचना
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि इस कार्यालय के पत्रांक: 121-C/न0पं0शा0 / नीलामी सूचना साप्ताहिक बाजार / 2024-25 दिनांक : 22.07.2024 द्वारा वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिये वार्षिक ठेके की सार्वजनिक नीलामी दिनांक: 26.07.2024 को समय सुबह 11:00 बजे कार्यालय नगर पंचायत - शाहबाद के सभागार में की जानी थी जो अपरिहार्य कारणों से स्थगित कर दिनांक: 06.08.2024 को समय सुबह 11:00 बजे नगर पंचायत - शाहबाद के सभागर में की जायेगी । इच्छुक बोलीदाता दिनांक: 06.08.2024 को समय 10:30 तक ही जमानत धनराशि जमा करके बोली में प्रतिभाग कर सकते है । शर्ते पूर्व की भाति ही रहेंगी ।
अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत-शाहबाद, रामपुर
अध्यक्ष नगर पंचायत-शाहबाद, रामपुर

रामपुर जिला सहकारी बैंक लि., रामपुर
मुख्यालय : सिविल लाइन्स, रामपुर उत्तर प्रदेश, 244901
पत्रांक : 1796/नाजिर/वाहन निविदा/2024-25 दिनांक : 26.07.24
टेण्डर/निविदा सूचना
एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि रामपुर जिला सहकारी बैंक लि., रामपुर को बैंकिंग कार्यो के निष्पादन एवं अधिकारियों के प्रयोगार्थ अच्छी कन्डीशन व नये मॉडल (2022, 2023, 2024) के 7-सीटर एल.एम.वी. टाइप डीजल वाहनों यथा-अर्टिगा, इनोवा (ड्राईवर सहित) की दैनिक व मासिक किराये के आधार पर आवश्यकता है। अत: पंजीकृत निविदादाता, निविदा शुल्क अंकन 590.00 रू. (मु. पाँच सौ नब्बे रू. जीएसटी सहित) (नॉन रिफण्डेबिल जो दिनांक 27.7.2024 से 02.08.2024 के मध्य निर्गत हो) का डिमाण्ड ड्राफ्ट के साथ जीएसटी, पैन, वाहन का रजिस्ट्रेशन व बीमा की प्रमाणित छायाप्रति संलग्न कर, दैनिक व मासिक आधार पर सीलबन्द दरें, दिनांक 02.08.2024 को अपरान्ह 12:00 बजे तक बैंक मुख्यालय के नज़ारत अनुभाग में जमा करा सकते हैं। दरें समान होने पर नये मॉडल के वाहन को प्राथमिकता दी जायेगी। निविदायें दिनांक 02.08.2024 को ही अपरान्ह 02:00 बजे खोली जायेगी। बैंक द्वारा निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार रक्षित होगा।
सचिव-मुख्य कार्यपालक अधिकारी
रामपुर जिला सहकारी बैंक लि., रामपुर

प्रवेश प्रारम्भ
बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, बरेली
फैकल्टी ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज
उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
- बैचलर इन मेडिकल लेबोरेटरी साइंस (बी.एम.एल.एस.) (3 वर्षीय)
- बैचलर इन फिजियोथिरेपी (बी.पी.टी.) (4 वर्षीय)
- बैचलर ऑफ आप्टोमेट्री (बी. आप्टम) (3 वर्षीय)
- बैचलर इन मेडिकल रेडियोलॉजिक इमेजिंग टेक्नॉलॉजी (बी.एम.आर.आई.) (3 वर्षीय)
- बैचलर इन ऑपरेशन थियेटर टेक्नोलॉजी (बी.ओ.टी.टी) (अगामी पाठ्यक्रम) (3 वर्षीय)
- एम.एस.सी. क्लीनिकल एंब्रियोलॉजी (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
- मास्टर इन मेडिकल लेबोरेटरी साइंस (एम.एम.एल.एस. (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
- मास्टर ऑफ फिजियोथिरेपी (एम.पी.टी.) (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
फैकल्टी ऑफ फॉरेंसिक साइंसेज
- बी.एस.सी. फॉरेंसिक साइंस (3 वर्षीय) (डिग्री कोर्स)
- एम.एस.सी. फॉरेंसिक साइंस (2 वर्षीय) (डिग्री कोर्स)
रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल
उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
- डिप्लोमा इन एक्स-रे टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
- डिप्लोमा इन लैब टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
- डिप्लोमा इन रेडियोथिरेपी टेक्नीशियन (आगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
रोहिलखंड कॉलेज ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज
उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
- डिप्लोमा इन डायलेसिस टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
- डिप्लोमा इन एम.आर.आई. टेक्नीक्स (2 वर्षीय)
- डिप्लोमा इन इमरजेन्सी एण्ड ट्रामा केयर टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
- सर्टिफिकेट इन सेनीटेशन (1 वर्षीय)
For Registration : Online - www.biu.edu.in, offline - Admission Cell Administrative Block, BIU (9105500202), E-mail : repsbareilly@gmail.com, bareillyrcps@gmail.com
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
डॉ. आशीष शर्मा (9105500202) श्रीमती रिचा गुप्ता (9105500404) डॉ. प्रशांत गुप्ता (8445508214)

# विधायकों के क्षेत्र के विकास को बनाई जाएगी नई कार्ययोजना

## मुख्यमंत्री ने मंडलवार समीक्षा बैठक में दिए अधिकारियों को निर्देश

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** विधायकों के क्षेत्र के विकास के लिए नई कार्ययोजना बनाई जाएगी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंडलवार समीक्षा बैठक के दौरान अधिकारियों को यह निर्देश दिया। मुख्यमंत्री ने प्रदेश के सभी 18 मंडलों के जनप्रतिनिधियों के साथ लोकसभा चुनाव 2024 के परिणामों को लेकर समीक्षा बैठक पूरी कर ली।

लगभग 20 दिन तक चली मंडलवार बैठकों में सांसदों और विधायकों ने अपने क्षेत्र की समस्याएं गिनाईं और शिकायतों का निस्तारण न होने का दर्द बयां किया। मुख्यमंत्री ने सबकी बातों को सुनने के बाद आगामी 2027 के विधानसभा चुनाव को लेकर जीत का मंत्र भी दिया।

मुख्यमत्री ने क्षेत्रवार नई कार्ययोजना बनाने को कहा है, ताकि समयबद्ध तरीके से क्षेत्र का विकास किया जा सके। उन्होंने जनप्रतिनिधियों की अपेक्षाओं को ध्यान में रखते हुए कार्ययोजना बनाने को कहा है। मालूम हो कि मुख्यमंत्री ने सात जुलाई को देवीपाटन और अयोध्या मंडल से मंडलवार समीक्षा बैठक शुरू की थी, जो शुक्रवार को लखनऊ मंडल की समीक्षा बैठक साथ समाप्त हुई। मुख्यमंत्री ने कहा है कि विपक्ष की ओर से सोशल मीडिया के जरिए फैलाए जा रहे अफवाहों और सामाजिक ताने-बाने को नष्ट करने के प्रयास का मुखर होकर विरोध करें। सोशल मीडिया का उपयोग करते हुए विपक्ष के हर झूठ को बेनकाब करें और जनता के बीच सच लेकर जाएं।



शुक्रवार को सरकारी आवास पर लखनऊ मंडल के सांसद और विधायकों के साथ मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ● अमृत विचार

### लखनऊ मंडल की बैठक से ब्रजेश पाठक रहे नदारद

मंडलवार बैठक कार्यक्रम के आखिरी दिन मुख्यमंत्री ने सरकारी आवास पर लखनऊ मंडल के सांसदों–विधायकों के साथ बैठक की। इस दौरान उन्होंने विधायकों से लोकसभा चुनाव के नतीजों, विधायकों की समस्याओं आदि पर चर्चा की। बैठक में उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक मौजूद नहीं थे। पाठक के बैठक में न रहने को लेकर कई तरह की चर्चाएं होती रहीं।

# निलंबित होमगार्ड कमांडेंट मनीष दूबे को मिली राहत

**विधि संवाददाता,प्रयागराज :** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने पीसीएस अधिकारी ज्योति मौर्य के साथ प्रेम-प्रसंग के आरोपों में घिरने के बाद शासन द्वारा नवंबर 2023 में निलंबित हुए होमगार्ड कमांडेंट मनीष दूबे को बड़ी राहत देते हुए उनके निलंबन पर रोक लगा दी है। मामले की सुनवाई करते हुए न्यायमूर्ति जे जे मुनीर की एकल पीठ ने इस संबंध में राज्य सरकार से जवाब मांगा है। कोर्ट ने एसीएस होमगार्ड और डीजी होमगार्ड से पूछा कि मनीष दूबे को क्यों निलंबित किया गया। संबंधित अधिकारियों को 15 दिनों के अंदर कोर्ट में इस विषय में जानकारी दाखिल करनी होगी। मामले की सुनवाई 3 हफ्तों बाद फिर से होगी। जुलाई 2023 में आलोक मौर्य ने अपनी पीसीएस अधिकारी पत्नी ज्योति मौर्य और गाजियाबाद के होमगार्ड कमांडेंट मनीष दूबे के खिलाफ कई संगीन आरोप लगाये थे। डीजी होमगार्ड के निर्देश पर डीआईजी ने जांच की, जिसमें मनीष दूबे पर लगे आरोप सही पाए गए, इसके बाद उन्हें निलंबित कर दिया गया।



# सच्चाई जानने के लिए ट्रक पर खलासी बनकर बैठे थे एडीजी

**ट्रकों से वसूली का मामला**

- जिस ट्रक पर बैठे थे उससे भी हुई 500 की वसूली

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचारः** बलिया के उत्तर प्रदेश-बिहार सीमा पर पार होने वाले ट्रकों से अवैध वसूली की सच्चाई जानने के लिए एडीजी पीयूष मोर्डिया ट्रक पर खलासी बनकर बैठे थे। कार्रवाई के लिए बाकायदा रेकी की गई थी। इस भंडाफोड़ से पहले बुधवार की रात पीयूष मोर्डिया और आजमगढ़ के डीआईजी रेंज वैभव कृष्ण 22 पुलिस कर्मियों की पांच टीम के साथ एक घंटे रेकी करते हुए बलिया के भरौही तिराहा से बक्सर की ओर गए थे।

सादे कपड़ों में ही पुलिस टीम बक्सर की ओर से वापस भरौली तिराहा पहुंची थी। रात दो बजे भरौली तिराहे पर अवैध वसूली करते हुए पहला सिपाही पकड़ा गया। उसके बाद एक-एक कर 16 दलाल और एक अन्य सिपाही गिरफ्त में आए। बुधवार की रात एडीजी पुलिस की दो टीम, तो डीआईजी आजमगढ़ पुलिस की तीन टीम लेकर निकले थे। तय किया गया था कि अवैध वसूली करने वालों को रंगेहाथ पकड़ा जाएगा। बक्सर की ओर से वापस आते समय रात दो बजे पुलिस टीमें फिर भरौली तिराहा पहुंची। पुलिस टीम ने देखा कि एक सिपाही बक्सर की ओर से आ रहे बालू लदे ट्रकों से पैसा वसूल रहा था, तो उसे पकड़ लिया गया। डीआईजी रेंज ने बताया कि भरौली तिराहा पर पकड़े गए सिपाही ने पुलिस को बताया कि जो वाहन गाजीपुर की ओर जाते हैं, उनसे नरही थाने की पुलिस कोरंटाडीह चौकी पर अवैध वसूली करती है। इस जानकारी पर, एडीजी जोन और इंस्पेक्टर एक ट्रक में भरौली तिराहा से सवार हुए। पांच किलोमीटर चलने के बाद कोरंटाडीह चौकी के सामने सादे कपड़ों में दो लोग ट्रकों से वसूली करते दिखे। उनका ट्रक भी पहुंचा तो उसे रुकवा कर 500 रुपये की मांग की गई। इस पर वह, एडीजी जोन और इंस्पेक्टर ने ट्रक से कूद कर एक सिपाही को पकड़ लिया। इसके बाद अन्य पुलिस कर्मी और दलालों को पकड़ा गया। खास बात यह है कि जिले के एसपी और एएसपी को उक्त प्रकरण की जानकारी सुबह हो पाई।

## सार-संक्षेप

### नीट एमडीएस की द्वितीय चक्र की काउंसलिंग 30 से

**लखनऊ, अमृत विचार :** नीट एमडीएस की दूसरे चरण की काउंसिलिंग 30 जुलाई से पंजीकरण के साथ शुरू होगी। पहले चरण की काउंसिलिंग में होने वाले दाखिलों के बाद सरकारी व प्राइवेट डेंटल कॉलेजों में रिक्त सीटों के लिए काउंसलिंग होगी, इसमें तीन अगस्त को अभ्यर्थियों को कॉलेजों की प्राथमिकता देनी होगी, सात अगस्त को सीट आवंटन के परिणाम घोषित कर दिए जाएंगे। यह जानकारी चिकित्सा शिक्षा महानिदेशक द्वारा समय सारिणी वेबसाइटपर जारी कर दी गई है। मालूम हो कि शैक्षणिक सत्र एक अगस्त से प्रारंभ हो रहा है।

### सेवानिवृत्ति की आयु बढ़ाने की मांग

**लखनऊ, अमृत विचार :** उप्र. राष्ट्रीय चीनी मिल अधिकारी परिषद ने मुख्यमंत्री को पत्र भेज कर कर्मचारियों की सेवानिवृत्ति आयु बढ़ाने की मांग की है। परिषद के अध्यक्ष सूर्यपाल सिंह, उपाध्यक्ष सुधीर सोनकर और महासचिव कैलाश उपाध्याय ने मुख्यमंत्री बताया कि उत्तर प्रदेश सरकार के चीनी उद्योग एवं गन्ना विकास विभाग के अधीन संचालित उप्र. सहकारी चीनी मिल्स संघ लिमटेड व सहकारी क्षेत्र की संघ से संबद्ध 24 सहकारी चीनी मिलें संचालित हैं। जिसके माध्यम से प्रदेश के लगभग 6 लाख गन्ना कृषक परिवारों एवं संबंधित कर्मचारी व अधिकारियों के परिवारों का भरण–पोषण होता है। जिसका उदाहरण है कि वर्ष 2019–20 व 2020–21 में प्रदेश में करोना महामारी के दौरान मात्र चीनी उद्योग संचालित हुआ था। लॉक डाउन के दौरान सहकारी चीनी मिलों के संचालन में कर्मचारियों व अधिकारियों का योगदान रहा था।

### विधायक बेदीराम व विपुल सहित 18 पर आरोप तय

**विधि संवाददाता, लखनऊ, अमृत विचार :** रेलवे विभाग में ग्रुप डी की भर्ती का पर्चा लीक मामले में आरोपी बनाए गए दो अलग अलग मामलों में मौजूदा विधायक बेदी राम एवं विपुल दुबे सहित 18आरोपियों के खिलाफ गैंगेस्टर कोर्ट के विशेष न्यायाधीश पुष्कर उपाध्याय ने आरोप तय कर दिया है। दोनों मामलों में अभियोजन साक्ष्य पेश करने के लिए आगामी 7 अगस्त की तिथि तय की है। जबकि एक अन्य आरोपी कृष्ण कुमार यादव की मृत्यु हो जाने कारण उसके विरुद्ध चल रही कार्यवाही को समाप्त कर दिया गया है। पत्रावली के अनुसार ग्रुप डी की भर्ती के मामले में की गई धांधली को लेकर18 आरोपियों के ख़िलाफ़ दो अलग अलग मामलों में कोर्ट में सुनवाई चल रही है। पहला मामला धोखाधड़ी एवं उत्तर प्रदेश सार्वजनिक परीक्षा अनुचित संसाधनों के निवारण अधिनियम से संबंधित है जबकि दूसरा मामला पुलिस की ओर से गिरोह बंद अधिनियम का है। आरोपियों की ओर से दोनों ही मामलों में आरोप मुक्त किए जाने की अर्जी अदालत में दी गई जिसे अदालत ने खारिज कर दिया है।अदालत में दोनों उन्मोचन प्रार्थना पत्रों का विरोध गिरोह बन्द अधिनियम की पैरवी कर रहे एसपीओ अल्तमस अहमद ने किया था। इसके बाद दोनों मामलों के आरोपियों के विरुद्ध आरोप तय करते हुए अदालत ने गवाही के लिए 7 अगस्त की तिथि नियत की है।

### राजेश मीणा बने सचिव गृह

**लखनऊ, अमृत विचार :** शासन ने सचिव स्तर पर आईएएस अफसरों के तबादले किए हैं। इनमें आईएएस श्रीनिवास गुर्राला को लोक निर्माण विभाग का सचिव बनाया गया है, जबकि आईएएस राजेश मीणा को गृह सचिव बनाया गया है। इसके साथ ही आईएएस मयूर माहेश्वरी को लघु उद्योग निगम का अतिरिक्त चार्ज दिया गया है। माना जा रहा है कि अब आईएएस अधिकारियों के तबादलों पर थोड़ी लगाम लग जाएगी। सरकार ने जरूरी ट्रांसफर का काम पूरा कर लिया है।

### पूर्व विधायक इंदल रावत को भेजा जेल

**लखनऊ, विधि संवाददाता, अमृत विचार :** पूर्व विधायक एवं कांग्रेसी नेता इंदल रावत को धोखाधड़ी एवं ढाई करोड़ की ठगी के एक मामले में एमपी/ एमएलए कोर्ट के प्रभारी विशेष एसीजेएम पीयूष त्रिपाठी ने आगामी 7 अगस्त तक के लिए न्यायिक हिरासत में जेल भेजे जाने का आदेश दिया है।अभियुक्त के विरुद्ध आरोप है कि उसने राज इंफ्रा हाउसिंग प्राइवेट लिमिटेड के प्रबंध निदेशक राजेश पांडे के पक्ष फर्जी दस्तावेज तैयार कर रजिस्ट्री कराने एवं दो करोड़ 52 लाख रुपए हड़प लिए।

# योगी आदित्य नाथ और दोनों उप मुख्यमंत्री दिल्ली पहुंचे

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- प्रधानमंत्री की अध्यक्षता में नीति आयोग की बैठक में शामिल होंगे

**अमृत विचारः** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ व दोनों उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक व केशव प्रसाद मौर्य शुक्रवार को दिल्ली पहुंच गये। वे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में होने वाली नीति आयोग की शासी निकाय की बैठक में शामिल होंगे। तीनों नेताओं के दिल्ली में एक साथ रहने राजनीतिक सरगर्मी बढ़ी रही।

सूत्रों के अनुसार नीति आयोग की शनिवार व रविवार की बैठकों में सभी राज्यों के मुख्यमंत्री शामिल होंगे। बताया जा रहा है कि बैठक में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ प्रदेश के विकास को लेकर रोड मैप पेश करेंगे। बैठक के बाद तीनों नेताओं के प्रधानमंत्री से व्यक्तिगत मुलाकात किये जाने की संभावना है। इस दौरान प्रदेश में होने वाले विधानसभा उप चुनाव समेत अन्य मुद्दों पर चर्चा होने के आसार हैं। तीनों नेताओं के दिल्ली जाने को लेकर शुक्रवार को तमाम तरह की चर्चाएं होती रहीं।

केशव प्रसाद मौर्य दिल्ली के पहले रवाना हुए, बाद में दोनों नेता अलग-अलग दिल्ली पहुंचे। मालूम हो कि मुख्यमंत्री की मंडलवार समीक्षा बैठक में केशव प्रसाद मौर्य शामिल नहीं हुए थे, इसको लेकर भी चर्चाएं जारी रहीं। शुक्रवार की समीक्षा बैठक में ब्रजेश पाठक भी उपस्थित नहीं रहे।

# एलडीए निर्माण विकास व अर्जित आय में प्रदेश में प्रथम

**लखनऊ, अमृत विचार :** आवास विकास मुख्यालय में शुक्रवार को आयोजित विभिन्न प्राधिकरणों की समीक्षा बैठक में अपर मुख्य सचिव आवास एवं शहरी नियोजन विभाग नितिन रमेश गोकर्ण ने लखनऊ विकास प्राधिकरण (एलडीए) की सराहना करते हुए प्रशस्ति पत्र जारी किया है। एलडीए को वित्तीय वर्ष 2023-24 में 'निर्माण एवं विकास व अर्जित आय' के लिए निर्धारित लक्ष्य के सापेक्ष बेहतरीन प्रदर्शन करने के लिए प्रदेश में पहला स्थान मिला है। वित्तीय वर्ष 2023-24 में अर्जित आय के लिए 1317.04 करोड़ रुपये का लक्ष्य निर्धारित किया गया था। जिसके सापेक्ष एलडीए ने रिकॉर्ड प्रदर्शन करते हुए 1709.15 करोड़ रुपये की आय अर्जित की।

# केशव प्रसाद बन गए दिल्ली के पासवर्ड : अखिलेश

राज्य ब्यूरो,लखनऊ

**अमृत विचारः** सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्या को दिल्ली का मोहरा बताते हुए कहा कि ' वह दिल्ली के वाईफाई के पासवर्ड बन गए हैं' । मानसून ऑफर विंटर तक डिस्काउंट के साथ चलाना पड़ेगा। साथ ही कहा कि, प्रदेश में व्यापक स्तर पर भ्रस्टाचार व्याप्त है, पुष्टि भाजपा के विधायक ही करते हैं।

सपा मुख्यालय में शुक्रवार को अखिलेश यादव संविधान-मानस्तंभ स्थापना के अवसर पर पत्रकारों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रधान सांसद के क्षेत्र में पुलिस वसूली करती पकड़ी गई,हमने तो ये भी देखा कि पुलिस खुद रेट तय कर रही है कि टांग पर गोली मारने पर कितना रुपया मिलेगा। गोली न चलने पर पुलिस अपने से ही ठांय-ठांय बोल दिया, वीडियो वायरल हुआ था। राजधानी में अकबरनगर पर बुलडोजर चलने के सवाल पर उन्होंने कहा, अब भाजपा वाले नाले को रिवर फ्रंट बना रहे है, नाले के पानी को कहां ले जाएंगे।

जो रिवर फ्रंट सपा सरकार में बना है उसके पानी को चैनलाइज किया,जिसकी वजह से कोई गंदा पानी नही आ पायेगा, ये गंगा एक्शन प्लान के तहत काम हुआ था। लेकिन भाजपा के लोग नही समझ सकते, इनसे जब इत्र की बात करो तो ये लोग गोबर की बात करने लगते है। तंज कसते हुए सपा प्रमुख ने कहा कि इन लोगों ने एक किलोमीटर में एक लाख पेड़ लगा दिए, लगता है कि झाड़ लगा दिए ।

### बागी विधायकों की सदस्यता जाएगी



अखिलेश यादव ने कहा कि इन विधायकों की सदस्यता खत्म करने के लिए विधानसभा में लिखकर देंगे, हमको न्याय विधानसभा से मिलेगा, राज्यसभा चुनाव मे तो जो हुआ कैमरे पर हुआ है। हमारी विधानसभा हमको न्याय देगी। साथ ही पल्लवी पटेल की मुख्यमंत्री योगी से मुलाकात के विषय में कहा कि मुख्यमंत्री से कोई भी मिल सकता है। लेकिन उनकी सदस्यता कौन बचा सकता है, हम ही बचाएंगे, आधी आबादी है हम उन्हें बचा लेंगे।

# इंजीनियरिंग कॉलेजों में नैक ग्रेडिंग के साथ एनबीए की मान्यता भी कराई जाए : सहस्त्रबुद्धे

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- छात्रों को विदेशों में आसानी से पढ़ाई और रोजगार के अवसर मिल सकेंगे

**अमृत विचार :** नेशनल असेसमेंट एंड एक्रिडिटेशन काउंसिल (नैक) की कार्यकारी परिषद और नेशनल बोर्ड ऑफ एक्रिडिटेशन के चेयरमैन प्रो. अनिल सहस्त्रबुद्धे ने कहा है कि देश के सभी इंजीनियरिंग कॉलेजों में नैक ग्रेडिंग के साथ एनबीए की मान्यता भी कराई जाए। ताकि इसकी मदद से छात्रों को विदेशों में भी आसानी से पढ़ाई और रोजगार के अवसर मिल सकें।

नैक चेयरमैन प्रो. अनिल सहस्त्रबुद्धे ने कहा कि विदेशी मान्यता वाशिंगटन एकॉर्ड के तहत यदि भारतीय छात्र नेशनल बोर्ड ऑफ एक्रीडिटेशन (एनबीए) से मान्यता प्राप्त इंजीनियरिंग संस्थान में स्नातक की शिक्षा पूरी कर उच्च शिक्षा अथवा रोजगार के लिए विदेश जाना चाहता है तो उसे आसानी होगी। इसलिए संस्थानों को डरने की जरूरत नहीं है। सभी संस्थान अपना मूल्यांकन कराएं, इसके बाद संस्थान एक्रिडिएटेड की श्रेणी में आ जाएगा। इससे छात्रों को विदेश में जाकर अध्ययन और रोजगार पाने में मदद मिलेगी।

**मेडिकल - एग्रीकल्चर यूनिवर्सिटी के लिए इंटर्नशिप रहेगी कारगर :** नैक चेयरमैन ने कहा कि अक्सर देखा गया है कि मेडिकल-एग्रीकल्चर यूनिवर्सिटी छात्रों को डिग्रियां और शोधपत्र तो जारी कर देती है लेकिन अभ्यास के रूप में उनके हाथ कुछ नहीं लगता।

इंटर्नशिप योजना युवाओं को हुनरमंद और रोजगार के अवसर देगी। इससे सैकड़ों छात्र लाभान्वित हो सकेंगे।

### लाइफलॉग लर्निंग के लिए बने वेल्यूबेस्ड सिस्टम



प्रो. अनिल सहस्त्रबुद्धे ने बताया कि उच्च शिक्षण संस्थानों को निर्देश दिए गए हैं कि लाइफलॉग लर्निंग के लिए वेल्यूबेस्ड सिस्टम बनाए जाएं। ताकि नए सत्र में प्रवेश लेने वाले छात्र आधुनिक सुविधाओं के आधार पर अध्ययन पूरा कर सकें। मेंटरशिप प्रोग्राम (प्रिलिम्स) की मदद से डेली शेड्यूल के साथ सामान्य अध्ययन की तैयारी के लिए भी कहा गया है।

# आजम खान के सरकारी सफाई मशीनों को गायब करने के मामले में सरकार से जवाब-तलब

**विधि संवाददाता,प्रयागराज :** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने सरकारी सफाई मशीनों के गायब होने के मामले में समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता और उत्तर प्रदेश के पूर्व कैबिनेट मंत्री आजम खान और अन्य की जमानत याचिका पर शुक्रवार को सुनवाई करते हुए इस संबंध में राज्य सरकार को 10 दिनों के अंदर जवाबी हलफनामा दाखिल करने का निर्देश दिया है।

उसके बाद याची को एक हफ्ते के अंदर प्रत्युत्तर हलफनामा दाखिल करने के लिए समय दिया है। वर्तमान याचिका पर अगली सुनवाई आगामी 12 अगस्त को सुनिश्चित की गई है। मामले की सुनवाई न्यायमूर्ति राजीव मिश्रा की एकलपीठ के समक्ष हुई। मालूम हो कि आजम खान और उनके बेटे अब्दुल्ला आजम सहित पांच अन्य लोगों के खिलाफ आईपीसी और सार्वजनिक संपत्ति नुकसान (निवारण) अधिनियम की विभिन्न धाराओं के तहत 19 सितंबर 2022 को पुलिस स्टेशन कोतवाली, रामपुर में प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी,जिसमें शिकायतकर्ता/सामाजिक कार्यकर्ता वाकर अली खान ने आरोप लगाया था कि सपा शासन काल के दौरान रामपुर में सफाई व्यवस्था हेतु सरकारी पैसे से नगर पालिका में सरकारी सफाई मशीनें खरीदी गईं थीं, लेकिन उन मशीनों को आजम खान और उनके बेटे ने नगर पालिका के पूर्व अध्यक्ष अजहर खान के साथ मिलीभगत करके जौहर विश्वविद्यालय में लगवा लिया। जब नई सरकार में इन मशीनों की खोजबीन हुई तो कुलपति ने विश्वविद्यालय से मशीनें गायब करवा दीं।

## वर्ग पहेली-143

**बाएं से दाएं**

4. 1. यथेष्ट सम्मान, उचित आदर, सत्कार 2. प्रतिष्ठा, ख़ातिर।
5. 1. 'तत' का समासगत रूप 2. वह।
6. पतीला, बटलोई।
7. सप्ताह का छठवां दिन, सप्ताह के सात दिनों का एक नाम।
9. 1. आंख, नेत्र 2. जल 3. आम–फल, आम–वृक्ष 4. माता।

**ऊपर से नीचे**

1. कलम बनाने एवं तराशने का चाकू। 2. हिमायती।
3. जिसने कुछ खाया–पिया न हो।
6. 1. देने वाला, दाता 2. दूसरों को देने की प्रवृत्तिवाला 3. बेचने वाला।
8. नीम का पेड़।



### वर्ग पहेली -142 का हल

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 चाँ | ■ | ■ | 2 अ | ल | ख |
| 3 प | ख़ | ■ | श | ■ | ■ |
| ना | ■ | 4 सु | र | मा | ■ |
| ■ | 5 पू | ष | ण | ■ | 6 खु |
| 7 भू | ■ | 8 मा | श | ■ | रा |
| प | ■ | ■ | 9 र | सा | ई |
| ■ | 10 वि | गु | ण | ■ | ■ |

## सुडोकू -56

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 3 | 5 | | 9 | | | | 6 |
| | | | 5 | | | 8 | | 4 |
| | | 1 | | 7 | 2 | | 9 | |
| | | | 6 | | 4 | | 8 | |
| 2 | | 7 | | | | 1 | | 5 |
| | 9 | | 7 | | 1 | | | |
| | 4 | | 3 | 1 | | 6 | | |
| 5 | | 8 | | | 9 | | | |
| 3 | | | | 4 | | 2 | 7 | |

### सुडोकू -55 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 6 | 4 | 7 | 8 | 1 | 5 | 3 | 2 |
| 2 | 8 | 1 | 3 | 4 | 5 | 9 | 7 | 6 |
| 3 | 7 | 5 | 6 | 9 | 2 | 8 | 4 | 1 |
| 1 | 5 | 7 | 4 | 6 | 8 | 3 | 2 | 9 |
| 8 | 9 | 6 | 2 | 7 | 3 | 1 | 5 | 4 |
| 4 | 3 | 2 | 5 | 1 | 9 | 6 | 8 | 7 |
| 6 | 2 | 8 | 9 | 5 | 7 | 4 | 1 | 3 |
| 5 | 4 | 3 | 1 | 2 | 6 | 7 | 9 | 8 |
| 7 | 1 | 9 | 8 | 3 | 4 | 2 | 6 | 5 |

## आज का भविष्यफल
-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 27 जुलाई शनिवार 2024 संवत–2081, शक संवत 1946 मास– श्रावण, पक्ष–कृष्ण पक्ष, तिथि– सप्तमी 21.19 तक तत्पश्चात अष्टमी।

### आज का पंचांग




**दिशाशूल**–पश्चिम। **ऋतु**–वर्षा।
चन्द्रबल–वृषभ, मिथुन, कन्या, तुला, मकर, मीन।
ताराबल–अश्विनी, भरणी, रोहिणी, आर्द्रा, पुष्य, आश्लेषा, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, अनुराधा, ज्येष्ठा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र–रेवती 13.00 तक तत्पश्चात अश्विनी।

**मेष:** आज दिन की शुरुआत आपके लिए थोड़ी कठिन रहने वाली है। आर्थिक मामलों को लेकर थोड़ी ज्यादा समझदारी दिखाने की आवश्यकता है। महत्वपूर्ण कार्यों को लेकर लापरवाही न करें। दूसरों के मामलों में हस्तक्षेप करने से बचना चाहिए।

**वृष:** आज यात्रा के दौरान आपको कुछ परेशानियों का सामना करना पड़ेगा। उच्च शिक्षा ले रहे विद्यार्थियों को अपनी पढ़ाई पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है। कई कार्यों को साधने की कोशिश कर सकते हैं। शरीर आरोग्यवान और मन प्रसन्न रहने वाला है।

**मिथुन:** आज पेट में कुछ समस्या हो सकती है। किसी बात को लेकर बहस की स्थिति बन सकती है। आपको अपनी छवि की चिंता रहेगी। अनावश्यक बातों में ज्यादा ध्यान न दें। मनमाना व्यवहार करने से बचें। आपको अत्यधिक मेहनत करने की आवश्यकता है।

**कर्क:** आज नई वाहन की खरीदारी का विचार बनाएंगे। व्यवसाय में बदलाव के योग बन रहे हैं। वैवाहिक जीवन सुखमय रहेगा। युवाओं को नई जॉब मिल सकती है। कारोबारी यात्रा होने के योग बन रहे हैं। नई योजनाओं पर धन निवेश कर सकते हैं।

**सिंह:** आज विरोधियों से आपको सावधान हो जाना चाहिए। जीवन के नए अनुभव प्राप्त होंगे। अविवाहित लोगों को विवाह के रिश्ते मिल सकते हैं। कारोबार को लेकर कुछ निर्णय लेने पड़ सकते हैं। अति आवश्यक कार्यों को सुबह शीघ्रातिशीघ्र पूर्ण कर लें।

**कन्या:** आज नजदीकी मित्रों के साथ अपने संबंध मधुर रखें। मित्रों के साथ खटास हो सकती है। अपनी कमियों को दूर करने का प्रयास करें। अति आत्मविश्वास के कारण लोगों के निशाने में आ सकते हैं। धर्म–कर्म के प्रति आपकी रुचि कम हो सकती है।

**तुला:** आज नौकरी में वेतन बढ़ने की संभावना बन रही है। जीवनसाथी को स्वास्थ्य समस्या हो सकती है। आप काफी सकारात्मक रहेंगे। परिश्रम का सार्थक परिणाम मिलेगा। स्वास्थ्य की परेशानियों से राहत मिलने के योग बन रहे हैं।

**वृश्चिक:** आज अपनी गलतियों में सुधार करने का प्रयास करें। प्रेमी जन से वैचारिक मतभेद दूर होंगे। कार्यक्षेत्र में आपको अधिक ध्यान देने की आवश्यकता है। अधिकारी आपसे काफी प्रसन्न रहने वाले हैं। दिनचर्या में नई आदतों को शामिल न करें।

**धनु:** आज व्यवसाय में आपकी सभी रुकावटें दूर हो जाएंगी। परिवार का साथ और सहयोग प्राप्त होगा। प्रेमी संबंधों में परेशानी होने की संभावना है। यदि घर से बाहर जा रहे हैं तो अतिरिक्त धन लेकर निकलें। अपनी जिम्मेदारियों को बखूबी निभाएंगे।

**मकर:** आज विद्यार्थी पढ़ाई को लेकर परेशान रहेंगे। व्यावसायिक यात्रा होने के योग बन रहे हैं। घुटनों में दर्द की शिकायत होगी। अपनी ऊर्जा को सही दिशा में लगाएं। बजट को ध्यान में रखकर ही व्यवसाय में बड़ा निवेश करें।

**कुंभ:** आज दोपहर के बाद परिस्थितियों में सुधार होगा। विरोधियों के ऊपर आप भारी पड़ेंगे। कारोबार में आपको अतिरिक्त काम करना पड़ सकता है। जिन विषयों के बारे में आपके पास पर्याप्त ज्ञान नहीं है उसको लेकर कोई दावा न करें।

**मीन:** आज आपको मानसिक संतोष प्रदान करेगा। व्यापार में अपेक्षा से अधिक धन लाभ होगा। सहकर्मियों के प्रति अपना व्यवहार अच्छा रखें। आपको मेहनत ज्यादा करनी पड़ेगी,लेकिन इससे मिलने वाला परिणाम सकारात्मक होगा।

## आज की फिल्में

B4U MOVIES
राम बलराम — सुबह : 11.12
इलाका — शाम : 06.16

&pictures
मिसेज चटर्जी वर्सेस नॉर्वे — सुबह : 11.27
टीबीए — रात : 08.00

SONY PIX
65 — सुबह : 10.48
वंडर वुमैन — रात : 09.00

ZEE CINEMA
शादी में जरूर आना — सुबह : 10.53
भोला — रात : 08.00

colors CINEPLEX
कुछ कुछ होता है — दोपहर : 12.00
हनु–मान — रात : 07.55

### आज की सुपरहिट फिल्म




जी सिनेमा पर रात : 08.00 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

मास्टर जी क्लास में आए तो पप्पू हल्ला मचा रहा था।
मास्टर जी (पप्पू से) – गजल और भाषण में क्या अंतर होता है?
पप्पू ने कुछ देर सोचा फिर बोला– पराई स्त्री का हर शब्द गजल होता है और बीवी का हर शब्द भाषण...
पप्पू की बात सुनकर मास्टर जी दंग रह गए।

पत्नी– सुनो जी, आज से तुम रोजाना शराब पिया करो।
पति– क्यों?
पत्नी – क्योंकि, आप नशे में ज्यादा काम करते हो।
पति– मैं कुछ समझा नहीं?
पत्नी– अरे कल तुम शराब पीकर आए तो नशे में सारे गंदे पड़े बर्तन धो डाले और तो और आपने मेरे पांव भी दबाए...



# पेरिस ओलंपिक 2024



## पेरिस ओलंपिक के पहले दिन भारत के मुकाबले

**बैडमिंटन :** पुरुष एकल ग्रुप मैच : लक्ष्य सेन बनाम केविन कॉर्डन (ग्वाटेमाला) (शाम 7 :10 बजे)

**पुरुष युगल ग्रुप मैच :** सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी एवं चिराग शेट्टी बनाम लुकास कोर्वी एवं रोनन लाबर (फ्रांस) (रात आठ बजे)

**महिला युगल ग्रुप मैच :** अश्विनी पोनप्पा एवं तनीषा क्रास्टो बनाम किम सो येओंग एवं कोंग ही योंग (कोरिया) (रात 11 :50 बजे)

**मुक्केबाजी :** महिलाओं के 54 किग्रा शुरुआती दौर का मुकाबला : प्रीति पवार बनाम थी किम अन्ह वो (वियतनाम) (रात 12 :05 बजे)

**हॉकी :** पूल बी मैच : भारत बनाम न्यूजीलैंड (रात नौ बजे)

**नौकायन :** पुरुष एकल स्कल्स : पंवार बलराज (दोपहर 12 :30 बजे)

**टेबल टेनिस :** पुरुष एकल पहला दौर : हरमीत देसाई बनाम जैद अबो (यमन) (शाम 7 :15 बजे)

**टेनिस :** पुरुष युगल के पहले दौर का मैच : रोहन बोपन्ना एवं एन श्रीराम बालाजी बनाम एडवर्ड रोजर–वैसलीन और फैबियन रेबौल (फ्रांस) (दोपहर 03 :30 बजे)

**निशानेबाजी :**

**10 मीटर मिश्रित टीम क्वालिफिकेशन :** संदीप सिंह / इलावेनिल वालारिवन, अर्जुन बबूता/ रमिता जिंदल (दोपहर 12 :30 बजे)

**10 मीटर एयर पिस्टल पुरुष क्वालिफिकेशन :** अर्जुन सिंह चीमा और सरबजोत सिंह (दोपहर दो बजे)

**10 मीटर एयर पिस्टल महिला क्वालिफिकेशन :** मनु भाकर और रिदम सांगवान (शाम चार बजे)

## खेल डायरी

### सबसे युवा भारतीय अधिकारी होंगे साइ अशोक

**नई दिल्ली।** भारत के पूर्व अंतर्राष्टीय मुक्केबाज के साइ अशोक पेरिस ओलंपिक में भारत के सबसे युवा अधिकारी होंगे जिन्हें शुक्रवार से शुरू हो रहे खेलों में रेफरी जज बनाया गया है। 32 वर्ष के अशोक 1904 के बाद चौथे भारतीय हैं जो ओलंपिक में अधिकारी होंगे। पुणे के सैन्य खेल संस्थान में मुक्केबाजी प्रशासक के तौर पर काम करने वाले अशोक विश्व सैन्य मुक्केबाजी परिषद के अध्यक्ष बनने वाले पहले भारतीय भी रहे।

### सीरिया, मॉरिशस इंटरकांटिनेंटल कप में भाग लेंगे

**नई दिल्ली।** सीरिया और मॉरीशस हैदराबाद में दो से दस सितंबर चलने वाले इंटरकांटिनेंटल कप में भाग लेंगे। सीरिया और मॉरीशस ने फीफा विंडो के दौरान हैदराबाद में होने वाले इस टूर्नामेंट में भाग लेने की पुष्टि की है। फीफा की नवीनतम रैंकिंग में भारतीय पुरुष टीम 124वें स्थान पर, सीरिया 93वें स्थान पर है तथा मॉरीशस 179वें स्थान है। मुंबई में 2018 में शुरु हुई इस प्रतियोगिता का यह चौथा संस्करण होगा। टूर्नामेंट में भारत 2018 एवं 2023 में विजेता बना।

### टेबल टेनिसः अभियान की शुरुआत करेंगे हरमीत

**पेरिस।** भारतीय टेबल टेनिस (टेटे) खिलाड़ी हरमीत देसाई शनिवार को पेरिस ओलंपिक स्पर्धा के प्रारंभिक दौर में जॉर्डन के जैद अबो यमन के खिलाफ अभियान की शुरुआत करेंगे। राष्ट्रमंडल खेलों की स्वर्ण पदक विजेता मनिका महिला एकल में ग्रेट ब्रिटेन की अन्ना हर्से से भिड़ेंगी। शरत कमल के सामने स्लोवेनिया की डेनी कोजुल की चुनौती होगी, जबकि 16वीं वरीयता प्राप्त 25 वर्षीय श्रीजा स्वीडन की खिलाड़ी क्रिस्टीना कालबर्ग के खिलाफ 28 जुलाई को अपने अभियान की शुरुआत करेंगी।

# भारतीय हॉकी टीम बस अपना स्वाभाविक खेल दिखाए : हरेंद्र

**नई दिल्ली, एजेंसी**

कॅरियर की शुरूआत से अब तक के उनके सफर को करीब से देखने वाले अनुभवी कोच हरेंद्र सिंह का मानना है कि भारतीय हॉकी टीम पेरिस ओलंपिक में पदक की प्रबल दावेदार है। उनकी टीम को एक ही सलाह है, बस अपना स्वाभाविक खेल दिखाओ। अप्रैल 2024 में भारतीय महिला हॉकी टीम के मुख्य कोच बनने के बाद भाषा को दिए पहले इंटरव्यू में हरेंद्र ने कहा, मैं उन्हें यही सलाह दूंगा कि अपना स्वाभाविक खेल दिखाओ। भारतीय टीम पदक जीतने में सक्षम है। मैं पदक के रंग को लेकर कयास नहीं लगाऊंगा लेकिन पदक मिलेगा और यह मैं सिर्फ इसलिए नहीं कह रहा हूं क्योंकि मैं भारतीय हूं।

उन्होंने कहा भारत के पास अच्छी फॉरवर्ड लाइन है, शानदार मिडफील्डर और गोलकीपर पी आर श्रीजेश के रूप में भारतीय हॉकी की दीवार है। इसके अलावा हरमनप्रीत जैसा कूल कप्तान है। अमेरिका की पुरुष टीम के मुख्य कोच रहे 55 वर्ष के हरेंद्र ने कहा क्रेग फुल्टोन शानदार कोच हैं और ओलंपिक पदक विजेता



● अनुभवी कोच बोले- भारतीय हॉकी टीम पेरिस ओलंपिक में पदक की प्रबल दावेदार

रह चुके हैं। उन्हें पता है कि चैम्पियन टीम बनने के लिए क्या चाहिए और दबाव के हालात से कैसे निपटना है। उन्हें यूरोपीय और भारतीय हॉकी का काफी अनुभव है। द्रोणाचार्य पुरस्कार प्राप्त हरेंद्र 2000 सिडनी ओलंपिक, 2005 जूनियर विश्व कप, 2006 विश्व कप, 2006 एशियाई खेल, 2009 एशिया कप और 2010 पुरूष हॉकी विश्व कप में विभिन्न भूमिकाओं में भारत की सीनियर और जूनियर टीमों के कोचिंग स्टाफ का हिस्सा रह चुके हैं। वह 2016 में लखनऊ में जूनियर विश्व कप जीतने वाली भारतीय टीम के कोच थे।

पेरिस ओलंपिक में भारतीय टीम के कप्तान हरमनप्रीत 2016 की जूनियर टीम का हिस्सा थे। हरेंद्र ने 2015 में ही भविष्यवाणी कर दी थी कि एक दिन वह भारत के कप्तान बनेंगे। 1990 एशियाई खेलों के पदक विजेता ने कहा हरमनप्रीत शानदार कप्तान है। मैंने अक्टूबर 2015 में जोहोर कप के लिए जूनियर टीम की रवानगी से पहले दिल्ली में ध्यानचंद स्टेडियम पर कहा था कि अगर वह अपने प्रदर्शन में सुधार करता रहा और यूं ही सहज भाव से खेलता रहा तो एक दिन भारत का कप्तान बनेगा।

2017 में एशिया कप जीतने वाली भारतीय महिला टीम के कोच रहे हरेंद्र ने कहा उसकी सबसे अच्छी बात यह है कि वह हर परिस्थिति में शांतचित्त रहता है। यह उसकी ताकत है और यह अच्छे फैसले लेने में उसकी मदद करती है। यही वजह है कि वह दुनिया के सर्वश्रेष्ठ ड्रैग फ्लिकरों में से है। अपना चौथा और आखिरी ओलंपिक खेल रहे श्रीजेश के बारे में उन्होंने कहा कि वह हॉकी ही नहीं सभी खेलों के खिलाड़ियों के लिये प्रेरणास्रोत हैं। उन्होंने कहा वो मेरा जांगू (श्रीजेश का प्यार से बुलाया जाने वाला नाम) है। पेरिस में पदक उसे सैल्यूट होगा।

# तीसरे पदक पर सिंधु की नजर

## दो ओलंपिक में रजत और कांस्य पदक जीता था, सात्विक और चिराग की निगाह स्वर्ण पर



सात्विक और चिराग को तीसरी वरीयता दी गई

**पेरिस, एजेंसी**

सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की स्टार भारतीय जोड़ी ओलंपिक में शनिवार से शुरू होने वाली बैडमिंटन प्रतियोगिता के पुरुष युगल में स्वर्ण पदक की प्रबल दावेदार के रूप में शुरुआत करेगी जबकि पीवी सिंधु लगातार तीसरा पदक जीत कर भारतीय खेलों में नया इतिहास रचने की कोशिश करेगी। सिंधु ने पिछले दो ओलंपिक खेलों में रजत और कांस्य पदक जीता था तथा पेरिस में हैट्रिक पूरी करने के लिए उन्हें बड़ी प्रतियोगिताओं में खेलने के अपने अनुभव का अच्छी तरह से इस्तेमाल करना होगा। जहां तक सात्विक और चिराग का सवाल है तो पेरिस उनके लिए भाग्यशाली साबित हुआ है। उन्होंने इस साल फ्रेंच ओपन में पुरुष युगल का खिताब जीता था। अश्विनी पोनप्पा के लिए यह अंतिम ओलंपिक हो सकता है। वह महिला युगल में तनीषा क्रैस्टो के साथ मिलकर भारतीय चुनौती पेश करेगी।

पुरुष एकल में एचएस प्रणय और लक्ष्य से भी पहली बार ओलंपिक खेलों में अपनी चुनौती पेश करेंगे। इन दोनों में से हालांकि एक ही पदक जीत सकता है क्योंकि ग्रुप चरण से आगे बढ़ने पर प्री क्वार्टर फाइनल में यह दोनों खिलाड़ी आमने-सामने होंगे। पुरुष युगल में सात्विक और चिराग ने शानदार प्रदर्शन किया। इस साल वह चार प्रतियोगिताओं के फाइनल में पहुंचे हैं और उन्होंने दो खिताब जीते हैं। सात्विक और चिराग को तीसरी वरीयता दी गई है। उन्हें इंडोनेशिया के मौजूदा ऑल इंग्लैंड चैंपियन फजर अल्फियन और मुहम्मद रियान अर्दिआंतो, जर्मनी के मार्क लैम्सफस और मार्विन सेडेल तथा फ्रांस के लुकास कोरवी और रोनन लाबार के साथ ग्रुप सी में रखा गया है। ओलंपिक से पहले सिंधु की फॉर्म अच्छी नहीं रही है लेकिन उन्होंने प्रकाश पादुकोण की निगरानी में पिछले कुछ महीनो से कड़ा अभ्यास किया है और वह ओलंपिक पदक की हैट्रिक पूरी करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

## बोले विजेंदर

# खेल महाशक्ति बनने को और नायकों की जरूरत

**नई दिल्ली, एजेंसी**

मुक्केबाज से नेता बने विजेंदर सिंह का मानना है कि अगर भारत को 2047 तक खेल महाशक्ति बनना है तो उसे क्रिकेट से इतर और नायकों की जरूरत है जो भावी पीढ़ियों को प्रेरित कर सकें। पूर्व ओलंपिक और विश्व चैम्पियनशिप के कांस्य पदक विजेता विजेंदर का मानना है कि ये नायक ज्यादा से ज्यादा युवाओं को खेल को पेशे के तौर पर अपनाने के लिए प्रोत्साहित करेंगे।

भाजपा नेता विजेंदर ने पीटीआई के मुख्यालय में संपादकों से बातचीत में यह पूछे जाने पर कि क्या सरकार का 2047 तक भारत को खेल महाशक्ति बनाने का लक्ष्य यथार्थवादी है तो उन्होंने कहा, हमें इस संस्कृति में बदलाव के लिए नायक बनाने होंगे। उन्होंने तोक्यो ओलंपिक में भाला फेंक स्पर्धा के स्वर्ण पदक विजेता नीरज चोपड़ा का जिक्र करते हुए कहा, पिछले कुछ साल में



● कहा- खेल के बुनियादी ढांचे में सुधार करना महत्वपूर्ण

हमारे युवाओं, विशेषकर ग्रामीण इलाकों के युवाओं में अच्छा प्रदर्शन करने की भूख बढ़ती जा रही है। जब वे नीरज चोपड़ा को देखते हैं तो वे उनके जैसा बनना चाहते हैं। वे वह सब कुछ पाना चाहते हैं जो उनके पास है और यही उन्हें आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करता है।

विजेंदर ने कहा, जब मैंने शुरुआत की थी तो मैं केवल एक सरकारी नौकरी चाहता था। लेकिन आज एथलीट और अधिक चाहते हैं। भिवानी के इस मुक्केबाज ने यह भी कहा कि समग्र प्रगति सुनिश्चित करने के लिए देश के खेल बुनियादी ढांचे में सुधार महत्वपूर्ण है।

# पहले दिन ही कोर्ट पर उतरेंगे नडाल जोकोविच और कार्लोस अल्काराज



**पेरिस, एजेंसी**

नोवाक जोकोविच, राफेल नडाल और कार्लोस अल्काराज तीनों ही ओलंपिक खेलों की टेनिस प्रतियोगिता के पहले दिन शनिवार को यहां रोलां गैरा में कोर्ट पर उतरेंगे। सर्बिया के जोकोविच पहले दिन पुरुष एकल में अपने अभियान की शुरुआत करेंगे जबकि नडाल युगल में और अल्काराज दोनों में प्रतिस्पर्धा करेंगे। नडाल और अल्काराज स्पेन की पुरुष युगल टीम

● जोकोविच पुरुष एकल जबकि नडाल युगल और अल्काराज दोनों में प्रतिस्पर्धा करेंगे

में शामिल हैं और उन्होंने यहां जोड़ी बनाई है। उनका पहला मुकाबला अर्जेंटीना के मैक्सिमो गोंजालेज और एंड्रेस मोल्टेनी से होगा।

नडाल एकल में पहला मैच रविवार को हंगरी के मार्टन फुकसोविक्स के खिलाफ खेलेंगे। नडाल ने 2008 में एकल और 2016 में युगल में ओलंपिक स्वर्ण पदक जीता था लेकिन जोकोविच अभी तक ओलंपिक चैंपियन नहीं बन पाए हैं। कॅरियर में रिकॉर्ड 24 ग्रैंडस्लैम जीतने वाले और बीजिंग ओलंपिक 2008 के कांस्य पदक विजेता जोकोविच ने कहा, ओलंपिक से बहुत सारी उम्मीदें हैं तथा इसे नहीं बदल सकता और इसे बदलना भी नहीं चाहता हूं। इनसे मुझे सर्वश्रेष्ठ करने की प्रेरणा मिलती है।

## अमेरिका और कनाडा ने जीते अपने मैच

**नीस (फ्रांस)।** मैलोरी स्वानसन ने पहले हाफ में 70 सेकंड के अंतराल में दो गोल किए, जिससे अमेरिका ने जाम्बिया को 3-0 से हराकर ओलंपिक खेलों की महिला फुटबॉल प्रतियोगिता में शानदार शुरुआत की। अमेरिका का अगला मुकाबला रविवार को जर्मनी से होगा।

एक अन्य मैच में एवलिन विएन्स ने 79वें मिनट में गोल करके मौजूदा ओलंपिक चैंपियन कनाडा को न्यूजीलैंड पर 2-1 से जीत दिलाई। मैकेंज़ी बैरी ने 13वें मिनट में गोल करके न्यूजीलैंड को शुरुआती बढ़त दिलाई, लेकिन क्लो लैकासे ने पहले हाफ के इंजरी टाइम में कनाडा को बराबरी दिला दी थी। एक गोल से पिछड़ने के बाद वापसी करके न्यूजीलैंड को 2-1 से हराया।

# दबदबा बनाने उतरेगी टीम इंडिया

**पालेकल (श्रीलंका), एजेंसी**

गौतम गंभीर और सूर्यकुमार यादव की नवनियुक्त कोच और कप्तान की जोड़ी के साथ भारतीय टीम श्रीलंका के खिलाफ शनिवार से यहां शुरू होने वाली तीन टी20 अंतर्राष्ट्रीय मैचों की श्रृंखला में अपनी विशेष छाप छोड़ने की कोशिश करेगी। दो बार के विश्व कप विजेता गंभीर मुख्य कोच के रूप में जबकि टी20 के सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाजों में से एक सूर्यकुमार खेल के इस छोटे प्रारूप में कप्तान के रूप में अपनी नई पारी शुरू करेंगे।

अगला टी20 विश्व कप 2026 में भारत और श्रीलंका की संयुक्त मेजबानी में खेला जाएगा तथा चयनकर्ताओं के पास उसके लिए टीम तैयार करने के लिए अभी काफी समय है। जहां तक श्रीलंका की बात



● श्रीलंका के खिलाफ तीन टी20 अंतर्राष्ट्रीय मैचों की शृंखला का पहला मैच आज

है तो वह तेज गेंदबाजी विभाग में कमजोर नजर आता है क्योंकि उसके दो अनुभवी गेंदबाज दुष्मंथा चमीरा (ब्रोंकाइटिस और श्वसन संक्रमण) और नुवान तुषारा (उंगली में फ्रैक्चर) श्रृंखला से बाहर हो गए हैं। उनकी जगह असिथा फर्नांडो और दिलशान मदुशंका को टीम में लिया गया है।

**भारत :** सूर्यकुमार यादव (कप्तान), शुभमन गिल, यशस्वी जायसवाल, रिंकू सिंह, रियान पराग, ऋषभ पंत (विकेटकीपर), संजू सैमसन (विकेटकीपर), हार्दिक पंड्या, शिवम दुबे, अक्षर पटेल, वाशिंगटन सुंदर, रवि बिश्नोई, अर्शदीप सिंह, खलील अहमद, मोहम्मद सिराज। **श्रीलंका :** दिनेश चांदीमल, अविष्का फर्नांडो, कुसल मेंडिस (विकेटकीपर), पथुम निसांका, कुसल परेरा, चरिथ असलांका (कप्तान), वानिंदु हसरंगा, कामिंडु मेंडिस, दासुन शनाका, चामिंडु विक्रमसिंघे, बिनुरा फर्नांडो, असिथा फर्नांडो, दिलशान मदुशंका, मथीशा पथिराना, महेश थीक्षाना, डुनिथ वेलालगे। **मैच :** भारतीय समयानुसार शाम 7 :00 बजे से।

## इराक का जूडोका डोपिंग जांच में पॉजिटिव मिला

**पेरिस।** पेरिस ओलंपिक में डोपिंग के पहले मामले में इराक के एक पुरुष जूडोका को दो प्रतिबंधित पदार्थ (एनाबॉलिक स्टेरॉयड) के इस्तेमाल के लिए पॉजिटिव पाया गया है। अंतर्राष्ट्रीय जांच एजेंसी ने शुक्रवार को बताया कि 28 साल के सज्जाद सेहेन के नमूने की जांच में प्रतिबंधित पदार्थ मेटांडिएनोन और बोल्डनोन पॉजिटिव पाया गया है। इस 28 साल के खिलाड़ी को मंगलवार को प्रतिस्पर्धा करनी थी। अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक समिति के लिए डोपिंग रोधी कार्यक्रम की देखरेख करने वाले आईटीए ने कहा कि इस खिलाड़ी के खिलाफ अनुशासनात्मक शुरू कर अस्थायी रूप से निलंबित कर दिया गया है।

# बांग्लादेश को हराकर भारत फाइनल में

**महिला टी20 एशिया कप**

**दाम्बुला, एजेंसी**

तेज गेंदबाज रेणुका सिंह और राधा यादव ने तीन-तीन विकेट चटकाकर बांग्लादेश की पारी को झकझोरा तो वहीं सलामी बल्लेबाज स्मृति मंधाना ने ताबड़तोड़ नाबाद अर्धशतकीय पारी खेलकर महिला टी20 एशिया कप के सेमीफाइनल में भारत को 10 विकेट की शानदार जीत दिलायी। भारत ने बांग्लादेश को आठ विकेट पर 80 रन पर रोकने के बाद 11 ओवर में बिना किसी नुकसान के 83 रन बनाकर एकतरफा जीत दर्ज की। मंधाना ने 39 गेंद में नौ चौके और एक छक्के की मदद से नाबाद 55 और शेफाली वर्मा ने 28 गेंद में दो चौके की मदद से नाबाद 26 रन का योगदान दिया।

लक्ष्य का पीछा करते हुए मंधाना और शेफाली ने मैदान के चारों ओर मन मुताबिक शॉट लगाये। भारत की जीत पर लगभग उसी समय मुहर लग गयी थी जब गेंदबाजों ने बांग्लादेश को

● स्मृति और शेफाली वर्मा ने भारत को 10 विकेट से दिलाई जीत

● रेणुका सिंह और राधा यादव ने तीन-तीन विकेट झटके




महज 80 रन पर रोक दिया था।

प्लेयर ऑफ द मैच रेणुका को स्पिनर राधा यादव (14 रन पर तीन विकेट) का शानदार साथ मिला। रेणुका ने पारी की शुरुआत में लगातार चार ओवर डालते हुए 10 रन देकर तीन विकेट चटकाये। उन्होंने बांग्लादेश के शीर्ष क्रम को झकझोरा तो वहीं राधा ने मध्यक्रम के बल्लेबाजों को अपनी फिरकी पर नचाया। बांग्लादेश के लिए कप्तान निगार सुल्ताना ने 51 गेंद में 32 जबकि शोर्ना अख्तर ने नाबाद 19 रन का योगदान दिया। दोनों ने सातवें विकेट के लिए 36 रन की साझेदारी कर टीम को मुश्किल स्थिति से बाहर निकाला। बांग्लादेश ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी का फैसला किया था।

### श्रीलंका ने पाकिस्तान को सेमीफाइनल में हराया

**दांबुला।** कप्तान चामारी अट्टापटू (63) रनों की शानदार पारी की बदौलत श्रीलंका ने शुक्रवार को महिला एशिया कप के दूसरे सेमीफाइनल मुकाबले में पाकिस्तान को तीन विकेट से हराकर फाइनल में प्रवेश कर लिया है। जहां रविवार को भारतीय टीम के साथ उसकी खिताबी भिड़ंत होगी। 141 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी श्रीलंका की शुरुआत बेहद खराब रही और उसने 19 रन पर अपने दो विकेट गवां दिए। कविशा दिलहारी ने कप्तान अट्टापटू के साथ पारी को संभाला। इससे पहले श्रीलंका ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। मुनीबा अली (37) और गुल फिरोजा (25) रनों की पारियों के दम पर पाकिस्तान ने श्रीलंका को दिया 141 रनों का लक्ष्य दिया।

## अफगानिस्तान और न्यूजीलैंड का पहला टेस्ट ग्रेटर नोएडा में

**नई दिल्ली।** अफगानिस्तान उत्तर प्रदेश में ग्रेटर नोएडा के अपने घरेलू मैदान पर सितंबर में न्यूजीलैंड के साथ अपना एकमात्र टेस्ट मैच खेलेगा। यह अफगानिस्तान का कुल 10वां तथा वर्ष 2024 में तीसरा टेस्ट मैच होगा। इसके अलावा यह ग्रेटर नोएडा में भी पहला टेस्ट मैच होगा। यह टेस्ट मैच नौ से 13 सितंबर के बीच होने की संभावना है।

इसके बाद केवल इंग्लैंड, ऑस्ट्रेलिया, पाकिस्तान और दक्षिण अफ्रीका ही ऐसी टीमें बचेंगी, जिनके साथ अफगानिस्तान ने टेस्ट मैच नहीं खेला है। इसके लगभग एक महीने बाद 16 अक्तूबर से न्यूजीलैंड का भारत दौरा शुरू होगा, जहां मेहमान टीम को तीन टेस्ट मैचों की सीरीज खेलनी है। इन दोनों सीरीज के बीच में न्यूजीलैंड की टीम टेस्ट सीरीज खेलने श्रीलंका भी जाएगी। जिनकी तारीखों की घोषणा होनी अभी शेष है।

# नए विचार लाएंगे गंभीरः शास्त्री

**दुबई, एजेंसी**

भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान रवि शास्त्री ने राष्ट्रीय टीम के नये कोच गौतम गंभीर के सफल होने की उम्मीद जताते हुए कहा कि वह एक समकालीन कोच हैं, जिन्होंने अपेक्षाकृत परिपक्व और सुलझी हुई टीम की बागडोर संभाली है। भारत के पूर्व कोच शास्त्री का मानना है कि 42 वर्षीय गंभीर अपनी नई भूमिका में तत्काल प्रभाव डाल सकते हैं क्योंकि वह कई खिलाड़ियों के साथ खेल चुके हैं और उनका मार्गदर्शन कर चुके हैं। वह पहले से ही टीम करीब हैं।

वामहस्त सलामी बल्लेबाज रहे गंभीर ने इंडियन प्रीमियर लीग में लखनऊ सुपर जायंट्स और कोलकाता नाइट राइडर्स के लिए मेंटोर (मार्गदर्शक) की भूमिका निभाई है। शास्त्री ने कहा, वह (गंभीर) समकालीन हैं, आईपीएल में उनका सत्र बहुत अच्छा रहा था। मुझे लगता है कि वह सही उम्र है जहां वह युवा है, वह नए विचारों के साथ आएगा।



● भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान ने नए कोच गौतम गंभीर के सफल होने की उम्मीद जताई

वह आईपीएल टीमों का हिस्सा रहा है ऐसे में खासकर सफेद गेंद प्रारूप के ज्यादातर खिलाड़ियों को जानता हैं। इसलिए मुझे लगता है कि वह टीम में नयापन लेकर आयेगा। उन्होंने कहा, हम गौतम को जानते हैं, उसे अनुशासन पसंद है। उसके भी अपने विचार होंगे। उसके लिए यह अच्छी बात है कि उसके पास एक परिपक्व टीम है। उनके पास एक सुलझी हुई टीम है। मुझे लगता है कि भले ही आप सोचते हों कि आप परिपक्व हैं, आपको कुछ नए विचारों से फायदा हो सकता है। इसलिए मुझे लगता है कि यह दिलचस्प समय होगा।

शास्त्री का मानना है कि खिलाड़ियों, खासकर गेंदबाजों का कार्यभार प्रबंधन गंभीर के लिए सबसे बड़ी चुनौती होगी। उन्होंने कहा, जाहिर तौर पर, एक कोच के रूप में खिलाड़ी प्रबंधन महत्वपूर्ण हो जाता है। इसलिए यह देखना दिलचस्प होगा कि वह कैसे आगे बढ़ता है। मुझे लगता है कि उसके पास इसका तरीका और अनुभव है।

भारत के कोच के रूप में गंभीर का पहला कार्यभार श्रीलंका में सफेद गेंद की श्रृंखला है जो शनिवार को पल्लेकेले में तीन मैचों की टी20 श्रृंखला के साथ शुरू होगी। पिछले महीने की टी20 विश्व कप जीत के बाद दिग्गज रोहित शर्मा, विराट कोहली और रविंद्र जडेजा के सबसे छोटे प्रारूप से संन्यास लेने के कारण गंभीर को इन खिलाड़ियों का विकल्प ढूंढना होगा। शास्त्री ने कहा, वहां बहुत सारे खिलाड़ी हैं और यह सिर्फ यह सही मिश्रण पाने के बारे में है।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक राज सागर द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित एवं एलआईजी 23, प्रथम तल, आशियाना फेस-1, कांठ रोड मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित।
**संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी**, 0591-3551286 (कार्यालय), ईमेल-amritvichar.moradabad@gmail.com आर.एन.आई नं0-UPHIN/2020/79034 (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र मुरादाबाद होगा)।

## शिखर पर तिरंगा



भारतीय सशस्त्र बलों का प्रतिनिधित्व करने वाली दो टीमों ने अंतर्राष्ट्रीय सैन्य खेल परिषदके तीसरे शांति के लिए चढ़ाई कार्यक्रम के दौरान यूरोप के सबसे ऊंचे पर्वत माउंट एल्ब्रस के शिखर पर तिरंगा फहराया।

## बाइडेन भारत में क्वाड सम्मेलन में शामिल होने के लिए प्रतिबद्ध : किर्बी

**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति के आधिकारिक आवास एवं कार्यालय व्हाइट हाउस ने कहा है कि जो बाइडेन भारत में इस साल होने वाले क्वाड देशों के नेताओं के वार्षिक शिखर सम्मेलन में शामिल होने के लिए प्रतिबद्ध हैं। राष्ट्रीय सुरक्षा संचार सलाहकार जॉन किर्बी ने कहा अभी कैलेंडर पर कुछ भी निर्धारित नहीं किया गया है। क्वाड बाइडेन की पहल है और ऑस्ट्रेलिया, जापान, भारत एवं अमेरिका इसके सदस्य देश हैं। बाइडेन ने वर्ष 2020 में राष्ट्रपति के तौर पर अपने कार्यकाल के शुरुआती 100 दिन में क्वाड देशों के नेताओं का एक ऑनलाइन शिखर सम्मेलन आयोजित किया था। तब से सभी देश बारी-बारी से सम्मेलन आयोजित करते रहे हैं।

### जयशंकर ने कहा- भारत की एक्ट ईस्ट नीति और हिन्द-प्रशांत दृष्टिकोण का आधार है आसियान

# आसियान को आर्थिक व सुरक्षा सहयोग के लिए प्रतिबद्ध

**वियनतियान।** विदेश मंत्री जयशंकर ने दक्षिण पूर्व एशियाई देशों के संगठन (आसियान) के साथ राजनीतिक, आर्थिक और सुरक्षा सहयोग बढ़ाने को भारत की प्राथमिकता बताते हुए शुक्रवार को कहा कि यह 10 सदस्यीय प्रभावशाली क्षेत्रीय समूह भारत की एक्ट ईस्ट नीति और हिन्द-प्रशांत दृष्टिकोण की आधारशिला है।

जयशंकर आसियान की बैठकों में भाग लेने के लिए लाओस की राजधानी में हैं। उन्होंने आसियान-भारत विदेश मंत्रियों की बैठक के उद्घाटन सत्र में अपने संबोधन के दौरान कहा कि भारत आसियान और ईएएस (पूर्वी एशिया शिखर सम्मेलन) मंचों को जो प्राथमिकता देता है, वह पिछले साल नयी दिल्ली में जी-20 शिखर सम्मेलन की पूर्व संध्या पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा जकार्ता की यात्रा किए जाने से स्पष्ट है।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने 12 सूत्री योजना की घोषणा की थी, जिस पर बड़े पैमाने पर अमल किया गया है। भारत के लिए आसियान उसकी एक्ट इंडिया नीति और उसके हिन्द-प्रशांत दृष्टिकोण की आधारशिला है। उन्होंने कहा कि आसियान के साथ वर्तमान राजनीतिक, आर्थिक एवं सुरक्षा सहयोग और लोगों के बीच संपर्क सर्वोच्च प्राथमिकता है, जिसे हम विस्तार देने का निरंतर प्रयास कर रहे हैं।



आसियान की बैठक के लिए जाते विदेश मंत्री जयशंकर। ● एजेंसी

### अध्यक्षता करने के लिए लाओस को दी बधाई

जयशंकर ने कहा मैं आसियान की अध्यक्षता करने के लिए लाओस को बधाई देता हूं और उसकी अध्यक्षता को सफल बनाने के लिए अपना पूरा समर्थन देता हूं। उन्होंने आसियान-भारत कार्य योजना के अंतर्गत चिह्नित ठोस सहयोग के माध्यम से आसियान-भारत संबंधों को मजबूत बनाने के लिए सभी सदस्यों की सराहना की। भावी समन्वयक देश के रूप में फिलीपींस का स्वागत है। डिजिटल, रक्षा, समुद्री, संपर्क सुविधा, सुरक्षा, स्वास्थ्य और पारंपरिक चिकित्सा और सांस्कृतिक विरासत का संरक्षण भारत-आसियान सहयोग के लिए प्राथमिकता वाले क्षेत्र बने रहेंगे।

## एक नजर

### पापुआ न्यू गिनी में 26 ग्रामीणों की हत्या

**मेलबर्न।** संयुक्त राष्ट्र और पुलिस अधिकारियों का कहना है कि पापुआ न्यू गिनी के उत्तरी हिस्से में दूर दराज के तीन गांवों में एक गिरोह के हाथों कम से कम 26 लोगों के मारे जाने की खबर है। दक्षिण प्रशांत द्वीप राष्ट्र के ईस्ट सेपिक प्रांत के कार्यवाहक प्रांतीय पुलिस कमांडर जेम्स बाउगेन ने शुक्रवार को ऑस्ट्रेलियन ब्रॉडकास्टिंग कॉर्प को बताया घटना बहुत भयावह थी। रात में कुछ शवों को पास के दलदल के मगरमच्छों ने निवाला बना लिया।

### श्रीलंका में 21 सितंबर को होगा राष्ट्रपति चुनाव

**कोलंबो।** श्रीलंका के चुनाव आयोग ने शुक्रवार को घोषणा किया कि देश में राष्ट्रपति चुनाव 21 सितंबर को होगा। इस संबंध में जारी गजट अधिसूचना के अनुसार, चुनाव आयोग ने राष्ट्रपति पद के चुनाव के लिए उम्मीदवारों के नामांकन की तारीख 15 अगस्त घोषित की है।

### द. अफ्रीका में पहली महिला प्रधान न्यायाधीश नियुक्त

**केपटाउन।** दक्षिण अफ्रीका में पहली बार किसी महिला को प्रधान न्यायाधीश के पद पर नियुक्त किया गया है। राष्ट्रपति सिरिल रामाफोसा ने वर्तमान उप प्रधान न्यायाधीश मंडिसा माया को प्रधान न्यायाधीश नियुक्त किया। पद पर माया का कार्यकाल एक सितंबर से प्रारंभ होगा। वह मौजूदा प्रधान न्यायाधीश रेमंड जोंडो के सेवानिवृत्त होने के बाद उनका स्थान लेंगी।

### राष्ट्रपति चुनाव के लिए तीन प्रत्याशी को मंजूरी

**अल्जीयर्स।** नेशनल इंडिपेंडेंट अथॉरिटी फॉर इलेक्शन (एएनआईई) ने देश में 7 सितंबर को होने वाले राष्ट्रपति चुनाव के लिए तीन लोगों के उम्मीदवारी अनुरोधों को मान्य किया है। यह जानकारी राज्य संचालित टेलीविजन ईएनटीवी ने गुरुवार को दी। रिपोर्ट के अनुसार, एएनआईई के प्रमुख मोहम्मद चोर्फी ने सितंबर में होने वाले चुनावों के लिए उम्मीदवारों की सूची की जानकारी देने के लिए एक प्रेस वार्ता की।

# ओलंपिक से पहले फ्रांस में तोड़फोड़

## कई जगह आगजनी कर रेल नेटवर्क को बनाया निशाना, पेरिस नहीं पहुंच पाए हजारों खेल प्रेमी

**पेरिस, एजेंसी**

ओलंपिक खेलों के भव्य उद्घाटन समारोह से कुछ घंटे पहले फ्रांस के हाई-स्पीड रेल नेटवर्क को निशाना बनाकर की गई तोड़फोड़ और आगजनी की घटनाओं से देश तथा यूरोप के विभिन्न हिस्सों से राजधानी पेरिस तक संचालित की जाने वाली ट्रेन सेवा शुक्रवार को प्रभावित हुई। फ्रांसीसी अधिकारियों ने इन हमलों को आपराधिक कृत्य करार दिया। उन्होंने कहा कि वे इस बात की जांच कर रहे हैं कि कहीं इन हमलों का संबंध ओलंपिक खेलों से तो नहीं।

अधिकारियों के मुताबिक ओलंपिक खेलों के मद्देनजर पूरी दुनिया की नजरें पेरिस पर थीं, ऐसे में इन हमलों से अकेले शुक्रवार को ढाई लाख यात्रियों के प्रभावित होने की आशंका है। रेल लाइनों पर तोड़फोड़ और आगजनी की घटनाओं से ट्रेन परिचालन सप्ताहांत और इससे अधिक समय तक प्रभावित रहने की आशंका है। फ्रांस के परिवहन मंत्री पैट्रिस वर्गीते ने बताया कि जिन जगहों पर आगजनी की घटनाएं हुईं, वहां से लोगों को भागते देखा गया और इन स्थानों पर आग लगाने के लिए इस्तेमाल चीजें भी बरामद की गईं। वर्गीते ने कहा हर चीज इंगित करती है कि ये आपराधिक घटनाएं हैं। उन्होंने बताया कि इन घटनाओं के कारण पेरिस को फ्रांस के अन्य हिस्सों और पड़ोसी देशों से जोड़ने वाली हाई-स्पीड ट्रेन का परिचालन ठप पड़ गया। बीएफएम टेलीविजन से बातचीत में उन्होंने कहा कि ओलंपिक उद्घाटन समारोह में हिस्सा लेने के लिए बड़ी संख्या में लोग पेरिस की यात्रा की योजना बना रहे थे। इसके अलावा छुट्टियां मनाने निकले कई पर्यटकों की भी पेरिस और अन्य जगहों की यात्रा करने की योजना थी।



पेरिस में ट्रेन नहीं जाने के कारण स्टेशन पर जमा भीड़। ● एजेंसी

### ट्रेन प्रभावित होने से स्टेशन यात्रियों से खचाखच भरे

**पेरिस।** सोशल मीडिया पर साझा किए गए वीडियो में मॉन्टपर्नासे स्टेशन का हॉल यात्रियों से खचाखच भरा हुआ देखा जा सकता है। पुलिस प्रमुख लॉरेंट नुनेज ने फ्रांस इन्फो टेलीविजन को बताया कि टीजीवी हाई-स्पीड नेटवर्क पर ट्रेन परिचालन ठप करने के लिए बड़े पैमाने पर किए गए हमलों के बाद पेरिस पुलिस ने अपने कर्मियों को पेरिस के रेलवे स्टेशनों की ओर भेज दिया।

### रेल पटरियों पर आगजनी का मकसद पेरिस जाने वाली ट्रेनों को रोकना : प्रधानमंत्री

**पेरिस।** फ्रांस के प्रधानमंत्री गेब्रियल अट्टल ने कहा कि ओलंपिक की पूर्व संध्या पर तोड़फोड़ और आगजनी की घटनाओं ने देश के मुख्य हिस्सों में फैले हाई स्पीड रेल नेटवर्क को बुरी तरह प्रभावित किया है और इसका मकसद सिर्फ और सिर्फ हाई स्पीड ट्रेन नेटवर्क को बाधित करना था। ओलंपिक के उद्घाटन समारोह से महज कुछ घंटों पहले पेरिस की ओर जाने वाले उत्तर, पूर्व और पश्चिम के मुख्य मार्गों को चरणबद्ध तरीके से निशाना बनाया गया। अट्टल ने कहा कि इन घटनाओं के गंभीर परिणाम होंगे क्योंकि हजारों लोग ओलंपिक या छुट्टियों के लिए पेरिस जाने की कोशिश करते समय बीच रास्ते में ही फंस जाएंगे।

## ओबामा ने उम्मीदवार के रूप में कमला हैरिस का किया समर्थन

**वाशिंगटन।** पूर्व राष्ट्रपति बराक ओबामा और उनकी पत्नी मिशेल ओबामा ने राष्ट्रपति पद के लिए डेमोक्रेटिक पार्टी के उम्मीदवार के रूप में कमला हैरिस का समर्थन किया और कहा कि वह अमेरिका की एक शानदार राष्ट्रपति साबित होंगी। ओबामा ने हैरिस से कहा नवम्बर में होने वाले चुनाव में आपको जीत दिलाने के लिए हम हरसंभव प्रयास करेंगे।



इस तरह उपराष्ट्रपति हैरिस को देश के दो सबसे लोकप्रिय डेमोक्रेट का महत्वपूर्ण समर्थन प्राप्त हो गया है। राष्ट्रपति जो बाइडेन के राष्ट्रपति पद की उम्मीदवारी की दौड़ से बाहर होने के कुछ दिन बाद ओबामा ने हैरिस (59) का समर्थन किया। इससे रिपब्लिकन प्रतिद्वंद्वी डोनाल्ड ट्रंप के खिलाफ उनकी चुनौती और मजबूत होगी। ओबामा ने रविवार को राष्ट्रपति बाइडेन के चुनाव नहीं लड़ने की घोषणा के बाद तुरंत हैरिस का समर्थन नहीं किया था। ओबामा ने उपराष्ट्रपति का समर्थन करने के लिए एक वीडियो जारी किया।

# हैरिस ने नेतन्याहू से युद्ध समाप्ति का किया आग्रह

**वाशिंगटन, एजेंसी**

● इजराइल के प्रधानमंत्री से हमास के साथ जल्द युद्धविराम समझौता करने की बात कही

अमेरिका की उपराष्ट्रपति कमला हैरिस ने इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू से हमास के साथ जल्द युद्धविराम समझौता करने और गाजा में विनाशकारी युद्ध स्थायी रूप से समाप्त करने का आग्रह किया है। फिलिस्तीनी क्षेत्र में हताहतों की संख्या बढ़ने और मानवीय संकट गहराने के बीच हैरिस ने इजराइल के प्रधानमंत्री से यह आग्रह किया है।

अमेरिकी राष्ट्रपति के आधिकारिक आवास एवं कार्यालय व्हाइट हाउस परिसर में हैरिस और नेतन्याहू की मुलाकात हुई। मुलाकात के बाद उपराष्ट्रपति ने कहा इजराइल को अपना बचाव करने का अधिकार है और वह ऐसा किस तरीके से करता है, यह मायने रखता है। पिछले नौ महीनों में गाजा में जो कुछ हुआ है वह विनाशकारी है। अमेरिका के राष्ट्रपति पद के चुनाव में डेमोक्रेटिक पार्टी की उम्मीदवार के तौर पर देखी जा रहीं हैरिस ने कहा कई मामलों में दूसरी, तीसरी या चौथी बार विस्थापित होने के बाद सुरक्षा के लिए भाग रहे हताश, भूखे लोगों और मृत बच्चों की तस्वीरें हैं। हैरिस ने द्वि-राष्ट्र समाधान की आवश्यकता पर भी जोर दिया। इससे पहले गुरुवार को नेतन्याहू ने राष्ट्रपति जो बाइडेन से मुलाकात की। व्हाइट हाउस में नेतन्याहू ने मुलाकात से एक दिन पहले कांग्रेस (अमेरिकी संसद) को संबोधित करते हुए हमास के खिलाफ पूर्ण जीत का संकल्प जताया।

### बाइडेन को बधाई देने के बाद ट्रंप से संबंधों में आई दरार को पाटेंगे नेतन्याहू

**वाशिंगटन।** इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू संबंधों में आई दरार को पाटने के लिए अमेरिका के राष्ट्रपति चुनाव में रिपब्लिकन पार्टी के उम्मीदवार डोनाल्ड ट्रंप से मुलाकात करेंगे। वर्ष 2020 में नेतन्याहू ने राष्ट्रपति चुनाव में जीत दर्ज करने वाले बाइडेन को बधाई दी तो ट्रंप और नेतन्याहू के संबंधों में दरार आ गई थी। दोनों नेता चार साल में पहली बार आमने-सामने की मुलाकात करेंगे और संभावना पर विमर्श करेंगे कि क्या रिश्ते को सुधारा जा सकता है।

# साझा लोकतांत्रिक मूल्यों पर आधारित हैं मालदीव से संबंध



मालदीव में संसद के अध्यक्ष से शिष्टाचार भेंट करते भारतीय उच्चायुक्त।

**माले, एजेंसी**

● मालदीव में भारतीय उच्चायुक्त ने संसद के अध्यक्ष अब्दुल रहीम अब्दुल्ला से शिष्टाचार भेंट की

मालदीव के साथ भारत के विशेष संबंध साझा लोकतांत्रिक मूल्यों पर आधारित हैं। भारतीय उच्चायुक्त मुनु महावर ने गुरुवार को संसद के अध्यक्ष अब्दुल रहीम अब्दुल्ला से शिष्टाचार भेंट की। वहीं भारतीय उच्चायोग ने कहा कि हम अपने संसदीय संबंधों को और प्रगाढ़ बनाने के लिए तत्पर हैं। महावर ने इस महीने की शुरुआत में राष्ट्रपति कार्यालय में राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू से मुलाकात कर दोनों देशों के बीच निरंतर घनिष्ठ संबंधों को बढ़ावा देने और द्विपक्षीय सहयोग को बढ़ाने के लिए अटूट प्रतिबद्धता दोहराई थी। हिंद महासागर में शांति व स्थिरता बनाए रखने के लिए मिलकर काम करने पर भी सहमति जताई। पिछले साल नवंबर में मुइज्जू ने मालदीव के राष्ट्रपति का पद संभाला था।

## रूसी धनराशि से ब्याज में मिले 1.6 अरब डॉलर यूक्रेन को दिए

**हेग (नीदरलैंड्स)।** यूरोपीय संघ (ईयू) ने शुक्रवार को घोषणा की कि उसने यूक्रेन की सहायता के लिए 1.5 अरब यूरो (1.6 अरब अमेरिकी डॉलर) उपलब्ध कराये हैं, जो फ्रीज की गई रूसी धनराशि के मुनाफे से प्राप्त ब्याज की पहली खेप है। मई में यूरोपीय संघ के 27 सदस्य देश रूसी केंद्रीय बैंक की परिसंपत्तियों में शामिल 210 अरब यूरो (225 अरब अमेरिकी डॉलर) से अर्जित ब्याज का युद्धग्रस्त यूक्रेन को सैन्य सहायता पहुंचाने तथा वहां पुनर्निर्माण के प्रयासों पर खर्च करने पर सहमत हुए थे।

रूस द्वारा यूक्रेन में पूर्ण युद्ध छेड़ने पर उसपर (रूस पर) पाबंदियां लगाने के तहत उसके (रूस) पैसे को फ्रीज कर दिया गया था। इनमें से ज्यादातर पैसा बेल्जियम में है। ब्रुसेल्स का अनुमान है कि इन परिसंपत्तियों पर ब्याज से प्रति वर्ष लगभग तीन अरब यूरो प्राप्त हो सकता है।

# आतंकवाद व संगठित अपराध से मजबूती से निपटा जाए : डोभाल

**नेपीता, एजेंसी**

राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल ने शुक्रवार को बहुक्षेत्रीय तकनीकी एवं आर्थिक सहयोग के लिए बंगाल की खाड़ी पहल (बिम्सटेक) देशों से आतंकवाद, मादक पदार्थों और हथियारों की तस्करी तथा संगठित अपराध से निपटने में मजबूत सहयोग का आह्वान किया।

डोभाल ने म्यांमा की राजधानी में बिम्सटेक देशों के सुरक्षा प्रमुखों की चौथी वार्षिक बैठक में भारतीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व करते हुए भारत का राष्ट्रीय वक्तव्य दिया। म्यांमा स्थित भारतीय दूतावास ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में कहा एनएसए ने बिम्सटेक बैठक में भारत का राष्ट्रीय वक्तव्य दिया।



बिम्सटेक की बैठक में संबोधित करते एनएसए अजीत डोभाल ● एजेंसी

उन्होंने आतंकवाद, मादक पदार्थों की तस्करी और हथियारों की तस्करी तथा संगठित अपराध से निपटने में सहयोग मजबूत करने, बिम्सटेक कनेक्टिविटी, दूसरे बंदरगाह सम्मेलन के आयोजन और हिमालयी नदी प्रणालियों की जल सुरक्षा पर बात की। यह बैठक

● भारत के एनएसए ने बिम्सटेक सहयोग बढ़ाने का आह्वान किया

सदस्य देशों के समक्ष आने वाली सुरक्षा चुनौतियों से निपटने के लिए महत्वपूर्ण पहलों की रणनीति बनाने और समन्वय स्थापित करने के लिए आयोजित की गई है। इससे पहले डोभाल ने गुरुवार को म्यांमा के अपने समकक्ष एडमिरल मोए आंग से मुलाकात की।

इसके अलावा वह अन्य बिम्सटेक सुरक्षा प्रमुखों के साथ प्रधानमंत्री सीनियर जनरल मिन आंग ह्लाइंग से भी मिले। डोभाल गुरुवार को हनोई से यहां पहुंचे थे। हनोई में उन्होंने वियतनाम की सत्तारूढ़ कम्युनिस्ट पार्टी के महासचिव गुयेन फू ट्रोंग के राजकीय सम्मान के साथ हुए अंतिम संस्कार में भी हिस्सा लिया था।

## पाकिस्तान में पीटीआई का प्रदर्शन, सैकड़ों कार्यकर्ता गिरफ्तार

**इस्लामाबाद/लाहौर।** पाकिस्तान की राजधानी को छोड़कर पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पार्टी के नेताओं और समर्थकों ने पूरे देश में प्रदर्शन किया। इस दौरान सैकड़ों कार्यकर्ताओं को गिरफ्तार कर लिया गया। ये लोग बढ़े हुए बिजली बिल का विरोध कर रहे थे और पूर्व प्रधानमंत्री की जेल से रिहाई की मांग कर रहे थे। सरकार द्वारा इस्लामाबाद में विरोध प्रदर्शनों पर प्रतिबंध लगाए जाने के बाद खान की पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) ने इस्लामाबाद हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया और प्रशासन को विरोध प्रदर्शन करने की अनुमति देने का आदेश देने का आग्रह किया। अदालत ने दलीलें सुनने के बाद अपना फैसला सुरक्षित रख लिया। जनसभाओं पर प्रतिबंध लगाए जाने के बाद मुख्य विपक्षी दल पीटीआई राष्ट्रीय राजधानी में अपना बहुप्रचारित विरोध प्रदर्शन नहीं कर सका।

## बॉलीवुड हलचल

### करिश्मा ने दिब्यज्योति नाइक को एंटरटेनर नंबर 1 कहा



**मुंबई।** बॉलीवुड की जानीमानी अभिनेत्री करिश्मा कपूर ने इंडियाज़ बेस्ट डांसर - सीजन 4 के प्रतियोगी दिब्यज्योति नाइक को एंटरटेनर नंबर 1 कहा है। इस वीकेंड, सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविज़न के होमग्रोम डांस रियलिटी शो, इंडियाज़ बेस्ट डांसर - के मेगा ऑडिशन में, प्रतियोगी बेस्ट बारह में अपनी जगह बनाने के लिए प्रतिस्पर्धा करेंगे। ईएनटी विशेषज्ञ - करिश्मा कपूर, गीता कपूर और टेरेंस लुईस प्रभावित होने के लिए तैयार हैं, और वे ध्यानपूर्वक सर्वोत्तम प्रतिभाओं को चुनेंगे जो शो में आगे बढ़ेंगी और एक रोमांचक सीजन के लिए मंच तैयार करेंगी। ऑडिशन राउंड के दौरान, शो के होस्ट जय भानुशाली ने कटक, ओडिशा के 28 वर्षीय दिब्यज्योति नाइक को दर्शकों के बीच देखा। उन्हें जजों के सामने परफ़ॉर्म करने का अवसर दिया गया, जिसमें दिब्यज्योति ने मंच पर अपनी छाप छोड़ी और जजों को प्रभावित किया, जिन्होंने उनके एक्ट को मज़ेदार, मनोरंजक और नया बताया।

### ओलंपिक टीम के लिए मांगा समर्थन



**मुंबई।** केंद्रीय खेल मंत्री मनसुख मांडविया और बॉलीवुड स्टार आयुष्मान खुराना ने देशवासियों से विशेष अपील की है कि पेरिस ओलंपिक में हमारे देश को गौरव दिलाने के लिए भारतीय दल का उत्साहवर्धन करें। मनसुख मांडविया द्वारा इस अभियान की शुरुआत के उपलक्ष्य में आयुष्मान को एक स्मारक भारतीय टीम की टी-शर्ट भी भेंट की गई। आयुष्मान ने सोशल मीडिया पर लिखा ओलंपिक दुनिया का सबसे बड़ा खेल आयोजन है और इसमें भाग लेने वाले अपने क्षेत्रों के महान योद्धा होते हैं। हमारे पास 117 ऐसे शानदार एथलीट हैं जो इस साल के पेरिस2024 ओलंपिक में हमारा झंडा ऊंचा करने के लिए तैयार हैं! आइए हम उन्हें भारत का गर्व बढ़ाने के लिए उत्साहित करें। आइए हम उन्हें दिखाएं कि हमारे खेलों के प्रति हमारी दृढ़ता, संकल्प और जुनून कितना गहरा है।

### जान्हवी ने जूनियर एनटीआर की तारीफ की



**मुंबई।** बॉलीवुड की जानीमानी अभिनेत्री जान्हवी कपूर ने दक्षिण भारतीय फिल्मों के सुपरस्टार जूनियर एनटीआर की तारीफ की है। जान्हवी कपूर, जूनियर एनटीआर के साथ फिल्म देवरा : पार्ट 1 में काम कर रही हैं। जान्हवी कपूर ने जूनियर एनटीआर की तारीफ की है। जान्हवी कपूर ने कहा जूनियर एनटीआर सर जब भी किसी फ्रेम में आते हैं तो वह जीवंत हो उठता है। उनकी ऊर्जा सकारात्मक है और मैंने हाल ही में उनके साथ एक गाने की शूटिंग की, जिस गति से वह कदम उठाते हैं, वह अद्भुत है।

## सौर विज्ञान

### यूरोप के सोलर ऑर्बिटर (सोलो) अंतरिक्ष यान ने विस्फोट को कैमरे में कैद किया

# सूर्य से उठी एक्स 14 श्रेणी की भीषण ज्वाला

**संवाददाता, नैनीताल**

**अमृत विचार :** सूर्य की सतह पर गुरुवार की रात भयानक विस्फोट हुआ है। विस्फोट में निकली ज्वाला की तीव्रता एक्स 14 श्रेणी आंकी गई है। यूरोप के सोलर ऑर्बिटर (सोलो) अंतरिक्ष यान ने विस्फोट को कैमरे में कैद किया। सौर वैज्ञानिकों के पूर्वानुमान से परे यह सौर चक्र बेहद सक्रिय हो चला है।

सौर वैज्ञानिकों के अनुसार 25वें सोलर साइकिल में एक्स 14 श्रेणी की ज्वाला बड़ी घटना है। विस्फोट से उपजे भू चुम्बकीय सौर तूफान का असर पृथ्वी के ध्रुवीय क्षेत्र में कुछ दिन बाद देखने को मिलेगा। बताया जा रहा है कि इस सौर तूफान का असर मंगल ग्रह में भी देखने को मिलेगा। इतना ही नही इस विस्फोट से सौर मंडल के चारों ओर ऊर्जावान कण फैल गए। आर्यभट्ट प्रेक्षण विज्ञान शोध संस्थान एरीज के पूर्व कार्यवाहक निदेशक व सौर वैज्ञानिक डा वहाब उद्दीन के अनुसार यह सोलर साइकिल उम्मीद से कहीं अधिक सक्रिय हो चला है।

अभी 269 सन स्पॉट सूर्य की सतह पर उभर चुके हैं। जिन्होंने सैकड़ों विस्फोटों को जन्म दिया है। बीती रात उठी ज्वाला को इस सौर चक्र की सबसे बढ़ी ज्वाला बताया जा रहा है। इसकी दिशा यदि पृथ्वी की ओर होती तो शायद कोई बड़ा असर पृथ्वी के कुछ हिस्सों में हो सकता था। इस सौर चक्र की अत्यधिक सक्रियता की अवधि 2025 तक है। जिसके चलते अनुमान लगाया जा रहा है कि आने वाले दिनों में सूर्य की सतह पर भीषण विस्फोट देखने को मिलेंगे। बहरहाल सौर वैज्ञानिक सूर्य की सतह पर नजर बनाए हुए हैं।



शुक्रवार को सन स्पॉट से भरी सूर्य की सतह। ● अमृत विचार

### पिछले की तुलना में अधिक सक्रिय है यह साइकिल

डा वहाब उद्दीन के अनुसार वर्तमान 25वाँ सौर चक्र पिछले सौर चक्र 24 की तुलना में अधिक सक्रिय है। इन दिनों सूर्य की सतह के अनेक हिस्सों में सन स्पॉट बने हुए हैं। सौर चक्र की भविष्यवाणी करने वाली नासा व एनओएए के वैज्ञानिकों समेत दुनिया की कई अन्य स्पेस एजेंसियों के सौर वैज्ञानिकों को वर्तमान सौर चक्र की गतिविधि को देखते हुए 25वें सौर चक्र की भविष्यवाणी को संशोधित करना पड़ा है।